गौरवमयी
GLORIOUS
44 वर्ष years

वार्षिक रिपोर्ट 2019–20
ANNUAL REPORT 2019-20

अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के साथ गुणवत्ता सम्पन्न अवसंरचना का निर्माण

Creating **Quality Infrastructure,** Marking **International Presence**

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
IRCON INTERNATIONAL LIMITED

विषय सूची

कॉर्पोरेट विवरण

इरकॉन की एक झलक	02
हमारे पथप्रदर्शक	03
कॉर्पोरेट सूचना	03
अध्यक्ष का संबोधन	04
निदेशक मंडल	08
वरिष्ठ कार्यपालक	12
समाचारों में इरकॉन	13
प्रमुख निष्पादन संकेतक (स्टेंडएलोन)	14
वित्तीय हाइलाइट (स्टेंडएलोन)	15
हमारे पुरस्कार एवं मान्यताएं	16
हमारे व्यवसाय का विहंगावलोकन	18
हमारे मूल्य उत्पति के मॉडल	22
हम कैसे अन्यों से भिन्न हैं?	24

प्रबंधन रिपोर्ट

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण	36
कार्पोरेट सामाजिक दायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट	56
व्यवसाय उत्तरदेयत्ता रिपोर्ट	81
निदेशक मंडल की रिपोर्ट	94
निगमित शासन रिपोर्ट	122
फार्म सं. एमआर–3 सचिविय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	163
लाभांश वितरण नीति	167

स्टेंडएलोन वित्तीय विवरण

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	170
स्टेंडएलोन तुलन पत्र	180
स्टेंडएलोन लाभ और हानि विवरण	182
रोकड़ प्रवाह स्टेंडएलोन विवरण	183
इक्विटी परिवर्तन का स्टेंडएलोन विवरण	185
स्टेंडएलोन वित्तीय विवरणों के नोट	187

समेकित वित्तीय विवरण

सहायक कंपनियों/संबद्व कंपनियों/संयुक्त उपक्रमों के वित्तीय विवरणों की प्रमुख विशेषताए (फॉर्म एओसी–1)	254
स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	256
समेकित तुलन पत्र	263
समेकित लाभ और हानि विवरण	265
समेकित रोकड़ प्रवाह विवरण	266
समेकित इक्विटी परिवर्तन विवरण	268
समेकित वित्तीय विवरणों के नोट	270
नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	343

ऑनलाइन वार्षिक रिपोर्ट 2020 देखने के लिए
https:/www.ircon.org पर जाएं



अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के साथ गुणवत्ता सम्पन्न अवसंरचना का निर्माण

प्रारंभ से ही इरकॉन द्वारा परिवर्तनकारी अवसंचना परिसम्पतियों के निर्माण में प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया गया है। यह भारत के लिए आधुनिक एवं उन्नत अर्थव्यवस्था की सक्षमता प्राप्त करने के लिए अपेक्षित सामाजीय प्रगति के माध्यम हैं। हम सरकार के साथ मिलकर देश की समृद्धि के समान लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं जिससे हमें एक ऐसी अग्रणी अवसंरचना का निर्माण करने की प्रेरणा प्राप्त हो रही है जो भारत के आर्थिक विकास एवं विश्व मानचित्र पर भारत को सुदृढ़ता की प्राप्ति में सहायक होगी।

इरकॉन में हम सदैव विवेकशील एवं अनुदार व्यापार अभिमुखता का अनुसरण करते हैं। हमारा प्रमुख ध्यान तुलन पत्र एवं संवहनीय व्यवसाय मॉडल को सुदृढ़ता प्रदान करना है जो पिछले अनेक वर्षों से हमारी सफलता का प्रेरक बल है। हमारी यह मान्यता है कि अपने प्रमाणित नेतृत्व, आंतरिक प्रतिभा के भंडार, सुदृढ़ साझेदारियों, तथा नए अवसरों का मूल्यांकन करने की अपनी क्षमता के बल पर हमें उद्योग में नेतृत्व की स्थिति प्राप्त हुई है। हमें गर्व है कि हम देश की ऐसी सर्वश्रेष्ठ कम्पनियों में से एक हैं जो देश के विकास में अपना योगदान देने के साथ साथ स्थलों और व्यक्तियों के मध्य सम्पर्कता स्थापित करने के कार्य कर रही है।

यकायक उत्पन्न अप्रत्याशित बाधाओं के इस परीक्षा काल में भी हम सहकार्यता एवं संवहनीयता के निर्माण से आगे बढ़ रहे हैं और अवसंरचना निर्माण के कार्यों में हमने संतुलन स्थापित कर दिया है। ऐसा करते हुए, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों, अपने कर्मचारियों, अपने शेयरधारकों एवं प्रमुख रूप से समाज की प्रत्याशाओं को प्राथमिकता प्रदान करना एवं अपनी अनुरूपता सिद्ध करना है। आगे बढ़ते हुए, हमें अनिवार्य अवसंरचना उद्योग में गुणवत्ता पूर्ण अवसंरचना के निर्माण एवं अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के संबंध में हमारे कंधों पर एक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व होने का भान है।

इरकॉन की एक झलक

इरकॉन प्रमुख अवसंरचना सेक्टरों में विशेषज्ञता प्राप्त तीव्रतर विकासशील एकीकृत इंजीनियरिंग एवं निर्माण कम्पनी है।

सूचीबद्धता
2018

कर्मचारी
1369

देश
25

परियोजनाएं
390+
भारत में

25 अन्य देशों में
128+

सेवाएं

परियोजना प्रबंधन परामर्श

इंजीनियरिंग, प्रापण एवं निर्माण


सार्वजनिक निजी भागीदारी

स्थावर सम्पदा

सेवित उद्योग सेक्टर

- » रेलवे
- » राजमार्ग
- » पुल एवं फ्लाईओवर
- » भवन
- » इलैक्ट्रिक्ल
- » सिग्नलिंग एवं दूरसंचार
- » मैकेनिकल
- » कोच फैक्टरी
- » स्टेशन भवन
- » एम.एफ.सी.
- » विमानन

सूचना प्रौद्योगिकी

मोबाइल एप्प:
इरकॉन टेंडर्स
इरकॉन सीएसआर
इरकॉन रोजगार

एसएपी ईसीसी
आधारित ईआरपी

एसएपी व्यापार लक्ष्य

एनआईसी की
GePNIC के
माध्यम से प्रापण

हमारे पथप्रदर्शक:

संकल्पना :
जिससे **प्रेरित** होकर हमारी

एक ऐसे निर्माण संगठन के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान निर्मित्त हुई है जिसकी तुलना अवसंरचना सेक्टर में निर्माण क्रियाकलापों एवं सेवाओं के समग्र विस्तार क्रम के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संगठन से की जा सकती है।

लक्ष्य :
हमारा **लक्ष्य** क्या है

हमारा लक्ष्य कम्पनी को ऐसी स्थिति में स्थापित करना है जिससे यह भारत एवं विश्व के बदलते हुए आर्थिक परिवेश में अवसंरचना विकास की निर्माण आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद एवं सेवाओं की समय पर एवं सर्वोत्तम इंजीनियरिंग व्यवहारों के अनुरूप पूर्ति करके विश्व में अपनी पहचान स्थापित करना चाहते हैं।

मूल्य :
हम अपने **कार्य** कैसे करते हैं

1. रचनात्मक अभिमुखता
2. टीम वर्क
3. निष्पादन उत्कृटता
4. कार्य एवं संव्यवहार में सत्यनिष्ठा
5. उत्तरदेयता एवं जवाबदेही

कार्पोरेट सूचना

पंजीकृत कार्यालय
सी–4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
नई दिल्ली–110017
दूरभाषः 91–11–29565666
फैक्सः 91–11–26522000 / 26854000
ई–मेलः info@ircon.org
वेबसाइट: www.ircon.org
सीआईएनःL45203DL1976GOI008171

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सुश्री रितु अरोड़ा

सांविधिक लेखापरीक्षक
मैसर्स के.जी.सोमानी एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

लागत लेखापरीक्षक
मेसर्स आर.एम.बंसल एंड कंपनी
लागत लेखाकार

सचिवीय लेखापरीक्षक
मैसर्स कुमार नरेश सिन्हा एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव

बैंकर
इंडियन ओवरसीज बैंक,
येस बैंक,
एचडीएफसी बैंक,
भारतीय स्टेट बैंक
इंडसेंड बैंक तथा
आईसीआईसीआई बैंक।

रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट
केफिन टैक्नॉलोजिस प्राइवेट लिमिटेड
कारवी सेलेनियम टावर–बी, प्लाट सं. 31 व 32, गचिबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, ननक्रऊगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद–500032, तेलंगाना
वेबसाइटः www.kfintech.com
ई–मेल : einwards.ris@kfintech.com
दूरभाषः +91 40 6716 2222, 7961 1000

शेयर सूचीबद्ध
बीएसई लिमिटेड (बीएसई)
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)

डिपोजिटरी
नेशनल सिक्योरिटीस डिपोजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)
सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल)

स्क्रिप्ट कोड
बीएसईः 541956
एनएसईः IRCON

आईएसआईएन नम्बर
INE962Y01021

हमारा लक्ष्य अपने लाभ मार्जिन को सुदृढ़ बनाने एवं अपनी नकदी स्थिति को सुविधाजनक बनाने के साथ साथ सेक्टरों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में विविधता स्थापित करना है, जिससे हमारे परिचालनात्मक निष्पादन में योगदान प्राप्त हो सकेगा

एस.के.चौधरी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अध्यक्ष का संबोधन

प्रिय शेयरधारकों,

आपकी कंपनी की 44वीं वार्षिक रिपोर्ट को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है।

मैं सगर्व आपको यह सूचित करना चाहता हूं कि आपकी कम्पनी संतुलन के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है तथा कम्पनी द्वारा भारत में औद्योगिक औसत से अधिक निष्पादन किए जा रहे हैं। वर्ष 1985 से हम सेक्टरल एवं भौगोलिक कवरेज दोनों के अर्थों में विविधतायुक्त कम्पनी बनने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। हमने निर्माण क्रियाकलापों एवं अवसंरचना सेवाओं के सम्पूर्ण विस्तार की क्रियाओं में क्रमिक रूप से विविधता की प्राप्ति की है। हमारे पग अडिग हैं और इन्हीं पगों से हमने विश्व भर में अनेक चुनौतिपूर्ण परियोजनाओं का सम्पादन करके महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। अब तक हम विश्व में 25 देशों के लिए 128 परियोजनाओं तथा भारत में 390 से अधिक परियोजनाओं का निष्पादन कर चुके हैं। यूएसए के इंजीनियरिंग न्यू रिकार्ड (ईएनआर) के 2020 अंक के अनुसार इरकॉन ही एकमात्र भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिसका नाम सर्वोच्च 250 अंतर्राष्ट्रीय ठेकेदारों की सूची में दर्ज है।

हमारा परिचालनात्मक निष्पादन एवं उपलब्धियां

वर्ष 2020 के दौरान हमारे राजस्व में रेलवे सेक्टर से 80.98 प्रतिशत का योगदान प्राप्त हुआ है। रेलवे सेक्टर के संबंध में हमारा मूलभूत केन्द्रबिन्दु एवं शक्तियां काफी गहरी हैं। तथापि, हम हमारे राजमार्ग व्यवसाय की ओर भी ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं, तथा इस वर्ष कुल राजस्व में इसका योगदान पिछले वर्ष के 12.56 प्रतिशत के अंश भाग से बढ़कर लगभग 18.32 प्रतिशत हो गया है तथा इलैक्ट्रिल, भवन एवं अन्य कार्यों में राजस्व का भाग लगभग 0.70 प्रतिशत है।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार हमारी आर्डर बुक

₹30,713 करोड़ रूपए है।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार इरकॉन की आर्डर बुक 30,713 करोड़ रूपए है जिसमें 26,064 करोड़ रूपए मूल्य के कार्य रेलवे सेक्टर से प्रतिस्पर्धी एवं नामांकन आधार पर प्राप्त किए गए हैं। घरेलू बाजार में हमने रेलवे ट्रैकिंग, राजमार्ग, पुल एवं फ्लाईओवर, इलैक्ट्रिकल, सिग्नलिंग एवं दूरसंचार के क्षेत्र से संबंधित अनेक परियोजनाओं को पूरा किया है। हम विदेश में नई परियोजनाओं में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं जिनमें से बांग्लादेश, अल्जीरिया, श्रीलंका, नेपाल तथा म्यांमार में हमारी परियोजनाओं के कार्य चल रहे हैं। अपने व्यापार एवं भौगोलिक ध्यान केन्द्रण में विविधता के साथ हम अपने व्यवसाय के आकार एवं लाभ मार्जिन को बढ़ाने के उद्देश्य से हम बड़ी रेंज की परियोजनाओं की और प्राप्त करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान हमें एक्जिम बैंक की एलओसी योजना के अंतर्गत परिवहन एवं नागर विमानन मंत्रालय, श्रीलंका सरकार के अध्याधीन श्रीलंका रेलवे से लगभग 637.22 करोड़ रूपए मूल्य के अनुबंध प्राप्त हुए हैं। इस अनुबंध के अंतर्गत श्रीलंका में उत्तरी रेलवे की 128 किलोमीटर लम्बी लाइन का उन्नयन तथा उससे सम्बद्ध माहो–ओमनथाई से सम्पर्कता के कार्य किए जाने हैं। हमारी टीम थाईलैंड, टर्की, घाना, मोजाम्बिक, रवांडा, यू.ए.ई, मलेशिया, ओमान तथा गुआना में भी परियोजनाओं के अनुबंध प्राप्त करने के प्रयास कर रही है। इन सब के अलावा, हम धीरे धीरे स्थानीय कम्पनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करके वैयक्तिक परियोजनाओं पर सहकार्य परियोजनाओं के अंतर्गत कार्य करने की व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। हमारा ऐसा मानना है कि इस रणनीति से हम संवहनीय आधार पर अधिक राजस्व उत्पति कर सकेंगें।

वित्तीय वर्ष 2020 में हमारा निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान हमारी आय का कुल योग 5,442 करोड़ रूपए है जो पिछले वित्तीय वर्ष में 4,680 करोड़ रूपए की आय की तुलना में अब तक की उच्चतर आय है। वर्ष के दौरान हमारी टर्नओवर पिछले वित्तीय वर्ष में 4,415 करोड़ रूपए की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 5202 करोड़ रूपए आंकी गई है। हमारी कुल आय में से लगभग 95.60 प्रतिशत की प्राप्ति हमारे परिचालनात्मक क्रियाकलापों से प्राप्त हुई रिकार्ड की गई है। हमारी कुल आय में से 8.75 प्रतिशत (476 करोड़ रूपए) की प्राप्ति अंतराष्ट्रीय परियोजनाओं से हुई है।

समेकित आधार पर हमने पिछले वित्तीय वर्ष में 4,990 करोड़ रूपए की तुलना में 5,540 करोड़ रूपए की कुल आय रिकार्ड की है जिसमें से पिछले वर्ष में अर्जित 450 करोड़ रूपए के लाभ की तुलना में समेकित निवल लाभ 485 करोड़ रूपए है।

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान अर्जित लाभ में से निदेशक मंडल द्वारा 96.87 करोड़ रूपए के लाभांश के अनुसार 2/– रूपए के अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 2.06/– रूपए का अंतिम लाभांश की अनुशंसा की गई है। इससे वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान कुल लाभांश का योग 223.38 करोड़ रूपए (लगभग) (अर्थात 94.05 करोड़ रूपए की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी पर 237.50 प्रतिशत) हो जाएगी, जिसमें अंतरिम लाभांश की 126.50 करोड़ रूपए की राशि शामिल है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कर पश्चात लाभ के प्रति कुल लाभांश 45.60 प्रतिशत तथा निवल सम्पति पर 5.37 प्रतिशत आंका गया है।

इसके अलावा, मैं यहां यह भी उल्लेख करना चाहूंगा कि सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के प्रति किसी प्रकार की अर्हता अथवा टिप्पणी (केवल कुछ सुझावों के अलावा) नहीं की गई है, तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी एंड एजी) से वित्तीय वर्ष 2020 के संबंध में टिप्पणियां अभी प्राप्त नहीं हुई हैं।

सहायक कम्पनियां एवं संयुक्त उद्यम कम्पनियां

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली पांच सहायक कम्पनियां हैं जिनमें से चार विशेष उद्देश्य वाहक (एसपीवी) कम्पनियां हैं जिनका निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए किया गया है। इरकॉन की 50 प्रतिशत शेयरधारिता दो संयुक्त उद्यम कम्पनियों (जेवी) में भी है तथा 26 प्रतिशत शेयरधारिता पांच संयुक्त उद्यम कम्पनियों में है जिनका निगम मुख्यतः छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उड़ीसा राज्यों में कोयले की सम्पर्कता वाली परियोजनाओं के लिए किया गया है। इन सभी सहायक कम्पनियों एवं संयुक्त उद्यम कम्पनियों का विवरण निदेशक रिपोर्ट में दिया गया है।

मान्यताएं

रेल मंत्रालय के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत वर्ष 2018–19 के लिए कम्पनी की रेटिंग वर्ष 2017–18 के अनुसार ही 'उत्कृष्ट' आंकी गई है। कम्पनी को वर्ष 2019–20 के लिए भी 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त होने की आशा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इरकॉनियंस द्वारा किए जा रहे चिरस्थायी प्रयासों से हम संवर्धित लक्ष्यबद्ध निष्पादन पूरे कर सकेंगे। इन मान्यताओं के अलावा आपकी कम्पनी को वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिनका विस्तृत विवरण निदेशक रिपोर्ट में दिया गया है।

प्रतिक्रिया एवं उत्तरदायित्व

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान अप्रत्याशित वैश्विक महामारी कोविड–19 का प्रकोप हुआ है जिससे विश्व की सुदृढ़ अर्थव्यवस्थाओं के सम्मुख अनेक चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। इस मानवीय त्रासदी के परिणामस्वरूप अनेक लोगों की मृत्यु हुई है तथा विश्व भर में अनेक व्यवसाय इसकी चपेट में आ गए हैं। इस महामारी के प्रति प्रतिक्रिया करते हुए हमने हमारे व्यवसाय के सम्मुख चुनौतियों के नकारात्मक प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए अनेक आवश्यक उपाय किए हैं। हमारे संगठन की दीर्घकालिक प्राथमिकताएं अडिग हैं, कोविड–19 के कारण हमारे परिचालनों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को विचार में हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला, नकदी को संरक्षित रखने तथा नियत लागतों का नियंत्रण करने की कड़ी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। तथापि, हम महत्वपूर्ण विकास क्षेत्रों की खोज एवं उसमें निवेश की अपनी प्रक्रियाओं को जारी रखेंगे।

इसी के साथ साथ, समाज पर इससे हुए प्रभाव के प्रति भी कम्पनी अपने दायित्वों को समझती है, हमने इस महामारी से बचाव के लिए वित्तीय, चिकित्सा एवं सामुदायिक सहायता प्रदान करने के लिए अनेक प्रक्रियाएं की हैं। प्रधान मंत्री नागरिक सहायता एवं आपात स्थिति बचाव निधि (पीएम केयर्स फंड) में हमने 20.50 करोड़ रूपए का आर्थिक योगदान दिया है। इसके अलावा, हमनें समाज के वंचित वर्ग के विकास एवं उत्थान की दिशा में अपने महत्वपूर्ण प्रयासों को जारी रखा है। ऐसी प्रकियाएं हम कार्पोरेट सामाजिक दायित्व कियाकलापों के माध्यम से कर रहे हैं जो भारत के वंचित वर्ग के जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाए जाने के लिए हैं।

कार्पोरेट शासन

कम्पनी द्वारा कार्पोरेट शासन के सिद्धांतों का पूर्ण निष्ठा के साथ कार्यान्वयन किया जा रहा है। आपकी कम्पनी अपने परिचालनों के प्रत्येक पक्ष में पारदर्शिता, उत्तरदेयता एवं समानता को सबसे अधिक महत्व देती है। आपकी कम्पनी सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015, कम्पनी अधिनियम, 2013 तथा लोक उद्यम विभाग के कार्पोरेट शासन दिशानिर्देश, 2010 के प्रावधानों तथा अन्य लागू विनियामक अपेक्षाओं का पूर्ण रूप से पालन कर रही है।

सेबी विनियम एवं कार्पोरेट शासन से संबंधित लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अंतर्गत कार्पोरेट शासन के उपबंधों के अनुपालन का प्रमाण पत्र निदेशक रिपोर्ट का अभिन्न अंग है।

लोक केन्द्रित संगठन की दिशा में अग्रसर

हम अपने कर्मचारियों को अपनी अत्यंत मूल्यवान सम्पति मानते आए हैं। तदनुसार, हम उनके विकास एवं उनकी समृद्धि के लिए निरंतर क्रियाएं करते हैं। हम संलिप्त एवं सक्षम कर्मचारियों से युक्त उत्तम कार्य संस्कृति का निर्माण एवं उसका अनुरक्षण करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमारे मूल्य, हमारे अग्रक व्यवहार, एवं प्रबंधन के मध्य संयुक्त परामर्श से निर्मित्त सहकार्यता युक्त कार्य संस्कृति अत्यंत प्रबल है। हम अपने कार्यबल में नवोपाय एवं विकास के कार्यों में सक्षम नए प्रतिभाशाली व्यक्तियों को जोड़कर कार्यबल का नियमित विस्तार करने में विश्वास रखते हैं। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार हमारे मानव संसाधन में कुल जनशक्ति 1369 है। नए नियोजित किए गए कर्मचारियों की संख्या 64 है।

इसके अलावा, हम अपने कर्मचारियों के विकास एवं व्यावसायिक प्रगति पर भी बल देते हैं। प्रबंधन दल द्वारा नियमित रूप से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो सुधार एवं उत्पादकता के लिए निर्देशित हैं। अपने ऐसे सभी प्रयासों से हमारा लक्ष्य इरकॉन को एक लोक–केन्द्रित एवं लोक–चालित संगठन का स्वरूप प्रदान करना है।

सूचना प्रौद्योगिकी

पारदर्शिता पर बल देते हुए वर्ष के दौरान अनेक प्रयास करके फाइलों का रखरखाव भौतिक रूप से करने के स्थान पर फाइलों एवं नोट शीटों की मूवमेंट एवं अनुमोदन की व्यवस्था राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी) अर्थात इलैक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के पेपर मुक्त, ई–ऑफिस सिस्टम को अपनाकर की गई है। कई पहलों को क्रियान्वित किया गया है। रिक्त पदों, भर्तियों, ई–प्रापण एवं निविदाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं से संबंधित सम्पूर्ण ब्यौरा कर्मचारियों के उपयोग हेतु, कर्मचारी सेवा पोर्टल, निरीक्षण कॉल पंजीकरण और स्थिति आदि सूचनाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अपने कार्य कौशल में सुधार लाने तथा संगठन में प्रापण की प्रकिया में पारदर्शिता लाने के लिए ई–प्रापण प्लेटफार्म को राष्ट्रीय सूचना केन्द्र द्वारा विकसित जीईपीएनआईसी में स्थानांतरित किया गया है। वर्तमान में कम्पनी संगठन में एंड टू एंड व्यावसायिक प्रकियों को कवर करने के लिए एसएपी एस/4 एचएएनए के कार्यान्वयन की प्रकिया कर रही है।

भविष्य के प्रति दृष्टिकोण

आगे बढ़ते हुए, हम अपनी शक्तियों एवं अवसरों को प्रबल बनाकर बाजार नेतृत्व की अपनी स्थिति को बनाए रखने एवं इसे पोषित करने के लक्ष्य को अपने साथ लेकर बढ़ रहे हैं। अपने अनुभवी प्रबंधन दल एवं अपनी कुशल जनशक्ति की सहायता के साथ हमें पूर्ण विश्वास है कि हम भारतीय एवं विदेशी बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाली परियोजनाओं का निष्पादन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। हमारी मंशा उद्योग घटकों में विविधता को बनाए रखने तथा विदेश से और अधिक आर्डर प्राप्त करने की अपनी रणनीति को जारी रखने की है। हमारा लक्ष्य अपने लाभ मार्जिन को सुदृढ़ बनाने एवं अपनी नकदी स्थिति को सुविधाजनक बनाने के साथ साथ सेक्टरों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में विविधता स्थापित करना है, जिससे हमारे परिचालनात्मक निष्पादन में योगदान प्राप्त हो सकेगा इसके अलावा, हमारी मंशा, अपनी सभी प्रक्रियाओं एवं सिस्टम में सुदृढ़ ईएसजी (पर्यावरणीय, सामाजिक एवं शासन) संस्कृति का अनुरक्षण करने एवं वैश्विक उत्तम व्यवहारों को अंगीकार करने की है। इरकॉन ने नेशनल इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (एनआईआईएफएल) के साथ इरकॉन की विद्यमान एवं भावी परियोजनाओं में सहकार्यता के लिए समझौता ज्ञापन किए हैं। एक समझौता ज्ञापन नेशनल इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (एनआईआईएफएल) एवं आयना रिन्युएबल पावर प्राइवेट लिमिटेड (एवाईएएनए) के साथ भी सौर ऊर्जा सेक्टर में अवसरों के अंवेषण तथा सहकार्यता के लिए भी किया गया है। कम्पनी ने भारत तथा विदेश में पोर्टों, बंदरगाहों, पुल सुरंगों, मैट्रो रेल जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक लाभकारी व्यवसाय अवसरों में सहकार्यता एवं संयुक्त निष्पादन के लिए लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इरकॉन ने बीईएमएल लिमिटेड के साथ बीईएमएल द्वारा निर्मित रोलिंग स्टॉक की ऐसे देशों में आपूर्ति एवं अनुरक्षण के लिए, जहां बीईएमएल एवं इरकॉन समान हित हैं तथा उपस्थिति है, सहित रेलवे परियोजनाओं के निर्वाह के लिए भी सहकार्यता के लिए समझौता ज्ञापन किया गया है। रेल मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाली सरकारी परियोजनाओं के सम्पादन के अपार अवसर उपलब्ध हैं, के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा, कम्पनी सरकार की स्मार्ट सिटी मिशन एवं मैट्रो रेल जैसी प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के अनुकूलन के लिए अतिरिक्त अवसंरचना विकास अवसरों का अंवेषण कर रही है। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के माध्यम से ग्रामीण सड़कों को आबादियों से जोड़ने की भारतीय राज्यों की राजमार्ग परियोजनाओं, रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्यों में भी अवसरों की खोज की जा रही है। साथ ही साथ कम्पनी द्वारा नए व्यावसायिक अवसरों के अंवेषण के लिए विभिन्न रणनीतिक समझौता ज्ञापन किए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय फ्रंट पर इरकॉन बांग्लादेश तथा श्रीलंका जैसे देशों में अपनी अवसंरचना परियोजनाओं के कार्य तीव्र गति से कर रही है। कम्पनी अफ्रीकी देशों की रेलवे एवं राजमार्ग परियोजनाओं के कार्य भी कर रही है। इरकॉन द्वारा आरजैडडी इंटरनेशनल, जो रूसी रेलवे कम्पनी के स्वामित्व की सरकारी कम्पनी है, के साथ एशिया, अफ्रीका तथा लेटिन अमेरिका में रेलवे एवं अवसंरचना परियोजनाओं के संयुक्त विकास के लिए अवसर तलाश करने के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं। मलेशिया की रेलवे, राजमार्ग एवं भवन परियोजनाओं में व्याप्त अवसरों का दोहन करने के लिए मैसर्स एपेक्स कम्युनिकेशन बेरहाद, मलेशिया के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है।

आभारोक्ति

अंत में, मैं निदेशक मंडल के सभी सदस्यों तथा स्टेकधारकों उनके अनवरत सहयोग एवं इरकॉन में उनकी निष्ठा के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं अन्य अनिवार्य सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों के साथ साथ डाक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों, नगरपालिका के अधिकारियों/ कर्मचारियों, सेना एवं पुलिस, का भी हृदय से आभार करना चाहूंगा। मैं मुक्त हृदय से भारत सरकार, भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों एवं विभागों, वित्तीय संस्थानों, बैंकों, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी एंड एजी), सांविधिक लेखापरीक्षकों, लागत लेखापरीक्षकों एवं साचिविय लेखापरीक्षकों के प्रति भी उनसे प्राप्त सहायता के लिए धन्यवाद प्रस्तुत करता हूं। मैं कम्पनी में प्रत्येक स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्तम कार्य की प्रशंसा करते हुए उनकी प्रतिबद्धता एवं कड़ी मेहनत के लिए आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि इसी के बलबूते पर हमारी कम्पनी को एक और वर्ष मे सफलता हासिल हुई है।

शुभकामनाओं सहित,

ह/–

(एस.के.चौधरी)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

दिनांक : 31.08.2020

स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल

श्री सुनील कुमार चौधरी

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

श्री सुनील कुमार चौधरी (डीआईएनः00515672) हमारी कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से विज्ञान (सिविल इंजीनियरिंग) विषय में स्नातक शिक्षा एवं भारतीय प्रौद्योगिकी विभाग, दिल्ली से प्रौद्योगिकी विषय में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उनके पास भारतीय विधि संस्थान से प्राप्त वैकल्पिक विवाद समाधान विषय में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी है।

उन्हें 38 वर्ष का अनुभव प्राप्त है। पूर्वकाल में वे राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (इंडिया) लिमिटेड तथा आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड जैसी कम्पनियों के निदेशक मंडल के सदस्य रहे हैं। उन्हें परियोजना के विभिन्न घटकों अर्थात परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी), ईपीसी अनुबंध एवं स्थावर सम्पदा बाजार की परियोजनाओं के कार्यान्वयन / निष्पादन एवं मॉनीटरिंग के क्रियाकलापों का अनुभव होने के साथ साथ सिविल निर्माण की परियोजनाओं में नई प्रौद्योगिकियों की कमीशनिंग, प्रवर्तन एवं समावेशन प्रचालन एवं अनुरक्षण, भारतीय एवं विदेशी बाजारों में व्यवसाय विकास, परियोजना वित्तीयन, आवास एवं अवसंरचना परियोजनाओं की मॉनीटरिंग का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने रेलवे, हवाईअड्डे, फ्लाईओवर एवं पुलों इत्यादि जैसी अवसंरचना परियोजनाओं का संचालन भी किया है। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे 29 अक्तूबर, 2016 से है तथा कम्पनी के समग्र परिचालनों में उनकी भूमिका अग्रणी है।

उन्हें दिल्ली कालेज ऑफ इंजीनियरिंग की डीसीई–डीटीयू अलुमनी एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2017 में ''डिस्टिंग्युशड अलुमनी'' का पुरस्कार, वर्ष 2018 में उद्योग रत्न पुरस्कार, इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनोमि स्टडीज (आईईएस) अवार्ड, श्रीलंका, ईटी नाव : स्टार ऑफ इंडस्ट्री अवार्ड, ईटी नावः वर्ल्ड कांग्रेज अवार्ड एवं वर्ष 2019–20 में पीएसयू गवर्नेंस नाव अवार्ड प्राप्त है।

हमारी सफलता हमारी सुदृढ़ प्रतिबद्धता एवं निदेशक मंडल से अनवरत प्राप्त दिशानिर्देशन का प्रतिफल है।

श्री मुकेश कुमार सिंह

निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी

श्री मुकेश कुमार सिंह (डीआईएन:06607392) हमारी कम्पनी में निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) हैं। वे कला (आनर्स – गणित) विषय में स्नातक, कला (गणित) विषय में दिल्ली विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री प्राप्त, इग्नु से एम.फिल (गणित) तथा वित्त प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्राप्त हैं। वे भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1990 बैच के अधिकारी हैं।

इरकॉन में सेवा प्रारम्भ करने से पूर्व वे पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में एफए एवं मुख्य लेखा अधिकारी के पद पर तैनात थे। उन्होंने रेल विकास निगम लिमिटेड (प्रतिनियुक्ति पर) में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर लगभग 4 वर्ष कार्य किया है। उन्हें रेलवे, व्यय, निर्माण संगठन, सांविधिक लेखापरीक्षकों से संव्यवहार (सी एंड एजी) इत्यादि जैसे लेखांकन एवं वित्त मामलों की देखरेख का अनुभव प्राप्त है। इसके अलावा पैन–इंडिया आनलाइन एकाउंटिंग पैकेज सिस्टम एवं रेलवे की वित्त एवं लेखा के कम्प्युटराइजेशन की दो प्रमुख टीमों में सदस्य के रूप में कार्य करने के साथ साथ रेलवे व्यवस्था के जोनल मुख्यालय एवं डिवीजनों के अन्य रिलेशनल डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम (आरडीबीएमएस) लेखांकन पैकेजों का अनुभव प्राप्त है। वे इरकॉन के निदेशक मंडल में 1 मई, 2016 से हैं। वे रेल मंत्रालय पुरस्कार (1998 में), महाप्रबंधक पुरस्कार (2004) इत्यादि जैसे विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

श्री योगेश कुमार मिश्रा

निदेशक (कार्य)

श्री योगेश कुमार मिश्रा (डीआईएन : 07654014) हमारी कम्पनी में निदेशक (कार्य) हैं। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली से बी.टैक, सिविल इंजीनियरिंग हैं।

वे 1987 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) अधिकारी हैं तथा हमारी कम्पनी में सेवा प्रारंभ करने से पूर्व उन्होंने रेलवे में 31 वर्ष तक कार्य करके समृद्ध एवं विभिन्न अनुभव प्राप्त किए हैं। उन्हें टर्नकी रेलवे एवं राजमार्ग परियोजनाओं में परियोजना विकास एवं परामर्श का अनुभव प्राप्त है जिसके अंतर्गत विस्तृत सर्वेक्षण, डिजाइन संरेखन, सुरंगें, पुल इत्यादि के कार्य किए जाते हैं। इरकॉन में उन्होंने पूर्वकाल में कार्यपालक निदेशक (कार्य) के पद पर कार्य किया है। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे 28 दिसम्बर, 2018 से सदस्य हैं।

श्री श्याम लाल गुप्ता

निदेशक (परियोजना)

श्री श्याम लाल गुप्ता (डीआईएन : 07598920) हमारी कम्पनी में निदेशक (परियोजना) हैं। वे रूड़की विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त हैं तथा उन्होंने स्कूल ऑफ प्रोफेशनल एंड एक्जीक्यूटिव एजुकेशन (एसपीईईडी), एशिया ई यूनिवर्सिटी से परियोजना प्रबंधन विज्ञान में एक्जीक्यूटिव मास्टर पूरी की है।

इरकॉन में वे वर्ष 2006 से कार्य कर रहे हैं तथा इससे पूर्व उन्होंने भारतीय रेलवे में 28 वर्ष सेवा की है। उन्हें अवसंरचना सेक्टर का अनुभव प्राप्त है तथा उन्होंने भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य किए हैं। वे निदेशक (परियोजना) के पद पर नियुक्ति से पूर्व इरकॉन में कार्यपालक निदेशक (सामान्य) थे। उनके सुपरवीजन में श्रीलंका में अनेक परियोजनाएं समय पर पूरी की जा चुकी हैं। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे 1 नवम्बर, 2019 से सदस्य हैं।

श्री अशोक कुमार गंजु

स्वतंत्र निदेशक

श्री अशोक कुमार गंजु (डीआईएन : 07014589) हमारी कम्पनी में स्वतंत्र निदेशक हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से विज्ञान (सिविल इंजीनियरिंग) विषय में स्नातक डिग्री प्राप्त की है तथा वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से प्राप्त प्रौद्योगिकी (जल संसाधन) विषय पर मास्टर डिग्री के धारक हैं। उन्होंने आईएचई डेल्फ़्ट इंस्टीट्यूट फार वाटर एजुकेशन, नीदरलैंड से हाइड्रोलिक के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी प्राप्त किया है।

वर्तमान में वे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को जल संसाधन विकास की परियोजनाओं में परामर्शी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वे भारत सरकार में पदेन अपर सचिव थे तथा वर्ष 2012 में वे केन्द्रीय जल आयोग में सदस्य, डिजाइन एवं अनुसंधान के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे पटना में मई, 2010 से अगस्त 2011 तक अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें जल संसाधनों के विकास, बाढ़ प्रबंधन, हाइड्रो एवं थर्मल परियोजनाओं, परियोजना प्राधिकारियों एवं ठेकेदारों के मध्य विवादों के समाधान तथा निर्माण से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श का अनुभव प्राप्त है। इरकॉन के निदेशक मंडल में सदस्य के पद पर वे 8 मार्च, 2018 से सेवाएं दे रहे हैं।

डा. नरिन्द्र सिंह रैना

स्वतंत्र निदेशक

डा. नरिन्द्र सिंह रैना (डीआईएन:07968391) हमारी कम्पनी में स्वतंत्र निदेशक हैं। वे डा. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हार्टिकल्चर एवं फोरेस्ट्री से विज्ञान (वानिकी) विषय में स्नातक डिग्री के धारक हैं। उन्हें डा. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हार्टिकल्चर एवं फोरेस्ट्री से डॉक्टरेट ऑफ फिलोसफी (वानिकी) की मास्टर डिग्री भी प्राप्त है। वे जम्मू व कश्मीर के वन विभाग में ग्रेड 1 रेंज अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे हैं तथा उसके पश्चात वे शेर–ए–कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीक्लचर साइंसेज एंड टैक्नोलॉजी में एग्रोफोरेस्ट्री विषय के सहायक प्रोफेसर रहे हैं। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे सदस्य के रूप में 17 अक्तूबर, 2017 से सेवाएं दे रहे हैं।

श्री आशुतोश गंगल

सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री आशुतोष गंगल (डीआईएन:07057313) को इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ मैकेनिकल एंड इलैक्ट्रिल इंजीनियर्स, जमालपुर (आईआरआईएमईई) से मैकेनिकल एवं इलैक्ट्रिक्ल इंजीनियरिंग की स्नातक डिग्री प्राप्त है तथा वे भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में 1983 बैच के अधिकारी हैं। रेलवे में कार्य का उन्हें 35 वर्ष का समृद्ध एवं विविध अनुभव प्राप्त है। वर्तमान में वे रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय, भारत सरकार में परामर्शदाता (योजना) के पद पर कार्य करते हुए वे निवेश एवं निष्पादन को प्राथमिकता दिए जाने सहित रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं के लिए योजना एवं बजट के कार्य देख रहे हैं। वे रेलवे बोर्ड की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन परियोजनाओं के समन्वयक भी हैं। उनके द्वारा किए गए पूर्व कार्यों में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में प्रधान मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर; मध्य रेलवे, मुम्बई में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक तथा वडोदरा में मंडलीय रेलवे प्रबंधक; कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में लगभग चार वर्ष की अवधि की प्रतिनियुक्ति का सीमित कार्यकाल इंटीग्रल कोच फैक्टरी, चैन्ने की फर्निशिग डिवीजन के प्रभारी के रूप में मुख्य कार्यशाला इंजीयर के पद के कार्य हैं। उन्होंनें आरडीएसओ, लखनऊ की व्हीकल डायनामिक्स ग्रुप एंड रिसर्च डायरेक्टेट में भी कार्य किया है। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे 27 अगस्त, 2020 से हैं।

श्री हरि मोहन गुप्ता

सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री हरि मोहन गुप्ता (डीआईएन : 08453476) को रूड़की विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त है तथा वे भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में 1989 बैच के अधिकारी हैं।

वर्तमान में वे रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय, भारत सरकार में कार्यपालक निदेशक (कार्य) के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें सामान्य प्रशासन एवं मानव संसाधन प्रबंधन के अलावा ट्रैक अनुरक्षण, ट्रैक मशीन परिचालन, भंडार निविदा व्यवस्था का गहन अनुभव प्राप्त है। अपने वर्तमान कार्यभार से पूर्व वे डेडीकेटिड फ्रेट कॉरीडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) में मुख्य परियोजना प्रबंधक, नोएडा के पद पर प्रतिनियुक्ति के कार्य करते हुए पश्चिम मालभाड़ा कॉरीडोर के रिवाड़ी, दादरी, डेटोर खंडों के कार्यों का उत्तरदायित्व सम्हाल रहे थे। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे 15 मई, 2019 से हैं।

डा. सी. बी. वेंकटारमन

स्वतंत्र निदेशक

डा. सी.बी. वेंकटारमन (डीआईएन : 03179171) हमारी कम्पनी में स्वतंत्र निदेशक हैं। वे श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी से वाणिज्य विषय में मास्टर डिग्री, मद्रास विश्वविद्यालय से कला (अर्थशास्त्र) विषय में मास्टर डिग्री तथा जॉन हॉप्किंस स्कूल ऑफ हाइजिन एंड पब्लिक हैल्थ, बाल्टीमोर, एमडी, यूएसए से पब्लिक हैल्थ विषय में मास्टर डिग्री के धारक हैं। उन्होंने शिकागो, यूएसए से यूनिवर्सिटी ऑफ इल्लीनॉयस से पब्लिक हैल्थ विषय में डाक्टरेट भी की है।

वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्हें लोक सेवा सेक्टर में कार्य का अनुभव प्राप्त है। इरकॉन के निदेशक मंडल में वे 28 सितम्बर, 2017 से हैं।

वरिष्ठ कार्यपालक

श्री ए.के. गोयल
कार्यपालक निदेशक (परियोजना)

श्री आर.एस. यादव,
कार्यपालक निदेशक (सामान्य)

डा. सुभाष चन्द
कार्यपालक निदेशक (इलैक्ट्रीक्ल)

श्री रामगोपाल
परियोजना निदेशक (मुम्बई)

श्री प्रमोद कुमार सिंह
परियोजना निदेशक (पटना)

श्री शैलेश कुमार सिन्हा
परियोजना निदेशक (कटनी)

समाचारों में इरकॉन

IRCON, NIIFL, Ayana sign solar energy MoU

IRCON INTERNATIONAL, a mini-ratna public sector enterprise, has signed a memorandum of understanding (MoU) with National Investment and Infrastructure Fund (NIIFL) and Ayana Renewable Power (AYANA), an NIIF platform company, to explore and collaborate on opportunities in the solar energy sector. According to the MoU, NIIFL and Ircon will evaluate strategic partnerships across infrastructure projects and have agreed in-principle to identify, bid and execute solar energy projects through joint ventures/consortium arrangements.

IRCON supported Multi Skill Development Training Centre in Khora Colony (Ghaziabad) since 2018-19

The certificate distribution program held on 22.02.20 at S.M.S Public School, Khora Colony, Ghaziabad, showcased the vibrant CSR partnership between Ircon International Limited, Bisnouli Sarvodaya Gramodyog Sewa Sansthan (BSGSS) and the District Administration in skilling and empowering the marginalised women in Khora through sustainable livelihood projects. It is a remarkable achievement that with Ircon's generous support, BSGSS enabled over 88% of the previous batches of beneficiaries to become self-reliant either by job placement or setting up micro-enterprises of their own post completion of training in trades like Cutting and Tailoring, Beauty Culture, Computer Operation and English Speaking.

IRCON and RZD International sign MoU for joint development of Infra projects

Ircon International Ltd has signed a Memorandum of Understanding (MoU) with RZD International LLC, to explore opportunities for joint development of railways and other infrastructure projects in Asia, Africa and Latin America. According to MoU both parties have agreed to form a joint Indian – Russian working group. This group will look into ways of developing strong partnership to coordinate, plan and subsequently implement projects in field of railways and other infrastructure not only in India but also in countries of mutual interest. Commenting on the MOU S. K. Chaudhary, Chairman & MD, IRCON, said, "IRCON has been constantly looking to establish strong partnership with the companies, wherein we can mutually benefit from our expertise. This MOU is a step towards building a long term business relationship which will help us to enhance our presence in different geographies".

IRCON contributes Rs 20.5 crore to PM Cares Fund

Ircon International Ltd (IRCON) has come forward to provide an additional financial assistance of Rs. 15.5 crore to Prime Minister Cares Fund for fighting COVID-19. This amount is in addition to Rs 5 crore assistance announced earlier. Company's total contribution to PM-CARES Fund now amounts to Rs 20.5 crore, including contribution of Rs 51 lakh by the employees. S. K. Chaudhary, Chairman & Managing Director, IRCON said that the Covid-19 is one of the biggest challenges that our country is facing and it has been unprecedented in its severity. We at IRCON, has always been at the forefront in times of need for the country." IRCON employees have also come forward and supported company's endeavor by donating their one day's salary for this COVID-19 fund. Total amount of Rs 51 lakh was contributed by all employee of Ircon International Ltd.

Ircon International posts 16% rise in March qtr profit

STATE-OWNED ENGINEERING AND construction firm Ircon International on Friday reported a 15.73% rise in its consolidated net profit to ₹115.40 crore for the quarter ended March 31, 2020. Consolidated net profit was ₹99.71 crore in the corresponding period a year ago.

प्रमुख निष्पादन संकेत (स्टेंडएलोन)

पीएटी / ईबीआईटीडीए (रुपए करोड़ में)



निवल सम्पति (रुपए करोड़ में)



लाभांश (रुपए करोड़ में)



परिचालन राजस्व (रुपए करोड़ में)



घटक राजस्व (रुपए करोड़ में)



हमारा समनुरूपी विकास हमारी विधिवत निर्मित व्यापार रणनीतियों एवं हमारे निष्पादन में सुधार के प्रयासों के द्योतक हैं।

वित्तीय हाइलाइट (स्टेंडएलोन)

(रुपए करोड़ में)

क्र. सं..	विवरण	इंड एएस					आईजीएएपी				
		2019-20	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14	2012-13	2011-12	2010-11
1	परिचालन आय	5,202	4408	3870	2,934	2,418	2,950	4,067	4,232	3,601	3,182
2	जोड़े/घटाएं: एकीकृत संयुक्त उद्यमों की टर्नओवर में कम्पनी का अंशभाग	-	7	26	90	-	89	(9)	(13)	(23)	(7)
3	जोड़ें: एकीकृत संयुक्त उद्यमों की लाभ/(हानि) में कम्पनी का अंशभाग		-	-	-	-	2	(1)	1	2	7
4	**निवल परिचालन आय**	**5,202**	**4,415**	**3,896**	**3,024**	**2,418**	**2,864**	**4,057**	**4,220**	**3,580**	**3,182**
5	अन्य आय	240	264	227	230	442	258	250	251	181	72
6	**आय योग**	**5,442**	**4,679**	**4,123**	**3,254**	**2,860**	**3,122**	**4,307**	**4,471**	**3,761**	**3,254**
7	व्यय (स्टॉक में बढ़त/घटत सहित)	4,735	4,048	3577	2,766	2,222	2,267	3,024	3,412	3,102	2,816
8	परिचालन मार्जिन (पीबीडीआईटी)	707	631	546	488	638	854	1,283	1,059	659	438
9	ब्याज आय	18	4	-	12	8	-	-	-	-	-
10	मूल्यह्रास	16	12	13	18	28	10	34	44	57	37
11	अपरिहार्य मदें	-	-	-	(74)	-	-	-	-	-	-
12	**कर पूर्व लाभ**	**673**	**615**	**533**	**532**	**602**	**844**	**1,249**	**1,015**	**602**	**401**
13	**कर पश्चात लाभ**	**490**	**445**	**391**	**369**	**395**	**579**	**907**	**730**	**470**	**241**
14	वर्ष में लाभांश '	223	203	192	192	168	182	182	148	94	49
15	सामान्य रिजर्व	3,334	3,334	3334	3,334	3,334	3,334	2,971	2,277	1,733	1,372
16	धारित आय	733	517	311	390	318	-	-	-	-	-
17	अन्य व्यापक आय	(4)	(0.32)	9	5	(5)	-	-		-	-
18	विदेश परियोजना राजस्व		-	-	-	-	-	-	-	-	-
19	अन्य रिजर्व	5	5	4	-	-	-	2	3	-	-
20	योग रिजर्व एवं अतिरिक्त	4,067	3,856	3,658	3,729	3,647	3,334	2,973	2,280	1,733	1,372
21	निवल अचल परिसम्पतियां	271	128	134	137	149	163	170	180	196	244
22	मालसूचियां	321	332	141	139	141	114	119	125	135	165
23	विदेशी मुद्रा आय (निवल)	15	33	64	24	59	418	1,042	822	444	428
24	शेयर पूंजी	94.05	94.05	94.05	98.980	19.796	19.796	19.796	19.796	9.898	9.898
25	नियोजित पूंजी	6,007	6,510	6,952	3,828	3,667	3,354	2,993	2,300	1,743	1,382
26	सरकारी निवेश	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
27	**निवल सम्पति**	**4,161**	**3,950**	**3,752**	**3,828**	**3,667**	**3,354**	**2,993**	**2,300**	**1,743**	**1,382**
28	नियोजित पूंजी में कर पूर्व लाभ (%)	11	9	8	14	16	25	42	44	35	29
29	नियोजित पूंजी में परिचालन मार्जिन (%)	12	10	8	13	17	26	43	46	38	32
30	शेयर पूंजी पर कर पश्चात लाभ (%)	521	473	416	373	1,995	2,924	4,578	3,687	4,747	2,429
31	आय पर व्यय (%)	87	87	87	85	78	73	70	76	82	87
32	कर्मचारियों की संख्या (संख्या)	1,369	1,576	1,622	1,496	1,499	1,472	1,579	1,704	1,703	1,678
33	प्रति कर्मचारी आय	3.98	2.97	2.54	2.18	1.91	2.12	2.73	2.62	2.21	1.94
34	प्रति कर्मचारी विदेशी मुद्रा आय	0.01	0.02	0.04	0.02	0.04	0.28	0.66	0.48	0.26	0.25
35	चालू अनुपात	1.15	1.32	1.66	2.02	1.99	1.72	1.81	1.61	1.47	1.53
36	नामे/इक्विटी अनुपात	0.44	0.65	0.85	-	-	-	-	-	-	-
37	निवेश	1,469	1,314	1,201	1,223	743	737	494	295	208	185

टिप्पणी :

** 28 से 31 प्रतिशत में उल्लिखित हैं

*** 32,35 एवं 36 करोड़ रूपए में उल्लिखित नहीं हैं।

हमारे पुरस्कार एवं मान्यताएं

गोल्डन पिकॉक अवार्ड
कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिए

7वां पीएसयू गवर्नेंस नॉव अवार्ड
इंक्रीजिंग जियो–स्ट्रैटेजिक रीच अवार्ड

7वां फिक्की क्वालिटी सिस्टम एक्सीलेंस अवार्ड फार इंडस्ट्री
गुणवत्ता सिस्टम में उत्तम व्यवहार के लिए

इंस्टीट्यूट ऑफ ईकोनॉमी स्टडीज अवार्ड (आईईएस), श्रीलंका
इरकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को उत्कृष्ट वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार

गोल्डन पिकॉक अवार्ड
जोखिम प्रबंधन के लिए

16वां आईसीएमएआई नेशनल अवार्ड फार एक्सीलेंस इन कास्ट मैनेजमेंट
अवसंरचना एवं निर्माण सेवाएं (प्रथम स्थिति)

ईटी नॉव : स्टार ऑफ इंडस्ट्री अवार्ड

टेलेंट लीडरशिप अवार्ड – फार एक्सीलेंस इन एचआर (आर्गेनाइजेशनल अवार्ड)

इरकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन अवार्ड

> हमारे निष्पादन के प्रति अनेक विख्यात संस्थानों द्वारा अवार्ड एवं सराहनाओं के माध्यम से मान्यता प्रदान की गई है।

7वां पीएसयू गवर्नेंस नॉव अवार्ड

सीएमडी इरकॉन को पीएसयू नेतृत्व पुरस्कार

स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट

क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण के लिए (एचआरएम)

ईटी नॉव : वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस पुरस्कार

सीएमडी इरकॉन को व्यवसाय नेतृत्व पुरस्कार

स्कॉच ऑफ आर्डर मेरिट

एनटीसी मशीन से पटरी बिछाने की प्रक्रिया के अनुरक्षण के लिए

ईटी नॉव : वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस पुरस्कार

राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता ब्रांड पुरस्कार

स्कॉच ऑफ आर्डर मेरिट

शिवपुरी –गुना राजमार्ग परियोजना के लिए

हमारे व्यवसाय का विहंगावलोकन

आखिर इरकॉन की सुदृढ़ता साध्यात्मकता क्यों है?

हमारा परिचय

हम एकीकृत इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी हैं, जिसे रेलवे, राजमार्गों, पुलों, फ्लाईओवर, सुरंगों, विमान अनुरक्षण हैंगर, रनवे, ईएचवी सबस्टेशन, विद्युत और यांत्रिक कार्यों, वाणिज्यिक और आवासीय संपत्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास व अन्य, आधारभूत अवसंरचना के क्षेत्रों सहित प्रमुख अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्तव है। हम विभिन्न आधारभूति अवसंरचना परियोजनाओं के लिए निश्चित राशि के आधार पर और साथ ही मद–दर आधार पर ईपीसी सेवाएं प्रदान करते हैं। इरकॉन भावी आमदनियों को बनाए रखने के लिए कंपनी की वित्तीय सुदृढता का लाभ प्राप्त करके निर्माण, प्रचालन और अंतरण (बीओटी) / हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) परियोजनाओं पर भी कार्य करती है।

मार्गदर्शक के रूप में इरकॉन

इरकॉन ही एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो आपूर्ति के लिए प्रतिस्पर्धा बोली, लागत प्रभाव्यता के मंत्र का उपयोग कर रहा है। रेलवे परियोजनाओं का टर्नकी आधार अथवा अन्यथा रूप से निष्पादन करने की विशेषज्ञता के साथ हम देश की सार्वजनिक क्षेत्र की निर्माण कम्पनियों परिवहन क्षेत्र में नेतृत्व की दीर्घकालिक साख हमें प्राप्त है। हम निष्पादन में गुणवत्ता पूर्ण समाधानों, प्रतिबद्धताओं एवं अनुकूलता के लिए जाने जाते हैं।

हमारा इतिहास

हमने पिछले 44 वर्षों के दौरान अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उल्लेखनीय निर्माण परियोजनाओं का निष्पादन किया है।

कम्पनी द्वारा सेक्टर एवं भौगोलिक कवरेज के दोनों क्षेत्रों के संदर्भ में विविधतायुक्त अवसंरचना कम्पनी का स्वरूप धारण करने की ओर सक्रिय रूप से कार्य किए जा रहे हैं। रेलवे निर्माण कम्पनी के व्यवसाय प्रारंभ करने के पश्चात से कम्पनी निर्माण क्रियाकलापों एवं अवसंरचना सेवाओं के पूर्ण विस्तार में वर्ष 1985 से क्रमिक रूप से विविधता स्थापित कर रही है; तथापि कम्पनी की प्रमुख रूचि एवं इसकी शक्ति अभी भी रेलवे सेक्टर के कार्यों में गहरी बनी हुई है।

जब प्रौद्योगिकी जटिल होती है और परियोजनाएं किसी दूर दराज के क्षेत्र में की जाने होती है तो इरकॉन इसके लिए सबसे आगे है – वर्ष 1983 में हमने इराक में एक परियोजना का निष्पादन किया था; स्वतंत्रता के पश्चात कपूरथला में पहली वर्कशाप, आधुनिक भारत में आज की सिवोक रंगपो जैसे अनेक परियोजनाओं का निष्पादन किया है। हम न केवल राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित हुए अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 25 देशों में अपने कार्य का विस्तार किया है।



इरकॉन सार्वजनिक क्षेत्र का एक एकीकृत उपक्रम है जो विश्व में विविध क्षेत्रों मे ंसेवाएं प्रदान कर रहा है।

हमारे व्यवसाय का विंहगावलोकन

हमारा सेवा पोर्टफोलियो

इंजीनियरिंग, प्रापण एवं निर्माण (ईपीसी)

हम ईपीसी परियोजनाओं के पूर्ण विस्तार में संकल्पना से कमीशनिंग तक पूर्ण रेंज वाली सेवाएं प्रदान करते हैं। हमारे द्वारा रेलवे, राजमार्गों, सुरंगों, रोड ओवर ब्रिज, प्रमुख नदियों के ऊपर रेल एवं सड़क पुल, हवाईअड्डा हैंगर एवं रनवे, मैट्रो, भवन, अत्यधिक उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन वाली लाइनें तथा ग्रिड सब–स्टेशन, औद्योगिक विद्युतिकरण, सिग्नलिंग एवं दूरसंचार व्यवस्थाएं एवं अन्य अनेक ऐसी परियोजनाओं का निष्पादन किया गया है जिसमें अत्यधिक जटिलता एवं परिष्करण से कार्य किए जाने अपेक्षित थे।

निष्पादन के चरण से लेकर सफलतापूर्वक कमीशनिंग तक हम डिजाइन, इंजीनियर्स, तकनीकी स्टाफ, परियोजना प्रबंधन कार्मिक एवं अपने उपकरणों के विशाल बेड़े के साथ सेवाएं प्रदान करते हैं।

सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी)

हम रेलवे सेक्टर की सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं की श्रेणी में संयुक्त उद्यम मॉडल के अंतर्गत राज्य सरकार तथा अन्य स्टेकधारकों के साथ डीबीएफओटी पैटर्न के अनुसार टोल, वार्षिक व्यवस्था, एवं मिश्रित वार्षिक व्यवस्था के आधार पर सेवाएं प्रदान करते हैं। इस प्रकार की परियोजनाओं के निष्पादन एवं समय पर इन्हें पूरा करने के लिए हमारे पास वित्तीय क्षमता के साथ साथ अनुभवी डिजाइनरों, तकनीकी कार्मिकों एवं कुशल परियोजना प्रबंधन व्यावसायिकों के समूह उपलब्ध है।

परियोजना प्रबंधन एवं परामर्श (पीएमसी)

हम परियोजना की योजना से कमीशनिंग तक के पूर्ण विस्तार में परियोजना, प्रबंधन एवं परामर्श की वृहद रेंज की व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। परियोजना, प्रबंधन एवं परामर्श की ये सेवाएं रेलवे साइडिंग, राजमार्गों, रेलवे, एवं रोड ओवर ब्रिज्स, भवन सहित अन्य कार्य या तो हम स्वयं करते हैं या ये सेवाएं हमारे पूर्ण स्वामित्व वाली 'इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (इरकॉनआईएसएल) के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। परियोजना प्रबंधन, गुणवत्ता प्रबंधन एवं अनुबंध प्रबंधन की हमारी समर्पित टीमों के विशेषज्ञ अवसंरचना सेक्टर के पीएमसी कार्यों का संपादन करते हैं।

स्थावर सम्पदा (आरई)

हम विकास, निर्माण एवं कार्यालय के स्थावर स्थल के पट्टे एवं वाणिज्यिक स्थावर सम्पति के विकास कार्य करते हैं।

हमारे प्रमाणन

हम गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था के लिए मान्यताप्राप्त आईएसओ, अनुसूची 'क' एवं मिनी रत्न वर्ग में सार्वजनिक क्षेत्र की सूचीबद्ध कम्पनी हैं। केयर रेटिंग द्वारा इरकॉन के लिए दीर्घकालिक बैंक सुविधा के संबंध में केयर एएए; स्टेबल/केयरए1+ होने की पुष्टि की गई है।

हमारे मूल्य उत्पति मॉडल

इरकॉन में हम अपनी प्रारंभिक प्रक्रियाओं में मूल्यवान संसाधनों तथा अपने प्रचालनों एवं प्रमाणित अनुभव के उपयोग से हम आउटपुट की उत्पति करते हैं जिससे स्टेकधारकों एवं समाज के लिए मूल्यों की उत्पति हो पाती है।

हमारे संसाधन

हम विश्व श्रेणी की परियोजनाओं की डिलीवरी के लिए उत्तम गुणवत्ता वाले संसाधनों का उपयोग करते हैं।

मानव पूंजी

1,369 कार्यबल शक्ति
68 महिला कर्मचारी
9.9% संघर्शण दर

वित्तीय शक्ति

₹5,202 करोड़ परिचालन राजस्व वित्तीय वर्ष 2020 के लिए
₹769.04 करोड़ रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य
17.83% वर्ष की तुलना में वर्ष में राजस्व वृद्धि
9% कर पश्चात लाभ मार्जिन

कच्चा सामान एवं उपकरण

हम शीर्ष स्तर के उप–ठेकेदारों को नियुक्त करते हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि कच्चा समान कड़ाई के साथ विशिष्टताओं के अनुरूप हो! हम निर्माण की कुशलता और तीव्र समापन हेतु आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हैं!

विभिन्न उप ठेकेदार

1,424 मशीनरी

प्रोद्योगिकी एवं नवोपाय

हम स्वयं को अद्यतन औद्योगिक विकास के प्रति अद्यतन रखते हैं। हम नवीनतम डिजीटल नवोपायों का उपयोग भी कर रहे हैं।

प्राकृतिक साधन

हमने उत्तम पर्यावरणीय एवं संवहनीय व्यवहारों को अंगीकार किया है। विकास के लिए यूएन एसडीजी के साथ हमने संरेखन किया है।

हमारे विकास वाहक

हमारे विकास की उत्प्रेरण अनेक कारकों से हुई है जो हमें बाजार के नेतृत्व की शक्ति देते हैं।

विविधतायुक्त सेक्टर एवं वैश्विक उपस्थिति

हम विविध अवसंरचना सेक्टरों में विविधता सम्पन्न हैं। हम विभिन्न उद्योगों को निर्माण एवं अवसंरचना विकास की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। भौगोलिक कवरेज के अनुसार हमने 25 देशों में परियोजनाएं निष्पादित की हैं।

वित्तीय निष्पादन एवं क्रेडिट प्रोफाइल

हमारा क्रेडिट प्रोफाइल अत्यंत सुदृढ़ है जिसमें गैर–निधि आधारित स्टैंडबाई बैंक सीमा ₹ 3,850 करोड़ है। हमारी वित्तीय स्थिति की विशिष्टता हमारे अच्छे लाभ मार्जिन एवं श्रेयस्कर रोकड़ स्थिति से आंकी जा सकती है।

आर्डर बुक एवं निष्पादन

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार हमारी आर्डर बुक ₹ 30,713 करोड़ थी जो हमारे कुल परिचालन राजस्व से लगभग 6 गुणा है। परियोजनाओं के तीव्रता निष्पादन एवं समय पर आपूर्तियों से अपने ग्राहकों के लिए हम पसंदीदा अवसंरचना पार्टनर बन गए हैं।

विषेशज्ञों का पुल

हमारा कार्य कुशल प्रतिभाशाली पुल एवं हमारा प्रमाणित प्रबंधन दर हमारे आधार स्तम्भ हैं जिससे हमें संगठनात्मक सफलता प्राप्त हुई है।

निष्पादन एवं लाभप्रदत्ता

अब तक इरकॉन द्वारा 518 परियोजनाओं की सफलतापूर्वक आपूर्ति की गई है। ₹30,713 करोड़ मूल्य की आर्डर बुक के साथ हमारी 40 परियोजनाएं आन–गोइंग हैं। 80 प्रतिशत से अधिक हमारा राजस्व रेल उद्योग से उत्पन्न होता है।

इरकॉन के वित्तीय निष्पादन के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 43 देखें।

कार्यबल

एक प्रगतिशील संगठन के रूप में इरकॉन अपने कार्य बल को अपनी अत्यधिक महत्वपूर्ण सम्पति अर्थात मानव पूंजी मानता है। हमारा मानव संसाधन प्रबंधन हमारे कर्मचारियों से संबंधित नीतियों एवं व्यवस्थाओं की ओर प्रमुख रूप से ध्यान देता है। हमारी नीतियों एवं प्रयासों का निर्माण संगठनात्मक रणनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कर्मचारी निष्पादन में संवर्धन के विचार से किया गया है।

इरकॉन की मानव पूंजी के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 30 देखें।

समुदाय

पर्यावरणीय एवं सामुदायिक विकास के प्रति अपना योगदान प्रदान करने का इरकॉन का अपना एक इतिहास है। हम कार्पोरेट सामाजिक दायित्वों एवं संवहनीयता के लिए वर्ष 2010–11 से निरंतर योगदान दे रहे हैं। हमारा सामाजिक दृष्टिकोण हमारे कार्पोरेट सामाजिक दायित्वों का निष्पादन सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संवहनीयता के माध्यम से अपने व्यवसाय संचलित करने की नीति के अनुसार विभिन्न क्रियाकलापों पर ध्यान केन्द्रित करके अपने प्रमुख स्टेकधारकों की आवश्यकताओं एवं प्रत्याशाओं के अनुसार किया जाता है।

इरकॉन की मानव पूंजी के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 34 देखें।

सेवा एवं विषेशज्ञता

हमारा ग्राहक आधार

वर्तमान में हमारे 44 ग्राहक हैं जिनमें से 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तथा 30 भारतीय बाजारों में हैं।

हमारी आउटपुट

अपने संसाधनों एवं अपने विकास के साथ हम नई अपेक्षाओं के फल प्राप्त करते हैं।

निष्पादन एवं लाभप्रदत्ता

हमारे पोर्टफोलियों में 128 सफल परियोजनाएं, 40 आन–गोइंग परियोजनाएं है।

वृद्धितर लाभप्रदत्ता मार्जिन एवं परिवर्धित परिचालन एवं सेगमेंट राजस्व उन्नत प्रौद्योगिकी

एवं कार्य कुशल प्रगति उन्मुख निर्माण विधियों से हमें प्रतिस्पर्धी स्थिति प्राप्त है।

कार्य बल

समर्पित, कौशल युक्त एवं उच्चतर सक्षम कर्मचारी, रोजगार संवर्धन को प्रोत्साहित करके लोगों

के जीवन एवं संरक्षित वातावरण का निर्माण

समुदाय

पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा का संवहनीय संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन एवं उन्नत गुणवत्ता

शिक्षा तथा कौशल विकास, वंचित वर्ग के समूहों का उन्नयन, सफाई एवं स्वच्छता के लिए

कार्पोरेट शासन दायित्व कियाकलापों पर **₹10.04** करोड़ का व्यय

हमारे नियंत्रण एवं सिस्टम

सुदृढ़ अनुबंध प्रबंधन

हमारे पास एक विधिवत स्थापित डायानामिक अनुबंध प्रबंधन व्यवस्था है जो सक्रिय होकर आपूर्तियोग्य कार्यों का ट्रैक एवं प्रबंधन करता है तथा अनुबंध की शर्तों एवं नियमों के निश्चित अनुपालन का सुनिश्चय करता हैं। ग्राहक संतुष्टि में सुधार के लिए हम अपने ग्राहकों को समय पर प्रतिक्रिया एवं समाधान उपलब्ध करते हैं।

कार्यकुशल योजना एवं योजना प्रबंधन

हमारे पास सुदृढ़ प्रबंधन एवं निष्पादन विशेषज्ञता एवं अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं, दोनों, के निर्बाध परिचालन की क्षमता से युक्त समर्पित परियोजना प्रबंधन टीमें हैं। हमारी मान्यता अच्छा ट्रैक रिकार्ड रखने तथा समय पर कार्य करके अपनी साख निर्मित्त करने एवं भारतीय अवसंरचना सेगमेंट में अपनी स्थिति को मजबूत तथा स्वयं के लिए अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय, दोनों, बड़े आकार के अनुबंधों में से उचित भाग प्राप्त करने के प्रति है।

उन्नत प्रौद्योगिकी एवं नवोपाय

हम अग्रसक्रिय होकर आधुनिक निर्माण विधियों, प्रौद्योगिकी एवं उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं जो बाजार के प्रचलित मानकों के अनुरूप है। हम निरंतर सहकार्यता एवं श्रेष्ठ परामर्श तथा नवोपाय युक्त निर्माण एवं विकासोन्मुख विधियों के उपयोग से उच्चतर कार्य कुशलता एवं समय पर निष्पादन के प्रयास करते हैं।

हम कैसे अन्यों से भिन्न हैं?

इरकॉन की सुदृढ़ निवेश थीसिस का वर्णन

विविधता युक्त वैश्विक अवसंरचना पीएसयू

इरकॉन एक अग्रणी एकीकृत इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। इसे रेलवे,, राजमार्ग, पुल, फ्लाईओवर, सुरंगों, विमान अनुरक्षण हैंगरों, मैट्रो, एस एंड टी, रनवे, ईएचवी सब–स्टेशन, इलैक्ट्रिक्ल एवं मैकेनिकल कार्यों, वाणिज्यिक एवं आवासीय सम्पतियों, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ साथ अन्य अवसंरचना कियाकलापों के लिए विशाल एवं जटिल प्रौद्योगिकी की अवसंरचना परियोजनाओं में कार्य की विशेषज्ञता प्राप्त है।

यू.एस.ए. के इंजीनियरिंग न्यूज रिकार्ड (ईएनआर) के 2020 अंक के अनुसार हम इसमें 250 सूचीबद्ध सर्वोच्च अंतर्राष्ट्रीय ठेकेदारों की सूची में एकमात्र भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम हैं। देश के अग्रणी अवसंरचना कम्पनी होने के नाते इरकॉन भारत सरकार द्वारा घोषित प्रीमियम परियोजनाओं के एक प्रमुख साझेदार के रूप में सेवाएं प्रदान कर रही है।

कम्पनी का पोर्टफोलियो विविधता युक्त है तथा इसके द्वारा अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों, दोनों, में सेवाएं प्रदान की जाती है। इसका ट्रैक रिकार्ड 25 देशों में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं की डिलीवरी करने का है।

हमारे व्यवसाय के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 26 देखें।

विश्वसनीय व्यावसायिक सुदृढ़ता

इरकॉन का प्रमाणित ट्रैक रिकार्ड उच्च गुणवत्ता से युक्त परियोजनाओं की डिलीवरी समय पर करने का रहा है। इसकी निष्पादन क्षमताओं एवं इसके कार्यबल की विशेज्ञता ही इसकी निरंतर सफलता का प्रेरक बल है।

वर्ष प्रति वर्ष निरंतर प्रचालनात्मक लाभ एवं विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के प्रवाह स्तरों को बनाए रखने में हम सफल रहे हैं। हमारे उद्योग नेतृत्व से हमारी परिचालनात्मक इतिहास, औद्योगिक ज्ञान एवं सिविल तथा अन्य अवसंरचना निर्माण परियोजनाओं के प्रति हमारी गहरी सूझ बूझ की झलक साफ दिखाई देती है। हमारी विशिष्टताओं की प्रस्तुति सावधानी पूर्वक निर्मित अनुबंध प्रबंधन व्यवस्था से युक्त हमारी भौगोलिक एवं सेक्टरल विविधता में देखी जा सकती है।

हमारी और अधिक भिन्नताएं हमारी गुणवत्ता सम्पन्न परियोजनाओं की डिलीवरी की परीक्षित परम्परा है। हमारे व्यवसाय की लोचकता से भी हमारी रणनीतिक विविधता युक्त परिचालनों में संलिप्तता हुई है जिससे हमें किसी उद्योग विशेष से संबंधित जोखिमों का प्रतिरोध करने की क्षमता प्राप्त होती है। हमारा ऐसा मानना है कि अपनी वित्तीय सुदृढ़ता एवं परिचालनात्मक कार्य कुशलता के मिश्रण से युक्त निर्माण सेक्टर में हमारी उपस्थिति ने हमें अवसंरचना क्षेत्र में अग्रणी बनाया है।

हमारी शक्तियों के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 28 देखें।

पूर्ण अर्हता प्राप्त एवं अनुभवी मानव पूंजी

हम अपने कर्मचारियों को अपनी अत्यंत मूल्यवान सम्पति मानते आए हैं। तदनुसार, हम उनके विकास एवं उनकी समृद्धि के लिए निरंतर कियाएं करते हैं। हमारी व्यवस्थाएं संलिप्त एवं सक्षम कर्मचारियों से युक्त उत्तम कार्य संस्कृति का निर्माण एवं उसका अनुरक्षण करने के प्रति केन्द्रित हैं। इन सबमें महत्वपूर्ण यह है कि हम नियमित मॉनीटर करके हमारे कार्य बल के लिए संरक्षित एवं सुखद वातावरण के निर्माण का सुनिश्चय करते हैं।

हमारे विकास में हमारे प्रबंधन दल द्वारा भी ऊर्जा प्रदान की गई है जिनकी विशेषज्ञता ने हमें अपने व्यावसायिक उद्देश्यों की पूर्ति करने में सक्षम बनाया है। कम्पनी की सफलता के प्रति उनकी प्रतिबद्धताएं ने हमें सफलता प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान के साथ साथ बाजार में नेतृत्व की स्थिति प्राप्त करने में हमें सहायता दी है।

अपने कार्यबल की उत्पादन क्षमता में संवर्धन के लिए हम विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उनका समग्र विकास करते हैं।

हमें परियोजनाओं की समय पर, यहां तक कि चुनौतिपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में भी, के कौशल से युक्त प्रतिबद्ध कामगारों का एक संगठन होने का गौरव प्राप्त है।

मानव पूंजी के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 30 देखें।

प्रेरणाप्रद विकास रणनीतियां

सार्वजनिक क्षेत्र के एक ऐसे उपक्रम होने के नाते – जो तुलनात्मक रूप से प्रगति कर रहा है, हम सदैव अपना ध्यान प्रभावकारी विकास रणनीतियों से प्राप्त सफलता को रिकार्ड करने की ओर केन्द्रित करते हैं। हमारी सक्रिय उपस्थिति अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों, दोनों, में है। इससे हमें अपने पोर्टफोलियों में उच्च गुणवत्ता से युक्त वैश्विक परियोजना के निष्पादन को जोड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है।

लाभकारी मार्जिन प्राप्त करने के लिए हम अनुभव एवं तुलन पत्र की सुदृढ़ता से प्राप्त बाजार की अपनी लाभकारी स्थिति का पूंजीयन करना चाहते हैं। हमारी व्यावसायिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक निर्माण कम्पनी का कायाकल्प बीओटी, डीबीएफओटी, एवं एचएएम परियोजनाओं के पोर्टफोलियो के साथ पूर्णतः विविधता सम्पन्न संगठन के रूप में करना है। इसके अलावा, हम सक्रिय होकर संयुक्त उद्यमों एवं विशेष उद्देश्य वाहक कम्पनियों के माध्यम से सहकार्यता वाली परियोजनाओं का निर्माण करने के अवसर खंगोल रहे हैं।

इसी के साथ–साथ, हमारी मंशा सेवाओं के अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार अग्रसक्रिय होकर गुणवत्ता युक्त परियोजनाओं से जुड़कर करने की है और हम परिचालन की नई विधियां ज्ञात कर रहे हैं।

विकास रणनीतियों के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 32 देखें।

पर्यावरणीयता, सामाजिकता एवं सुशासन को सशक्त करना (ईएसजी)

हमारी पर्यावरणीयता, सामाजिकता एवं सुशासन को सशक्त करने की तंत्रव्यवस्था हमारे व्यावसायिक परिचालनों के साथ एकीकृत है। हम उन विकास नीतियों एवं सिद्धांतों का पालन सावधानीपूर्वक करते हैं जो हमारी व्यवसाय व्यवस्थाओं एवं प्रक्रियाओं का संचालन करती है। हम नियमित रूप से पारदर्शिता, विश्वास एवं सत्यनिष्ठा, निष्पादन उन्मुखता, उत्तरदेयता, सामाजिक जवाबदेही एवं अपनी प्रक्रियाओं उत्तम मानकों के अनुरूप नीतिपरक व्यवसाय व्यवहारों की नियमित अनुरूपता का सुनिश्चय करते हैं।

हमारे कार्पोरेट शासन की रूपरेखा हमारे व्यवसाय का एक अभिन्न अंग है। इसका समावेश हमारे इस सुदृढ़ विश्वास के साथ किया गया है कि स्टेकधारकों के साथ विश्वास का अनुरक्षण करने के साथ साथ किसी कम्पनी के संवहनीय मूल्यों की उत्पति के लिए उत्तम शासन व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

हम पर्यावरण एवं अपने आसपास व्याप्त समुदायों के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को स्वीकार करते हुए नतमस्तक हैं। तदनुसार, हमने समाज के उन्नयन एवं विकास पर केन्द्रित अनेक कार्य किए हैं।

ईसीजी फ्रेमवर्क के बारे में और जानकारी के लिए पृष्ठ 34 देखें।

अवसंरचना क्षेत्र में अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम :

विविधता सम्पन्न

इरकॉन को अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में विविधता सम्पन्न परियोजनाओं के निष्पादन के लिए अवसंरचना उद्योग में अग्रणी की स्थिति प्राप्त है।

हम एक अग्रणी अवसंरचना कम्पनी है जिसे विविध सेक्टरों की अवसंरचना परियोजनाओं में विषेशज्ञता प्राप्त है। अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रमुख परियोजनाओं के निष्पादन का हमारा इतिहास प्रमाणित है।

अपनी स्थापना के प्रारंभ काल से ही हमने विभिन्न अवसंरचना सेक्टरों में विविधता प्राप्त कर थी। अपने प्रयासों से वर्षों से हम एक ऐसी कम्पनी के रूप में स्थापित हैं जो विशेषतः रेलवे एवं राजमार्ग के निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। सेवाओं की अपनी वृहद रेंज में हमने अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार वाणिज्यिक एवं आवासीय परिसरों, पावर ट्रांसमिशन लाइनों, औद्योगिक लाइटिंग, पुलों एवं फ्लाईओवरों, सुरंगों, वाणिज्यिक, आवासीय एवं रिटेल सम्पतियों, इलैक्ट्रिक्ल एवं मैकेनिकल कार्यों, मैट्रो सिग्नलिंग एवं दूरसंचार, कोच फैक्टरी, स्टेशन भवन, मल्टी फंक्शन काम्प्लेक्स एवं विमानन जैसे क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति की है।

अब तक हमने 518 परियोजनाओं का निष्पादन किया है तथा 40 आन–गोइंग परियोजनाएं हैं। हमारी निष्पादित परियोजनाओं की रेंज से हमें अपने निर्माण व्यवसाय में विविधता लाने एवं किसी सेक्टर विशेष पर अपनी निर्भरता को कम करने में सहायता मिली है। हमारा यह मानना है कि विविधता युक्त परियोजना पोर्टफोलियों ही हमारी प्रमुख शक्ति है जो गतिबोधक बाजार स्थितियों में हमारे प्रचालनों के निर्वाह के साथ साथ हमारी भिन्नता को प्रमाणित करने का कारक है। इसके अलावा, विस्तारित भौगोलिक क्षेत्रों में हमारे प्रवेश से भी हम धीरे धीरे निर्माण कम्पनी से बीओटी, डीबीएफओटी, ईपीसी एवं एचएएम परियोजनाओं के विविधता युक्त कम्पनी के रूप में उन्नयन प्राप्ति के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इससे हमें संयुक्त उद्यम एवं सहायक कम्पनियों के रूप में सृजित विशेष उद्देश्य वाहकों के माध्यम से उच्चतर परियोजना विकास करने एवं परिचालनात्मक क्षमताएं प्राप्त करने में भी सहायता मिली है।

एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के तौर पर उच्चतर गुणवत्ता वाली परियोजनाओं को निष्पादित करने के हमारे इतिहास के कारण परियोजनाओं की वृद्धितर कड़ी पूर्व अर्हताओं के बावजूद भी नए अवसर प्राप्त करने के महत्वपूर्ण लाभ हमें प्राप्त हैं। प्रत्याशित बाजार विकास का पूंजीयन करने के लिए हम भारतीय बाजार में अपने उद्यम के माध्यम से राजस्व के संवर्धन की ओर ध्यान केन्द्रित करने के साथ साथ स्थानीय एवं वैश्विक बाजारों में परियोजना आधारित लक्ष्य खोजते हैं।

हमारा ऐसा मानना है कि आज हमारे अविकल प्रयासों ने हमारे विकास में अंगीकार करने योग्य बेहतर शासन एवं पूंजी निर्धारण के प्रति पारम्परिक अभिमुखता स्थापित हो सकी है तथा हमें विशिष्ट बाजार नेतृत्व गुणवत्ता के साथ एक विख्यात अवसंरचना कम्पनी के रूप में स्थापित होने में सहायता की है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यही विशिष्टताएं आगे भी इसी प्रकार इरकॉन के उद्‌यीमान भविष्य के निर्माण में सहायक होंगी।

> पिछले अनेक वर्षों से अब हम अपने प्रयासों से एक ऐसी कम्पनी के रूप में स्थापित हैं जो विशेषतः रेलवे एवं राजमार्ग के निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

> हमारा यह मानना है कि विविधता युक्त परियोजना पोर्टफोलियों ही हमारी प्रमुख शक्ति है जो गतिबोधक बाजार स्थितियों में हमारे प्रचालनों के निर्वाह के साथ साथ हमारी भिन्नता को प्रमाणित करने का कारक है।

अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक

14+

कुल डिलीवर की गई परियोजनाएं

518+

अंतर्देशीय ग्राहक

30+

बाजार नेतृत्व की उपलब्धिः

शक्ति

हमारी उद्योग उत्कृष्टता की छवि हमारी विश्वसनीय निष्पादन क्षमताओं एवं परियोजनाओं की समय पर डिलीवरी में प्रतिबिंबित होती है।

> **इरकॉन द्वारा अपना सुदृढ़ उद्योग नेतृत्व अपने परिचालन इतिहास, उद्योग ज्ञान, अनुभव एवं सिविल तथा अन्य अवसंरचना निर्माण परियोजनाओं की समझ से प्राप्त किया गया है।**

हमारी व्यावसायिक सुदृढ़ता को अनेक कारकों से सम्बद्ध किया जा सकता है। औचित्यपरक रूप से सशक्त हमारे तुलन पत्र तथा अवसंरचना क्षेत्र में निविदाओं की बिडिंग एवं प्राप्ति के प्रति हमारी अग्रसक्रियता ने हमें बाजार में भिन्न स्थान प्रदान किया है। परियोजनाओं को प्राप्त करने, निष्पादित करने और समय पर डिलीवरी करने का हमारा ट्रैक रिकार्ड सकारात्मक है, जिससे भविष्य में हमें उल्लेखनीय परियोजनाओं को अर्जित करने के लिए प्रतिष्ठा और साख प्राप्त हुई है। विवेकपूर्ण लागत मूल्यांकन के साथ हमारे तुलन पत्र का बल हमें बड़ी परियोजनाओं को बोली लगाने और अनुबंध प्राप्त करने में सहायता मिलती है। समय पर और गुणवत्ता परियोजना के पूरा होने के हमारे सिद्ध संकेत ने हमें एक मजबूत प्रतिष्ठा विकसित करने और प्रीमियम निविदाओं को प्राप्त करने के हमारे अवसरों को बढ़ाने में मदद की है।

इरकॉन द्वारा अपना सुदृढ़ उद्योग नेतृत्व अपने परिचालन इतिहास, उद्योग ज्ञान, अनुभव एवं सिविल तथा अन्य अवसंरचना निर्माण परियोजनाओं की समझ से प्राप्त किया गया है।

वर्षों से निष्पादित अपने परिचालनों से हमने अच्छी तरह से परीक्षण किए गए सिस्टम और नियंत्रणों को स्थापित किया है जिसमें मजबूत अनुबंध प्रबंधनय कुशल परियोजना प्रबंधनय डिजाइन नवोपाय और उन्नत प्रौद्योगिकी शामिल है। ये सिस्टम हमारी कंपनी के लिए अद्वितीय विक्रय बिंदुओं के रूप में कार्य कर रहे है। हम मानते हैं कि ऑर्डर बुक परियोजनाओं के सफल निष्पादन के फलस्वरूप बढ़ी है, और इसने हमें सफलतापूर्वक नए अनुबंधों की बोली लगाने और प्राप्त की क्षमता दी है। हमारे ऑर्डर बुक में वृद्धि, परिवहन, इंजीनियरिंग और भवन निर्माण में हमारी विविध व्यावसायिक गतिविधियों के साथ–साथ एक विशेष उद्योग से जुड़े जोखिमों को परिभाषित करती है, साथ ही साथ विविध व्यावसायिक क्षेत्रों में परिचालन की सहक्रियाओं से लाभ उठाने में हमारी मदद करती है। इसके अतिरिक्त, समय–सीमा की माँगों के भीतर परियोजनाओं को वितरित करने की हमारी क्षमता ने हमें लागतों को कम करने में सक्षम बनाया है।

निस्संदेह, प्रत्येक निर्माण फर्म का सामना ठेकेदारी, प्रशासनिक और वित्तीय चुनौतियों से होता है, जो कभी–कभी किसी परियोजना को पूरा करने की प्रतिबद्धता के महत्व को कम कर देती हैं, लेकिन हमारे 44साल के विशिष्ट कैरियर में परियोजनाओं को पूरा करने का रिकॉर्ड 100 प्रतिशत है।

हमारे ग्राहकों की बढ़ती पूर्व योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने के हमारे सफल प्रयासों के साथ हमारी मजबूत वित्तीय स्थिति ने हमारे लक्षित बाजार में हमारी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया है। इसने हमें अपनी ऑर्डर बुक की को विकास के अनुरूप बनाए रखने में सफलता मिली है।

आगे बढ़ने के साथ साथ हमारा प्रमुख ध्यान अपने सभी ग्राहकों के लिए सबसे पसंदीदा अवसंरचना कंपनी के रूप में बने रहना है। हम एक निर्धारित समय सीमा में सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए विश्व स्तरीय परियोजनाओं को वितरित करने का प्रयास करते हैं। हम मानते हैं कि हमारी वित्तीय ताकत और परिचालन क्षमता ने हमें बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अग्रणी बनाया है।

वित्तीय वर्ष 2020 में रिकार्ड किया गया प्रचालन राजस्व

₹5,202

जारी प्रोजेक्ट

40

हमारे ऑर्डर बुक में वृद्धि, परिवहन, इंजीनियरिंग और भवन निर्माण में हमारी विविध व्यावसायिक गतिविधियों के साथ–साथ एक विशेष उद्योग से जुड़े जोखिमों को परिभाषित करती है, साथ ही साथ विविध व्यावसायिक क्षेत्रों में परिचालन की सहक्रियाओं से लाभ उठाने में हमारी मदद करती है।

हमारी अत्यंत मूल्यवान पूंजी का पोषणः

कार्यबल

हमारी आधारभूत प्राथमिकता हमारी टीम है, जो हमारी सफलता एवं हमारे वृहद ग्राहक आधार की आवश्यकताओं की पूर्ति की हमारी क्षमता है।

"इरकॉन में हमारे कर्मचारियों द्वारा संगठन की सफलता के लिए निभाई गई भूमिका की सराहना करते है। हमारा यह मानना है कि कोई कम्पनी तभी सुदृढ़ हो सकती है जब उसके लोग भी सुदृढ़ हों। तदनुसार हम कर्मचारियों के विकास एवं उनकी समृद्धि के मामले में कोई कमी नहीं छोड़ते हैं।



हमें प्रतिभावान कार्यदल के साथ एक ऐसा संगठन होने पर गर्व है, जो सार्वधिक दुर्गम क्षेत्रों में भी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में सक्षम है।

हम निरंतर उत्पादकता एवं सकारात्मक कार्य वातावरण से युक्त एक ऐसे कार्यस्थल के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिससे विविधता और मिलजुल कर काम करने का मुक्त भाव उत्पन्न हो सके तथा जिसके उपयोग से संगठनात्मक सफलता के पारस्परिक लक्ष्य साझा हो सके।

हमारे पास एक योग्य और प्रशिक्षित कार्यबल है जो बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को क्रियान्वित करता है। हमें कर्मचारियों की एक प्रतिभाशाली टीम से युक्त संगठनों में से एक होने पर गर्व है जो सबसे कठिन भौगोलिक इलाकों में भी समय पर परियोजनाएं निष्पादित कर सकते हैं। हमारे कर्मचारियों का विविध और उल्लेखनीय कौशल मेल हमें अपने ग्राहकों की जरूरतों और उन परियोजनाओं की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुकूल होने का लाभ प्रदान करता है। हम अपने लोगों को अपने सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में पहचानते हैं। हम आधुनिक निर्माण उपकरणों को संचालित करने, हमारी जटिल परियोजनाओं पर विभिन्न कार्यों को पूरा करने और हमारे ग्राहकों के लिए गुणवत्ता कू कार्यों की प्रस्तुति कठिन समय में भी करने के लिए सदैव उन पर भरोसा करते हैं।

संगठन के विकास को और आगे बढ़ाने के लिए निर्माण एवं अवसंरचना विकास में अर्हता एवं अनुभव प्राप्त विशेषज्ञ नेतृत्व टीम की आवश्यकता होती है। यह उनकी उत्कृष्ट बौद्धिक शक्ति और गुणवत्ता का उपकरण है जिसके उपयोग से हम वर्षों से अपनी व्यावसायिक रणनीतियों का कार्यान्वयन कर रहे हैं। हमारे प्रमुख प्रबंधन कार्मिक संगठन के साथ 9 वर्ष की औसत सम्बद्धता के साथ औसतन 27 वर्षों के व्यावसायिक अनुभव के धारक है। उनकी अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण से हमारा संगठन निर्बाध गति से विकास के पथ की ओर अग्रसर है।

एक ऐसी कंपनी के रूप में जो मुख्यतः अपनी मानव पूंजी के विकास पर केंद्रित है, हम नियमित रूप से नौकरी–रोजगार कौशल विकास कार्यक्रमों और प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कार्यबल को मजबूत करने में निरंतर निवेश करते हैं। हमारी नियमित कार्यशालाओं और सेमिनारों के अलावा, हमने व्यावसायिक डिग्री, डिप्लोमा पाठ्यक्रम और शैक्षिक पुरस्कार में प्रवेश के लिए विभिन्न योजनाओं जैसे शैक्षिक छात्रवृत्ति, एकमुश्त शैक्षिक अनुदान भी लॉन्च किया है

महिला कर्मचारियों के लिए सौहार्दपुर्ण कार्य वातावरण का निर्माण एवं अनुरक्षण करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

अब कई वर्षों से, हम अपनी महिला कर्मचारियों के लिए एक संरक्षित कार्यस्थल बनाने के महत्व को संज्ञान में ले रहे हैं। उन्हें सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसे सुनिश्चित करने के लिए, हमारे पास कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार एक आंतरिक शिकायत समिति है।

जैसे–जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हमारा लक्ष्य उनकी वृद्धि पर लगातार ध्यान केंद्रित करके हमारी मानव पूंजी को मजबूत करना है। हम अपने विस्तार को संतुलित करने के लिए अपेक्षाकृत कम कर्मचारी दर को बनाए रखने और कुशल कर्मचारियों का धारण करते रहने की आकांक्षा रखते हैं । हम इसकी प्राप्ति गुणवत्ता विकास कार्यक्रमों के आयोजन, सुरक्षित और स्वस्थ कामकाजी वातावरण के में निर्माण में निवेश करके करना चाहते हैं।

हमारी कार्य बल भाक्ति

1,369

महिला कर्मचारी

68

हमारी व्यावसायिक रणनीति विकास क्रियाओं को जारी रखना है :

भविष्य के प्रति संभावनाएं

हमारी दूरदर्शी व्यवसाय विकास रणनीतियां हमारे अनुरूपी सुदृढ़ निष्पादन का वाहक बल है।

> **वर्ष प्रति वर्ष हमारे लक्ष्य दूरदर्शी रणनीतियों के प्रति केन्द्रित रहे हैं जिनसे हमें अस्थिर आर्थिक वातावरण में भी उत्कृष्ट विकास करने में सहायता प्राप्त हुई है।**

हमने क्षेत्र और भौगोलिक कवरेज दोनों के संदर्भ में एक विविधता सम्पन्न कम्पनी बनने पर सक्रिय रूप से ध्यान केंद्रित किया है। हमने परिवहन इंजीनियरिंग, सिविल और औद्योगिक निर्माण और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय बाजार में अपनी स्थापित उपस्थिति के साथ, हम आगे देश के भीतर अनन्वेषित क्षेत्रों को कवर करना चाहते हैं। हमारा मानना है कि इससे एवं भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं से हमारे पोर्टफोलियो संवर्धित हो सकेगा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा।

परिवहन अवसंरचना उद्योग के नेतृत्व की हमारी दीर्घकालिक साख को हमने रेलवे परियोजनाओं में विशेषज्ञता से सिद्ध किया है जिससे हमारे व्यवसाय का एक बड़ा भाग सरकारी एजेंसियों द्वारा सीधे प्रदान की गई परियोजनाओं से संचालित है। सार्वजनिक क्षेत्र में हमारी प्रतिष्ठा को बनाए रखने और बेहतर लाभ मार्जिन का निर्माण करने के लिए, हम अपनी विशेषज्ञता और वित्तीय स्थिति दोनों के संदर्भ में बाजार में अपनी लाभप्रद स्थिति को भुनाने का इरादा रखते हैं। हमें विश्वास है कि भारत सरकार द्वारा जारी विभिन्न अवसंरचना विकास के कार्य हमारा भावी विकास करने में सहायक होंगे। हम मानते हैं कि हम अपनी मजबूत तकनीकी क्षमताओं और वित्तीय स्थिति के कारण इन तरीकों के तहत परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए अच्छी तरह से मुस्तैद हैं।

आगे बढ़ते हुए हम विकास के नए माध्यमों से उद्योग क्षेत्रों में विविधता लाने की अपनी रणनीति तैयार करने की योजना बना रहे हैं। हम इन परियोजनाओं द्वारा पेश किए गए स्वस्थ लाभ मार्जिन प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में परियोजनाओं के साथ अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा, जब हम रेलवे क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखते हैं, तो पोर्टफोलियो विविधीकरण के माध्यम से, हम विशेष क्षेत्रों या परियोजनाओं में जोखिम से बचाव करना चाहते हैं और विशेष रूप से उद्योग क्षेत्रों और सीमित भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापार एकाग्रता से उत्पन्न बाजार विविधताओं के प्रति कंपनी की रक्षा करते हैं। ध्वनि विशेषज्ञता और ठोस प्रदर्शन के साथ, हम अपने व्यवसाय में निरंतर वृद्धि को देखने की उम्मीद करते हैं, जो कि हमारे द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की संख्या में वृद्धि के साथ होगा।

हम उच्च परियोजनाओं के लिए सक्रिय रूप से बिडिंग करके और संचालन के नए तरीकों की खोज करके सेवाओं के अपने दायरे को व्यापक बनाना चाहते हैं।

हमें विश्वास है कि हमारी विश्वसनीय व्यापार रणनीतियों के साथ तुलन पत्र सुदृढ़ होकर भविष्य में हमें विशिष्ट प्रकार के व्यापार के अवसर प्रदान करता रहेगा।

> हमारा ऐसा मानना है कि हम अपनी सुदृढ़ प्रौद्योगिकी क्षमताओं एवं स्वस्थ वित्तीय स्थिति के बल पर संयुक्त उद्यम एवं एसपीवी के माध्यम से परियोजनाओं का निष्पादन करने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं।



हमारा प्रयास अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की परियोजनाओं से अपने पोर्टफोलियो को संवर्धित करके ऐसी परियोजनाओं से अच्छा लाभ अर्जित करने का है।

इरकॉन की सुदृढ़ ईएसजी संस्कृति :

उत्तरदायित्व

हमने अपना समग्र विकास एक उद्देश्यपरक संस्कृति में किया है जो ईएसजी प्रयासों का संचलन करने की हमारी धारणाओं के साथ संरेखित है।

प्रारंभ से ही हम समाज के प्रति अपने कर्त्तव्यों के लिए उत्तरदायी कम्पनी के रूप में जाने जाते हैं तथा हमने सदैव सामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा उच्चतर बैंचमार्क स्थापित किए हैं। हम अपने व्यवसाय में समुदायों के प्रति अपनी चुनौतिपूर्ण भूमिका के निर्वाह के संबंध में पूर्णतः सक्षम हैं।



इरकॉन में, हमारे पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) की रूपरेखा को हमारे व्यापारिक परिचालनों के साथ एकीकृत किया गया है। हमारे ईएसजी प्रयासों को हमारी नीतियों और सिद्धांतों में परिलक्षित किया जाता है जो हमारे संगठन को संचालन की विधि बताते हैं। हमारा ईएसजी प्रबंधन एक विचारशील संरचना है जिसमें पारदर्शी शासन प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण कारक; हमारे कर्मचारियों में निवेश और एक विविध कार्यस्थल का पोषण; हमारे ग्राहकों को उच्च मूल्य की परियोजनाएं प्रदान करना; और उन समुदायों को सशक्त बनाना जिनमें हम काम करते हैं, शामिल हैं।

हम एक स्थापित कॉर्पोरेट शासन संरचना के साथ एक 'मिनी–रत्न–श्रेणी –1' संगठन हैं। हम अपने सभी हितधारकों के साथ मूल्यवान संबंधों को बनाए रखने के लिए उच्चतर प्रतिबद्धता के महत्व को समझते हैं। इसके लिए, हम पारदर्शिता, टीम वर्क, विश्वास और सत्यनिष्ठा, निष्पादन अभिमुखता, जवाबदेही, सामाजिक जवाबदेही और नैतिक व्यापार प्रथाओं के व्यवहार में सर्वोत्तम मानकों का अनुसरण सुनिश्चित करते हैं जिससे हमारे आंतरिक और बाहरी स्टेकधारकों के मध्य विश्वास निर्मित्त हो सके। अब कई वर्षों के लिए, हमारा कॉर्पोरेट प्रशासन ढांचा हमारे व्यवसाय का एक मूलभूत अंग है। यह हमारे दृढ़ विश्वास से उत्पन्न होता है कि हमारी कंपनी के लिए स्थायी मूल्य के निर्माण के उद्देश्य से सुदृढ़ शासन अत्यावश्यक है।

हमारी व्यावसायिक रणनीति का उद्देश्य निरंतर विकास करना है, जो संवहनीय होने के साथ ही उत्तरदायी भी हो। जिम्मेदार व्यवसाय के लिए अपनी प्रतिबद्धता के भाव में, हम एक मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन नीति और आचार संहिता को अपनाकर नैतिक व्यापार संचालन और सर्वोत्तम प्रथाओं के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं। ये नीतियां पारदर्शिता, जवाबदेही, अनुपालन, प्रकटीकरण, नैतिक आचरण, और सभी स्टेकधारकों के हितों को प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी के मूल सिद्धांतों द्वारा संचालित प्रणालियों की अनुशंसा करती हैं। इसके अतिरिक्त, हमारा उद्देश्य एक उत्पादक कार्यस्थल का निर्माण करना भी है जहाँ हमारे कर्मचारी काम कर सकें और उन्नति कर सकें। इसलिए, हम विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उनके कौशल विकास में निरंतर निवेश करते हैं। हमारी मानव संसाधन टीम उत्पादकता में बेहतर बेंचमार्क बनाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाती है और नवोपाय करती है। इसके अतिरिक्त, टीम अपने कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण कल्याणकारी और सहभागिता योजनाएँ विकसित करती है, जिसका उद्देश्य उन्हें प्रेरित रखना है।

हम उन समुदायों पर लगातार सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं जिनमें हम काम करते हैं। हमने भूख, गरीबी, शिक्षा, आर्थिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में ध्यानमग्न प्रयास किए है। अपने प्रयासों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए, हम हमारे साथ सामाजिक लाभ का एक पारस्परिक लक्ष्य साझा करने वाले अनेक गैर–लाभकारी संगठनों के साथ कार्य करते हैं । इसके अलावा, हमारे पास एक मजबूत और विश्वसनीय सीएसआर और संवहनीयता समिति है जो विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से समुदायों के साथ नियमित रूप से सम्पर्क करते हुए सक्रिय रूप से आवश्यक प्रक्रियाएं करती है।

44 वर्षों के हमारे व्यावसायिक इतिहास में, हमने महत्वपूर्ण भूमिका को संज्ञान में ले लिया है कि हमारी जैसी कंपनी सामाजिक विकास लाने के लिए कौन सी भूमिका निभा सकती है। हम पारदर्शी शासन के महत्व को भी समझते हैं जो हमारे स्टेकधारकों में विश्वास कायम करता है। आगे बढ़ते हुए, हमारा लक्ष्य है कि हम प्रभावी प्रशासन को बनाए रखने के लिए वैश्विक मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना जारी रखें जो टिकाऊ और जिम्मेदार विकास दोनों को बढ़ाते हैं।

हम विभिन्न कल्याणकारी पहलों के माध्यम से अपने समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने का निरंतर प्रयास करते हैं, जो कि सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए सोच–समझकर तैयार किए गए हैं।

एक उत्तरदायी व्यवसाय संगठन के रूप में हम अपने स्टेकधारकों में विश्वास का भाव निर्मित करने के लिए अपने व्यावसायिक परिचालनों में उच्चतर नीतिपरक मानकों एवं उत्तम वैश्विक व्यवहारों का अनुपालन कर रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2020 के लिए सीएसआर पर हमारा व्यय

₹10.04 करोड़

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

कोविड–19 महामारी के अत्यधिक प्रकोप से विश्व की अर्थव्यवस्था पर घातक प्रभाव होने की संभावना व्यक्त की गई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक (अप्रैल 2020) के अनुसार इस महामारी के परिणामस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था 3 प्रतिशत तक सिकुड़ने की संभावना व्यक्त की गई है जो कि 2008–09 के वित्तीय संकट से भी अत्यंत खराब है। आईएचएस मार्किट द्वारा प्रकाशित जेपी मोर्गन ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पर्चेचिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के अनुसार मई 2020 में यह 42.4 से सुधर कर जून 2020 में 47.8 हो गया है जबकि ग्लोबल सर्विज पीएमआई मई, 2020 में 35.1 से बढ़कर जून 2020 में 48.0 हो गई है। इस सुधार को व्यावसायिक सकारात्मकता के साथ साथ अनेक देशों में कोविड–19 के प्रतिबंधों के प्रति प्रदान की गई छूट से भी संबद्ध किया जा सकता है।

वैश्विक स्तर पर जून 2020 में ब्याज दरें लगभग शून्य के स्तर पर पहुंच गई थी तथा कुछ देशों में नकारात्मक दरें थी। विश्व के सेन्ट्रल बैंकों द्वारा त्वरित कार्रवाई करके प्रमुख नीतिगत दरों को कम कर दिया था जिससे अर्थव्यवस्था मे सुधार आया। विश्व की अर्थव्यवस्था में दो अत्यधिक व्यापार वाली कमोडिटिज कच्चे तेल एवं सोने में हुए महत्वपूर्ण मूल्य संचलन से भी प्रभाव पड़ा है। कच्चे तेल के मूल्य 18 वर्ष के निचले स्तर पर गिरकर अमेरिकी डालर 23 प्रति बैरल तक पहुंच गए थे। इसी प्रकार सोने के मूल्य आकाश की ऊंचाइयों को छूते हुए 2,000 अमेरिकी डालर प्रति औंस तक पहुंच गए थे।

भारतीय अर्थव्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2020 की शुरुआत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस ने आम चुनावों में जीत दर्ज करके की, जो केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों में निरंतरता के संकेत हैं। तथापि, भारतीय अर्थव्यवस्था में गैर–बैंकिंग वित्तीय क्षेत्रों में गिरावट, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच वैश्विक व्यापार युद्ध और घरेलू मांग में तुलनात्मक तेज गिरावट के कारण निरंतर देखी गई।

वित्त वर्ष 2020 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.2 प्रतिशत की हल्की वृद्धि हुई, जो प्रमुख रूप से घरेलू खपत की मांग में आई गिरावट और कोविड–19 के प्रकोप के कारण हुई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 0.7 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, जबकि उपभोक्ता टिकाऊ और उपभोक्ता गैर–टिकाऊ वस्तुओं के खंड में वित्त वर्ष 2020 में 5.5 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक के सुविधा जोन में मुद्रास्फीति बनी रही। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति क्रमश प्रतिशत 4.78 प्रतिशत और 3.24 प्रतिशत थी।

मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा रिजर्व

US$470 मिलियन

> **अवसंरचना सेक्टर में भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बनने की अपार संभावनाएं हैं तथा यह देश के समग्र विकास में अत्यधिक उपयोग है।**

रेंज–बद्ध मुद्रास्फीति में सदैव दर कटौती की गुंजाइश होती है। वित्तीय वर्ष 2020 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने 185 बीपीएस की कुल रेपो दर में कटौती करके अपनी मौद्रिक नीति में ढील दी। इसके अतिरिक्त, यह मुद्रास्फीति को कम करने और मार्च 2020 में रेपो दर को 75 बीपीएस घटाकर समायोजित करने के लिए बाध्य है। 30 जून, 2020 तक रेपो दर 4.0 प्रतिशत पर ही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी की स्थिति को बढ़ाने के लिए उपायों की एक श्रृंखला शुरू की है, जैसे कि 100 बीपीएस की सीआरआर कटौती, परिणामस्वरूप 3 प्रतिशत सीआरआर दर टीएलटीआरओ (लक्षित दीर्घकालिक प्रत्यावर्तन रेपो परिचालन) के माध्यम से सिस्टम में नकदी की स्थिति इंजेक्ट करती है।

मई, 2020 में, भारत ने आत्मानिभर भारत योजना के तहत 20.97 लाख करोड़ रूपए (अमेरिकी डालर 26.6 बिलियन) के बड़े आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज का अनावरण किया। पूरे पैकेज को छह खंडों में वर्गीकृत किया गया है और इससे अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की आशाएं है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2020 तक 470 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020 के लिए अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 3.3 प्रतिशत से संशोधित कर 3.8 प्रतिशत कर दिया और वित्त वर्ष 2021 के लिए यह 3.5 प्रतिशत पर आ गया।

वित्तीय वर्ष 2020 में, कोविड–19 का अर्थव्यवस्था पर अवांछित प्रभाव पड़ा। नकारात्मकता और अराजकता के बीच, भारत में कच्चे तेल की कीमतों में कमी, जीएसटी संग्रह, एक अनुकूल जनसांख्यिकीय लाभांश, टिकाऊ आर्थिक नीतियों के साथ–साथ अन्य में आशा की किरण देखी गई है।

उद्योग परिदृश्य

अवसंरचना क्षेत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण विकास इंजन बनने की संभावनाएं है। यह उद्योग भारत के समग्र विकास में सहायक है और नीतियों को लागू करने के लिए एक मजबूत नीतिगत प्रभाव डाल रहा है जो देश की विश्व स्तरीय अवसंरचना का निर्माण समय पर करना सुनिश्चित करेगा। इस क्षेत्र में बिजली, पुल, बांध, सड़क, रेलवे, सुरंग और शहरी अवसंरचना विकास शामिल हैं। अवसंरचना विकास के

क्षेत्र में 2025 तक यूएस डालर 5 ट्रिलियन (लगभग 373.38 लाख करोड़ रुपए) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने की संभावनाएं है जो इसकी लक्ष्य प्राप्ति की आशा का एक महत्वपूर्ण कारक है। नए अवसंरचना का निर्माण करना और मौजूदा संरचनाओं को उन्नत करना भारत की प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। मेक इन इंडिया 'कार्यक्रम की सफलता में इसने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, अवसंरचना क्षेत्र श्रम–गहनता का क्षेत्र है और अर्थव्यवस्था में रोजगार और आय सृजन में सुधार करने में मदद करता है, जो घरेलू मांग को और अधिक प्रबल करता है।

वैश्विक महामारी कोविड–19 ने अवसंरचना क्षेत्र को प्रभावित किया है। इस उद्योग को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे श्रम प्रवास, नकदी की कमी, के साथ साथ लॉजिस्टिक चुनौतियां इत्यादि। परिचालन परिसंपत्तियों और निर्माणाधीन परिसंपत्तियों दोनों के लिए मानव पूंजी की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भुगतान या ऋण पुनर्गठन पर किसी भी चूक को रोकने के लिए रोकड़ द्रव्यता आवश्यक है। कच्चे माल की आपूर्ति भी चुनौतीपूर्ण है, यह देखते हुए कि कुछ निश्चित बाधाएं हैं। अवसंरचना क्षेत्र को परिचालन शुरू करने के लिए आगे बढ़ाया गया है, लेकिन उद्योग को अन्य सभी चुनौतियों से पार पाने की जरूरत है।

भारत सरकार ने अवसंरचना क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए पहल की है। भारतमाला परियोजना, रेलवे पटरियों के विद्युतीकरण, समर्पित फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी), मेट्रो और हाई–स्पीड ट्रेनों पर ध्यान केंद्रित करने, सागरमाला परियोजना, सड़कों और राजमार्गों के निर्माण, जैसे अन्य उल्लेखनीय विकास शुरू किए गए हैं। केंद्रीय बजट 2020–21 में कुछ घोषणाएँ की गई थीं :

1. भारत ने अगले पांच वर्षों में अवसंरचना पर अमेरिकी डालर 1.4 ट्रिलियन (लगभग 104.55 लाख करोड़ के समतुल्य) के व्यय करने की योजना बनाई है।
2. सरकार द्वारा परिवहन अवसंरचना के लिए 1,69,637 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।
3. भारतीय रेल को 72,216 करोड़ रुपए का निर्धारण प्राप्त हुआ है।

राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) द्वारा वित्त वर्ष 2020–25 के दौरान 111 ट्रिलियन रुपए के अवसंरचना विकास का आउटलेट संभावित किया गया है। एनआईपी ग्रीन फाइनेंस को बढ़ावा देने, बॉन्ड और क्रेडिट मार्केट को पुनर्जीवित करने, भूमि बेचने और गैर–परिचालन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) परिसंपत्तियों के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र में सुधार करना चाहता है। इसके अतिरिक्त, एनआईपी अन्य उपायों जैसे टोल ऑपरेट ट्रांसफर (टीओटी) विमुद्रीकरण, इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनवीआईटी) और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रिट्स), नगर निगम के बॉन्ड बाजारों के विस्तार और इन्फ्रा लोन एसेट्स के सिक्योरिटाइजेशन जैसे अन्य उपायों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस में बैंकों का दबदबा है, लेकिन पेंशन और इंश्योरेंस फंड से सेक्टर को फंड के आवंटन की आवश्यकता है। एशियाई विकास बैंक से अमेरिकी डालर 100 मिलियन (लगभग 747.43 करोड़ रुपए समतुल्य) निवेश की उम्मीद है

> **नई अवसंरचनाओं के निर्माण और विद्यमान संरचनाओं के उन्नयन से भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बल प्रदान करने एवं 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भरता' प्रयास से इसकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने की प्रमुख कियाओं की संभावना है।**

भारत के राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) में एशिया विकास बैंक का निवेश दीर्घकालिक विकास वित्तपोषण की उपलब्धता बढ़ाने में मदद करेगा।

रेलवे सेक्टर

भारतीय रेलवे 1,23,236 किलोमीटर तक फैले नेटवर्क के साथ दुनिया की सबसे बड़ी रेल प्रणाली में से एक है, जिसमें 13,452 यात्री गाडियां और 7,349 स्टेशनों से सेवाएं प्रदान करने वाली 9,141 मालवाहक गाडियां हैं, जो 23 मिलियन यात्रियों और 3 मिलियन टन प्रति दिन माल ढुलाई करती हैं। ये कनेक्टिविटी, गतिशीलता, और वाणिज्यिक गतिविधियों के माध्यम से देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रेल बाजार का आकार सीधे रेल मंत्रालय के बजट से निर्धारित होता है। यह दो श्रेणियों के अंतर्गत आता है – नई लाइनें, डबलिंग, गेज रूपांतरण, ट्रैक नवीकरण, सिग्नलिंग सुधार, रेलवे विद्युतीकरण और अन्य सहित नया रोलिंग स्टॉक खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय।

भारतीय रेल का नेटवर्क

1,23,236 किलोमीटर

[1]https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/adb-to-invest-100-million-in-niif-fund-of-funds/articleshow/74883240.cms

भारतीय रेलवे ने अपना ध्यान बाधाओं को दूर करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं पर केंद्रित किया है। कुछ उपायों के अंतर्गत पुलों का पुनर्निर्माण, पुलों का निर्माण / सुदृढ़ीकरण, फुटओवर पुलों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण, यार्ड पुनः मॉडलिंग, डबलिंग की कमीशनिंग और विद्युतीकरण आदि कार्य किए जा रहे है। जून 2020 तक, वाराणसी मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे में विद्युतीकरण के साथ डबलिंग की दो परियोजनाएँ 13 जून को पूरी हुई हैं। इनमें से एक परियोजना कछवा रोड से माधोसिंह खंड और दूसरी मंडुआडीह से प्रयागराज खंड तक 16 किमी है। इसके परिणामस्वरूप पूर्व – पश्चिम मार्गों पर भीड़भाड़ कम हुई है और माल ढुलाई की सुविधा शुरू हो गई।

केंद्र सरकार अपने नेटवर्क का विस्तार करने और पूंजीगत व्यय में निवेश करने के लिए रेलवे को सहायता प्रदान करती है। 2019–20 में, केंद्र सरकार का सकल बजटीय समर्थन 66,105 करोड़ रूपए था। यह 2018–19 (53,060 करोड़ रूपए) के संशोधित अनुमानों से 25 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय बजट 2020–21 के अनुसार, रेल मंत्रालय को 72,216 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं। रेलवे के खर्च में पिछले कुछ वर्षों में तेज उछाल आया है। पिछले कुछ वर्षों में खर्च में लगातार वृद्धि हुई है, 2020–21 के लिए भारतीय रेलवे का पूंजी व्यय एक सर्वकालिक उच्च स्तर पर 1,61,042 करोड़ रूपए आंका गया है।

भारतीय रेलवे की अत्यधिक विशाल अवसंरचना से इस क्षेत्र में निवेश बढ़ रहा है।

वर्ष 2019–20 के लिए
सरकार से सकल बजट सहायता

₹66,105 करोड़ रूपए

बजट में भारतीय रेल के लिए पूंजी निवेश (रूपए करोड़ में)

बजट 2020–21 में रेलवे से संबंधित की गई प्रमुख घोषणाएं एवं प्रस्ताव

» चालू बजट में रेल सुधारों से संवर्धित ग्राहक सेवा एवं तीव्रता व समय पर मालभाड़ा, उच्च गति के रेल कॉरीडोर, मल्टी – रोड परिवहन नेटवर्क, विक्रेता पंजीकरण सिस्टम सहित अनेक समस्याओं का निवारण किया गया है।

» रेल ट्रैक के साथ साथ रेलवे के स्वामित्व वाली भूमि पर विशाल सौर ऊर्जा क्षमता की स्थापना

» चार स्टेशनों के पुनर्विकास की परियोजनाएं तथा 150 यात्री रेलगाड़ियों के परिचालन सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से किया जाना। निजी प्रतिभागिता की प्रक्रिया की जा रही है।

» मुम्बई से अहमदाबाद के बीच उच्च गति की ट्रेन के कार्य सक्रिय रूप से आगे बढ़ाना।

रेल अवसंरचना एवं विकास के लिए सरकार के प्रयास

बेहतर एवं प्रदूषण मुक्त भविष्य के लिए रेलवे का निरंतर विद्युतिकरण किया जा रहा है। कुल 5,782 मार्ग किलोमीटर का रेलवे विद्युतिकरण कार्य पूरा हो चुका है जिसमें से 4,378 मार्ग किलोमीटर वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान इलैक्ट्रिक ट्रैक्शन पर प्रारंभ कर दिया गया है। नई लाइनें, डबलिंग एवं गेज परिवर्तन की कमीशनिंग से वर्ष 2019–20 में 2,226 किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है जोकि वित्तीय वर्ष 2009–14 के दौरान की गई वार्षिक कमीशनिंग की औसत (1,520 किलोमीटर/वर्ष) से लगभग 50 प्रतिशत से भी अधिक है। सभी उपायों तथा नीतिगत कार्रवाईयों का निर्वाह भारतीय रेल को अर्थव्यवस्था का "विकास इंजन" बनाने के लिए किया गया है।

सड़क सेक्टर

भारत में विश्व का दूसरा सबसे विशाल सड़क नेटवर्क है जिसका विस्तार 5.89 मिलियन किलोमीटर में है। इस सड़क नेटवर्क से देश के 64.5 प्रतिशत माल का परिवहन किया जाता है, और भारत का कुल 80 प्रतिशत यात्री यातायात सड़क नेटवर्क का उपयोग करता है। देश के शहरों, कस्बों और गांवों के बीच बेहतर संपर्क के साथ, सड़क परिवहन धीरे–धीरे बढ़ा है।

सरकार का उद्देश्य क्षेत्र में कॉर्पोरेट निवेश को बेहतर बनाने के साथ ही उत्पादकता को सफल परियोजना निष्पादन के साथ जोड़ने के लिए व्यवसाय के अनुकूल नीतियां लागू करना है । सड़कों के लिए बजटीय आवंटन में 83,016 करोड़ रूपए से 11 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2020–21 में 91,823 करोड़ रूपए हो गया है।

सड़कों के लिए बजट परिव्यय (रुपए करोड़ में)



वित्तीय वर्ष 2020 में भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण

10,237 किलोमीटर

सरकार ने सड़क क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) की अनुमति दी है। कई विदेशी कंपनियों ने सेक्टर के विकास का लाभ उठाने के लिए भारतीय कम्पनियों के साथ साझेदारी की है। सरकार का उद्देश्य विभिन्न योजनाओं जैसे भारतमाला योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना, और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से सड़क क्षेत्र में सार्वजनिक–निजी निवेश को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कई सामाजिक–आर्थिक लाभ हैं। केंद्रीय बजट 2020–21 में, सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19,500 करोड़ रूपए आवंटित किए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कें ग्रीन टेक्नोलॉजी, अपशिष्ट प्लास्टिक और कोल्ड मिक्स तकनीक का उपयोग करके बनाई जानी थीं, जिससे कार्बन फुटप्रिंट कम हो। योजना के तहत अब तक कुल 6,25,973 किलोमीटर सड़क की लंबाई का निर्माण किया गया है। भारत का राजमार्ग निर्माण वर्षों से मजबूत गति से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2019 में 10,885 किलोमीटर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान 10,237 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण पूरा किया गया था। प्रति दिन निर्मित सड़क की औसत लंबाई वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान 28 किमी थी।

रेल परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए सरकार के प्रयास

राजमार्ग निर्माण (किलोमीटर)





[3] https://www.hindustantimes.com/india-news/railways-says-key-projects-doubled-since-2009-14-lists-28-imp-works-finished-in-2029-20/story-Ezq7XKd8cOvr8b6ZgMETZK.html

[4] IBEF
[5] Ministry of Road Transport & Highways
[6] Ministry of Road Transport & Highways

आउटलुक

विकास की प्रक्रिया में अवसंरचना सेक्टर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा भी अवसंरचना सेक्टर के प्रति अपनी रूचि व्यक्त की गई है। एनआईपी के अनुसार अवसंरचना विजन 2025 में ''प्रत्याशाओं की पूर्ति, विकास में तीव्रता एवं जीवन शैली को सुगम बनाने'' की ओर ध्यान दिया गया है। एनआईपी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020–2025 के दौरान सड़क के लिए कुल 19.6 लाख करोड़ रूपए के निवेश की आवश्यकता आंकी गई है। इरकॉन इस अवसर को प्राप्त करने तथा इस सेक्टर का नेतृत्व करने के लिए तत्पर है। इसी प्रकार, रेलवे सेक्टर के लिए कुल अनुमानित निवेश 13.7लाख करोड़ रूपए आंका गया है। विजन 2025 में विद्यमान रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतिकरण करने तथा उच्च घनत्व वाले कारीडोरों के खंड में डबलिंग / ट्रिपलिंग के कार्य शामिल किए गए हैं।

कंपनी का विहंगावलोकन

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन/कंपनी) एकीकृत इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है जिसकी विशेषज्ञता प्रमुख अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में है और इन क्षेत्रों में रेलवे, राजमार्ग, पुल, फ्लाइओवर, सुरंग, विमान अनुरक्षण हैंगर, रनवे, ईएचवी उपस्टेशन, विद्युत एवं यांत्रिक कार्य, वाणिज्यिक और अवसंरचनात्मक गतिविधियां शामिल हैं। इरकॉन विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के लिए नियत टर्नकी आधार पर तथा मद दर आधार पर ईपीसी सेवाएं प्रदान करता है। इरकॉन भावी अर्जनों को बनाए रखने के लिए कंपनी की वित्तीय शक्ति का प्रयोग करते हुए निर्माण, प्रचालन और अंतरण (बीओटी) आधार पर भी परियोजनाओं का निष्पादन करता है।

आपकी कंपनी की टर्नकी आधार पर और अन्यथा रेलवे परियोजनाओं के निष्पादन में विशेषज्ञता के साथ देश में सार्वजनिक क्षेत्रक निर्माण कम्पनियों में परिवहन के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में एक निरंतर लंबी प्रतिष्ठा विद्यमान है। इरकॉन अपने कार्यनिष्पादन की दृष्टि से अपनी गुणवत्ता, प्रतिबद्धता और निरंतरता के लिए जानी जाती है।

आपकी कंपनी ने पिछले 44 वर्षों से देश और विदेश, दोनों में महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं का निष्पादन किया है। इसने क्षेत्र तथा भौगोलिक कवरेज दोनों ही दृष्टिकोणों से विविध अवसंरचनात्मक प्रचालक बनने के लिए सक्रीय रूप से कार्य किया है। वर्ष 1976 में रेलवे निर्माण कम्पनी के रूप में व्यवसाय शुरू करने के पश्चात वर्ष 1985 से इसने उत्तरोतर निर्माण गतिविधियों तथा अवसंरचनात्मक सेवाओं के सम्पूर्ण आयाम में विविधता प्राप्त की है। इसके बावजूद भी इसका मुख्य केन्द्र तथा शक्ति अभी भी रेल क्षेत्र से संबंधित है।

इरकॉन सार्वजनिक क्षेत्र की उन कुछेक निर्माण कंपनियों में से एक है जिसने देश के लिए व्यापक स्तर पर विदेशी विनिमय अर्जित किया है और प्रत्येक वर्ष निरंतर लाभांश का भुगतान किया है।

इन वर्षों में कंपनी ने अल्जीरिया, अफगानिस्तान बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, इंडोनेशिया ईरान, इराक, लीबिया, मलेशिया, मोजांबीक, म्यामार, नेपाल, नाइजीरिया, साउदी अरब, श्रीलंका, तुर्की, यूके और जांबिया जैसे देशों सहित अन्य भौगोलिक क्षेत्रों तक अपने प्रचालन का विस्तार किया है। कंपनी ने विश्वभर में अब तक 25 से अधिक देशों में 128 से अधिक परियोजनाओं को पूरा किया है तथा भारत में 390 परियोजनाएं पूरी की हैं। भारत में विशेष रूप से यह दुर्गम और अशांत क्षेत्रों में भी परियोनजाओं को निष्पादित कर रही है और राष्ट्र निर्माण की परियोजनाओं में सक्रीय रूप से भाग ले रही है। हालांकि कम्पनी पहले ही भारत के अनेक राज्यों में परियोजनाएं निष्पादित कर चुकी है, यह अपने व्यवसाय विकास मॉडल के भाग के रूप में भारतवर्ष में अपने घरेलू प्रचालनों का विस्तार करना चाहती है।

हमारी प्रमुख शक्तियां

[7] http://omms.nic.in/
[8] Ministry of Road Transport & Highways
[9] Ministry of Road Transport & Highways
[10] NIP
[11] NIP

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण





गुणवत्ता मानक

इरकॉन गुणवत्ता, पर्यावरण एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था के लिए आईएसओ प्रमाणित अनुसूची 'क' एवं मिनी रत्न – श्रेणी 1 में सार्वजनिक क्षेत्र की सूचीबद्ध कम्पनी है। वित्तीय वर्ष 2020 में कम्पनी द्वारा आईएसओ 9001–2015 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन सिस्टम का कार्यान्वयन कर लिया गया है। इसने आईएसओ 14001:2015 के अनुसार भी पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को भी क्रियान्वित किया है। इसके अलावा, केयर ने इरकॉन को दीर्घकालिक बैंक सुविधा के लिए 'केयर AAA; स्थिर/केयर A1+' की पुष्टि प्रदान की है।

वैधानिक स्थिति तथा स्वायत्ता

इरकॉन, सरकार से एक पृथक वैधानिक निकाय है, जिसे वैधिक, कार्यात्मक तथा वित्तीय स्वायत्ता प्राप्त है और एक स्वतंत्र वाणिज्यिक उद्यम के रूप में निगमित कानूनों के अंतर्गत प्रचालन कर रही है, सरकार से किसी प्रकार की बजटीय या वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं करती है और न ही यह सरकार पर आश्रित एजेंसी है। बहरहाल, रेल मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रम विभाग के माध्यम से भारत सरकार सभी सरकारी कंपनियों के संबंध में संसद के प्रति जवाबदेही के भाग के रूप में प्रत्येक वर्ष प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्यों के संबंध में समझौता ज्ञापन (एमओयू) की प्रणाली के माध्यम से इसकी मानीटरिंग करती है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी के रूप में कंपनी की कार्यप्रणाली को विनियमित करने तथा कुछ समरूपता लाने के लिए सरकार दिशा–निर्देश जारी कर सकती है और जारी करती भी है। बहरहाल, सरकार के किसी भी विभाग को इस कंपनी के ऊपर किसी प्रकार का पर्यवेक्षण का अधिकार या प्रभाव या नियंत्रण का प्रयोग करने की क्षमता नहीं है तथा यह कंपनी अधिनियम के अंतर्गत इसके निदेशक मंडल के अधीक्षण, नियंत्रण तथा निदेशों के अंतर्गत प्रबंधित तथा प्रचालित की जाती है।

वर्ष 2019 के दौरान, सरकार ने 31 मार्च 2019 को आरंभिक पब्लिक ऑफर और पब्लिक शेयरधारिता द्वारा प्रदत्त शेयर पूंजी के 10.53 प्रतिशत का विनिवेश किया है जो अब 10.82 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, इरकॉन को सूचीबद्ध कंपनियों के लिए प्रतिभूति संविदा विनियम नियम, 1957 के अंतर्गत निरंतर सूचीबद्धता अपेक्षा के रूप में निर्धारित न्यूनतम जन शेयरधारण (एमपीएस) मापदंडों के भाग के रूप में दिनांक 02 अगस्त 2020 तक कम से कम 25 प्रतिशत की जन शेयरधारिता को बढाना होगा, जो भारत सरकार द्वारा जनसाधारण को अपनी 14.18 प्रतिशत की धारिता को बेच कर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्रालय के निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ) के माध्यम से इरकॉन के इक्विटी शेयरों के विनिवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि, दिनांक 14 मई, 2020 को सेबी के परिपत्र की विचाराधीन व्यापार और बाजार की स्थितियों के मद्देनजर सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए छूट दी गई है, जिनके लिए एमपीएस आवश्यकताओं का अनुपालन करने की समयसीमा दिनांक 1 मार्च, 2020 से 31 अगस्त, 2020 तक की अवधि के बीच है, और सलाह दी गई है दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 के परिपत्र के अनुसार स्टॉक एक्सचेंज किसी भी दंडात्मक कार्रवाई को न करें।

इरकॉन द्वारा पिछले 44 वर्षों के दौरान विश्व में अनेक लैंडमार्क परियोजनाओं का निर्माण किया गया है। कम्पनी सेक्टर एवं भौगोलिक कवरेज के संदर्भ में विविधता युक्त अवसंरचना कम्पनी बनने के प्रति सक्रिय रूप से ध्यान केन्द्रित कर रही है।

वित्तीय वर्ष 2020 में इरकॉन का परिचालन टर्नओवर

₹5,202 करोड़ रूपए

यूएसए के इंजीनियरिंग न्यूज रिकॉर्ड (ईएनआर) के 2020 संस्करण के अनुसार, शीर्ष 250 अंतर्राष्ट्रीय ठेकेदारों की सूची में जगह बनाने वाला इरकॉन एकमात्र भारतीय सार्वजनिक क्षेत्रक कंपनी है।

अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, आधारभूत अवसंरचना के विकास के लिए बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों में अवसर मौजूद हैं।

वित्तीय निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान कम्पनी की कुल आय पिछले वित्तीय वर्ष में 4,680 करोड़ रूपए की तुलना में 5,442 करोड़ रूपए है जो कि इरकॉन की स्थापना के पश्चात से सबसे उच्चतर है। लगभग 95.60 प्रतिशत कम्पनी की कुल आय, जो कि 5,202.45 करोड़ है, परिचालनों से प्राप्त हुई है। परिचालनों की कुल राशि में से 8.52 प्रतिशत, जो कि 443 करोड़ रूपए है, अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं से प्राप्त किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान, इरकॉन ने 5,202 करोड़ रुपये का परिचालन टर्नओवर दर्ज किया है, जो कि 4,415 करोड़ रुपये की तुलना 17.83 प्रतिशत बढ़ा है। घरेलू परियोजनाओं से परिचालन टर्नओवर 91.48 प्रतिशत है तथा अंतर्राष्ट्रीय

परियोजनाओं से 8.52 प्रतिशत है) तथापि, विदेशी परियोजना से लाभ 36.49 प्रतिशत है (घरेलू परियोजनाओं से 63.51 प्रतिशत की तुलना में)। अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं से परिचालन आय में 24.28 प्रतिशत की कमी आई है। अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के टर्नओवर में कमी पिछले वर्ष दक्षिण अफ्रीका में परियोजना के पूरा होने के पश्चात परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत श्रीलंका रेलवे द्वारा 2019–20 की शुरुआत में श्रीलंका सरकार से यूएस डॉलर 91.27 मिलियन (लगभग 637.22 करोड़ रुपये के बराबर) के मूल्य के दिए गए आर्डर, जो कि अपने प्रारंभिक चरण में है और निकट भविष्य में इस परियोजना से कारोबार बढ़ेगा, को छोड़कर कोई नया आर्डर प्राप्त न होना है।

लाभ पूर्व कर (पीबीटी) और कर उपरांत लाभ (पीएटी) में क्रमशः 9.33 प्रतिशत और 10.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह क्रमशः 673 करोड़ रुपये और 490 करोड़ रुपये है।

चुकता अंतरिम लाभांश तथा आगामी वार्षिक आमसभा में शेयरधारकों द्वारा विचार एवं घोषणा के लिए प्रस्तावित लाभांश का विवरण निदेशक रिपोर्ट में "वित्तीय हाइलाइट" के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।

महत्वपूर्ण परिवर्तनों का ब्यौरा अर्थात प्रमुख वित्तीय अनुपातों में वित्तीय वर्ष 2019 की तुलना में 25 प्रतिशत या उससे अधिक का परिवर्तन और इससे संबंधित विस्तृत स्पष्टीकरण नीचे दिए गए हैं।

क्र. सं.	अनुपात का नाम	फार्मूला	वित्तीय वर्ष 2020	वित्तीय वर्ष 2019	वित्तीय वर्ष 2019–20 से तुलना के अनुसार प्रतिशत परिवर्तन	टिप्पणियां
1	देनदार टर्नओवर	परिचालनों से राजस्व/औसत लेखा प्राप्य	9.77	7.53	29.75 प्रतिशत	पिछले वर्ष की तुलना में औसत लेखा प्राप्य कम हुए हैं तथा परिचालनों से राजस्व बढ़ा है।
2	मालसूचिया टर्नओवर	परिचालन व्यय/ औसत मालसूची	13.55	15.81	-14.29 प्रतिशत	–
3	ब्याज कवरेज	ईबीआईटी/ब्याज व्यय	37.55	139.87	-73.15 प्रतिशत	ब्याज आय में पिछले वर्ष की तुलना में हुई वृद्धि 4.43 करोड़ रूपए से बढ़कर 18.40 करोड़ रूपए है
4	चालू अनुपात	चालू परिसम्पतियां/ चालू देयताएं	1.15	1.32	-12.88 प्रतिशत	–
5	परिचालन लाभ मार्जिन	(पीबीटी –अन्य आय)/टर्नओवर	0.083	0.079	5.06 प्रतिशत	–
6	निवल लाभ मार्जिन	निवल लाभ/योग आय	0.090	0.095	-5.26 प्रतिशत	–
7	निवल सम्पति पर लाभ	निवल लाभ/औसत निवल सम्पति	0.121	0.116	4.31 प्रतिशत	यह लाभ में वृद्धि के कारण है।
8	ऋण इक्विटी	नामे/योग शेयरधारक इक्विटी	0.44	0.65	-32.31 प्रतिशत	ऋण की किश्तों का भुगतान करने से ऋण कम हुआ है तथा निवल सम्पति में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान कम्पनी ने अपने वित्तीय विवरणों का निर्माण लेखांकन मानकों के निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार किया है तथा वित्तीय सूचना की रिपोर्टिंग में किसी प्रकार का कोई व्युतक्रम नहीं किया गया है।

परिचालनात्मक निष्पादन

सेक्टर निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान इरकॉन को 80.98 प्रतिशत से अधिक राजस्व योगदान रेलवे सेक्टर से प्राप्त हुआ है। इरकॉन के व्यापार का मुख्य ध्यान केन्द्रण क्षेत्र रेलवे है, तथापि कम्पनी राजमार्ग व्यवसाय की ओर भी ध्यान केन्द्रित कर रही है जहां से लगभग 18.32 प्रतिशत का राजस्व प्राप्त हुआ है तथा शेष 0.70 प्रतिशत राजस्व इलैक्ट्रिक एवं भवन कार्यों से प्राप्त हुआ है।

पिछले तीन वर्षों का सेक्टर–वार तुलनात्मक स्थिति विवरण नीचे प्रस्तुत हैः–

(रुपए करोड़ में)

सेक्टर	वि. वर्ष 2020		वि. वर्ष 2019		वि. वर्ष 2018	
	परिचालन आय	प्रतिशत	परिचालन आय	प्रतिशत	परिचालन आय	प्रतिशत
रेलवे	4212.93	80.98	3,741.01	84.73	2,904	74.63
राजमार्ग	953.17	18.32	554.62	12.56	844	21.70
इलैक्ट्रिक्ल	17.69	0.34	97.35	2.20	89	2.29
भवन	1.08	0.02	5.26	0.12	48	1.23
अन्य	17.48	0.34	16.86	0.38	6	0.15
योग	**5202.45**	**100**	**4,415.10**	**100**	**3,981**	**100**

सेगमेंट वार निष्पादन :

(रुपए करोड़ में)

सेक्टर	वि. वर्ष 2020		वि. वर्ष 2019		वि. वर्ष 2018	
	कुल आय	प्रतिशत	कुल आय	प्रतिशत	कुल आय	प्रतिशत
विदेश	476.31	8.75	605	13	622	15
घरेलू	4965.41	91.25	4,075	87	3,499	85
योग	**5441.72**	**100**	**4,680**	**100**	**4,121**	**100**

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान प्रारंभ की गई परियोजनाएं

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार इरकॉन की आर्डर बुक 30,713 करोड़ रूपए है जिसमें से 26,064 करोड़ रूपए के कार्य रेलवे खंड से नामांकन एवं प्रतिस्पर्धा आधार पर हैं।

वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा घरेलू बाजारों में 3 परियोजनाएं पूरी की गई हैं जिसका विवरण निदेशक रिपोर्ट में दिया गया है।

आगामी परियोजनाएं

इरकॉन के पोर्टफोलियों में लगभग 40 आनगोइंग परियोजनाएं है। जिनमें से चार अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए अल्जीरिया, बांग्लादेश, नेपाल तथा श्रीलंका में हैं तथा शेष परियोजनाएं घरेलू बाजार में हैं।

शक्तियां

दूरदर्शिता एवं विविधता युक्त व्यवसाय : अपनी स्थापना के पश्चात से ही इरकॉन ने अपने व्यवसाय परिचालन विविधता सम्पन्न व्यवसाय क्षेत्रों में है। कंपनी रेलवे और राजमार्ग निर्माण के क्षेत्र में एक स्थापित कम्पनी है। इसके अलावा, यह वाणिज्यिक और आवासीय परिसरों, बिजली ट्रांसमिशन लाइनों, औद्योगिक प्रकाश व्यवस्था, पुलों और फ्लाईओवर के अतिरिक्त क्षेत्रों में अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं की पूर्ति कर रही है। इरकॉन ने अपने ऑन–टाइम और उच्च–गुणवत्ता वाली परियोजनाओं को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड बनाए रखा है। इन विशेषताओं ने कंपनी को एक मजबूत प्रतिष्ठा विकसित करने में मदद की है जिसके परिणामस्वरूप प्रमुख कंपनियों के लिए बोली लगाने के अवसर बढ़े हैं।

स्थापित ट्रैक रिकार्ड एवं सिद्ध परियोजना निष्पादन क्षमताएं : भारत सरकार की इरकॉन में 89.18 प्रतिशत

हिस्सेदारी है। कंपनी 1998 से एक मिनी रत्न श्रेणी –1 का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। इसने रेलवे निर्माण कंपनी के रूप में परिचालन प्रारंभ किए थे और साथ ही अन्य निर्माण गतिविधियों में विविधता स्थापित की थी। तथापि, रेलवे और राजमार्ग कंपनी के मुख्य परिचालन क्षेत्र हैं, जो समीक्षाधीन वर्ष के दौरान क्रमशः राजस्व में लगभग 80.98 प्रतिशत और 18.32 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, इरकॉन ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में बड़े परिमाण के परियोजना निष्पादन में असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया है।

सुदृढ़ वित्तीय निष्पादन एवं क्रेडिट प्रोफाइल : इरकॉन का एक मजबूत क्रेडिट प्रोफाइल है जिसमें 3,850 करोड़ रुपये की गैर–निधि आधारित अतिरिक्त बैंक सीमाएं शामिल हैं, जिनमें से 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार लगभग 2,142 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है। 31 मार्च, 2020 तक, कंपनी की वित्तीय प्रोफाइल में स्वस्थ लाभप्रदता मार्जिन और सौम्य रोकड़ प्रवाह की स्थिति है। प्रस्तावित लाभांश के अनुमोदन और भुगतान के बाद, शेयरधारकों को दिया जाने वाला संचयी लाभांश 1,918.32 करोड़ रुपये है जो लगभग 4.94 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के मुकाबले है। आमतौर पर, कंपनी के स्थिर व्यापार मॉडल ने अपनी वित्तीय ताकत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अपनी परियोजनाओं के लिए इरकॉन की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता मुख्य रूप से ग्राहक अग्रिमों के साथ–साथ आंतरिक अभिवृद्धि से पूरी होती है, जो मुख्य रूप से कठिन क्षेत्रों और क्षेत्रों में बड़ी और जटिल परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए अपनी व्यावसायिक वृद्धि और क्षमता द्वारा समर्थित है।

तथापि, दुनिया भर में कोविड–19 महामारी से व्यावसायिक गतिविधियाँ प्रभावित हुई हैं, लेकिन कंपनी का मानना है कि इस प्रकार, कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर कोविड–19 महामारी का कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं है क्योंकि राजस्व और लाभप्रदता के मामले में कंपनी ने अपने बजटीय राजस्व को दर्ज किया है।

कंपनी लगातार अपने परिचालन की समीक्षा कर रही है और महामारी के कारण व्यर्थ हुए समय के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। तथापि प्रबंधन को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2021 में राजस्व और लाभप्रदता में कमी होगी, लॉकडाउन व्यवधान के प्रभाव का समय–समय पर मूल्यांकन किया जाएगा।

संतुलित निष्पादन एवं सुदृढ़ आर्डर बुक : इरकॉन घरेलू के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी सेवाएं प्रदान करके प्रतिस्पर्धी बोली और नामांकन के माध्यम से अपनी ऑर्डर बुक प्राप्त करता है। रेलवे खंड में प्राप्त अधिकांश आर्डर नामांकन के आधार पर हैं जबकि अन्य क्षेत्रों के लिए, यह प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से है। कंपनी के ग्राहक आधार में मुख्य रूप

इरकॉन की भौगोलिक कवरेज

25 देश

इरकॉन ने अपनी विशेषज्ञता और पेशेवर दृष्टिकोण के साथ विभिन्न सेक्टरों में परियोजना निष्पादन एवं रणनीतिक विविधता के प्रति अपने काम के क्षितिज को विस्तारित किया है।

से केंद्र और राज्य सरकार के उपक्रमों जैसे कि रेल मंत्रालय, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण शामिल हैं, जो काफी हद तक प्रतिपक्ष जोखिम कम हो जाता है।

प्रक्रियाएं एवं विधियां : इरकॉन ने सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं पर संकुचित शैड्यूल को पूरा करते हुए किफायती समाधान और गुणवत्ता आउटपुट प्रदान करने के लिए उद्योग में सर्वोत्तम प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली की स्थापना की है। विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कंपनी के विविधीकरण, परियोजना निष्पादन के लिए अपनी विशेषज्ञता और पेशेवर दृष्टिकोण के साथ, इरकॉन ने न केवल अपने काम के क्षितिज को विस्तारित किया है, बल्कि किसी एक क्षेत्र या परियोजना के प्रकार पर निर्भरता को कम किया है, और साथ ही स्वयं को भौतिक सीमाओं को पार करने के लिए भी प्रेरित किया है।

भौगोलिक कवरेज : इरकॉन के पास व्यापक भौगोलिक फुटप्रिंट है जिसने कंपनी को विभिन्न अनुबंधों जैसे डीबीएफओटी, ईपीसी, एचएएम, वार्षिकी का अंवेषण करने और विविधता लाने में सहायता मिली है। इसने संयुक्त उद्यम और विशेष उद्देश्य वाहक जैसी रणनीतिक व्यावसायिक व्यवस्थाओं के माध्यम से परियोजनाएं भी विकसित की हैं। वित्तीय वर्ष 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी ने 25 देशों और भारत के 24 राज्यों में परियोजनाएं विकसित की हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान श्रीलंका में अवसंरचना परियोजना भी हासिल की है।

अनुभव प्राप्त मानव पूंजी एवं सिद्ध प्रबंधन दल : इरकॉन की शक्ति प्रशिक्षित और अनुभवी जनशक्ति की अपनी टीम में निहित है। टीम के पास रेलवे और राजमार्ग, डिजाइन और निष्पादन इंजीनियरों और व्यवसाय विकास प्रबंधकों की विशेषज्ञता से युक्त व्यावसायिकों का एक असाधारण प्रतिभा पूल है। वे ईपीसी, डीबीएफओटी और एचएएम मॉडल पर आधारित उच्च–मूल्य की परियोजनाओं पर काम करते हैं। इसके अतिरिक्त, अपने कर्मचारियों के कौशल सेट कंपनी को अपने ग्राहकों की जरूरतों और उन्हें पूरा करने वाली विभिन्न परियोजनाओं की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुकूल होने की

सुविधा देते हैं। इसके अलावा, इरकॉन कंपनी या प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित नियमित तकनीकी सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से अपने कर्मचारियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें एक प्रबंधन टीम है जो निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास में योग्य और अनुभवी है।

कार्य क्षेत्र एवं अवसर

वस्तुओं और सेवाओं के प्रापण के लिए, सामान्य रूप से, खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। स्थानीय और छोटे वेंडरों की क्षमता और सक्षमताओं में सुधार करने के लिए, इरकॉन द्वारा कतिपय कदम उठाए गए हैं जैसे व्यवसाय करने में परिवहन की लागत को कम करने के लिए छोटे और स्थानीय वेंडरों को रियायतें/लाभ प्रदान किए जाते हैं, बयाना राशि के भुगतान से छूट तथा पारदर्शिता लाने के लिए ई–प्रापण को अपनाना आदि। इसके अतिरिक्त, एमएसई की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए हमने टीआरईडीए प्लेटफार्म 25 जनवरी 2018 से सफलतापूर्वक लागू कर दिया है।

कुशल गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से निर्माण व्यवसाय में उत्कृष्टता प्राप्त करने व बनाए रखने के लिए तथा गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समयसीमा के भीतर परियोजनाओं को सौंपकर ग्राहक संतोष प्राप्त करने हेतु गुणवत्ता नीति अपनाई गई है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उपर्युक्त नीतियों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और इस दिशा में कंपनी के निरंतर प्रयासों के कारण छोटे और स्थानीय पक्षों की भागीदारी में सुधार तथा प्रचालन के स्थलों के आसपास के समुदायों के सामाजिक आर्थिक विकास में सुधार हुआ है।

5. **क्या कंपनी में उत्पादों और अपशिष्ट के रीसाइकल करने का काई मकैनिजम विद्यमान है? यदि हां तो उत्पादों और अपशिष्ट के रीसाइकल का क्या प्रतिशत है? (<5%, 5-10%, >10% पृथक रूप से) इसके अतिरिक्त इसके संबंध में 50 या अधिक शब्दों में ब्यौरा प्रस्तुत करें।**

इरकॉन एक विशेषज्ञता प्राप्त निर्माण संगठन है, जिसमें अवसंरचना क्षेत्र की निर्माण गतिविधियों और सेवाओं का सम्पर्ण आयाम शामिल है और इसकी कोई निर्माण इकाई नहीं है। तथापि, कंपनी स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और कुछ परियोजनाओं जैसे रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में अपशिष्ट के रीसाइकल हेतु कतिपय पद्धतियों का अनुसरण किया जा रहा है, जैसे नोएडा, गुरुग्राम तथा एमएफसी भवनों में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) के माध्यम से अपशिष्ट जल का उपचार किया जा रहा है। बिजली और पानी के संरक्षण के लिए निगमित कार्यालय (कॉर्पोरेट ऑफिस) में एलईडी प्रकाश, संसर प्रकाश और संसर नलों का प्रयोग किया जा रहा है।

सिद्धांत 3: व्यवसायों को सभी कर्मचारियों के कल्याण का संवर्धन करना चाहिए (दिनांक 31.03.2020 के अनुसार विवरण)।

1. **कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या बताएं।**

   31 मार्च 2020 को कर्मचारियों की कुल संख्या – 1369

2. **कृपया अस्थायी/संविदागत/अनियमित आधार पर लगाए गए कर्मचारियों की कुल संख्या बताएं।**

   वर्ष 2019–20 के दौरान, इरकॉन ने संविदागत आधार पर 16 कर्मचारियों (सेवा संविदा सहित) को लगाया है। कंपनी अस्थायी/अनियमित आधार पर कर्मचारियों को हायर नहीं करती है। तथापि, कंपनी परियोजना कार्य की आवश्यकता के अनुसार अपनी विभिन्न परियोजनाओं में ठेकेदारों को जॉब और कार्य संबंधी ठेके प्रदान करती है। ठेकेदारों के कर्मचारियों की संख्या समय–समय पर बदलती रहती है।

3. **कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या बताएं।**

   दिनांक 31 मार्च 2020 को स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या – 68 है।

4. **कृपया दिव्यांगता वाले स्थायी कर्मचारियों की संख्या बताएं।**

   दिनांक 31 मार्च 2020 को दिव्यांगता वाले स्थायी कर्मचारियों की संख्या – 12 है।

5. **क्या आपके यहां कर्मचारी संघ है, जिसे प्रबंधन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है।**

   हमारे यहां कर्मचारी संघ नहीं है जिसे प्रबंधन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है।

6. **स्थायी कर्मचारियों का कितना प्रतिशत माध्यताप्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं।**

   लागू नहीं।

7. **कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में बाल मजदूरी, बलित श्रम, अनैच्छिक श्रम, यौन उत्पीड़न की प्राप्त शिकायतों की संख्या बताएं और वित्तीय वर्ष के अंत तक कितनी शिकायते लंबित हैं।**

क्र. सं.	श्रेणी	वित्तीय वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या
1	बाल मजदूरी, बलित श्रम, अनैच्छिक श्रम	शून्य	शून्य
2	यौन शोषण	शून्य	शून्य
3	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य

8. **नीचे उल्लिखित कर्मचारियों के कितने प्रतिशत को पिछले वर्ष सुरक्षा तथा कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया था?**

   कंपनी में सभी स्तरों के कर्मचारियों (निगमित कार्यालय और परियोजना स्थल) के प्रशिक्षण के लिए विस्तृत वार्षिक योजना विद्यमान है। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता के अनुसार संगत क्षेत्र के लिए विशिष्ट ज्ञान क्षेत्र में प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाती है।
   स्थायी कर्मचारी : 42.2 प्रतिशत
   स्थायी महिला कर्मचारी : 45.5 प्रतिशत
   नेमेतिक/अस्थायी/संविदागत कर्मचारी : 0.81 प्रतिशत
   दिव्यांग कर्मचारी : शून्य

सिद्धांत 4: व्यवसायों को सभी स्टेकधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए, विशेष रूप से उनके प्रति सुविधाहीन, असहाय और सीमांत हैं।

1. **क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाहरी स्टेकधारकों का निर्धारण किया है? हां/नहीं।**

   जी हां। कंपनी ने अपने ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों, वेंडरों/ठेकेदारों और समाज को स्टेकधारक के रूप में समाज का चिह्नन किया है और वह अपने विभिन्न स्टेकधारकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को समझती है।

2. **उपर्युक्त में से क्या कंपनी ने सुविधाहीन, कमजोर तथा सीमांत स्टेकधारकों को चिह्नित किया है।**

   कंपनी ने सुविधाहीन, कमजोर तथा सीमांत स्टेकधारकों के रूप में पीडब्ल्यूडी, अ.जा, अ.ज.जा, अ.पि.व, महिलाओं और स्टार्ट अप को चिह्नित किया है और समय–समय पर लागू सरकारी नीतियों के अनुसार इनकी समस्याओं का समाधान किया जाताा है।

   कंपनी नियमित रूप से वेंडरों के लिए बैठकों का आयोजन करती हैं ताकि अजा/अजजा तथा महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई वेंडरों सहित एमएसई वेंडरों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। कंपनी ने लोक प्रापण नीति, आदेश 2012 की शर्तों के अनुसार प्रापण लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है और कंपनी में भारत में स्टार्टअप के लिए सकारात्मक वातावरण के निर्माण के लिए भारत सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल के अंतर्गत स्टार्टअप से पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पॉलिसी विद्यमान है। अवसंरचना परियोजनाओं को विकसित करते समय, कंपनी शारीरिक रूप से दिव्यांग जनों के लिए सहिष्णु संरचनाओं को सुनिश्चित करती है।

   कंपनी में सुसंरचित निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व तथा धारणीयता नीति (सीएसआर नीति) विद्यमान है, जो विभिन्न

स्टेकधारकों की धारणीयता आवश्यकताओं को शामिल करती है जिसमें सामाजिक आर्थिक विकास सहित समुदायों की क्षमता निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, हरित और ऊर्जा कुशल तकनीकों का संवर्धन, पिछड़े वर्गों का विकास तथा समाज के सीमांत और साधनविहीन, का उत्थान, विरक्त और कमजोर वर्गों का विकास जिसमें अजा, अजजा, अपिव, अल्पसंख्यक, बीपीएल परिवार वयोवृद्ध, शिशु, महिलाएं/कन्याएं दिव्यांग जन आदि शामिल हैं।

3. **क्या सुविधाहीन, कमजोर तथा सीमांत स्टेकधारकों के साथ कार्य करने के लिए कंपनी द्वारा कोई विशेष उपाय किए गए हैं। यदि हां तो 50 या अधिक शब्दों में ब्यौरा प्रस्तुत करें।**

इरकॉन सदैव ही सुविधाहीन, कमजोर तथा सीमांत स्टेकधारकों की आवश्यकताओं के प्रति सदैव संवेदनशील रहते हैं। भर्ती नियमों के अनुसार, कंपनी समय–समय पर भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार अज/अजज/अपिव, पूर्व सेनानियों तथा दिव्यांग जनों के लिए पदों में आरक्षण को सुनिश्चित करती है।

कंपनी ने सीएसआर नीति स्वीकार की है जिसका उद्देश्य समाज के सुविधाहीन, कमजोर तथा सीमांत वर्ग के विकास करना भी है। इस क्षेत्र में किए गए उपायों में शामिल हैं – ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा प्रकार, स्वः सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार तथा सेनेटरी नेपकिन डिस्पोसल मशीनों का प्रावधान, समाज के बेरोजगार युवाओं/अजा/अजज/अपिव, महिलाओं तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन।

कंपनी एमएसई से जन प्रापण नीति, 2012 के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं का प्रापण कर रही है और यह एमएसई में अधिक जागरुकता उत्पन्न करने के लिए स्थानीय वेंडरों सहित वेंडर विकास कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है ताकि उनकी भागीदारी को बढाया जा सके।

इसके अतिरिक्त कंपनी में कार्यस्थल पर यौन शोषण के निवारण, निषेध और समाधान की नीति विद्यमान है ताकि महिला कर्मचारियों के लिए अनुकूल व सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

सिद्धांत 5 : व्यवसायों द्वारा मानवाधिकारों का सम्मान एवं संवर्धन करना चाहिए।

1. **क्या कंपनी की मानवाधिकार की नीति केवल कंपनी को ही कवर करती है या यह समूह/संयुक्त उपक्रम/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/एनजीओ/अन्यों पर भी लागू है।**

इरकॉन की एचआर नीतियां व्यवसाय की मानक पद्धतियों और मानवाधिकार के अनुरूप हैं तथा कंपनी के विभिन्न स्टेशनों, परियोजनाओं, कार्यालयों, संयुक्त उपक्रमों तथा सहायक कंपनियों में तैनात सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है।

मानवाधिकार के प्रावधान हमारे आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों सहित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया आधार पर ठेकों/कार्यों के लिए के लिए बोली दस्तावेजों में भी प्रावधान किया गया है।

2. **पिछले वित्तीय वर्ष में स्टेकधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का निवारण संतोषजनक रूप से किया गया है?**

वर्ष 2019–20 के दौरान मानवाधिकार के उल्लंघनों से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

सिद्धांत 6 : व्यवसायों को पर्यावरण का सम्मान, सुरक्षा करनी चाहिए और इसके संरक्षण के प्रयास करने चाहिए।

1. **क्या सिद्धांत 6 : से संबंधित नीति केवल कंपनी को ही कवर करती है या इसमें समूह/संयुक्त उपक्रम/आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार/एनजीओ/अन्य पर भी लागू होती है।**

कंपनी में सीएसआर तथा धारणीयता नीति विद्यमान है जो हर समय सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय धारणीयता के रूप में कार्य करती है तथा कंपनी में पर्यावरणीय नियमावली विद्यमान है जिसमें सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय नीति (एसएचई नीति) शामिल है ताकि गतिविधियों के सभी क्षेत्रों के कार्मिकों, कार्यों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसका उद्देश्य स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

कंपनी के पास सुरक्षा पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और व्यावसायिक स्वस्थ और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए क्रमशः आईएसओ 14001–2015 तथा आईएसओ:45001–2018 प्रमाणन प्राप्त किया है।

इरकॉन की एसएचई नीति में कंपनी, सामान्य रूप से इसकी सहायक कंपनियां और संविदा शर्तों के माध्यम से वेंडरों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से संबंधित संबद्ध पहलू शामिल हैं।

2. **क्या कंपनी में वैश्विक पर्यावरणीय विषय जैसे जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि के समाधान के लिए नीतियां/पहल किए हैं। यदि हां तो कृपया वेबपेज आदि के लिए हाइपरलिंग प्रस्तुत करें।**

इरकॉन एक जिम्मेदार निगमित कंपनी है जो प्रदूषण निवारण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण द्वारा पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी अपने स्थलों और कार्यालयों में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को क्रियान्वित कर रही है। वैश्विक स्तर पर उत्पादन की तुलना में ऊर्जा की मांग बढ रही है इसलिए ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन, मानव जीवन में गुणवत्ता के संरक्षण और सरकारी

पहलों को पूरा करने के लिए धारणीय पद्धतियों को अपनाने की तत्काल आवश्यकता है।

इरकॉन निगमित कार्यालय तथा अपने परियोजना कार्यालयों में हरित भवन निर्माण की समान विशेषताओं को उपलब्ध करा रहा है, और इस प्रकार जल, सामग्री, अपशिष्ट, ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन से पर्यावरणीय प्रभावों को कम कर रही है और समाज के लिए गुणवत्तापूर्ण व आरामदायक जीवन सुनिश्चित कर रहा है।

इसके अतिरिक्त, पर्यावरण सहिष्णु उपकरण जैसे सौर पैनलों को भी विभिन्न कार्यालयों/परियोनाओं में संस्थापित किया जा रहा है। निगमित कार्यालय में सीवेज उपचार संयंत्र के माध्यम से अपशिष्ट जल का रीसाइकल किया जा रहा है और बागवानी के लिए इसका प्रयोग किया जा रहा है। एसटीपी का नोएडा, गुरुग्राम, तथा एमएफसी भवनों में भी निर्माण किया जा रहा है। बिजली और जल के संरक्षण के लिए निगमित कार्यालय में एलईडी प्रकाश, सेंसर प्रकाश और सेंसर नलों का प्रयोग किया जा रहा है। विभिन्न पर्यावरणीय सहिष्णु कदम उठाए हैं जैसे मिट्टी की ईंटों के स्थान पर फ्लाइ ऐश की ईंटें, वर्षा जल संरक्षण व्यवस्थाएं, सेंसर नियंत्रित क्रामियम प्लेट फिटिंग, भवन को धारणीय बनाने के लिए फेसिड ग्लास के अद्यतन वर्जन का प्रयोग आदि को कंपनी के विभिन्न कार्यालयों/परियोजनाओं में प्रयोग किया जा रहा है। विभिन्न निर्माण स्थलों पर जल के प्रयोग अपशिष्ट जल, वायु गुणवत्ता और ध्वनी गुणवत्ता की मॉनीटरिंग की जा रही है। कंपनी निगमित कार्यालय भवन में बाहरी वायु गुणवत्ता की मॉनीटरिंग द्वारा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने पर बल दे रही है। निगमित कार्यालय और परियोजना कार्यालयों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया है।

3. **क्या कंपनी संभावित पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान और आंकलन कर रही है? हां/नहीं।**

जी हां। कंपनी में निर्माण कार्य के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए फ्रेमवर्क उपलब्ध है, जो इसके स्थलों और परियोजना कार्यालयों में निर्माण गतिविधियों के लिए पर्यावरणीय विषयों का आंकलन करता है। परियोजनाओं से पर्यावरण पर होने वाले सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव आंकलन में प्राकृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहलू शामिल हैं। यह निर्माण गतिविधियों का पर्यावरण पर होने वाले महत्वपूर्ण प्रभावों की पहचान करता है। इसके पश्चात, पर्यावरण पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रभावों को कम करने के लिए कंपनी द्वारा नियंत्रण उपाय अपनाए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी परियोजना स्थलों पर निर्माण गतिविधियों को आरंभ करने से पूर्व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय क्लियरेंस सहित सभी अनिवार्य क्लियरेंस प्राप्त करती है। कतिपय प्रकार के संयंत्रों जैसे क्रशर संयंत्र, कंक्रीट मिक्स संयंत्र, हॉट मिक्स संयंत्र आदि के लिए संबंधित प्राधिकरणों से स्थापना और प्रचालन की अनुमति प्राप्त की गई है।

4. **क्या कंपनी में कोई परियोजना संबंधित स्वच्छ विकास तंत्र विद्यमान है? यदि हां, तो 50 या अधिक शब्दों में ब्यौरा प्रस्तुत करें। यदि हां तो क्या पर्यावरण क्लियरेंस रिपोर्ट दायर की गई है।**

इरकॉन स्वच्छ विकास तंत्र से संबंधित दिशानिर्देशों की तर्ज पर कार्य करता है। कंपनी समग्र रूप से वर्ष 2011 से पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ प्रमाणन को बनाए हुए है। वर्तमान में, इरकॉन के पास आईएसओ 14001–2015 प्रमाणन है। पीयूसीसी को हमारे सभी संयंत्रों और आंतरिक कंबशन इंजनों वाले संयंत्रों और मशीनरी के लिए अनिवार्य है। कार्यालयों में ऊर्जा विफलता के मामले में डीजी ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा या बैटरी बैक–अप का प्रयोग किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, एक जिम्मेदार निकाय के रूप में कंपनी स्वच्छ भारत कोष, स्वच्छ गंगा कोष में अंशदान के माध्यम से राष्ट्रीय अभियानों में सक्रीय रूप से योगदान कर रही है ताकि राष्ट्र का विकास हो सके और सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में रेलपथ क्लिनिंग मशीनों की खरीद की है।

5. **क्या कंपनी ने स्वच्छ तकनीकी, ऊर्जा कुशलता अक्षय ऊर्जा आदि पर कोई अन्य पहली की है। हां/नहीं। यदि हां तो कृपया वेब पेज के लिए हाइपरलिंक प्रस्तुत करें।**

इरकॉन वर्ष 1996, 2011 तथा 2012 से क्रमशः क्यूएमएस, ईएमएस तथा ओएचएसएएस के लिए आईएसओ प्रमाणित संगठन है। कंपनी निगमित कार्यालय/परियोजना कार्यालय में सौरा ऊजा, सीवेज संयंत्रों के संस्थापन, एलईडी प्रकाशन के प्रयोग, भवन कॉरीडोरों में सेंसर फिटिड लाइटों के प्रयोग द्वारा स्वच्छ वातावरण के प्रति योगदान कर रहा है।

6. **क्या कंपनी द्वारा सृजित किया जा रहा उत्सर्जन/अपशिष्ट इस उक्त वित्तीय वर्ष के लिए सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा निर्धारित अनुमेय सीमा के भीतर है?**

जी हां, कंपनी द्वारा उत्सर्जन मापदंडों सहित सभी विधि मापदंडों का अनुपालन किया जा रहा है।

7. **वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीएसबी/एसपीसीबी बोर्ड से प्राप्त कितने कारण बताओ नोटिस/विधिक नोटिस लंबित हैं (यथा संतोषजनक स्तर पर समाधान नहीं हो पाया)।**

वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीएसबी/एसपीसीबी बोर्ड से प्राप्त कोई भी कारण बताओ नोटिस/विधिक नोटिस लंबित नहीं हैं।

सिद्धांत 7: व्यवसाय जब जनसाधारण तथा विनियामक नीति को प्रभावित करने का कार्य करें तो इसे उत्तरदायी रूप से किया जाना चाहिए।

1. **क्या आपकी कंपनी किसी ट्रेड तथा चैंबर या संघ की**

सदस्य है? यदि हां तो केवल उन प्रमुख के नाम बताएं जिनके साथ आपके व्यावसायिक संबंध हैं।

जी हां। कंपनी अनेक ट्रेड चेम्बरों और संघों से संबद्ध है जैसे स्टेंडिंग फांनफरेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइसिसि (स्कोप), फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई), कनफिडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीस (सीआईआई), इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी), इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी), प्रोजेक्ट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीईपीसी), फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन (एफआईईओ), पीएचडी चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई), नेशनल रियल इस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (एनएआरईडीसीओ), इंस्टीट्यूट ऑफ पी वे इंजीनियर्स इंडिया (आईपीडब्ल्यूएवाईईआई), एशियन (अरबन) इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट (एआईटीडी), इंडिया हेबिटेट सेंटर (आईएचसी)।

2. **क्या आपने कभी सार्वजनिक कल्याण की प्रगति और सुधार के लिए उपर्युक्त संघों से चर्चा /सहयोग प्राप्त किया है। हां/ना। यदि हां तो व्यापक स्तर पर क्षेत्रों का उल्लेख करें (ड्रॉप बॉक्स : शासन एवं प्रशासन, आर्थिक सुधार, समेकित विकास नीतियां, ऊर्जा संरक्षण, जल, खाद्य सुरक्षा, धारणीय व्यवसाय सिद्धांत, अन्य)**

कंपनी के हितों का प्रकटन सरकारी प्रश्नों, ज्ञान साझेदारी, औद्योगिक आवश्यकताओं पर सर्वेक्षणों, प्रतिक्रियाओं, सरकारी नीति के सृजन जैसे जीएसटी, कंपनी नियम, औद्योगिक नीति, प्रापण नीति आदि के आधार पर होता है। कंपनी सरकारी निकायों जैसे रेल मंत्रालय, डीपीई, नीति आयोग के साथ संव्यवहार करती है और विभिन्न नीति निर्माण प्रक्रियाओं जैसे सीपीएसई के विकास के लिए रोड मैप, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया आदि में भाग लेती है। कंपनी देश में अवसंरचना के विकास के लिए संगत मंचों पर जिम्मेदार रूप से निष्पक्ष पद प्रस्तुत करती है और सामान्य रूप से समाज हित प्रक्रिया में सुधार के लिए धारणीय विकास और निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति मत प्रस्तुत करती है।

सिद्धांत 8: व्यवसायों को समेकित विकास और न्यायोचित विकास का समर्थन करना चाहिए।

1. **क्या कंपनी का सिद्धांत–8 सं संबंधित नीति के अनुसरण में कोई विशिष्ट कार्यक्रम/पहल/परियोजनाएं हैं? यदि हां तो कृपया ब्यौरा प्रस्तुत करें।**

कंपनी की सकारात्मक नीतियां जो भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुपालन में है, विविधता, समानता का संवर्धन करती है और लोगों की जाति, वर्ग, धर्म, रंग, पैत्रिक परम्परा, वैवाहिक स्थिति, लिंग, आयु और राष्ट्रीयता को ध्यान में रखे बिना उनके गुणों और कौशलों के आधार पर मान्यता प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी में एक सुसंरचित सीएसआर तथा धारणीयता नीति विद्यमान है। इसके दृष्टिगत कंपनी में सामाजिक विकास की विभिन्न परियोजनाएं हैं, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य संवर्धन, स्वच्छता प्रदान करना, तथा लोगों के लिए जीविका का सृजन करना है विशेष रूप से समाज के सुविधाविहीन वर्ग के लिए। सीएसआर नीति के अंर्तगत परियोजनाओं का ब्यौरा और सीएसआर बजट के सांकेतिक आवंटन का ब्यौरा राष्ट्रीय विकास कार्यसूची के प्रति तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है:

(i) स्वच्छ भारत, स्वच्छ गंगा, पर्यावरणीय स्थिरता, जल संरक्षण, स्वच्छता (रेलवे, राजमार्गों की ओर उन्मुखीकरण के साथ गतिविधियाँ) या इस नीति के तहत सीएसआर समिति/बोर्ड द्वारा अनुमोदित किसी भी अन्य विविध गतिविधि पर 30 प्रतिशत।

(ii) 70 प्रतिशत स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और केंद्र सरकार या राज्य सरकार या किसी भी एजेंसी या केंद्र सरकार या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा वित्त पोषित और सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में योगदान हेतु, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और स्वायत्त निकायों (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएसी), रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन), विभाग के तत्वावधान में स्थापित विज्ञान और प्रौद्योगिकी (डीएसटी), इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और चिकित्सा में अनुसंधान करने में कार्यरत है।

(iii) उपरोक्त श्रेणियों के तहत परियोजनाओं की सूची सीएसआर में संलग्न है और स्थिरता रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट में संलग्न है।

(iv) ऊपर उल्लिखित श्रेणियों के अंतर्गत परियोजनाओं की सूची निदेशक की रिपोर्ट के साथ संलग्न सीएसआर एवं धारणीयता रिपोर्ट में उपलब्ध है।

(v) कंपनी के पास अपनी परियोजनाओं के स्थल के संबंध में सीमित विकल्प होता है, क्योंकि वह सरकार तथा अन्य एजेंसियों के लिए संविदाकार के रूप में कार्य करती है। तथापि, कंपनी एमएसई की अपनी नीति के अनुसार परियोजनाओं को प्राप्त करने में समान विकास के प्रति अग्रसर रहती है।

2. **क्या कार्यक्रमों/परियोजनाओं को इन–आउस दलों/स्वयं के आधार/बाहरी एनजीओ/सरकारी**

संरचनाओं / किसी अन्य संगठन के माध्यम से निष्पादित किया जाता है?

कंपनी की सीएसआर नीति के क्रियान्वयन के लिए एक पृथक सीएसआर विभाग विद्यमान है और जहां कंपनी के पास इन–हाउस विशेषज्ञता नहीं होती है, वहां विशेषज्ञता प्राप्त एजेंसियों की सेवाएं ली जाती हैं जैसे एनजीओ, संस्थान / शैक्षिक संगठन, सरकारी, अर्ध–सरकारी, स्वायत्त निकाय, निर्माण कार्य हेतु संविदागत एजेंसियां, पेशेवर परामर्शदाता संगठन पंजीकृत ट्रस्ट या सोसाइटी, इरकॉन की सहायक कंपनियो।

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, सीपीएसई अपने कर्मचारियों / स्टाफ के माध्यम से परियोजनाओं का क्रियान्वयन नहीं कर सकती है।

3. **क्या आपने अपने प्रयासों का कोई प्रभाव आंकलन कराया है?**

इरकॉन पूरे किए गए सीएसआर कार्यों के लिए प्रतिवर्ष तीसरा पक्ष आंकलन कराता है।

4. **सामुदायिक विकास परियोजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष अंशदान क्या है – राशि रूपए में और परियोजनाओं का विवरण।**

सीएसआर परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक विकास परियोजनाओं के प्रति अंशदान का ब्यौरा निदेशक रिपोर्ट में संलग्न सीएसआर तथा धारणीयता रिपोर्ट में प्रस्तुत है।

5. **क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए हैं कि इस सामुदायिक विकास पहल को समाज ने सफलतापूर्वक स्वीकार कर लिया है? कृपया 50 या अधिक शब्दों में स्पष्ट करें।**

इरकॉन किसी सीएसआर गतिविधि को निष्पादित करने से पूर्व समग्र रूप से इसकी धारणीयता और इसके लाभार्थियों और समाज पर पड़ने वाले इसके प्रभाव की पुष्टि के लिए कदम उठाता है। इसमें क्रियान्वयन एजेंसियों की विश्वसनीयता और साफ ट्रैक रिकार्ड का सत्यापन, सीएसआर नीति की तर्ज पर परियोजना की पहुंच और उद्देश्यों तथा परियोजना स्थल के स्थानीय प्रशासन से इसकी आवश्यकता, फील्ड सत्यापन और अनुपालन जांच, धारणीय कारकों आदि पर ध्यान दिया जाता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, सीएसआर विभाग और परियोजना कार्यालयों में सामुदायिक भागीदारी और इसकी स्वीकृति को सुनिश्चित करने के लिए सीएसआर विभाग और परियोजना कार्यालय में इन–हाउस मॉनीटरिंग तंत्र विद्यमान है, जिसमें शामिल हैं:–

मोनीटरिंग तंत्रः प्रत्येक परियोजना में परियोजना क्षेत्रों के समीपवर्ती क्षेत्रों में परियोजनाओं की मॉनीटरिंग के लिए परियोजना स्तरीय समितियों की स्थापना की गई है। प्रत्येक सीएसआर परियोजना के लिए स्थानीय प्रशासन और समुदाय आदि से आवधिक परियोजना रिपोर्ट, फील्ड दौरा रिपोर्ट, भौतिक प्रगति रिपोर्ट, सामुदायिक संव्यवहार रिपोर्ट, प्रतिक्रिया रिपोर्ट नोडल अधिकारी को भेजी जाती है, जो इन रिपोर्टों को समेकित करता हैं और इसकी प्रगति रिपोर्ट समीक्षा के लिए सीएसआर समिति / निदेशक मंडल को भेजता है।

स्वतंत्र एजेंसी द्वारा मूल्यांकनः सीएसआर परियोजना के पूरा होने पर, क्रियान्वयन के प्रभाव और सफलता का आंकलन करने के लिए स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा इसका मूल्यांकन किया जाता है।

रिपोर्टिंगः स्टेकधारकों के बीच जागरुकता उत्पन्न करने के लिए सीएसआर नीति, सीएसआर गतिविधियों और नियमित अद्यतनों को इरकॉन की वेबसाइट पर डाला जाता है। प्रमुख गतिविधियों के क्रियान्वयन को समय–समय पर मीडिया में भेजा जाता है। इसके अतिरिक्त, सीएआर के संबंध में एक पृथक खंड को वार्षिक रिपोर्ट में भी शामिल किया गया है।

सिद्धांत 9 : व्यवसायों को अपने ग्राहकों को मूल्यवान सेवाएं प्रदान करनी चाहिए तथा ग्राहकों के साथ उत्तरदायी रूप से व्यवहार करना चाहिए।

1. **वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ग्राहकों की शिकायतों / उपभोक्ता मामलों के कितने प्रतिशत मामले लंबित हैं।**

इरकॉन के सम्पूर्ण व्यवसाय में रेलवे और राजमार्ग का अंशदान 99.30 प्रतिशत है। घरेलू क्षेत्रों में इरकॉन को अधिकतर परियोजनाएं / कार्य रेलवे, नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा अन्य सरकारी प्राधिकरणों द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

परियोजना के निष्पादन में उनके समक्ष उपस्थित उनकी समस्याओं / मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए परियोजना स्थलों / कार्यालयों में वेंडरों / आपूर्तिकर्ताओं के साथ नियमित रूप से बठकों का आयोजन किया जाता है।

2. **क्या कंपनी अपने उत्पादों के लेबल में उत्पादों की सूचना प्रदर्शित करते हैं जो कि स्थानीय नियमों के अनुसार अनिवार्य हैं? हां / नहीं / लागू नहीं / टिप्पणियां (अतिरिक्त सूचना)।**

लागू नहीं।

3. **क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान अनैतिक व्यापार पद्धति, अनियमित विज्ञापन तथा / या प्रतिस्पर्धा विरोधी व्यवहार के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई मामला दायर किया गया है और वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित है। यदि हां तो इसका ब्यौरा 50 या अधिक शब्दों में प्रस्तुत करें।**

जी नहीं।

4. क्या आपकी कंपनी ने कोई ग्राहक सर्वेक्षण/ ग्राहक संतोष रुझानों का सर्वेक्षण किया है?

घरेलू क्षेत्र में इरकॉन के अधिकतर परियोजनाएं/ कार्य रेलवे, नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा अन्य सरकारी प्राधिकरणों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, इसलिए, हम प्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्तिगत ग्राहकों से संबंधित नहीं हैं।

कंपनी अपने ग्राहकों के साथ संव्यवहार में सक्रीय है। परियोजनाओं के निष्पादन के दौरान, समस्याओं और कठिनाइयों के समाधान के लिए प्रायः नियमित और निर्धारित बैठकों, प्रगति समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाता है ताकि, तत्काल इनका समाधान किया जा सके और इनकी पुनरावृत्ति को रोका जा सके। निर्माण के दौरान किसी प्रकार की कमी/खामी को तत्काल देखा व उसका समाधान किया जाता है। इस परिदृश्य से ग्राहक/क्लाइंट संतोष का स्तर बढा है, जो प्रायः पुनः आर्डरों के रूप में प्रदर्शित होता है।

वर्ष के दौरान, कंपनी को ग्राहकों/ठेकेदारों से कोई असंतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

निदेशक मंडल के निमित्त और उनकी ओर से

ह/–

(एस.के.चौधरी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन 00515672)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25.08.2020

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यो,

आपकी कम्पनी के निदेशक मंडल को कम्पनी के व्यापार एवं परिचालनों की 44वीं वार्षिक रिपोर्ट 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय विवरणों के साथ आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

क. वित्तीय परिणाम

(रुपए करोड़ में)

विवरण	स्टैंडएलोन			समेकित		
	वित्तीय वर्ष 2019–20	वित्तीय वर्ष 2018–19	प्रतिशत परिवर्तन	वित्तीय वर्ष 2019–20	वित्तीय वर्ष 2018–19	प्रतिशत परिवर्तन
वित्तीय परिणामः						
कुल आय / टर्नओवर	5,442	4,680	16 प्रतिशत	5,540	4,990	11 प्रतिशत
कुल प्रचालन आय / टर्नओवर	5,202	4,415	18 प्रतिशत	5,392	4,798	12 प्रतिशत
विदेशी परियोजनाओं से प्रचालन आय	443	586	-24 प्रतिशत	450	593	-24 प्रतिशत
भारतीय परियोजनाओं से प्रचालनिक आय	4,759	3,829	24 प्रतिशत	4,942	4,206	17 प्रतिशत
कर पूर्व लाभ	673	615	9 प्रतिशत	672	624	8 प्रतिशत
कर पश्चात लाभ	490	445	10 प्रतिशत	485	450	8 प्रतिशत
निवल सम्पत्ति	4,161	3,950	5 प्रतिशत	4,171	3,964	5 प्रतिशत
विनियोजनः						
लाभांश (अंतिम और अंतरिम)	223*	202.63				
लाभांश संवितरण कर	26	41.66				
प्रति शेयर आमदनी (रूपए)	52.08	47.28				

नोट :

' अंतिम प्रस्तावित लाभांश (आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों के अनुमोदन के आधार पर)।

वित्तीय आकर्षण

वित्तीय वर्ष 2019–2020 के दौरान कम्पनी की कुल आय पिछले वित्तीय वर्ष 2018–19 में 4,680 करोड़ रूपए की तुलना में 5,442 करोड़ रूपए है, जो कि इरकॉन की स्थापना के पश्चात से सबसे उच्चतर है। लगभग 95.60 प्रतिशत कम्पनी की कुल आय, जो कि 5,202 करोड़ है, परिचालनों से प्राप्त हुई है। परिचालनों की कुल राशि में से 18 प्रतिशत, जो कि 4415 करोड़ रूपए है, अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं से प्राप्त किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2018–19 में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 615 करोड़ रुपए से 9 प्रतिशत की अनुवर्ती वृद्धि के साथ बढ़कर वित्त वर्ष 2019–20 में 673 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2018–19 में 445 करोड़ रूपए के कर पश्चात लाभ में 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ वित्तीय वर्ष 2019–20 में 490 करोड़ रूपए का लाभ हुआ है।

वर्ष के दौरान निवल सम्पति में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और वित्त वर्ष 2018–19 में 47.28 रूपए की प्रति शेयर आय 10 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2019–20 में 52.08 रूपए हो गई है।

लाभांश

कंपनी शेयरधारक मूल्य को बढ़ाने पर केंद्रित करती है और कम्पनी का वित्त वर्ष 1980–81 के बाद से लगातार लाभांश का भुगतान करने का ट्रैक रिकॉर्ड है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए फरवरी, 2020 में निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर (10 / – प्रत्येक के अंकित मूल्य पर) 13.45 रूपए का अंतरिम लाभांश (अर्थात कुल 94.05 करोड़ रूपए की चुकता पूंजी पर 134.50 प्रतिशत) जिसकी कुल राशि 126.50 करोड़ रूपए (लगभग) है, घोषित किया गया था। इस लाभांश का भुगतानसभी शेयरधारकों को 2 मार्च, 2020 को कर दिया गया था।

इसके अलावा, निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में अर्जित लाभ में से 2 / – रूपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 2.06 रूपए (अर्थात 94.05 करोड़ रूपए की चुकता पूंजी पर 103 प्रतिशत), कुल राशि 96.87 करोड़ रूपए, का अंतिम लाभांश चुकता किए जाने की सिफारिश की गई थी जो शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने की शर्त पर थी। वित्त अधिनियम, 2020 में किए गए संशोधनों के अनुसरण में प्रस्तावित अंतिम लाभांश लागू दरों के अनुसार स्रोत पर कर कटौती की शर्त पर है।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2019–20 में कुल लाभांश की राशि का योग 223.38 करोड़ रूपए (अनुमानित) (अर्थात 94.05 करोड़ रूपए की चुकता पूंजी पर 237.50 प्रतिशत) है, जो कर पश्चात लाभ का 45.60 प्रतिशत तथा 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कम्पनी की निवल सम्पति का 5.37 प्रतिशत है। अनुमोदन और भुगतान के पश्चात वित्तीय वर्ष 2019–20 तक शेयरधारकों को चुकता किए गए संचयी लाभांश का योग 1918.32 करोड़ रूपए (लगभग) हो जाएगा।

लाभांश की घोषणा लाभांश वितरण नीति के अनुसार की गई है जिसकी रूपरेखा भारतीय प्रतिभूति विनियम बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015, यथा संशोधित (सूचीकरण विनियम) तथा निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा ''केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों की पूंजी पुनःसंरचना'' से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया था।

शेयर पूंजी / डिमैटियरलाइजेशन

वर्ष 2019–20 के दौरान कम्पनी के सदस्यों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से 10 / – रूपए के अंकित मूल्य प्रत्येक के एक (1) इक्विटी शेयर को 2 / – रूपए अंकित मूल्य प्रत्येक के पांच (5) शेयरों में विभाजित करने का अनुमोदन प्रदान किया गया था तथा इसके परिणामस्वरूप कम्पनी संगम अनुच्छेद के पूंजी खंड में संशोधन किए गए थे। शेयर के अंकित मूल्य में परिवर्तन किए जाने का प्रभाव उन स्टाक एक्सचेंजों में शेयर के मूल्य पर हुआ था जहां कम्पनी 2 / – रूपए अंकित मूल्य प्रत्येक के शेयरों के लिए 3 अप्रैल,2020 से सूचीबद्ध (बीएसई तथा एनएससी) है तथा शेयर के 2 / – रूपए प्रत्येक अंकित मूल्य के संबंध में कार्पोरेट कार्रवाई 8 अप्रैल, 2020 को पूरी कर ली गई थी क्योंकि इसके उद्देश्य से रिकार्ड तिथि 7 अप्रैल, 2020 थी। तदनुसार कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी को 2 / – रूपए मूल्य प्रत्येक के 200 करोड़ शेयरों के प्रति 400 रूपए के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था तथा कम्पनी की जारी एवं चुकता शेयर पूंजी 2 / – रूपए मूल्य प्रत्येक 470,257,870 इक्विटी शेयरों के प्रति 94.05 करोड़ रूपए है।

30 जून, 2020 की स्थिति के अनुसार सभी शेयर (भौतिक रूप में धारित 410 शेयरों के अलावा) डिमैटियरलाइज स्वरूप में धारण किए गए हैं तथा शेयरों के डिमैटियरलाइजेशन का विवरण कार्पोरेट शासन रिपोर्ट में दिया गया है।

आईपीओ / एफपीओ के माध्यम से विनिवेश

भारत सरकार द्वारा कम्पनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में से 10.53 प्रतिशत विनिवेश आईपीओ के माध्यम से किया गया था। कम्पनी के शेयर बीएसई तथा एनएसई में सूचीबद्ध हैं तथा आईपीओ के पश्चात भारत के राष्ट्रपति द्वारा धारित कम्पनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का भाग 89.18 प्रतिशत है।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार बाजार मूल्य के आधार पर इरकॉन इंटरनेशल लिमिटेड (इरकॉन) 500 सर्वोच्च सूचीबद्ध कम्पनियों में शामिल है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार इसका बाजार पूंजी भाग 3,584 करोड़ रूपए था।

इसके अलावा, 'सूचीकरण विनियमों' के अंतर्गत इरकॉन से एक सूचीबद्ध इकाई के रूप में प्रतिभूति अनुबंध (विनियम) नियमावली, 1957 के नियम 19(1) तथा 19(2) के अंतर्गत न्यूनतम पब्लिक शेयरधारित (एमपीएस) अपेक्षाओं का अनुपालन करने की अपेक्षा की गई है। सेबी ने इस एमपीएस अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए अगस्त, 2020 तक के लिए अनुमति प्रदान की है। इस प्रकार एमपीएस की 25 प्रतिशत अपेक्षाओं को पूरा करने सरकार से अपनी शेयरधारिता का कम से कम 14.18 प्रतिशत फर्दर पब्लिक ऑफर (एफपीओ) से बिक्री की जानी अपेक्षित है। तथापि, सेबी ने दिनांक 14 मई, 2020 के परिपत्र के अंतर्गत प्रचलित व्यापार एवं बाजार स्थितियों को विचार में लेकर ऐसी सूचीबद्ध कम्पनियों के संबंध में एमपीएस की अपेक्षाओं का अनुपालन करने के प्रति छूट प्रदान की गई है जिनकी निर्धारित तिथि

1 मार्च, 2020 से 31 अगस्त, 2020 के दायरे में आती है तथा स्टॉक एक्सचेंजों को सेबी के दिनांक 10 अक्तूबर, 2017 के परिपत्र में संकल्पित शास्ति कार्रवाई न करने का निदेश दिया गया है।

निवेश एवं लोक सम्पति विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा आईटीआई कैपिटल्स लिमिटेड को मर्चेंट बैंकर तथा क्राफर्ड बेयले एंड कंपनी को इरकॉन के इक्विटी शेयरों के विनिवेश के लिए विधि परामर्शदाता के रूप में स्टाक एक्सचेंज तंत्रव्यवस्था के माध्यम से प्रोमोटर द्वारा ऑफर फार सेल (ओएफएस) के माध्यम से करने के लिए नियुक्त किया गया है।

रिजर्व का अंतरण

निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2019—20 के लाभ में से 96.87 करोड़ रूपए के लाभांश के वितरण के पश्चात 240.41 करोड़ रूपए की राशि धारित करने का निर्णय लिया गया है।

पूंजीगत व्यय एवं नकदी स्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी द्वारा समेकित आधार पर मुख्यतः अंतर्देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की पूंजी परियोजनाओं पर 137.11 करोड़ रूपए का व्यय किया गया है जिसमें संयंत्र एवं मशीनरी के लिए 55.76 करोड़ रूपए भवन निर्माण के लिए 68.92 करोड़ रूपए तथा एसएपी ईआरपी के लिए 9.79 करोड़ का व्यय शामिल है। इतने विशाल व्यय के बावजूद भी कम्पनी अपने सकल नामे स्तर को वर्ष के दौरान स्थिर रखने में सफल रही है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार 2500.88 करोड़ रूपए के साथ सुदृढ़ बनी हुई है जिनमें से 769.04 करोड़ रूपए नकद तथा नकद समतुल्य हैं एवं 1,731.84 करोड़ रूपए अन्य बैंक शेष हैं जिनमें ग्राहक निधि की 1825.89 करोड़ रूपए भी शामिल हैं।

विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय

कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018—19 में अजिर्त 639.62 करोड़ रूपए मूल्य की विदेशी मुद्रा की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019—20 के दौरान 540.62 करोड़ रूपए मूल्य की विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है। वित्तीय वर्ष 2018—19 के दौरान विदेशी मुद्रा व्यय 607.6 करोड़ रूपए की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019—20 के दौरान 525.67 करोड़ रूपए हुआ है। इस प्रकार निवल विदेशी मुद्रा आय में 53.30 प्रतिशत अर्थात वित्तीय वर्ष 2018—19 में 32.01 करोड़ रूपए तथा वित्तीय वर्ष 2019—20 में 14.95 करोड़ रूपए की कमी है जो कि विदेशी परियोजनाओं से प्रचालनात्मक टर्नओवर घटने के कारण है।

कोविड— 19 का प्रभाव

कोविड—19 महामारी हमारे समय के वैश्विक स्वास्थ्य संकट को परिभाषित कर रही है और पूरे महाद्वीप में बहुत तेजी से फैल गई है। लेकिन यह स्वास्थ्य संकट से भी कहीं बहुत अधिक है और दुनिया भर के लोगों और अर्थव्यवस्थाओं पर इसका अभूतपूर्व प्रभाव पड़ रहा है। 24 मार्च, 2020 से भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी तालाबंदी के परिणामस्वरूप कोविड—19 महामारी और परिणाम के मद्देनजर, समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और इसलिए, कंपनी के परिचालन भी अछूते नहीं रहे हैं।

कोविड—19 के प्रकोप के कारण, कंपनी ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी लॉकडाउन निर्देशों के अनुपालन में सभी चल रही परियोजनाओं में अस्थायी रूप से परिचालन निलंबित कर दिए थे। इन राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन प्रतिबंधों ने परियोजना के निष्पादन, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान और लॉकडाउन अवधि के दौरान कर्मियों की अनुपलब्धता के कारण कंपनी के सामान्य संचालन को प्रभावित किया था। अब ज्यादातर परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं, कंपनी सभी आवश्यक उपायों के संदर्भ में कदम उठा रही है। व्यवसाय में आने वाली चुनौतियों के प्रभाव को कम करना तथापि कंपनी की दीर्घकालिक दिशात्मक प्राथमिकता है जो कोविड—19 के कारण है और परिचालन वातावरण पर इसका अपेक्षित प्रभाव पड़ता है, कंपनी की प्रमुख प्राथमिकताएं आपूर्ति श्रृंखला की बारीकी से निगरानी करना, नकदी का संरक्षण करना और निर्धारित लागतों को नियंत्रित करना होगा। जबकि कुछ विकास क्षेत्रों में निवेश जारी है।

कंपनी के कामकाज को सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार कर्मचारियों के लिए घर से कार्य करने और रोस्टर के साथ सुव्यवस्थित किया गया है। इसके अलावा, तेजी से काम करने के लिए अधिकारियों के बीच ई—ऑफिस को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से बैठकें सोशल डिस्टेंसिंग की व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही हैं। इसके अलावा, कंपनी ने कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप मानक परिचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) स्थापित की हैं।

कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर कोविड—19 के प्रभाव के बारे में अधिक जानकारी स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में प्रदान की गई है।

परियोजनाओं पर काम शुरू होने के साथ, कंपनी लगातार अपने परिचालनों की समीक्षा कर रही है और महामारी के कारण व्यर्थ गए समय के समायोजन के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। तथापि, प्रबंधन को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2020—21 में राजस्व और लाभप्रदता में कमी होगी, लॉकडाउन व्यवधान के प्रभाव का समय—समय पर आकलन किया जाएगा और चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रगति के रूप में सूचित किया जाएगा। कुछ लागत में कमी के उपाय, जैसे यात्रा और दौरे के खर्च में कमी, खर्च और कार्यालय के खर्च आदि को पहले ही लागू कर दिया गया है। राज्य और केंद्र सरकारों और स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किए जा रहे विभिन्न महामारी रोकथाम प्रयासों की सफलता पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसलिए यह इस स्तर पर विश्वसनीयता के साथ भविष्य के प्रभाव का पूर्वानुमान लगाने के लिए समय से पहले है। वैश्विक स्वास्थ्य महामारी का वास्तविक प्रभाव इससे भिन्न हो सकता है, जिसका अनुमान लगाया गया है, क्योंकि कोविड—19 स्थिति भारत और विश्व स्तर पर विकसित होती है। हालांकि, कंपनी भविष्य की आर्थिक परिस्थितियों के लिए किसी भी भौतिक परिवर्तन की बारीकी से निगरानी करना जारी रखेगी।

कंपनी ने महामारी से निपटने के लिए सभी एहतियाती उपायों को लागू करने की दिशा में कई पहल की हैं। इसमें प्रधान मंत्री नागरिक सहायता और आपातकालीन स्थिति निधि (पीएम केयर फंड) में राहत के लिए 20.50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता शामिल है। वित्त वर्ष

2019—20 के दौरान 5.01 करोड़ रुपये का योगदान है जिसमें कर्मचारियों द्वारा 51 लाख का योगदान और वर्ष के समापन के बाद 15.5 करोड़ रुपये का योगदान शामिल है।

वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले सामग्रीगत परिवर्तन एवं प्रतिबद्धताएं

वित्तीय वर्ष के दौरान तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात इस रिपोर्ट की तिथि तक केवल कोविड—19 के प्रभाव के अलावा कोई अन्य सामग्रीगत परिवर्तन अथवा प्रतिबद्धताएं कम्पनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित नहीं कर रही हैं।

ख. वित्तीय विवरण (स्टेंडएलोन तथा समेकित) और हरित पहल :

कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 10 जुलाई 2020 को आयोजित अपनी बैठक में वर्ष 2019—20 के लिए वित्तीय विवरणों (स्टेंडएलोन तथा समेकित) को अनुमोदित किया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 129(3) के प्रावधानों के अनुसार आपकी कंपनी ने (लाइन विधि के अनुसार) पांच सहायक कंपनियों यथा इरकॉन आईएसएल, इरकॉन पीबीटीएल, इरकॉन एसजीटीएल, इरकॉन डीएचएचएल तथा इरकॉन वीकेईएल (दिनांक 16.05.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि हेतु); और (इक्विटी विधि के अनुसार) सात संयुक्त उद्यम कंपनियों यथा आईआरएसडीसी, आईएसटीपीएल, सीईआरएल, सीईडब्ल्यूआरएल, एमसीआरएल, जेसीआरएल तथा बीआरपीएल के साथ अपने समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार किया है। गैर—निगमित संयुक्त उद्यमों के लेखों को वित्तीय वर्ष 2019—20 के लिए स्टेंडएलोन वित्तीय विवरण में शामिल किया गया है।

कंपनी इरकॉन के लेखों (स्टैंडएलोन तथा समेकित) तथा इसकी सहायक कंपनियों (इरकॉन आईएसएल, इरकॉन पीबीटीएल इरकॉन एसजीटीएल इरकॉन डीएचएचएल तथा इरकॉन वीकेईएल) के वित्तीय विवरणों को अपनी वेबसाइट (www.ircon.org) पर उपलब्ध कराएगी। इसके अतिरिक्त, फॉर्म एओसी—1 में पांच सहायक कंपनियों और सात संयुक्त उपक्रम कंपनियों के वित्तीय विवरणों की प्रमुख विशेषताओं वाला विवरण वित्तीय विवरणों में संलग्न है।

वर्तमान कोविड—19 महामारी के मद्देनजर वित्तीय विवरणों की भौतिक प्रतियों (नोटिस, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट या संलग्न किए जाने के लिए आवश्यक अन्य दस्तावेजों सहित) को भेजने के कारण, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निर्धारित किया है कि इस तरह के विवरण केवल उन सदस्यों को ई—मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे, जिनके ईमेल कंपनी के साथ या डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ डिपॉजिटरी और अन्य सभी व्यक्तियों के लिए पंजीकृत हैं, जो इसके लिए पात्र हैं।

उपर्युक्त रियायत और हरित पहलों के भाग के रूप में, उन शेयरधारकों को वार्षिक साधारण बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रानिक सुपुर्दगी प्रदान की गई है, जिनका ई—मेल आईडी संबंधित डिपॉजिटरी भागीदारों के पास पहले से पंजीकृत है और जिन्होंने भौतिक रूप में वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने का विकल्प नहीं दिया है। इन अभिलेखों को कंपनी की वेबसाइट और स्टॉक एक्सजेंचों यथा बीएसई और एनएसई में उपलब्ध कराया गया है।

ग प्रबंधन और विश्लेषण

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट की प्रस्तुति सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की अनुसूची 5 और लोक उद्यम विभाग दिशानिर्देशों के साथ पठनीय विनियम 34 के अंतर्गत अपेक्षित है जो रिपोर्ट (पृष्ठ 36) में संलग्न है और यह संदर्भ और स्वरूप के अंतर्गत रिपोर्ट का एक अभिन्न भाग है। यह वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था, उद्योग और भविष्य के दृष्टिकोण, कंपनी के मामले, इसकी गुणवत्ता के मानक, इसकी कानूनी स्थिति और स्वायत्तता, वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन, वित्त वर्ष 2020 में शुरू की गई परियोजनाएं और आगामी परियोजनाएं, शक्तियां, कार्य स्कोप और अवसर, प्रमुख चिंता के क्षेत्र, कोविड—19 के प्रति प्रतिक्रिया, व्यापार रणनीतियों, जोखिम प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता के साथ—साथ मानव संसाधन में सामग्रीगत विकास का विहंगावलोकन प्रस्तुत करते है।

घ. बाह्य पर्यावरणीय समष्टि अर्थव्यवस्था स्थितियां

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जनवरी 2020 में विश्व आर्थिक आउटलुक में 2019 में 2.9 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 2020 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। वैश्विक वृद्धि के लिए अनुमानित रिकवरी के प्रति अनिश्चितता बनी रही क्योंकि इसे उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में तनावग्रस्त और कमजोर होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में सुधार को विचार में लेकर उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि से वर्तमान स्तरों के करीब स्थिर होने की संभावना थी।

तथापि, वित्त वर्ष 2019—20 के आखिरी तीन महीनों में कोरोना वायरस (कोविड—19) महामारी के कारण विश्व में नाटकीय रूप से बदलाव आया है जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मानव जीवन की क्षति हुई है। जैसा कि देशों ने महामारी को रोकने के लिए आवश्यक संगरोध और सोशल डिस्टेंटिंग व्यवहारों को लागू किया है, जिससे सम्पूर्ण विश्व लॉकडाउन हो गया है। क्रियाकलापों में पतन की तीव्रता एवं इसकी गति हमारे जीवनकाल में अनुभव की गई किन्हीं भी स्थितियों से पूर्णत भिन्न हैं।

यह वास्तव में एक वैश्विक संकट है क्योंकि कोई भी देश इससे अछूता नहीं है। पर्यटन, यात्रा, आतिथ्य और उनके विकास के लिए मनोरंजन पर निर्भर देश विशेष रूप से बड़े व्यवधानों का सामना कर रहे हैं। उभरते हुए बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को पूंजी जोखिम में अभूतपूर्व उलटफेर के साथ अपनी कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से जूझने के साथ साथ बढ़ते हुए वैश्विक जोखिमों एवं मुद्रा बाध्यताओं के कारण, सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध सीमित धन के साथ अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, कई अर्थव्यवस्थाओं को धीमे विकास और उच्च ऋण स्तर के साथ कमजोर स्थिति में इस संकट का मुकाबला करना पड़ा है।

अनेक देशों के सम्मुख अनेक प्रकार के संकट — स्वास्थ्य संकट, वित्तीय संकट, और कमोडिटी की कीमतों में गिरावट, जो जटिल

परिस्थितियों में प्रक्रिया करती हैं, व्याप्त हैं। नीति निर्धारक घरों, फर्मों और वित्तीय बाजारों को अभूतपूर्व सहायता प्रदान कर रहे हैं और जबकि यह एक मजबूत रिकवरी के लिए महत्वपूर्ण है, परन्तु साथ ही यह अनिश्चितता भी है कि जब हम इस लॉकडाउन से उभरेंगे तो आर्थिक परिदृश्य कैसा दिखेगा।

आर्थिक दृष्टिकोण

जैसे–जैसे प्रतिबंधों में छूट दी जाती है, आर्थिक सुधार का मार्ग संक्रमणों के बाद की लहर के लिए अत्यधिक अनिश्चित और असुरक्षित रहता है। इस वर्ष व्यापक रूप से उपलब्ध होने वाली इसकी दवा की थोड़ी संभावना और अभूतपूर्व अनिश्चितता का सामना करने के साथ, ओईसीडी ने जून 2020 के दृष्टिकोण में दो समान रूप से संभावित परिदृश्य प्रस्तुत करने का असामान्य कदम उठाया है जिसमें वायरस को नियंत्रण में लाया जा सकता है, जिसमें से एक के अंत से पहले एक दूसरा वैश्विक प्रकोप होने से पूर्व इस संकट से उबरने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। यदि किसी दूसरे ऐसे प्रकोप से लॉकडाउन की स्थिति उत्पन्न होती है तो विश्व आर्थिक उत्पादन के बारे में इस वर्ष के लिए लगाए गए अनुमान 7.6 प्रतिशत की गिरावट झेलने के पश्चात 2021 में 2.8 प्रतिशत ही रिकवरी कर पाएंगे। इस चरमावस्था की स्थिति में , ओईसीडी अर्थव्यवस्थाओं में बेरोजगारी दर इस प्रकोप की स्थिति से पहले की तुलना में दोगुनी से अधिक होगी। यदि संक्रमण की दूसरी लहर से बचा जाता है, तो 2020 में वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में 6 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना है और ओईसीडी बेरोजगारी 2019 में 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 9.2 प्रतिशत हो सकती है।

दोनों परिदृश्यों में, रिकवरी के लिए तेजी से बहाली के बाद, उत्पादन को पूर्व–महामारी के स्तर पर वापस लाने में लंबा समय लगेगा, और संकट लंबे समय तक चलने वाले निशान छोड़ देगा – जीवन स्तर में गिरावट, उच्च बेरोजगारी और कमजोर निवेश। पर्यटन, आतिथ्य और मनोरंजन जैसे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में नौकरी की हानि, विशेष रूप से कम कुशल, युवा और अनौपचारिक श्रमिकों को प्रभावित करेगी।

वैश्विक अर्थव्यवस्था अब सरकारों के लिए एक स्वतः तेज उछाल आने की संभावना के साथ यह एक दयनीय स्थिति है। कोरोना वायरस और इससे उत्पन्न आर्थिक प्रभाव को दूर करने के लिए सरकारों को तेजी से और बल लगाकर काम करने की आवश्यकता है। सहायक समष्टि अर्थव्यवस्था नीतियां आत्मविश्वास को बहाल करने और वायरस के प्रकोप मांग की वसूली में सहायता की स्थिति की रिकवरी में सहायक हो सकती हैं।

ड. इंजीनियरिंग एवं निर्माण उद्योग – वैश्विक इंजीनियरिंग एवं निर्माण उद्योग

अवसंरचना किसी भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण वाहक है। बिजली, सड़क, पानी की व्यवस्था, सार्वजनिक उपयोगिताओं, हवाई अड्डों, रेलवे, और दूरसंचार आवश्यक सेवाएं हैं जो व्यापार और गतिशीलता को नियंत्रित करके आर्थिक क्रियाकलाप आगे बढ़ाते हैं।

इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग के एक भाग में अवसंरचना पर खर्च में वृद्धि, आगे और पिछड़े दोनों लिंकेज की वजह से समग्र आर्थिक विकास पर गुणक प्रभाव डालती है, क्योंकि इससे औद्योगिक विकास और विनिर्माण की मांग की पूर्ति होती है। बदले में यह, जीवन शैली की स्थिति में सुधार लाकर सामूहिक मांग को तीव्रता प्रदान करता है।

सरकारों और व्यवसायों के बीच व्यापक सहमति अवसंरचना की गुणवत्ता में वृद्धि आर्थिक विकास के लिए एक अनिवार्यता है, लेकिन औसतन देशों में कम निवेश किया जा रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार, अवसंरचना में 2040 तक विश्व भर में निवेश अमेरिकी डालर 79 ट्रिलियन होने की उम्मीद है। तथापि, वास्तविक वैश्विक निवेश की आवश्यकता अमेरिकी डालर 97 ट्रिलियन के करीब है। अमेरिकी डालर 18 ट्रिलियन के इस अंतर को पूरा करने के लिए, औसत वार्षिक वैश्विक अवसंरचना निवेश को प्रति वर्ष लगभग 23 प्रतिशत बढ़ाना होगा। इस अंतर के लिए सड़क और बिजली क्षेत्रों में अपर्याप्त निवेश को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

2019 के दौरान, इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग ने एक मजबूत वर्ष का अनुभव किया, और क्षेत्र में संगठनों को स्मार्ट, कनेक्टेड भविष्य के निर्माण में सक्रिय प्रतिभागियों के रूप में तैनात किया गया है। जबकि राजस्व लगातार बढ़ रहा है, नीचे की रेखाएं अभी भी काफी दबाव में हैं। उन चुनौतियों के बीच, जो उद्योग के सामने आने वाली लागत के दबावों, निरंतर श्रम की कमी है जो उत्पादकता को प्रभावित करती हैं, और निश्चित बोली परियोजनाओं की ओर रुझान जो अक्सर मूल्य निर्धारण और संचालन परिशुद्धता के स्तर की मांग करते हैं जो पारंपरिक प्रणालियों के साथ प्राप्त करना मुश्किल है। हालांकि उद्योग अभी भी व्यापक डिजिटल अंगीकार करने की दिशा में परिपक्व हो रहा है, डिजिटल प्रौद्योगिकियों को जारी रखने से इनमें से कुछ मुद्दों को फिर भी दूर किया जा सकता है।

उद्योग परिदृश्य

उपर्युक्त चुनौतियों के बावजूद, इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनियां उद्योग में कई महत्वपूर्ण अवसरों से संभावित लाभ के लिए तैयार हैं। 21 वीं सदी में उभरती प्रौद्योगिकियां और मेगाट्रेंड जैसे शहरीकरण व्यवसाय की प्रेरक ताकत हैं, और वे आज इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग के लिए अवसर प्रदान करते हैं। जो कंपनियाँ अपने व्यवसायों में डिजिटल इकोसिस्टम को एम्बेड करने की रणनीति का सफलतापूर्वक निर्माण और क्रियान्वयन करती हैं, वे संभावित रूप से वर्तमान में उद्योग का सामना करने वाले लागत दबाव और श्रम की कमी से बचे रहने के लिए बेहतर स्थिति में होंगी। इन कंपनियों को स्मार्ट शहरों के उदय का समर्थन करने के लिए अच्छी तरह से रखा जाएगा, और आगे आने वाले साल इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनियों के प्रमुखों के लिए अवसर लाएंगे।

2020 की पहली छमाही में अवसंरचना के वित्तपोषण की अत्यधिक संभावना हो सकती है। कोविड–19 की समस्या से निपटने के तत्काल पश्चात, संकट प्रबंधन से ध्यान हटाने की आवश्यकता होगी ताकि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को विकास के लिए पर्याप्त अवसंरचना में निवेश करने में और भविष्य के प्रकोपों के प्रभाव को रोकने और कम करने के लिए सहायता मिल सके।

च. आर्डर बुक

कंपनी जिस उद्योग से संबंधित है, उसमें ऑर्डर बुक को भविष्य का एक संकेतक माना जाता है क्योंकि यह प्रत्याशित भविष्य के राजस्व के एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। कंपनी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज, दोनों, में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है और रेलवे मंत्रालय द्वारा नामांकन के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बोली–प्रक्रिया दोनों पर आदेश प्राप्त करती है , जबकि, हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को परियोजनाएँ आवंटित करने पर रेल मंत्रालय ने अपनी नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। उन्होंने रेलवे के कार्यों के निष्पादन के लिए पात्र सार्वजनिक उपक्रमों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक बोली लगाने की एक प्रणाली शुरू की है, जिसका उद्देश्य है। इरकॉन को ऐसी बोली प्रक्रिया में सफल होने की उम्मीद है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी ने 633.48 करोड़ रुपये के कार्यों को सुरक्षित किया है। 31 मार्च, 2020 तक की ऑर्डर बुक 31 मार्च, 2019 में 33,901 करोड़ रुपये (लगभग) की तुलना में 30,713 करोड़ रुपये (लगभग) थी। 30.06.2020 की स्थिति के अनुसार आर्डर बुक 30,263 करोड़ रुपये (लगभग) थी।

छ. इरकॉन समूह निष्पादन के संदर्भ में परिचालन एवं निष्पादन

पिछले वर्ष की तुलना में 12.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, इरकॉन ('समूह')) ने 5391.51 करोड़ रुपये (पिछले वर्षः 4798.43 करोड़ रुपये) का कारोबार किया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू परियोजनाओं के कारोबार में वृद्धि के कारण है।

चालू वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान समूह ब्याज,आय, मूल्यह्रास एवं परिशोधन से पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) 773.58 करोड़ रुपये (पिछले वर्षः 678.96 करोड़ रुपये) थी जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.94 प्रतिशत की वृद्धि थी। ब्याज,आय, मूल्यह्रास एवं परिशोधन से पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) मुख्य रूप से कर पूर्व लाभ में वृद्धि, ब्याज लागत और परिशोधन खर्चों के कारण बढ़ा है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, समूह ने 485.31 करोड़ रुपये (पिछले वर्षः 450.07 करोड़ रुपये) के कर के बाद एक समेकित लाभ को प्राप्त किया है, जो प्रति शेयर 51.60 (पिछले वर्ष 47.85) की मूल आय है।

पिछले वर्ष की तुलना में 35.24 करोड़ रुपये लाभ अधिक था।

घरेलू परियोजनाएं

निगमन के बाद से, कंपनी ने विभिन्न अवसंरचना क्षेत्रों में विविधता ला दी है और यह अब रेलवे और राजमार्ग निर्माण के क्षेत्र में एक स्थापित खिलाड़ी है। इसके अलावा, यह वाणिज्यिक और आवासीय परिसरों, बिजली पारेषण लाइनों, औद्योगिक प्रकाश व्यवस्था, पुल और फ्लाईओवर, सुरंगों, बिजली और यांत्रिक कार्य, सिग्नलिंग और दूरसंचार, कोच फैक्ट्री, स्टेशन भवन, मल्टी फंक्शन कॉम्प्लेक्स और हवाईअड्डों के निर्माण जैसे कई अन्य क्षेत्रों में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। विभिन्न क्षेत्रों में परियोजना पोर्टफोलियो के विविधीकरण ने हमें निर्माण व्यवसाय को खत्म करने और किसी भी क्षेत्र या परियोजना के प्रकार पर हमारी निर्भरता को कम करने में मदद की है।

पूर्ण परियोजनाएं

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, भारत में निम्नलिखित परियोजनाएं पूरी की गई हैंः

1. रेल मंत्रालय के लिए 2,605 करोड़ रुपये के मूल्य पर अतिरिक्त कार्यों सहित रायबरेली में नए रेल कोच कारखाने की स्थापना।
2. 671 करोड़ रुपये के मूल्य पर बिहार सरकार के रेल मंत्रालय के लिए बिहार राज्य में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण।
3. 649 करोड़ रुपये के मूल्य पर राजस्थान सरकार के रेल मंत्रालय के लिए राजस्थान राज्य में आरओबी का निर्माण।

जारी परियोजनाएं :

पश्चिम एक्सप्रेस राजमार्ग, बांद्रा पूर्व, मुम्बई में 99 वर्ष के लिए 4.3 हेक्टेयर रेलवे भूमि का वाणिज्यिक विकास

कंपनी ने 26 मार्च, 2018 को एक समझौता ज्ञापन किया है , जिसमें भूखंडों के वाणिज्यिक विकास के लिए इरकॉन को पट्टे के अधिकार के हस्तांतरण के लिए रेल भूमि विकास प्राधिकरण के साथ 4.3 (चार प्वांइट तीन) माप के भूखंड के वाणिज्यिक विकास के लिए बांद्रा पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र के लिए पट्टे के प्रीमियम के अधिकार के प्रति इरकॉन को पट्टे के अधिकार अंतरित किए गए हैं। अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए, इरकॉन रेल भूमि विकास प्राधिकरण से अपफ्रंट लीज प्रीमियम के कुल 3 प्रतिशत (तीन प्रतिशत) के बराबर शुल्क स्वरूप राशि प्राप्त करने का हकदार है, जिसके लिए इरकॉन, रेल भूमि विकास प्राधिकरण तथा भारतीय रेलवे वित्त निगम लिमिटेड द्वारा एक त्रिपक्षीय ऋण समझौता क्रियान्वित किया गया था।

भारत में चल रही प्रमुख परियोजनाओं की एक सूची परिशिष्ट–क में दी गई है।

भावी परियोजनाएं

आने वाले समय में, इरकॉन रेलवे, राजमार्ग और सुरंग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण घरेलू परियोजनाएँ शुरू करने के लिए तत्पर है। इनमें मुंबई – अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का कार्यान्वयन शामिल है जो जापान से निधियन के साथ किया जाना है, बीओटी, ईपीसी और एचओसी आधार पर राजमार्ग परियोजनाएं, परामर्शी कार्य, सुरंग परियोजनाएं और प्रतिस्पर्धी बोली पर रेलवे कार्य शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाएंः

कुल राजस्व में विदेशी परियोजनाओं का अंशदान वित्तीय वर्ष 2018 में लगभग 12.92 प्रतिशत से कम होकर वित्तीय वर्ष 2020 में 8.75 प्रतिशत हो गया है। विदेशी परियोजना आय में कमी दक्षिण अफ्रीका में विदेशी परियोजना के समाप्त होने के कारण है और वर्ष 2019–20 के आरंभ में श्रीलंका रेलवे प्राप्त नई परियोजना के अतिरिक्त कोई अन्य आर्डर प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद, विदेशों में परियोजनाओं के राजस्व में कमी को घरेलू बाजार में हमारे अच्छे निष्पादन द्वारा आंशिक रूप से पूरा किया गया है, और हम बांग्लादेश, अल्जीरिया और श्रीलंका में चालू परियोजनाओं सहित विदेश में नई

परियोजनओं में सक्रीय रूप से भाग ले रहे हैं। अपने व्यवसाय में विविधता और भौगोलिक विशिष्टता को जारी रखकर, कंपनी अपने व्यवसाय की मात्रा और लाभ मार्जिनों को अधिकतम बनाने के लिए व्यापक शृंखला में परियोजनाएं प्राप्त करने के प्रति अग्रसर है।

चालू परियोजनाएंः

कंपनी विदेश में निम्नलिखित तीन परियोजनाओं को निष्पादित कर रही हैः

1. बांग्लादेश

911 करोड़ रूपए (148.82 मिलियन अमरीकी डालर) और संशोधित लागत 175.75 मिलियन अमरीकी डालर (1338 करोड़ रूपए) के मूल्य पर बांग्लादेश रेलवे के लिए खुलना–मोंगला पोर्ट रेल लाइन के निर्माण परियोजना के अंतर्गत पैकेज डब्ल्यूडी–1 के प्रति इम्बार्कमेंट, रेलपथ, सभी सिविल कार्य, प्रमुख और गौंण पुल (रूपशा को छोड़कर) तथा पुलिया के निर्माण और ईएमपी के क्रियान्वयन कार्य। मार्च 2020 तक भौतिक प्रगति 52.42 प्रतिशत है। यह कार्य मार्च 2016 में आरंभ हुआ और इस कार्य के सितंबर 2020 तक पूरा होने की संभावना है।

हालांकि, यह वर्तमान स्वास्थ्य महामारी के कारण और आगे बढ़ सकता है।

न. समझौता ज्ञापन रेटिंग / पुरस्कार

लोक उद्यम विभाग दिशानिर्देशों के संदर्भ में रेल मंत्रालय और इरकॉन के बीच समझौता ज्ञान किया जाता है

जिसके अंतर्गत चयनित मापदंडों पर नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले तय किए गए लक्ष्य और परिणाम को मापने के लिए वर्ष के अंत के बाद मूल्यांकन किया जाता है। वर्ष 2018–19 के समझौता ज्ञापन मापदंडों और प्रदर्शन के आधार पर, कंपनी को 'उत्कृष्ट' वर्ग प्रदान किया गया है। वर्ष 2019–20 के लिए समझौता ज्ञापन का मूल्यांकन अभी नहीं हुआ है।

कंपनी को वर्ष 2019–20 के दौरान निम्नलिखित पुरस्कार मिले हैं:

क्र.सं.	अवार्ड प्राप्ति की तिथि	अवार्ड का नाम	वर्ग / परियोजना
1	24.04.2019	सातवां फिक्की क्वालिटी सिस्टम एक्सीलेंस अवार्ड फार इंडस्ट्री	गुणवत्ता व्यवस्था में उत्तम व्यवहारों के लिए प्रशस्ती पत्र
2	25.10.2019	16वां आईसीएमएआई नेशनल अवार्ड फार एक्सीलेंस इन कॉस्ट मैनेजमेंट	अवसंरचना एवं निर्माण सेवाएं (प्रथम स्थिति)
3	20.12.2019	ईटी नॉव : स्टार्स आफ द इंडस्ट्री अवार्ड	प्रतिभा नेतृत्व अवार्ड – मानव संसाधन में उत्कृष्ता के लिए
4	06.01.2020	गोल्डन पीकॉक अवार्ड	जोखिम प्रबंधन
5	16.02.2020	ईटी नॉव : वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस अवार्ड	राष्ट्रीय उत्तम नियोक्ता ब्रांड
6	19.02.2020	7वां पीएसयू गवर्नेंस नॉव अवार्ड	भौगोलिक रणनीतिक पहुंच में संवर्धन के लिए
7	04.03.2020	गोल्डन पीकॉक अवार्ड	कार्पोरेट सामाजिक दायित्व
8	29.06.2019	स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट	शिवपुरी – गुना राजमार्ग परियोजना
9	29.06.2019	स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट	स्वचालित एनटीसी मशीन से ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया की तंत्रव्यवस्था
10	29.06.2019	स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट	क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण (एचआरएम)

इसके अलावा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरकॉन को निम्नलिखित अवार्ड प्रस्तुत किए गए थेः–

क्र.सं.	अवार्ड प्राप्ति की तिथि	अवार्ड का नाम	वर्ग
1	30.04.2019	इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनोमिक स्टडीज (आईईएस) अवार्ड, श्रीलंका	उत्कृष्ट वैश्विक नेतृत्व के लिए
2	20.12.2019	ईटी नॉव : स्टार्स आफ द इंडस्ट्री अवार्ड	मानव संसाधन अनुकूलन के साथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी
3	16.02.2020	ईटी नॉव : वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस अवार्ड	वर्ष के दौरान व्यापार नेतृत्व
4	19.02.2020	7वां पीएसयू गवर्नेंस नॉव अवार्ड	पीएसयू नेतृत्व

प्रश्न. लेखापरीक्षक

सांविधिक लेखापरीक्षक

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति निम्नानुसार की गई है :

सांविधिक लेखा परीक्षक	
के.जी. सोमानी एंड कम्पनी	कम्पनी के लिए पूर्ण रूप से

भारतीय परियोजनाओं के लिए भाखा लेखापरीक्षक	
के. जी. बोथरा एंड कम्पनी, कोलकाता	पूर्वी क्षेत्र के अंतर्गत सभी परियोजनाएं
प्रसाद आजाद एंड कम्पनी, नई दिल्ली	उत्तरी क्षेत्र के अंतर्गत सभी परियोजनाएं
गुप्ता गुप्ता एंड एसोसिएट्स,श्रीनगर	जम्मू व कश्मीर क्षेत्र के अंतर्गत सभी परियोजनाएं
के.डी.एस. एंड कम्पनी, मुम्बई	मुम्बई क्षेत्र के अंतर्गत सभी परियोजनाएं
टोडी तुल्सयान एंड कम्पनी	पटना क्षेत्र के अंतर्गत सभी परियोजनाएं

अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए शाखा लेखापरीक्षक	
मैसर्स कर्बल अहमाने	अल्जीरिया परियोजना
मैसर्स जयसिंहे एंड कम्पनी	श्रीलंका परियोजना
मैसर्स तोहा खान जमान एंड कं.	बांग्लादेश परियोजना

* मोजाम्बिक, अफगानिस्तान, इथोपिया, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया तथा भूटान में पूर्ण की गई विदेशी परियोजनाओं का लेखा परीक्षण कार्पोरेट कार्यालय के सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा किया गया था।

लागत लेखापरीक्षक

कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा मैसर्स आर.एम.बंसल एंड कंपनी, लागत लेखाकार की सेवाएं वित्तीय 2019–20 के लिए कम्पनी के लागत लेखापरीक्षक के रूप में कम्पनी द्वारा अनुरक्षित लागत रिकार्ड का लेखापरीक्षण लागू नियमों/दिशानिर्देश नोटों इत्यादि के अनुसार करने के लिए प्राप्त की गई हैं।

साचिवीय लेखापरीक्षक

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 24ए के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा मैसर्स कुमार नरेश सिन्हा एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव की सेवाएं कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2019–20 का साचिवीय लेखापरीक्षण करने के लिए साचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में प्राप्त की गई हैं।

आंतरिक लेखापरीक्षक

निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए आंतरिक लेखापरीक्षक की सेवाएं निम्नलिखित से प्राप्त की गई हैं:–

अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए कम्पनी के कर्मचारियों को लेखापरीक्षण का कार्य सौंपा गया है।

ऋणों, गारंटियों अथवा निवेशों का विवरण

इरकॉन द्वारा अवसंरचना निर्माण के कार्य किए जाते हैं तथा इसे कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची 6 के साथ पठनीय धारा 186(11)(क) के संबंध में धारा 186 {धारा 186 की उप–धारा (1) के अलावा} के प्रावधानों के अनुपालन से छूट प्राप्त है।

कम्पनी द्वारा अपनी सहायक कम्पनियों एवं संयुक्त उद्यम कम्पनियों के संबंध में वर्ष 2019–20 के दौरान किए गए निवेश, दिए गए ऋण एवं दी गई गारंटियों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के नोट का भाग है।

जमा

वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किए गए हैं।

भारतीय परियोजनाओं का आंतरिक लेखापरीक्षण	
मैसर्स रवि रंजन एंड कम्पनी, सनदी लेखाकार	कार्पोरेट कार्यालय
मैसर्स एसपीएमआर एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार	उत्तरी क्षेत्र
मैसर्स केशरी एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार	पूर्वी क्षेत्र
मैसर्स दिनेश के यादव एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार	पटना क्षेत्र
मैसर्स एमकेपीएस एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार	मुम्बई क्षेत्र
मैसर्स हेम संदीप एंड कं., सनदी लेखाकार	जम्मू व कश्मीर क्षेत्र

त. वार्षिक विवरणों से उद्धृत अन्य प्रकटीकरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 (3) के साथ पठनीय धारा 134(3) के अनुसरण में फार्म एमजीटी–9 में कम्पनी की वर्ष 2019–20 की वार्षिक रिपोर्ट का सार संक्षेप पृष्ठ संख्या 146 पर प्रस्तुत किया गया है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्ग फार्म एमजीटी–7 में वर्ष 2019–29 की कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर निवेशक खंड में उपलब्ध है।

निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ)

कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों एवं उनके अंतर्गत निर्मित्त नियमों का पूरी तरह से अनुपालन किया गया है। आईईपीएफ प्राधिकरण से संव्यवहार तथा उससे संबंधित अनुपालन के लिए कम्पनी सचिव नोडल अधिकारी हैं।

आईईपीएफ में स्थानांतरण के लिए कोई राशि देय नहीं है, और इसका उल्लेख कॉर्पोरेट प्रशासन की रिपोर्ट में भी किया गया है। इसके अलावा, डीमैट सस्पेंस अकाउंट / दावा न किए गए सस्पेंस अकाउंट /दावा न किए गए लाभांश का विवरण लागू नहीं है और कॉर्पोरेट गवर्नेस रिपोर्ट में इसका प्रकटीकरण कर दिया गया है।

साचिवीय मानक

वर्ष के दौरान, कंपनी इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा जारी लागू सचिवीय मानकों का अनुपालन कम्पनी द्वारा किया गया है।

विनियामकों अथवा न्यायालयों अथवा टिब्यूनलों द्वारा पारित ऐसे आदेश जिनसे कम्पनी की गोइंग कंसर्न तथा कम्पनी के परिचालनों को भविष्य में प्रभावित हो सकती है

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के भविष्य की गोइंग कंसर्न स्थिति और इसके परिचालनों को प्रभावित करने वाले कोई आदेश विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित नहीं किए गए हैं।

व्यवसाय की प्रकृति में बदलाव

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई भौतिक परिवर्तन नहीं हुआ।

साचिवीय लेखापरीक्षण रिपोर्ट

कंपनी नियमावली (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक), 2014 के नियम 9 के साथ पठनीय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अंतर्गत फार्म एमआर–3 में अपेक्षित साचिवीय लेखापरीक्षक की "साचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट" पृष्ठ 163 पर प्रस्तुत की गई है।

साचिवीय लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अर्हता, आरक्षण अथवा प्रतिकूल टिप्पणियां

सचिवीय ऑडिटर रिपोर्ट में अर्हता के संबंध में प्रबंधन प्रतिक्रिया और वर्ष 2019– 20 के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन पृष्ठ संख्या 166 में प्रस्तुत किया गया है।

लाभांश वितरण नीति

सूचीकरण विनियमों के विनियम 43ए के उपबंधों और "केन्द्रीय लोक उद्यमों की पूंजी पुन–संरचना" के संबंध में निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम), वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा लाभांश वितरण नीति का निर्माण एवं अंगीकरण किया गया है। उक्त नीति इस रिपोर्ट में संलग्न है (पेज नंबर 167 पर) और कंपनी की वेबसाइट www.ircon.org पर भी उपलब्ध है।

सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणियां

वित्त वर्ष 2019–20 के लिए वित्तीय विवरणों पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट (स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण दोनों) वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में अलग–अलग संलग्न हैं। वित्त वर्ष 2019–20 के लिए आपकी कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ अभी प्राप्त नहीं हुई हैं।

थ. आभार अभिव्यक्ति

कंपनी के निदेशक रेलवे, सड़क परिवहन और राजमार्ग, विदेश मंत्रालय, वित्त, वाणिज्य, शहरी विकास और अन्य मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों के मंत्रालयों से प्राप्त सहायता और सहयोग के लिए अपनी प्रशंसा और धन्यवाद व्यक्त करना चाहते हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, भारतीय रिजर्व बैंक, सांविधिक, शाखा, सचिवीय और आंतरिक लेखा परीक्षकों, कंपनी के बैंकरों, भारतीय दूतावासों और विदेश मिशनों और भारत में विदेशी मिशनों और दूतावासों, एक्जिम बैंक, निर्यात ऋण और गारंटी निगम के कार्यालय आप्रवास संरक्षक पासपोर्ट प्राधिकरण, और भारत और विदेश, दोनों, में हमारे सम्मानित ग्राहक सक्रिय समर्थन के बिना समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी की उपलब्धियों का प्राप्त होना संभव नहीं था, के प्रति आभार अभिव्यक्त करते हैं ।

हम कंपनी के सभी कर्मचारियों के लिए उनके अथक प्रयासों, समर्पण, और कंपनी के प्रदर्शन और लाभप्रदता में सुधार के उद्देश्य से सभी स्तरों पर अपनाई गई सत्यनिष्ठा की सराहना करते हैं।

कृते तथा निदेशक मंडल की ओर से

हस्ताक्षर

(एस.के.चौधरी)

दिनांक : 31.08.2020
स्थल : नई दिल्ली

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 00515672)

परिशिष्ट – क

भारत में प्रमुख चालू परियोजनाएं

क्र. सं.	श्रेणी	परियोजना का नाम	परियोजना/ संशोधित मूल्य
1	रेलवे	उत्तरी रेलवे के लिए धरम–काजीगुंड खंड (इरकॉन भाग) एवं धरमःश्रीनगरःबेरा आरएलपी परियोजना।	13,359
2	रेलवे	छत्तीसगढ ईस्ट–वेस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईडब्ल्यूआरएल) के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में गेवरा रोड से पेडंरा रोड के बीच ईस्ट–वेस्ट गलियारे के व्यवहार्यता अध्ययन के परिणामस्वरूप लगभग 135 किमी गेवरा रोड से पेंडरा रोड के बीच पूर्वी–पश्चिम गलियारे के कॉरिडार–III का निर्माण कार्य।	3,198
3	रेलवे	उत्तर फ्रंटियर रेलवे के लिए सिवोक रंगपो नई रेल लाइन परियोजना	4,085
4	रेलवे	छत्तीसगढ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के लिए छत्तीसगढ राज्य में खरसिया से धरमजयगढ के बीच पूर्वी गलियारे के कॉरीडोर–1 तथा स्पर लाइन का निर्माण सीईआरएल (सीईआरएल–II) के लिए धरमजयगढ से कोबरा (उरगा) के बीच नई बीजी विद्युतीकृत रेल लाइन का निर्माण।	1,855 1138
5	रेलवे	बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड (बीआरपीएल) द्वारा चिह्नित रेल संपर्क परियोजनाओं का निष्पादन।	1,466
6	रेलवे	डेडिकेटिड फंटियर कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के लिए समर्पित मालशड़ा गलियारा परियोजना, सीटीपी–12 के वैतर्णी–सचिन खंड का अभिकल्प तथा सिविल निर्माण, भवन तथा रेलपथ निर्माण कार्य।	2171
7	सड़कें	इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड (इरकॉन वीकेईएल) के लिए एनएचडीपी चरण–VI हाइब्राइड एनुविटी मोड (चरण–Iए–पैकेज–II) के अंतर्गत गुजरात राज्य में किमी 323.00 से किमी 355.00 (वडोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे के लिए सनपा से पाद्रा खंड तक) आठ लेन वाले वडोदरा किम एक्सप्रेसवे का निर्माण।	1543
8	रेलवे	पश्चिम मध्य रेलवे के लिए कटनी ग्रेड सेपरेटर/बायपास लाइन (21.50 किमी) परियोजना।	1248
9	रेलवे	महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल) के लिए विभिन्न चयनित रेल संपर्कता परियोजना (परियोजनाओं) के लिए सर्वेक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत अभिकल्प और निर्माण कार्य।	1192
10	रेलवे	झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल) के लिए चिह्नित रेल कोयला सम्पर्कता परियोजना (परियोजनाओं) के निर्माण के लिए सर्वेक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत अभिकल्प और निर्माण।	1149
11	सड़कें	भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लिए एनएचडीपी–चरण :5 –ईपीसी लागत के अंतर्गत डीबीओटी एनिविटी पर हाइब्राईड एनिविटी परियोजना के अंतर्गत इरकॉन देवांगरी हवेरी राजमार्ग लिमिटेड (इरकॉन डीएचएचएल) के लिए कर्नाटक राज्य में रा.राजमार्ग–48 के देवांगरी–हवेरी (किमी 260+000 से किमी 338+923 तक) छह लेन का बनाना।	1027
12	रेलवे	मध्य ईस्ट रेल के लिए भारत–नेपाल सीमा पर बर्दीबस तक विस्तार सहित जयनगर (भारत)–बीजलपुरा (नेपाल) (आमान परिवर्तन) के बीच रेल संपर्क का निर्माण।	819
13	रेलवे	I. सेंट्रल ईस्ट रेलवे के लिए दोहरीकरण कार्य – (क) हाजीपुर–बछवाड़ा परियोजना, (ख) कियूल–गया, (ग) आरडीयूएम टीएएल–आरजेओ (रामपुर दूमरा ताल राजेन्द्रपाल) परियोजनाः II. मध्य ईस्ट रेलवे के लिए कियूल–सिंगरौली परियोजना के लिए दोहरीकरण परियोजना।	679 (हाजीपुर–बछवाड़ा); 1200 (क्यिूल गया); 1491 (आरडीयूएम–टीएएल–आरजेओ); 1763 (कटनी–सिंगरौली)

क्र. सं.	श्रेणी	परियोजना का नाम	परियोजना / संशोधित मूल्य
14	सड़कें	ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और झारखंड राज्य सरकार के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना परियोजना के अंतर्गत झारखंड के 5 जिलों में ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण /स्तरोन्नयन।	607
15	रेलवे	उत्तर फ्रंटियर रेलवे के लिए अकोरा– अगरतला रेल सम्पर्क परियोजना(भारतीय भाग का निर्माण)।	570
16	विद्युतीय	पूर्वोत्तर रेलवे के लिए सिग्नलिंग सहित मथुरा–कासगंज–कल्याणपुर रेलवे विद्युतीकरण परियोजना।	433
17	विद्युतीय	जम्मू और कश्मीर उर्जा विकास विभाग के लिए जम्मू प्रांत (क्लस्टर–I, जम्मू लेफ्ट), (क्लस्टर–II, जम्मू राइट), तथा (क्लस्टर–प्ट) (अखनूर, राजौरी, पुंछ, उधमपुर, डोडा, किश्तवार तथा भदेरवा) के अंतर्गत आरएपीडीआरपी–भाग–ख परियोजना।	420
18	रेलवे	दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए संतरागाछी में सर्कुलेटिंग क्षेत्र तथा अनिवार्य यात्री सुविधाओं और कोना एक्सप्रेस–वे के लिए सड़क संपर्कता का विकास।	380
19	रेलवे	नॉर्थ फ्रंटियर रेल के लिए जोगबानी (बिहार) भारत से बिराटनगर (नेपाल) के बीच रेल संपर्क का निर्माण।	370
20	रेलवे	दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए अनिवार्य यात्री सुविधाओं के प्रावधान द्वारा शालीमार में कोचिंग टर्मिनल का विकास।	341
21	रेलवे	एनएमडीसी लिमिटेड के लिए जगदलपुर के समीप नगरनार, छत्तीसगढ में प्रस्तावित 3.0 एमटीपीपी एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए रेल साइडिंग का निर्माण कार्य: क. पेकेज–I – सिविल और रेल संबंधी कार्यों का निष्पादन। पैकेज ख. पैकेज–II–सिविल, सिग्नलिंग तथा दूरसंचार, यांत्रिकी और संरचनात्मक कार्यों का निष्पादन। ग. पैकेज–IV– नए ब्लॉक स्टेशन, स्टाफ क्वार्टरों और संबद्ध पी–वे का निर्माण, ओएचई और सिग्नलिंग एवं दूरसंचार कार्य	283 (पैकेज–I) और 79 (पैकेज–II) 84 (पैकेज–IV)
22	विद्युतीय	पूर्व मध्य रेलवे के लिए कटनी–सिंगरौली के लिए रेल विद्युतीकरण कार्य।	282
23	स्टेशन भवन	आरएलडीए तथा रेल मंत्रालय के लिए सफदरजंग रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास।	262
24	संस्थागत भवन	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी, मिजोरम के लिए बाहरी विकास कार्यों और आंतरिक सेवाओं के लिए अभिकल्प, आरेखण और निर्माण कार्य।	162
25	रेलवे	बोंडामुंडा दौंड (मध्य रेलवे के लिए),(दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए), प्रत्येक में 200 तीन–फेज इंजनों के लिए इलैक्ट्रिक लोको शेडों की स्थापना।	95 (दौंड) 204 (बोंडामुंडा)
26	रेलवे	पूर्व तटीय रेलवे के लिए विशाखापटनम (डीजल इंजन शेड) में 100 एचपीपी इंजनों के आवासन के लिए शेड का संवर्धन कार्य।	92
27	रेलवे	एनएमडीसी लिमिटेड के लिए नगरनार में 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए रेल ट्रैक (इन–प्लांट) पैकेज (पैकेज सं. 50)।	53
28	रेलवे	डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के लिए पश्चिमी समर्पित मालशड़ा गलियारा संविदा पैकेज सीटीपी–11 जेएनपीटी–वैतर्णी खंड (इरकॉन का भाग 60 प्रतिशत) का सिविल, निर्माण और रेलपथ कार्य।	43
29	रेलवे	एनटीपीसी लिमिटेड के लिए दर्लीपली सुपर ताप उर्जा परियोजना, चरण–1 (2X800 एमडब्ल्यू) के लिए महानदी कोल लिमिटेड साइडिंग के साथ दुलांग खान – दर्लीपली एसटीपीपी की एमजीआर प्रणाली को जोड़ने वाली रेल के लिए डीपीआर तथा विस्तृत इंजीनियरिंग परियोजना प्रबंधन और निर्माण कार्य।	36
30	रेलवे	नबीनगर पावर जनरेटिंग कंपनी प्रा. लि. के लिए नबीनगर सुपर ताप ऊर्जा परियोजना (3X600 मेवा) के लिए कोयला परिवहन प्रणाली के डीपीआर तथा विस्तृत इंजीनियरिंग प्रबंधन तथा निर्माण	16

परिशिष्ट –ख

सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम कंपनियां

क. सहायक कंपनियांः

1. इरकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसिस लि. (इरकॉन आईएसएल)

इरकॉन के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इरकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लिमिटेड (इरकॉन आईएसएल) का गठन 30 सितम्बर, 2009 को किया गया था और इसने 10 नवम्बर, 2009 को व्यवसाय आरंभ करने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया था। इरकॉन आईएसएल के मुख्य उद्देश्य हैं, भारतीय रेल प्रणाली के प्रयोक्ताओं को सुख–सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उद्देश्य परिसरों हेतु अवसंरचना के निर्माण के क्षेत्र में तथा रियल इस्टेट तथा संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सभी कामों का निष्पादन करना है तथा हायर पर्चेस, सभी प्रकार की चल तथा अचल परिसंपत्तियों को पट्टे पर देने तथा सामाजिक कल्याण आदि उपायों सहित सभी प्रकार की सेवाएं व अनुरक्षण व सहायता सहित सभी प्रकार की इंजीनियरिंग परियोजनाओं के लिए परामर्श उपलब्ध कराना।

वर्ष 2019–20 के दौरान, इरकॉन आईएसएल ने दो नई परियोजना प्रबंधन परामर्शी (पीएमसी) परियोजनाएं प्राप्त की हैं। (1) कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकोर) द्वारा प्रदान की गई एमएमएएल पारादीप पोर्ट, ओडिशा में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) के लिए हैंडलिंग सुविधाओं के विकास हेतु पीएमसी (2) इरकॉनआईएसएल (इरकॉन के माध्यम से) भारतीय रेलवे स्टेशनों विकास निगम लिमिटेड के लिए सात भारतीय रेलवे स्टेशनों के विकास हेतु पीएमसी (आईआरएसडीसी) कार्य प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, इरकॉन आईएसएल ने छत्तीसगढ़ पूर्व रेलवे लिमिटेड (सीईआरएल) के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे में सीईआरएल के खरसिया–धरमजयगढ़ खंड में पूर्व रेल गलियारे चरण–I परियोजना परिसंपत्तियों (ट्रैक पुलों और अन्य संबद्ध परिसंपत्ति, ओएचई एवं एसटी) के प्रचालन एवं अनुरक्षण हेतु समझौते में प्रवेश किया है।

वर्ष 2019–20 के दौरान, उपर्युक्त नई परियोजनाओं के साथ–साथ निम्नलिखित मौजूदा परियोजाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

i. दुधोला, पलवल हरियाणा में हरियाणा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसवी) के निर्माण हेतु पीएमसी।

ii. प्रौद्योगिकी भवन, न्यू महरौली रोड़, नई दिल्ली में प्रौद्योगिकी भवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अत्याधुनिक भवन के लिए पीएमसी।

iii. सात(7) भू–पोतों पर सुरक्षा कार्मिकों के लिए बैरेक आवास (1. अटारी–पंजाब, 2. अगरतला–त्रिपुरा, 3. रक्सौल–बिहार, 4. जोगबनी–बिहार, 5. पेट्रापोले–वेस्ट बंगाल, 6. दवके–मेघालय, 7. मोरेह–मणिपुर) के निर्माण हेतु पीएमसी।

iv. कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकोर) के लिए कडाकोला, मैसूरु डिला, कर्नाटक तथा पारादीप (औडीशा) में मल्टीमॉडल लॉजेस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के निर्माण हेतु पीएमसी।

v. दो स्थलों पर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) का निर्माण, एक साबरकंठा (गुजरात) तथा दूसरा अगर माल्वा (मध्य प्रदेश) हेतु पीएमसी।

vi. भारत के पलेटवा म्यांमार बॉर्डर (जोरिनपुई) से म्यांमार के चिन राज्य में 0.00 किमी से 109.2 किमी तके राष्ट्रीय राजमार्ग विनिर्देशों पर दो लेन की सड़क के निर्माण के लिए परामर्शदात्री परियोजना।

vii. म्यांमार में त्रिपक्षीय राजमार्ग के तामू–कायगोन–कालेवा खंड में 69 पुलों के निर्माण के लिए पीएमसी, जिसमें विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मैसर्स एनसीएसएल–एमटीडीसीएल (जेवी) के संविदा को समाप्त कर दिया है, जिसे इन 69 पुलों के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण (ईपीसी) ठेकेदार के रूप में नियुक्त किया गया था। ठेकेदार ने माननीय मणिपुर उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की है और आगे की कार्यवाही के लिए माननीय उच्च न्यायालय मणिपुर द्वारा निर्णय के बाद कार्रवाई की जाएगी।

viii. कॉनकोर के लिए भाऊपुर, कानपुर (उत्तर प्रदेश) में एक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए पीएमएस परियोजना।

ix. कॉनकोर के लिए दहेज, गुजरात में एक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए पीएमएस परियोजना।

x. एनटीपीसी, उच्चाहार, उ.प्र में स्टेज –1 के एमजीआर प्रणाली (2x210 मे.वा) के पीआरसी स्लीपर्स को सीएसटी–9 स्लीपर्स से प्रतिस्थापन करने के लिए पीएमसी।

xi. नागपुर में एनडीआरएफ अकादमी में अवसंरचना के निर्माण के लिए पीएमसी।

इरकॉन आईएसएल द्वारा 23 एमएफसी का निष्पादन किया गया है, जिन्हें प्रचालन के लिए उप–पट्टे पर दिया गया है और उप–ठेकेदार द्वारा पट्टा किराए का भुगतान न किए जाने के कारण इनमें से 2 उप–पट्टा करारों को समाप्त कर दिया गया है। इन उप–पट्टाधारकों ने पट्टा समापन के विरूद्ध संबंधित उच्च न्यायालयों में याचिका दायर की है और ये मामल निपटान के लिए अंतिम चरण में लंबित हैं।

2. इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड (इरकॉन पीबीटीएल)

इरकॉन पीबीटीएल इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका निगमन 30 सितंबर 2014 को स्पेशल परपज वीकल के रूप में हुआ है और इसने दिनांक 14 नवंबर 2014 को व्यवसाय आरंभ करने की स्वीकृति प्राप्त की है। इरकॉन पीबीटीएल का मुख्य लक्ष्य 7 नवबर 2014 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार की शर्तों के अनुसार राजस्थान राज्य में निर्माण, प्रचालन

और हस्तांतरण (बीओटी) (टोल) आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग – 15 पर मौजूदा बीकानेर तथा फलौदी खंड में 4.200 किमी से 55.250 किमी को चार लेन का बनाना तथा 55.250 किमी से 163.500 किमी तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन करने के लिए उसका चौड़ीकरण व सुदृढीकरण कार्य निष्पादित करना है। एनएचएआई के साथ समझोता ज्ञापन 07.11.2014 को हस्ताक्षर हुआ। इसकी कुल परियोजना लागत 844.08 करोड़ रूपए है और ईपीसी लागत को संशोधित करके 767.48 करोड़ रूपए किया गया है।

निर्मित सड़क की कुल लंबाई 159.17 किमी और समानान्तर 2 लेन में 210.22 किमी (चार लेनिंगः 51.05 किमी तथा दो लेनिंग 108.12 किमी) है।

बीकानेर जिले के सालासर और नोखरा और जोधपुर जिले के खीरवा, राजस्थान में तीनों टोल प्लाजा पर टोल संचालन शुरू करने के लिए 159.17 किलोमीटर में से 15 फरवरी, 2019 को एनएचएआई द्वारा 156.650 किलोमीटर (एलसी–06 (एनएएल) और एलसी–57 (फलौदी) पर दो रोड उपरिपुलों (आरओबी) को डीलिंक) का कार्य पूरा होने का अनंतिम प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इस परियोजना ने वाणिज्यिक प्रचालन खंड में प्रवेश कर लिया है और सभी तीन टोल प्लाजा पर टोल आय अर्जित करना शुरू कर दिया है। एलसी–06 और एलसी–57 पर आरओबी क्रमशः 12 मार्च, 2019 और 25 मार्च, 2020 को पूरे हो गए हैं। इरकॉनपीबीटीएल ने टोल एकत्रण हेतु शेष लंबाई को शामिल करने का अनुरोध किया है जो एनएचएआई के विचाराधीन है।

कोविड–19 के महामारी के कारण, टोल एकत्रण प्रभावित हुआ है क्योंकि इन सेवाओं को दिनांक 27 मार्च, 2020 से 19 अप्रैल, 2020 तक निलंबित कर दिया गया था। अप्रैल से मई 2020 की अवधि के दौरान औसत राजस्व एकत्रण में कमी आई थी। लॉकडाउन से पहले औसत दैनिक एकत्रण लगभग रूपए 13.40 लाख था जो जबकि जून–जुलाई 2020 की अवधि के दौरान औसत दैनिक एकत्रण लगभग 12.90 लाख रूपए है।

3. इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड (इरकॉन एसजीटीएल)

इरकॉन एसजीटीएल दिनांक 12 मई 2015 को विशेष कार्य व्यवस्था के रूप में निगमित इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसने दिनांक 27 मई 2015 को कंपनियों के रजिस्ट्रार से व्यवसाय आरंभ करने की स्वीकृति प्राप्त की है। इरकॉन एसजीटीएल का मुख्य उद्देश्य दिनांक 15 जून 2015 को एनएचएआई के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार की शर्तों के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य में एनएचपीडी के चरण–IV के अंतर्गत अभिकल्प, निर्माण, वित्त, प्रचालन और अंतरण (डीबीएफओटी) आधार पर निर्माण, प्रचालन और अंतरण (बीओटी) (टाले) पैटर्न पर किमी 236.00 से किमी 332.1 तक राष्ट्रीय राजमार्ग–3 के शिवपुरी–गुना खंड को चार लेन का बनाना तथा इससे संबंधित अन्य अनुषंगी कार्यों को पूरा करना है। जिसकी कीमत 872.11 करोड़ रूपए है। नियुक्ति तिथि से परियोजना की रियायत अवधि 20 वर्ष है और शिवपुरी गुना परियोजना को निष्पादित करने की कुल परियोजना लागत 872.11 करोड़ रूपए है। यह परियोजना दो चरणों यथा चरण– I तथा चरण – II पर निष्पादित की जा रही है।

रियायत करार की शर्तों के अनुसार, इरकॉन एसजीटीएल ने 23 नवंबर 2015 यथा निष्पादन की तिथि को वित्तीय समापन प्राप्त किया है और 722.11 करोड़ रूपए के लिए इरकॉन के साथ ऋण करार पर हस्ताक्षर किए हैं। पूर्ववर्ती रियायत करार में निर्धारित शर्तों में से एक शर्त यह है कि नियुक्ति तिथि यथा एस्क्रो करार (इरकॉन एसजीटीएल, इरकॉन, इंडियन ओवरसीज बैंक तथा एनएचएआई के बीच) और प्रतिस्थापन करार (एनएचएआई, इरकॉन एसजीटीएल तथा इरकॉन के बीच) का निष्पादन 04 दिसंबर, 2015 को किया गया था।

एनएचएआई ने 25 जनवरी, 2016 को निर्माण आरंभ करने के लिए नियुक्ति तिथि निर्धारित की है जिसमें निर्माण अवधि 910 दिन की होगी, जिसके लिए इरकॉन को ईपीसी कांट्रैक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रचालन आरंभ (सीओडी) होने की अनुसूचित तिथि 23 जुलाई, 2018 थी। सीओडी डेढ महीने पहले यथा 6 जून, 2018 को ही प्राप्त कर ली गई थी। इस प्रकार टोल प्लाजा का प्रचालन तथा राजस्व एकत्रण दिनांक 7 जून 2018 से परियोजना में आरंभ हो गया है। दिनांक 07 जून 2018 से 31 मार्च 2019 तक एकत्र राजस्व 72.88 करोड रूपए है।

कोविड–19 के प्रसार को रोकने के लिए देशव्यापी बंद और एनएचएआई निर्देश के कारण, दिनांक 26 मार्च, 2020 से टोलिंग को निलंबित कर दिया गया था और टोल प्लाजा पर राजस्व में काफी कमी आई है। हालांकि, दिनांक 20 अप्रैल, 2020 से टोलिंग का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है।

एनएचएआई के साथ रियायत समझौते के अनुसार, परियोजना के चरण–2 (अर्थात 12.4 किमी लंबाई) के लिए निर्माण दिनांक 01 जनवरी 2021 से शुरू होने की संभावना है और स्टेज–2 के लिए ईपीसी ठेकेदार की नियुक्ति पर विचार चल रहा है।

4. इरकॉन देवानगेरे हवेरी हाइवे लिमिटेड (इरकॉन डीएचएचएल)

वर्ष के समापन के पश्चात, आपकी कंपनी ने एनएचएआई द्वारा कर्नाटक राज्य में देवानगेरे हवेरी परियोजना को प्रदान किए जाने की शर्तों के अनुसरण में 11 मई 2017 को ''इरकॉन देवानगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड (इरकॉन डीएचएचएल)'' नामक एक अन्य पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी का निर्माण किया गया है। इरकॉन डीएचएचएल का मुख्य उद्देश्य कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–4) के देवानगेरे – हवेरी खंड पर किमी 260+000 से किमी 338+923 (लगभग 78.923 किमी) खंड सहित राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–4) को छह लेन का बनाने और उसके अभिकल्प, निर्माण, वित्तीयन, प्रचालन और अंतरण आधार पर विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन का कार्य करना है। परियोजना की रियायत अवधि 15 वर्ष है जिसमें नियुक्ति तिथि

यथा 24 जनवरी 2018 से आरंभ (30 महीनों) की निर्माण अवधि के 912 दिन शामिल नहीं है और उपलब्ध क्षेत्र में कार्य प्रगति पर है। कार्य क्षेत्र में शामिल हैं – प्रमुख कैरेज–वे के 78.923 कमी (राजमार्ग की कुल लंबाई) को पूरा करना तथा प्रमुख पुलों, पुलियाओं, वीयूपी, पीयूपी फ्लाइओवरों तथा अन्य संबंधित कार्य तथा कार्यों सहित 154.654 किमी की सेवा सड़क का निर्माण कार्य।

रियायत करार की शर्तों के अनुसार, कुल बोली परियोजना लागत 1177 करोड़ रूपए जमा मूल्य वृद्धि है और प्रथम वर्ष के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण लागत 10 करोड़ रूपए है। परियोजना बोली लागत के 40 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति एचएचएआई द्वारा निर्माण के दौरान प्रत्येक 8 प्रतिशत (10 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत और 90 प्रतिशत की भौतिक प्रगति प्राप्त करने पर) की 5 किश्तों में की जाएगी और 60 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति एसपीवी द्वारा व्यवस्थित की जाएगी। परियोजना बोली लागत के 40 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति पर विचार करने के बाद, 720.05 करोड रूपए की शेष निर्माण राशि (निर्माण के दौरान ब्याज सहित) को क्रमशः 217.05 करोड़ रूपए और 503 करोड़ रूपए के इक्विटी और ऋण निवेश द्वारा वित्तपोषित किए जाने का प्रस्ताव है।

ग्राहक समझौते की शर्तों के अनुसार निर्धारित तिथि से 180 दिनों के भीतर 100 प्रतिशत अतिक्रमण मुक्त भूमि सौंपने में विफल रहा है। 181वें दिन तक उपलब्ध कार्यक्षेत्र केवल 74 प्रतिशत है। इसके बावजूद, परियोजना ने 30 प्रतिशत के भौतिक प्रगति का दूसरा परियोजना लक्ष्य और 35 प्रतिशत की वित्तीय प्रगति को निर्धारित समय अवधि (90 दिनों के उपचार अवधि के भीतर) में प्राप्त किया है और, 75 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 70 प्रतिशत वित्तीय के साथ तीसरी परियोजना के लक्ष्य को दिनांक 03 फरवरी, 2020 (90 दिनों की उपचार सहित) तक प्राप्त किए जाने की देय तिथि है ।

इसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है क्योंकि दिनांक 31.01.2020 को उपलब्ध कार्यक्षेत्र केवल 81.39 प्रतिशत था (एनएचएआई द्वारा उपलब्ध न कराई गई भूमि पर कार्यक्षेत्र को छोड़कर और स्थानीय/मौजूदा निर्माणाधीन अतिरिक्त संरचनाओं – 18.61 प्रतिशत की मांग करते हुए स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों को रोक दिया गया था)। रियायत करार में शामिल कार्यक्षेत्र के प्रति दिनांक 31 जनवरी 2020 तक स्थल पर प्राप्त भौतिक प्रगति 62.83 है और जब रियायतग्राही को उपलब्ध कार्य के दायरे से बाहर देखा जाए तो यह 77.19 प्रतिशत (62.83/0.8139) था। दिनांक 31.01.2020 को वित्तीय प्रगति 61.74 प्रतिशत थी और एसपीवी के लिए उपलब्ध कार्यक्षेत्र के लिए यह 75.86 प्रतिशत (61.74/0.8139) थी। दिनांक 31.01.2020 तक की भौतिक और वित्तीय प्रगति समतुल्य है, जो उपचार अवधि के भीतर 3 परियोजना के लक्ष्य की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

दिनांक 31 मार्च, 2020 को, रियायत समझौते में शामिल कुल कार्यक्षेत्र के प्रति कुल भौतिक प्रगति 66.77 प्रतिशत और वित्तीय प्रगति 65.37 प्रतिशत प्राप्त की गई है। एनएचएआई द्वारा एसपीवी के लिए उपलब्ध कार्यक्षेत्र केवल 81.39 प्रतिशत था। दिनांक 31 मार्च, 2020 तक भूमि की अनुपलब्धता के कारण और स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों को रोकने के कारण प्रभावित कार्यों को कार्यक्षेत्र में परिवर्तन/आशोधन के लिए अनुरोध किया जा रहा है।

5. इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड (इरकॉन वीकेईएल)

वर्ष 2018–19 के दौरान, आपकी कंपनी ने एनएचएआई द्वारा गुजरात राज्य में वडोदरा किम एक्सप्रेसवे परियोजना प्रदान करने की शर्तों के अनुसरण में दिनांक 16 मई, 2018 को इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड (इरकॉनवीकेईएल) नामक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी का सृजन एक विशेष कार्य प्रयोजन के रूप में किया था। इरकॉन वीकेईएल का प्रमुख उद्देश्य अभिकल्प, निर्माण, वित्त, प्रचालन तथा अंतरण आधार पर एनएचडीपी चरण–VI हाइब्राइड वार्षिकी माध्यम (चरण I ए–पैकेज– I I) के अंतर्गत गुजरात राज्य में किमी 323.00 से किमी 355.00 (वडोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे का सनपा से पाद्रा खंड तक)आठ लेन वाले वडोदरा किम एक्सप्रेस वे के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन के व्यवसाय को निष्पादित करना है।

इरकॉन वीकेईएल ने दिनांक 25 मई 2018 को एनएचएआई के साथ रियायत करार पर हस्ताक्षर किए हैं। वित्तीय समापन दिनांक 25 सितंबर 2018 को प्राप्त किया गया है। एनएचएआई द्वारा निर्धारित तिथि 31 जनवरी, 2019 रखी गई है। समापन अवधि निर्धारित तिथि से 730 दिन है। मोबिलाइजेशन अग्रिम की प्रथम किश्त दिनांक 25 अप्रैल 2019 और दूसरी किश्त 26 जून 2019 को एनएचएआई से प्राप्त हुई है। कुल परियोजना लागत 1865 करोड रूपए है। प्रथम परियोजना लक्ष्य दिनांक 27 सितंबर 2019 को प्राप्त किया गया था और दूसरा परियोजना लक्ष्य दिनांक 25 जनवरी 2020 को प्राप्त किया गया था।

आज की तिथि के अनुसार परियोजना की भूमि उपलब्धता एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई का 98.75 प्रतिशत है। कोविड–19 की शुरुआत से पहले, भौतिक प्रगति (22 मार्च, 2020 तक) 43.40 प्रतिशह थी और लॉकडाउन के समाप्त होने के बाद (जून, 25, 2020 तक) 44.81 प्रतिशत है। कार्य समापन की वास्तविक तारीख 30 जनवरी, 2021 है। एनएचएआई द्वारा निर्धारित तिथि 31 जनवरी, 2019 है और समापन अवधि नियत तारीख से 730 दिन हैं। हालांकि, कोविड–19 के कारण, पूर्णता अवधि को बढने की संभावना है।

ख. संयुक्त उद्यम कंपनियां (जेवीसी):

6. इरकॉन–सोमा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड (आईएसटीपीएल)

एनएचएआई के लिए महाराष्ट्र में किमी 380 से किमी 265 तक राष्ट्रीय राजमार्ग 3 के पिंपलगांव–धुले खंड को चार लेने का बनाने के लिए बीओटी परियोजना के निष्पादन के लिए इरकॉन तथा सोमा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड (आईएसटीपीएल) (कुल

शेयरों में से 6,38,69,999 शेयर एसटीपीएल द्वारा धारित हैं और एक शेयर एसपटीएल की धारक कंपनी सोमा इंटरप्राइसिज लिमिटेड द्वारा धरित है) द्वारा 50ः की इक्विटी भागीदारी के साथ 19 अप्रैल 2005 को ''इरकॉन–सोमा टॉलवे प्रा.लि.'' (आईएसटीपीएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) का निर्माण किया गया था।

वर्ष 2010–11 में पिंपलगांव–धुले खंड को चार लेने का बनाने की बीओटी परियोजना पूरा हो गई थी और तदनुसार, आईएसटीपीएल 118.158 किमी के सम्पूर्ण क्षेत्र पर टोल अर्जित कर रही है।

7. इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएलडीए)

इरकॉन की संयुक्त उद्यम कंपनी और रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) की संयुक्त उद्यम कंपनी, इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड का गठन 12 अप्रैल, 2012 को किया गया था और इसने 9 मई, 2012 को अपना व्यवसाय आरंभ प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। आईआरएसडीसी का मुख्य उद्देश्य भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बेहतर मानक स्थापित करने हेतु मौजूदा स्टेशन भवनों, प्लेटफार्म स्थलों, परिपत्रण क्षेत्रों आदि के पुनर्विकास सहित नए निर्माण/नवीकरण कार्यों द्वारा यात्री सुविधाओं के स्तर में स्तरोन्नयन करना है ताकि उनके मानकों में सुधार और बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त किया जा सके। आईआरएसडीसी को रेलवे की भूमि/वायुक्षेत्र के वाणिज्यिक विकास का शक्तियां भी प्रदान की गई हैं।

वित्तीय वर्ष के समापन के पश्चात, राइट्स लिमिटेड (राइट्स) को आईआरएसडीसी में 24 प्रतिशत शेयरधारिता के साथ तीसरे नीतिगत भागीदार/शेयरधारक के रूप में शामिल किया गया था। तदनुसार, 21 मई, 2020 को संशोधित शेयरधारक समझौता शेयरधारकों के बीच निष्पादित किया गया था और अब आरएलडीए, इरकॉन और राइट्स के शेयरधारिता पैटर्न को 50:26:24 में संशोधित किया जाएगा।

दिनांक 17.10.2018 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आईआरएसडीसी को सम्पूर्ण रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम और प्रमुख परियोजना एजेंसी (प्रमुख पीडीए) के रूप में अनुमोदित किया है। पीडीए के रूप में इरकॉन आईआरएसडीसी को 99 वर्ष की पट्टा अवधि की अनुमति प्रदान की गई है तथा सभी प्रकार के विकास कार्यों यथा वाणिज्यिक, संस्थागत और आवासीय विकास कार्यों सहित बहुल उपपट्टों में प्रवेश का अधिकार प्रदान किया गया है। आईआरएसडीसी को रेल अधिनियम, 1989 के खंड–11 के अंतर्गत अपनी स्वयं की योजनाएं तैयार करने की अनुमति प्रदान की गई है। आईआरएसडीसी के बोर्ड में आर्थिक कार्य विभाग/वित्त मंत्रालय तथा नीति आयोग और रेल मंत्रालय से एक एक प्रतिनिधि को शामिल करके इसे सुदृढ़ बनाया गया है।

रेलवे बोर्ड के दिनांक 01.11.2018 के पत्र के तहत तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययनों के लिए भारतीय रेल के भी स्टेशनों (अन्य एजेंसियों को सौंपे गए 12 स्टेशनों को छोड़कर) को सौंपा गया है।

निम्नलिखित कार्य प्रगति पर हैंः

(i) हबीबगंज रेलवे पुनर्विकास परियोजनाः लगभग 90 प्रतिशत सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कोविड–19 महामारी के कारण परियोजना को झटका लगा है। हालांकि, यह आशा है कि बेहतर सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के साथ फिर से विकसित स्टेशन दिसंबर 2020 तक पूरा हो जाएगा।

(ii) गांधीनगर स्टेशन पुनर्विकास एवं गांधीनगर में 318 (300 कमरों वाले) 5 सितारा होटल का निर्माण : लगभग 90 प्रतिशत सिविल कार्य पूरे हो चुके हैं और परिष्करण, एमईपी कार्य आदि प्रगति पर हैं। परियोजना की प्रमुख विशेषताओं में 99 मीटर के क्लियर स्पैन ट्रस का सफल प्रयोग शामिल है, जो भारत में अपनी तरह का पहला यार्ड है। कोविड–19 के प्रकोप के कारण यह कार्य प्रभावित हुआ है और दिसंबर 2020 तक परियोजना को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

(iii) एकीकृत सुविधा प्रबंधन : आईआरएसडीसी ने एकीकृत सुविधा प्रबंधन पर 5 स्टेशनों को लेकर देश में नई व्यवस्था आरंभ की है। इस मॉडल में बंगलुरु, पूणे, आनन्द विहार, चंडीगढ तथा सिकंदराबाद स्टेशनों को एकीकृत सुविधा प्रबंधन के लिए लिया गया है। होटल उद्योग में प्रचलित प्रबंधन एवं संविदा मॉडल पर नाइट फ्रेट (बंगलुरु हेतु), बीवीजी (पूर्ण हेतु), अपडेटर सर्विसिज (यूडीए, आनन्द विहार, चंडीगढ तथा सिकंदराबाद हेतु) जैसे प्रतिष्ठित फर्मों को नियुक्त किया गया है, जिसे आईआरएसडीसी ने विशेष रूप से रेलवे स्टेशनों के लिए स्वीकार किया है। आईआरएसडीसी ने मार्च 2020 में प्रचालन और अनुरक्षण का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, लेकिन कोविड–19 के कारण राजस्व के स्तर पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि रेल मंत्रालय द्वारा रेल प्रचालनों को रोक दिया गया है।

(iv) नियोजनाधीन कार्य : आईआरएसडीसी ने ईपीसी मॉडल के अंतर्गत तीन स्टेशनों यथा चंडीगढ, आनंद विहार और बिजवासन के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। इनके वित्तपोषण के लिए, इंडियन रेलवे फाइनांस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी) से ऋण मांगा गया है और आईआरएफसी के माध्यम से इन स्टेशनों के वित्तीयन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में, कोविड–19 महामारी के कारण, आईआरएसडीसी द्वारा ईपीसी ठेके के प्राकृतिक आपदा खंड को हटा दिया गया है और ठेकेदारों से कहा गया है कि वे इन तीनों स्टेशनों पर कोई भी काम न करें और साथ ही साथ दिनांक 03 जनवरी, 2020 को भूमि विमुद्रीकरण की निविदाएं भी रोक दिया गया हैं। इस दौरान संभावित बोलीदाताओं के साथ बोली–पूर्व बैठकें भी की गई हैं। रियल इस्टेट के क्षेत्र के अनुकूल होने के बाद वित्त वर्ष 2020–21 में भूमि मुद्रीकरण बोलियां खोली जाएंगी।

(v) स्टेशन विकास कार्यक्रम गति प्रदान करने के लिए, रेल मंत्रालय ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग की अध्यक्षता में सचिवों के समूह (जीओएस) की समिति का गठन किया है और इसमें रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के वित्तीय आयुक्त, आर्थिक कार्य विभाग के सचिव शामिल हैं और आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव सदस्य के रूप में हैं। सदस्य इंजीनियरिंग और सदस्य यातायात, रेलवे बोर्ड समिति के सह–चयनित सदस्य हैं। जीओएस ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जैसे कि यूजर चार्ज कॉन्सेप्ट, स्टेशनों आसपास के भू क्षेत्रों का समग्र विकास और, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लंबित पुनर्विकास का पुनरुद्धार और स्टेशन विकास के लिए मॉडल रियायत करार को अंतिम रूप देना, आदि

(vi) आईआरएसडीसी ने सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) की सैद्धांतिक मंजूरी के बाद ग्वालियर, साबरमती, अमृतसर और नागपुर स्टेशनों के लिए अभिकल्प, निर्माण, वित्तपोषण, प्रचालन और अंतरण (डीबीएफओटी) मॉडल के लिए कोटेशन अनुरोध (आरएफक्यू) आमंत्रित किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज ट्रर्मिनस और बैयप्पनहल्ली स्टेशनों के लिए पीपीपीएसी ज्ञापन रेल मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है। आगे, इन चार स्टेशनों के अतिरिक्त, आईआरएसडीसी ने उधना (सूरत मल्टी मोडल ट्रांसपोर्टेशन हब के साथ–साथ सूरत में पुनः विकास के लिए), ठाकुरली (मुंबई में), बैयप्पनहल्ली, और चाणक्यपुरी (दिल्ली में) के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। आईआरएसडीसी ने अन्य सीपीएसई को 45 स्टेशनों के परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) एजेंसियों के रूप में कार्य करने, योजनाओं के अंतिम रूप देने, बोली प्रबंधन और निर्माण कार्य की देखरेख के लिए कार्य प्रदान किया है।

8. छत्तीसगढ ईस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईआरएल)

छत्तीसगढ राज्य में कोयला संपर्कता गलियारे यथा पूर्वी गलियारे (180 किमी) के विकास के लिए क्रमशः 64:26:10 के अनुपात मे साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, इरकॉन और छत्तीसगढ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छत्तीसगढ सरकार की नामिति) द्वारा इक्विटी भागीदारी से 12 मार्च 2013 को ''छत्तीसगढ पूर्व रेलवे लिमिटेड'' (सीईआरएल) नामक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवसी) का गठन किया गया था। सीईआरएल ने 7 मई 2013 को कंपनियों के रजिस्ट्रार से व्यवसाय आरंभ करने की स्वीकृति प्राप्त की है।

सीईआरएल ने छत्तीसगढ राज्य में रेल मंत्रालय के साथ दिनांक 12 जून 2015 को रियायत करार पर हस्ताक्षर किया है। पीपीपी परियोजनाओं के लिए परियोजना का क्रियान्वयन निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन तथा हस्तांतरण (बीओटी) मॉडल पर किया जा रहा है। छत्तीसगढ पूर्वी रेल गलियारा परियोजना को आगे दो चरणों में विभाजित किया गया है यथा सीईआरएल–।. (खरसिया से धरमजयगढ जिसमें घरघोदा से डोंगा महुआ तक स्पर लाइन शामिल है) तथा सीईआरएल–। (धरमजयगढ से कोरबा)।

सीईआरएल–। का वित्तीय समापन दिनांक 24 नवंबर 2017 को प्राप्त किया गया है। सीईआरएली–। के खरसिया से कोरिच्चपर (एकल लाइन–44 किमी) के खंड पर सितंबर 2019 तक प्रचालन आरंभ करने का लक्ष्य है और सीआईआरएल–। का शेष कार्य यथा खरसिया से कोरीचप्पर (44 किमी), कोरीचप्पर से धरमजयगढ (30 किमी) के बीच के खंड के दोहरीकरण का लक्ष्य दिसंबर 2020 निर्धारित किया गया है।

सीईआरएल–।। के जीएसटी क्रियान्वयनों के साथ संशोधित डीपीआर को दिनांक 12 जून 2018 को रेल मंत्रालय द्वारा यथा अनुमोदित पांच वर्ष के लिए 62 किमी की प्रभारीय दूरी पर 60 प्रतिशत की संवर्धित माइलेज के साथ क्षेत्रीय रेल द्वारा अनुमोदित किया गया है। वन संस्तुति हेतु भूमि अंकन, चिह्नन कार्य तथा पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वन क्लियरेंस प्राप्त होने और रियायत करारों पर हस्ताक्षर होने के पश्चात वित्तीय समापन प्राप्त किया जाएगा।

9. छत्तीसगढ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईडब्ल्यूआरएल)

छत्तीसगढ राज्य में कोयला संपर्कता गलियारे यथा ईस्ट वेस्ट गलियारे (135 किमी) के विकास के लिए क्रमशः 64:26:10 के अनुपात में साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, इरकॉन और छत्तीसगढ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सीएसआईडी) (छत्तीसगढ सरकार की नामिति) द्वारा इक्विटी भागीदारी से 25 मार्च 2013 को ''छत्तीसगढ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईडब्ल्यूआरएल)'' नाम संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) का गठन किया गया था। सीईडब्ल्यूआरएल ने 7 मई 2013 को कंपनियों के रजिस्ट्रार से व्यवसाय आरंभ करने की स्वीकृति प्राप्त की है। परियोजना की रियायत अवधि नियक्ति तिथि से 30 वर्ष है, जिसमें निर्माण अवधि के 3 वर्ष एवं 6 माह शामिल हैं।

क्षेत्रीय रेल यथा दक्षिण पश्चिम मध्य रेलवे ने रेल मंत्रालय द्वारा अनुमोदित अनुसार पांच वर्ष के लिए 135 किमी की प्रभारीय दूरी पर 40 प्रतिशत के संवर्धित माइलेज सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को दिनांक 15 जून 2017 को अनुमोदित किया है। दिनांक 1 जुलाई 2018 को सीईडब्ल्यूआरएल तथा रेल मंत्रालय के बीच रियायत करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व वाले बैंक कंसॉर्टियम के साथ जुलाई 2020 को ऋण करार में हस्ताक्षर किए गए हैं।

10. महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल)

ओडीशा राज्य में खदानों से कोयले के खनन के लिए महत्वपूर्ण चयनित रेल गलियारा परियोजनाओं के निर्माण, प्रचालन तथा अनुरक्षण के प्रमुख उद्देश्य के साथ 64:26:10 के अनुपात में क्रमशः महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), इरकॉन तथा ओडीशा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (ओडीशा

सरकार की नामिती) द्वारा इक्विटी भागीदारी के साथ 31 अगस्त 2015 को महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल) नामक संयुक्त उपक्रम कंपनी का निगमन चिह्नित रेल कॉरीडोर परियोजनाओं की संरचना, निर्माण, प्रचालन और अनुरक्षण के उद्देश्य से किया गया था, जो कि ओडीशा राज्य में खदानों से कोयले को निकालने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एमसीआरएल ने 19 अप्रैल 2016 को इरकॉन के साथ परियोजना निष्पादन करार में हस्ताक्षर किए हैं। क्रियान्वयन के लिए कंपनी द्वारा अंगुल–बलराम–झारपाडा नामक नए रेल गलियारे को चयनित किया गया है। जनवरी 2018 में रेलवे द्वारा इस परियोजना की डीपीआर को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया है। रेल संशोधन अधिनियम, 2008 के अनुसार एमसीएल द्वारा पूर्व में अधिग्रहित भूमि को अभी ईसीओआर के नाम पर अंतरित कराया जाना है। रेल मंत्रालय ने दिनांक 12 जून, 2018 को परियोजना के लिए 60 प्रतिशत संवर्धित माइलेज को अनुमोदित किया है। इस परियोजना को दिनांक 23 अक्तूबर 2018 को रेल मंत्रालय द्वारा विशेष रेल परियोजना के रूप में अनुमोदित किया गया है। शीघ्र ही एमसीआरएल और रेल मंत्रालय के बीच रियायत समझौता होने की संभावना है और परियोजना के वित्तीय समापन की शीघ्र संभावना है।

अंगुल–बलराम खंड (14 किमी) के लिए एमसीएल द्वारा पहले अधिग्रहित भूमि रेलवे संशोधन अधिनियम, 2008 के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया में है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा दिनांक 16 मई, 2020 को पहले ही अनुमति दी जा चुकी है। शेष खंड के लिए भूमि अधिग्रहण और वन भूमि के डायवर्जन की प्रक्रिया चल रही है। परियोजना के अंगुल–बलराम खंड में निर्माण कार्य दिसंबर 2020 तक शुरू होने की संभावना है।

11. झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल)

झारखंड राज्य में खदानों से कोयले के खनन के लिए महत्वपूर्ण चयनित रेल गलियारा परियोजनाओं के निर्माण, प्रचालन तथा अनुरक्षण के प्रमुख उद्देश्य के साथ सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड, इरकॉन तथा झारखंड सरकार द्वारा क्रमशः 64:26:10 के अनुपात में इक्विटी भागीदारी के लिए 31 अगस्त 2015 को झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल) नामक संयुक्त उपक्रम कंपनी का निगमन किया गया था।

जेसीआरएल ने 28 मार्च 2016 को इरकॉन के साथ परियोजना निष्पादन करार में हस्ताक्षर किए हैं। रेलवे बोर्ड ने संयुक्त उपक्रम जेसीआरएलप को शिवपुरी–कथौटिया नई लाईन अंतणि के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया है। चेनेज कथौटिया (0.00) से शिवपुरी (49.085) तक है जिसकी कुल लंबाई 49.085 किमी है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को रेल मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। रेल मंत्रालय द्वारा दिनांक 13 जून 2018 से पांच वर्ष की अवधि के लिए 49.085 किमी की प्रभारीय दूरी पर 60 प्रतिशत की संवर्धित माइलेज को स्वीकृति प्रदान की गई है। जेसीआरएल तथा पूर्व मध्य रेलवे के बीच दिनांक 4 दिसंबर 2018 को रियायत करार पर हस्ताक्षर किए गए तथा वित्तीय समापन के अगस्त 2018 तक पूरा होने की संभावना है। परियोजना का निर्माण नवंबर 2020 तक शुरू होने की उम्मीद है (वन भूमि की उपलब्धता और जेसीआरएल के वित्तीय समापन के अध्यधीन)। जून 2019 में वन भूमि की स्टेज–। स्वीकृति मिल गई है। जेसीआरएल ने दो जिलों में रैयातों को भूमि के वर्तमान अनुमानित मूल्य के मुआवजे का 69 प्रतिशत उपलब्ध कराया है।

12. बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड (बीआरपीएल)

छत्तीसगढ राज्य में रोउघाट से जगदलपुर (नरायणपुर, कोंडागांव के रास्ते) नई रेल लाइन के निर्माण, प्रचालन तथा अनुरक्षण के प्रमुख उद्देश्य के साथ एनडीएमसी लिमिटेड (एनडीएमसी), इरकॉन, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (सेल) तथा छत्तीसगढ माइनिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (छत्तीसगढ सरकार की नामिति) द्वारा क्रमशः 52:26:12:10 के अनुपात में इक्विटी भागीदारी के साथ 05 मई 2016 को बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड (बीआरपीएल) नामक संयुक्त उपक्रम को निगमित किया गया था। बीआरपीएल के लिए शेयरधारक करार पर 20 जनवरी 2016 को हस्ताक्षर किए गए हैं और दिनांक 25 मई 2018 को संशोधित शेयरधारक करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसमें एनएमडीसी, इरकॉन, सेल और सीएमडीसी की शेयरधारिता को संशोधित किया गया है।

इरकॉन इस परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी है और परियोजना निष्पादन करार पर दिनांक 19 जुलाई 2017 को हस्ताक्षर किए गए थे। रेल मंत्रालय द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को 50 प्रतिशत की संवर्धित माइलेज के साथ अनुमोदित किया गया है। वन भूमि सहित भूमि के अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार सहायक कंपनी और संयुक्त उपक्रम के वित्तीय विवरण की प्रमुख विशेषताओं को वित्तीय विवरण में संलग्नक फॉम एओसी–। में प्रकट किया गया है।

निगमित शासन रिपोर्ट

इस रिपोर्ट को सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियम, 2015 के प्रावधानों का अनुपालन और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, लोक उपक्रम विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसरण में तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की निगमित शासन प्रणालियों का प्रक्रियाओं का ब्यौरा समाविष्ट है ।ः

इरकॉन एक मिनी रत्न श्रेणी–1 कंपनी है जो 28 सितम्बर 2018 को सूचीबद्ध हुई और इसने निगमित शासन का एक सुदृढ फ्रेमवर्क स्थापित किया है।

निगमित शासन संवर्धिक स्टेकधारक के मूल्यों के कंपनी के उद्देश्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वाहन को प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम प्रबंधन पद्धतियों, नियमों के अनुपालन और नैतिक मानकों के अनुपालन का अनुप्रयोग है।

हम मानते हैं कि निगमित शासन अपने स्टेकधारकों को सर्वाधिक मूल्य की प्रतिबद्धता सहित सभी स्टेकधारकों के साथ मूल्यवान संबंधों तथा विश्वास को स्थापित करने के संबंध में है, चाहे वह स्टेकधारक हों, कर्मचारी, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, निवेश समुदाय या नीति निर्माता हों। अच्छे निगमित शासन पद्धतियों का अनुसरण करने की इसकी प्रतिबद्धता पारदर्शिता, न्याय, सहमति, दल कार्य, व्यावसायिकता तथा जवाबदेही पर आधारित है जो सर्वोत्तम पद्धतियों का अनुसरण करने के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं और सभी स्टेकधारकों के बीच आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं जो कि कंपनी के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक है।

1. निगमित शासन के कोड पर कंपनी के दर्शन संबंधी विवरण

इरकॉन में निगमित शासन सभी के लिए पारदर्शिता, पूर्ण प्रकटन, स्वतंत्र मॉनीटरिंग तथा न्याय पर आधारित है। कंपनी अपनी गतिविधियां विद्यमान विनियामक फ्रेमवर्क के भीतर स्टेकधारकों के लिए धारणरीय मूल्य संवर्धन के प्रति नैतिकता और जिम्मेदार रूप में निष्पादन करती है। यह संगठन में सर्वोत्तम नीतियों, पद्धतियों, संरचनाओं और मूल्यों के सृजन पर विश्वास करती हैं। इरकॉन दल नियमित रूप से अपने आचरण में निगमित मूल्यों को धारण करता है।

इरकॉन निगमित शासन के सिद्धांतों के संवर्धन में विश्वास रखता है और इसकी मूल्य संरचना का निर्माण उच्च मानकों, विश्वास व अखंडता, कार्यनिष्पादन, जिम्मेदारी, जवाबदेही, व्यावसायिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक व्यवसाय व्यवस्थाओं के आधार पर हुआ है। निगमित शासन हमारे द्वारा कई वर्षों से किए गए व्यवसाय का आधार स्तंभ है। यह हमारे दृढ विश्वास से उत्पन्न हुआ है कि धारणीय रूप से मूल्यों के सृजन हेतु सुदृढ़ शासन एक अभिन्न अंग है।

कंपनी का कार्पोरेट शासन कोड है ''व्यावसायिक, लाभकारी, पारदर्शी एंव उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की प्रत्येक गतिविधि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना''

निदेशक मंडल द्वारा ग्रहण किए गए कम्पनी के आधारभूत मूल्य हैं:–

क. रचनात्मक दृष्टिकोण

ख. एक टीम के रूप में कार्यरत

ग. कार्य में उत्कृष्टता

घ. कार्य और लेन–देन में सत्यनिष्ठा

ड. जिम्मेदार और उत्तरदायी होना

2. निदेशक मंडल

निदेशक मंडल इरकॉन का उच्चतम शासन निकाय है। निदेशक मंडल में कंपनी को नीतिगत मार्गदर्शन और दिशा प्रदान करने के लिए इस उद्योग तथा संबंधित क्षेत्रों में प्रबुद्ध ज्ञान और अनुभव प्राप्त विविध क्षेत्रों के पेशेवर शामिल हैं। इरकॉन में, हम मानते हैं कि कंपनी का बोर्ड सुव्यवस्थित नेतृत्व की संस्कृति का निर्माण करता है ताकि कंपनी को शासन की गुणवत्ता में सुधार के लिए दीर्घकालिक दृष्टि और नीतिगत दृष्टिकोण प्रदान किया जा सके। बोर्ड के कार्य कंपनी के सर्वोत्तम हितों के साथ संरेखित हैं। कंपनी ने बोर्ड और समितियों की बैठकों के लिए दिशा–निर्देशों और एक स्थापित रूपरेखा को परिभाषित किया है। ये दिशानिर्देश बोर्ड और समितियों की बैठकों में निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुचारू और कुशल कार्यविधि से व्यवस्थित करने का प्रयास करते हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद–2(45) के अनुसरण में, इरकॉन एक सरकारी कंपनी है और कंपनी की 89.18 प्रतिशत प्रदत्त शेयर पूंजी भारत में राष्ट्रपति महोदय के माध्मम से केन्द्रीय सरकार द्वारा धारित है तथा निदेशकों की नियुक्ति की शक्ति प्रशासनिक मंत्रालय (यथा रेल मंत्रालय) के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को है।

31 मार्च 2020 को हमारे बोर्ड में ग्यारह निदेशक हैं जिनमें एक महिला निदेशक सहित चार पूर्णकालीन निदेशक (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त), निदेशक (परियोजना) तथा निदेशक (कार्य), दो सरकारी नामिति निदेशक तथा पांच स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

अध्यक्ष कंपनी का कार्यकारी निदेशक है, इसलिए, आधे बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक शामिल होने चाहिए। चूंकि इरकॉन के बोर्ड में निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है, कंपनी समय–समय पर रेल मंत्रालय से अनुरोध करती रही है कि बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति की जाए।

तथापि, 28 दिसंबर 2018 को एक स्वतंत्र निदेशक का पद रिक्त है, जिसके लिए पहले ही रेल मंत्रालय, भारत सरकार से नियुक्ति का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त, 31 मार्च 2020 के पश्चात, अपने कार्यकाल को पूरा करने के पश्चात दो स्वतंत्र निदेशकों के कार्यमुक्त होने और एक सरकारी नामिति निदेशक के सेवानिवृत्त होने के कारण दो स्वतंत्र निदेशकों (महिला निदेशक सहित) के पद रिक्त हो गए हैं।

2.1 बोर्ड के सदस्य का मानदंड

इरकॉन एक इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, और बोर्ड द्वारा आवश्यक प्रमुख योग्यता सिविल इंजीनियरिंग, वित्त, प्रौद्योगिकी, विपणन और वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में हैं। रेल मंत्रालय द्वारा अनुमोदन के अधीन, आईआरसीओएन के निदेशकों की प्रमुख योग्यता, कौशल, विशेषज्ञता और विशेषताओं को सारबद्ध करते हुए, जैसा कि निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है। 31 मार्च 2020 तक अपेक्षित कौशल / विशेषज्ञता / क्षमता रखने वाले निदेशकों के नाम भी तालिका में शामिल हैं:

क्र. सं.	निदेशक का प्रकार	अपेक्षित विशेषज्ञता/कौशल
1.	**पूर्णकालीन निदेशक**	
i)	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री सुनिल कुमार चौधरी	**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अच्छे शैक्षिक रिकार्ड के साथ कम से कम स्नातक की डिग्री और प्रतिष्ठित बड़े संगठन में वरिष्ठ स्तर के प्रबंधन का पर्याप्त अनुभव। **वांछनीयः** सिविल इंजीनियरिंग/तकनीकी/एमबीए में डिग्री अर्हता तथा वित्त/विपणन/परियोजनाओं का ज्ञान। अवसंरचनात्मक परियोजनाओं का अनुभव, विशेष रूप से रेल उद्योग में रेल परियोजनाओं, संगठनात्मक नियोजन की तकनीकों तथा श्रमशक्ति विकास का अनुभव।
ii)	निदेशक (परियोजना) श्री श्याम लाल गुप्ता	**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अच्छे शैक्षिक रिकार्ड के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक। रेलवे के क्षेत्र में पर्याप्त तकनीकी/प्रचालनक/परियोजना प्रबंधन अनुभव। **वांछनीयः** एमबीए/तकनीकी अर्हता प्राप्त।
iii)	निदेशक (कार्य) श्री योगेश कुमार मिश्रा	**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अच्छे शैक्षिक रिकार्ड के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक। सड़क/राजमार्ग सहित अवसंरचना परियोजनाओं के क्षेत्र में पर्याप्त तकनीकी/प्रचालनक/परियोजना प्रबंधन अनुभव। **वांछनीयः** एमबीए/तकनीकी अर्हता प्राप्त को प्राथमिकता।
iv)	निदेशक (वित्त) श्री मुकेश कुमार सिंह	**अनिवार्यः** (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अच्छे शैक्षिक रिकार्ड के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट या कॉस्ट एकाउंटेंट या पूर्णकालीन एमबीए/पीजीडीएम (वित्त में विशेषज्ञता सहित) पाठ्यक्रम के साथ प्रतिष्ठित संगठन में वरिष्ठ स्तर पर पर्याप्त अनुभव (ii) उपयुक्त स्तर पर संगठित समूह के लेखा सेवा के अधिकारी को उपर्युक्त क्रम. (i) में प्रस्तुत न्यूनतम अर्हता से छूट प्राप्त होगी। (iii) पर्याप्त एंव संगत अनुभव वाले केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय सशक्त बल/अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को उपर्युक्त क्रम. (i) में प्रस्तुत न्यूनतम अर्हता से छूट प्राप्त होगी। निगमित वित्त प्रबंधन तथा लेखांकन सहित लागत लेखांकन, बजट नियंत्रण, संस्थागत वित्त, कार्यशील पूंजी प्रबंधन आदि क्षेत्र में वरिष्ठ स्तर का पर्याप्त अनुभव
2.	**सरकारी नामिति** (अंशकालीन सरकारी) निदेशक » श्री पीयुष अग्रवाल » श्री हरि मोहन गुप्ता	जैसा कि भारत सरकार (रेल मंत्रालय) द्वारा निर्धारित किया गया है।
3.	**स्वतंत्र निदेशक** (अंशकालीन गैर सरकारी) निदेशक » डॉ सी बी वेंकटरमणा » श्री अशोक कुमार गंजू » श्री नरेन्द्र सिंह रैना » श्री अवनीश माटा » प्रो. (सुश्री वसुधा वसंत कामत)	

जैसा कि भारत सरकार (रेल मंत्रालय) द्वारा निर्धारित किया गया है।

सरकारी नामिति और स्वतंत्र निदेशकों के अनुभव और कौशल कंपनी के वेबसाइट यथा **www.ircon.org** पर उपलब्ध हैं।

2. दिनांक 31 मार्च 2020 को बोर्ड की संरचना और निदेशकों की श्रेणी

क्र. सं.	डीआईएन सहित निदेशकों का नाम व श्रेणी	अन्य कंपनियों में निदेशक पद की संख्या	बोर्ड समिति (समितियों) की संख्या जिनमें वह सदस्य /अध्यक्ष हैं*
पूर्णकालीन/कार्यकारी (कार्यपालक निदेशक)			
1	श्री एस के चौधरी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (डीआईएनः 00515672)	पीएचडी, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री	शून्य
2	श्री मुकेश कुमार सिंह निदेशक (वित्त) (डीआईएनः 06607392)	1. इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड 2. इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसिज लिमिटेड 3. छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड 4. छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल लिमिटेड 5. महानदी कोल रेलवे लिमिटेड 6. झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड 7. बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड 8. इरकॉन सोमा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड	लेखापरीक्षा समितिः आईआरएसडीसी (सदस्य)
3	श्री श्याल लाल गुप्ता निदेशक (परियोजना) (डीआईएनः 07598920) (01.11.2019 से)	1. छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड 2. छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल लिमिटेड 3. महानदी कोल रेलवे लिमिटेड 4. इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड 5. बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड 6. इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड 7. इरकॉन देवानगेरे हवेरी हाइवे लिमिटेड 8. इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेस–वे लिमिटेड	शून्य
4	श्री योगेश कुमार मिश्रा निदेशक (कार्य) (डीआईएनः 07654014)	झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड	शून्य
प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को कम्पनी द्वारा मूल्यांकन करके किसी परिसम्पति को परिशोधित करने अथवा किसी परिसम्पति का वार्षिक परिशोधन परीक्षण किए जाने की अपेक्षा होने के संकेत ज्ञात करके ऐसी परिसम्पतियों से वसूली योग्य राशि के अनुमान लगाए जाते हैं। किसी परिसम्पति की वसूली योग्य राशि किसी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट (सीजीयू) के उचित मूल्य, निपटान की लागत को घटाकर, तथा उसके उपयोग मूल्य से अधिक होती है। यदि कोई परिसम्पति ऐसी रोकड़ उत्पति यूनिट नहीं है जो परिसम्पतियों अथवा परिसम्पतियों के समूह से पूरी तरह भिन्न हो तो किसी वैयक्तिक परिसम्पति की वसूलीयोग्य राशि के निर्धारण किए जाते हैं। जब किसी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट की वहन राशि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है तो परिसम्पति को परिशोधित मान लिया जाता है तथा उसकी मालसूचियों के परिशोधन सहित उसकी वसूलीयोग्य राशि एवं परिशोधन हानि को ह्रासिल करके लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति की जाती है।

उपयोग मूल्य के मूल्यांकन पूर्व–कर छूट दर, जिससे धन के समय मूल्य के चालू बाजार मूल्यांकन एवं परिसम्पति से संबद्ध जोखिम प्रस्तुत होते हैं, के उपयोग से उसके वर्तमान को अनुमानित रोकड़ प्रवाह से कम करके किए जाते हैं।

साख के अलावा परिसम्पतियों का मूल्यांकन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को यह निर्धारण करने के लिए किया जाता है कि क्या संज्ञान में ली जा चुकी अक्षमता हानि के संकेत अभी भी हैं अथवा वे कम हो गए हैं। यदि ऐसे संकेत होते हैं तो कम्पनी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट की वसूली योग्य राशि के अनुमान लगाती है। संज्ञान में ली जा चुकी अक्षमता हानि का व्युत्क्रमण तभी किया जाता है जब पहले आंकी गई अक्षमता हानि के पश्चात से परिसम्पति की वसूलीयोग्य राशि के लिए लगाए गए अनुमानों में किसी प्रकार के परिवर्तन प्रतीत हों। व्युत्क्रमण सीमित होते हैं जिससे कि परिसम्पति की वहन राशि उसकी वसूली योग्य राशि से न तो अधिक हो और न ही यह पूर्वावधि की परिसम्पति से संबंधित अक्षमता हानि न होने की स्थिति में निर्धारित की जाने वाली वहन रशि, मूल्यह्रास का निवल, से अधिक न हो सके। ऐसे व्युत्क्रमण लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत किए जाते हैं।

2.2.7 सहायक कम्पनियों एवं संयुक्त उद्यमों के उपकरणों में निवेश

सहायक कम्पनियों एवं संयुक्त उद्यमों के इक्विटी उपकरणों में किया गया निवेश इंड एएस 27 ''अलग वित्तीय विवरण'' में किया गया है। जब किसी निवेश की वहन राशि उसकी अनुमानित वसूलीयोग्य राशि से अधिक होती है तो उसके अनुमान वसूलीयोग्यता के अनुसार लगाए जाते हैं तथा स्थाई होने के मामले में लाभ एवं हानि विवरण में ह्रास के प्रावधान किए जाते हैं। ऐसे निवेश का निपटान करने पर निवल निपटान प्राप्ति एवं वहन राशि के मध्य के अंतर लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत किए जाते हैं।

संयुक्त परिचालनों में हित

संयुक्त परिचालक के रूप में कम्पनी द्वारा संयुक्त परिचालनों, संयुक्त व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पक्षकारों के साथ संयुक्त रूप से धारित / वहन की गई परिसम्पतियों / देयताओं के अंशभाग के हितों को संज्ञान में लिया जाता है। ऐसे संयुक्त परिचालनों में किए गए कार्यों की बिक्री से प्राप्त राजस्व अंश भाग की स्वीकृति की जाती है। व्ययों की स्वीकृति संयुक्त व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पक्षकारों के साथ संयुक्त रूप से किए गए व्ययों के अंशभाग के अनुसार की जाती है।

2.2.8 मालसूचियां

क) मालसूचियों (स्क्रैप सहित) का मूल्यन उनकी न्यून लागत एवं निवल प्राप्य मूल्य पर आंका जाता है।

लागत में मालसूचियों को वर्तमान स्थल एवं स्थिति में लाने के लिए व्यय की गई क्रय लागत, परिवर्तन लागत एवं अन्य लागतें शामिल होती हैं। लागत का निर्धारण प्रथम आवक प्रथम जावक (एफआईएफओ) आधार पर किया जाता है। व्यापार की साधारण प्रक्रिया में निवल वसूलीयोग्य मूल्य पूर्णता लागतों तथा बिक्री के लिए आवश्यक अनुमानित के अनुमान को घटाकर आंका गया अनुमानित बिक्री मूल्य है।

ख) निर्माण कार्य प्रगति पर का मूल्यन ऐसे समय तक के लिए लागत पर किया गया है जब तक कार्य से प्राप्त होने वाले प्रतिफल का विश्वसनीय रूप से पता नहीं चलता है।

ग) नई परियोजनाओं पर संचलन के लिए किए गए प्रारंभिक संविदा व्यय को संबंधित वर्ष में निर्माण कार्य प्रगति पर के रूप में स्वीकृति दी गई है तथा उसे आनुपातिक आधार पर परियोजना के लाभ एवं हानि विवरण में रिपोर्टिंग अवधि के अंत संविदा के पूर्ण होने के चरण के समान प्रतिशत पर संबंधित अवधि में प्रभारित किया गया है। स्थल संचलन व्यय का बट्टा करने के स्थान पर लागत पर मूल्यन किया गया है।

घ) नो कास्ट प्लस संविदा, जिनमें संविदा की शर्तों के अनुसार सभी सामग्रियों, अतिरिक्त पूर्जों एवं भंडार की लागत की धनवापसी नहीं होती है, का मूल्यन उपर्युक्त (क) के अनुसार मालसूची के रूप में किया गया है।

ङ) अवधि के दौरान किए गए लूज पूर्जों का उपयोग कर लिया गया है।

2.2.9 राजस्व स्वीकृति

कम्पनी अपने परिचालन निर्माण उद्योग में करती है तथा इसके द्वारा अर्जित किया जाने वाला राजस्व मुख्यतः इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति एवं निर्माण कार्यों से प्राप्त होता है। ग्राहकों के साथ किए जाने वाले संविदाओं में रेलवे के निर्माण कार्य, सड़क एवं राजमार्ग के निर्माण, वाणिज्यिक एवं आवासीय भवनों के निर्माण, विद्युतिकरण कार्य एवं अन्य कार्य हैं। ऐसे संविदाओं के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों में जियोटैक्निकल जांच, टोपोग्राफिक्ल सर्वेक्षण, संसाधन योजना, विस्तृत योजना रिपोर्ट का निर्माण, निर्माण, इंजीनियरिंग, डिजाइनिंग, सामग्रियों की आपूर्ति, सिस्टम पुनर्विकास, संस्थापन, परियोजना प्रबंधन, परिचालन एवं प्रबंधन इत्यादि (''जिसे एक साथ निर्माण संबंधी सेवाएं'' कहा जाता है) कार्य हैं। कम्पनी द्वारा ये निर्माण सेवाएं नियत दर, टर्नकी आधार एवं कास्ट प्लस आधार पर प्रदान की जाती हैं।

ग्राहकों के साथ किए जाने वाले संविदा से प्राप्त राजस्व की स्वीकृति तब की जाती है जब माल एवं सेवाओं का अंतरण को उस राशि के प्रति प्राप्त हो जाता है जिसकी प्राप्ति की प्रत्याशा कम्पनी द्वारा ऐसे माल एवं सेवाओं के विनिमय के प्रति की गई है।

क) ग्राहकों के साथ संविदा से प्राप्त राजस्व

राजस्व का संव्यवहार के उस उचित मूल्य पर मापन करके किया जाता है जो निष्पादन दायित्व के रूप में निर्धारित है तथा जिसमें तृतीय पक्षकारों की ओर से संग्रह की गई राशियां शामिल नहीं हैं तथा जिसका समायोजन परिवर्तनीय प्रतिफल के निमित्त किया जाता है। कम्पनी के संविदा की प्रकृति में मूल्यवर्धन एवं विर्णित हर्जाने सहित अनेक प्रकार के परिवर्तनीय प्रतिफल उत्पन्न होते हैं। संव्यवहार मूल्य में किसी प्रकार के अनुवर्ती परिवर्तन को तदनुसार संविदा के प्रारंभ से समान आधार पर निष्पादन दायित्वों से संबद्ध कर लिया जाता है। कम्पनी द्वारा परिवर्तनीय प्रतिफल को स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब ऐसी संभावना हो कि स्वीकृत की गई संचित राशि के राजस्व में व्युत्क्रमण की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। कम्पनी यथोचित लेखा विधि के उपयोग से परिवर्तनीय प्रतिफल के प्रति स्वीकृत की जाने वाली राजस्व की राशि के अनुमान

निर्धारित करती है। इसके परिणामस्वरूप संव्यवहार मूल्य परिवर्तन की अवधि के संबंध में किसी संतोषजनक निष्पादन के लिए निर्धारित राशियों की पुनःस्वीकृति राजस्व के रूप में की जाती है अथवा राजस्व में कमी की जाती है।

संविदा संशोधनों का लेखांकन तब किया जाता है जब आवर्धन, विलोपन अथवा परिवर्तन के संबंध में संविदा के कार्यक्षेत्र अथवा संविदा मूल्य में अनुमोदन प्रदान किए गए हों। संविदाओं में संशोधनों का लेखांकन करने की क्रिया में यह मूल्यांकन किए जाते हैं कि क्या इसमें जोड़ी गई सेवाएं पृथक हैं अथवा नहीं हैं तथा क्या मूल्यन स्टैंडएलोन बिक्री मूल्य पर किया गया है अथवा नहीं किया गया है। जोड़ी गई वे सेवाएं, जो पृथक नहीं हैं,का लेखांकन संचयी कैच अप आधार पर किया जाता है जबकि जो पृथक होती हैं, उनका लेखांकन उत्तरव्यापी प्रभाव से या तो संविदा के अंतर्गत किया जाता है, यदि अतिरिक्त सेवाओं का मूल्यन स्टैंडएलोन बिक्री मूल्य के अनुसार है, अथवा यदि मूल्यन स्टैंडएलोन बिक्री मूल्य के अनुसार नहीं है तो विद्यमान संविदा को समाप्त करके तथा नया संविदा करके किया जाता है।

निम्नलिखित मापदंड पूर्ण होने की स्थिति में ही कम्पनी द्वारा किसी निष्पादन दायित्व को पूर्ण कर लिया माना जाता है तथा समयानुकूल राजस्व स्वीकृति की जाती हैः

- इकाई की निष्पादन क्रिया में प्रदान किए गए इकाई के निष्पादन ग्राहक को साथ साथ प्राप्त हुए हैं तथा उनके लाभों का उपयोग कर लिया गया है।
- इकाई द्वारा किए गए निष्पादन से किसी परिसम्पति (उदाहरणतः, कार्य प्रगति पर) का सृजन अथवा संवर्धन हुआ है तथा परिसम्पति के सृजन अथवा संवर्धन के साथ साथ ग्राहक को नियंत्रण प्राप्त हो गया है अथवा
- इकाई के निष्पादन से इकाई द्वारा किसी वैकल्पिक उपयोग के लिए किसी परिसम्पति का सृजन नहीं हुआ है तथा इकाई के पास निष्पादन पूरा किए जाने की तिथि तक के लिए भुगतान का प्रवर्तनीय अधिकार है।

कम्पनी द्वारा समान प्रकार के निष्पादन दायित्वों के संबंध में निरंतर उपयोग में लाई जाने वाली राजस्व की स्वीकृति की विधि के लिए अनेक मापदंड स्थापित किए गए हैं। जहां परिणामों के अनुमान विश्वसनीय रूप से लगाए जा सकते हैं वहां कम्पनी द्वारा इनपुट विधि के उपयोग से कार्य की प्रगति का मापन किया जाता है। इनपुट विधि के अंतर्गत राजस्व की स्वीकृति रिपोर्टिंग अवधि को पूर्णता के चरण के संदर्भ में की जाती है। पूर्णता के चरण का मापन निष्पादन दायित्व से संबद्ध अनुमानित लागत के योग पर तिथि के अनुसार किए गए वास्तविक लागत व्यय के आनुपातिक आधार पर किया जाता है।

ऐसी संविदाओं के मामले में जहां निष्पादन दायित्व का मापन इनपुट विधि से नहीं हो सकता है वहां आउटपुट विधि का उपयोग किया जाता है जो निष्पादन दायित्व के संबंध में कम्पनी द्वारा किए कार्य निष्पादन की उचित छवि प्रस्तुत करती है।

ख) संविदा कोष

- संविदा परिसम्पतियां : किसी संविदा परिसम्पति के संबंध में ग्राहक को प्रतिफल के विनिमय के प्रति माल एवं सेवाओं का अंतरण का अधिकार प्राप्त है। यदि कम्पनी द्वारा ग्राहक के लिए किया जाने वाला निष्पादन माल एवं सेवाओं के अंतरण के लिए ग्राहक द्वारा प्रतिफल दिए जाने से पूर्व अथवा प्रतिफल देय होने से पूर्व किया जाता है तो संविदा परिसम्पति की स्वीकृति अर्जित प्रतिफल, जो सशर्त है, के लिए की जाती है।
- व्यापार प्राप्य : प्राप्य से कम्पनी का किसी प्रतिफल के रूप में किसी राशि की प्राप्ति का अधिकार अभिप्रेत है जो किसी शर्त के बिना है (अर्थात प्रतिफल के भुगतान से पूर्व केवल थोड़ा समय अपेक्षित होता है)।
- संविदागत दायित्व : संविदागत दायित्व वे दायित्व हैं जो कम्पनी को ग्राहक से प्राप्त प्रतिफल (अथवा प्रतिफल की कोई देय राशि) के प्रति ग्राहक को माल एवं सेवाओं के अंतरण के लिए हैं। यदि कोई ग्राहक कम्पनी द्वारा माल एवं सेवाओं का अंतरण ग्राहक को करने से पूर्व प्रतिफल का भुगतान करता है तो संविदा दायित्व की पूर्ति भुगतान किए जाने पर अथवा भुगतान देय होने पर (जो भी पहले हो) होती है। संविदागत देयताओं की राजस्व में स्वीकृति तब की जाती है जबकि कम्पनी द्वारा संविदा के प्रति निष्पादन कर लिया जाता है।

ग) अन्य प्रचालन आय

- प्रचालन पट्टे के अंतर्गत किराए पर दी गई मशीनरी से उत्पन्न किराया आय का लेखांकन पट्टा अवधियों में सीधी रेखा आधार पर किया जाता है।
- अन्य प्रचालन आय में व्यापार की आनुषंगिक गतिविधियों से अर्जित आय की प्रस्तुति की गई है तथा इसकी स्वीकृति तब की गई है जब निष्पादन पूर्ण कर लिया गया है तथा संविदा शर्त के अनुसार आय की प्राप्ति का अधिकार प्राप्त हो गया है।

घ) अन्य आय

- लाभांश आय की स्वीकृति भुगतान प्राप्ति का अधिकार स्थापित होने पर की गई है।
- ब्याज आय की स्वीकृति प्रभावी ब्याज दर के उपयोग से की गई है।
- विविध आय की स्वीकृति निष्पादन दायित्व पूरे कर लिए जाने तथा संविदा शर्तों के अनुसार आय की प्राप्ति का अधिकार प्राप्त होने पर की गई है।

2.2.10 ऋण लागत

ऋण लागत में ब्याज एवं कम्पनी द्वारा निधियों की प्राप्ति के संबंध में व्यय की गई अन्य लागतें शामिल हैं। ऋण लागतों की सम्बद्धता प्रत्यक्ष रूप से किसी अधिग्रहण, निर्माण अथवा

उत्पादन से होती है जो परिसम्पति की लागत के पूंजीयन के लिए आशित उद्देश्य से उपयोग अथवा बिक्री के लिए किसी निश्चित अवधि में पूर्ण अथवा निर्मित की जानी अपेक्षित होती है। अन्य सभी ऋण लागतों की स्वीकृति उनके व्यय के अनुसार लाभ एवं हानि विवरण में की गई है। ऋण लागतों में ऐसी विनिमय भिन्नता भी शामिल हैं जिन्हें ऋण लागतों के समायोजन के लिए उपयोग किया गया है।

2.2.11 कर

क) चालू आय कर

चालू आय कर एवं देयताओं का मापन सम्बद्ध कर विनियमों के अंतर्गत कराधान प्राधिकरणों से संभावित प्राप्य अथवा चुकता की जाने वाली राशियों के अनुसार किया गया है । चालू कर निर्धारण अवधि के लिए देय आय कर के संबंध में कर देयता के रूप में किया गया है तथा इसका आकलन सबंधित कर विनियमों के अनुसार किया गया है। चालू आय कर की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिसमें लाभ एवं हानि के बाह्य स्वीकृत की गई मदों को शामिल नहीं किया गया है तथा इन मदों की स्वीकृति लाभ एवं हानि से बाह्य (अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) की गई है। चालू कर मदों की स्वीकृति सम्बद्ध संव्यवहार के संदर्भ में या तो अन्य व्यापक आय में की गई है या इन्हें प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में शामिल किया गया है। प्रबंधन द्वारा आवधिक रूप से कर विवरणियों में अपनी उन स्थितियों के संबंध में आवधिक मूल्यांकन किए जाते हैं जिनके लिए लागू कर विनियम व्याख्या तथा यथा लागू स्थापित प्रावधानों के अध्याधीन हैं।

चालू कर परिसम्पतियों एवं कर दायित्वों का समंजन उन स्थितियों के लिए किया गया है जिनके संबंध में कम्पनी के पास समंजन का विधिक प्रवर्तनीय अधिकार है अथवा उनके संबंध में कम्पनी की मंशा निवल आधार पर उनका निपटान करने अथवा परिसम्पति की बिक्री करके एक साथ दायित्व का समाधान करने करने की है।

ख) आस्थगित कर

आस्थगित कर देयताओं की स्वीकृति परिसम्पतियों एवं देयताओं के कर आधारों तथा रिपोर्टिंग तिथि को वित्तीय रिपोर्टिंग के उद्देश्य से उनकी वहन राशियों के मध्य अस्थाई भिन्नताओं के संबंध में देयता विधि के उपयोग से की गई है।

आस्थगित कर परिसम्पतियों का मापन उन कर दरों पर किया गया है जिनका उपयोग उस अवधि के लिए किया जाना संभावित है जब परिसम्पति का निपटान अथवा दायित्व का समाधान कर दरों के आधार (तथा कर विधियों) पर किया गया था जो प्रवर्तित हैं अथवा रिपोर्टिंग तिथि को प्रवर्तित किए गए हैं।

आस्थगित कर परिसम्पतियों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिसमें लाभ एवं हानि के बाह्य स्वीकृत की गई मदों को शामिल नहीं किया गया है तथा इन मदों की स्वीकृति लाभ एवं हानि से बाह्य (अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) की गई है। आस्थगित कर मदों की स्वीकृति सम्बद्ध संव्यवहार के संदर्भ में या तो अन्य व्यापक आय में की गई है अथवा इन्हें प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में शामिल किया गया है।

आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की वहन राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाती है और उस स्तर तक इसे कम किया जाता है जहां यह संभावना न रहे कि उपयोग की जाने वाली आस्थगित आयकर परिसंपत्ति या उसका भाग उपयुक्त कर लाभ के लिए उपलब्ध होगा। स्वीकृत न की गई आस्थगित कर परिसम्पतियों का पुनः मूल्यांकन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को किया जाता है तथा इनकी स्वीकृति उस स्तर तक की जाती है जिस स्तर तक यह संभावना बनी रहे कि इससे प्राप्त भावी करयोग्य लाभ से आस्थगित कर परिसम्पतियों की वसूली की जा सकेगी।

आस्थगित कर परिसम्पतियों एवं देयताओं का समंजन तब किया जाता है जब चालू कर परिसम्पतियों एवं देयताओं के समंजन के लिए प्रवर्तनीय विधिक अधिकार उपलब्ध हो तथा जब आस्थगित कर परिसम्पतियों के शेष समान कराधान प्राधिकरण से संबंधित हों।

2.2.12 विदेशी मुद्राएं

- **कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा**

वित्तीय विवरणों में शामिल मदों का मापन उस प्राथमिक आर्थिक परिवेश की मुद्रा में किया गया है जिसमें इकाई अपने परिचालन ("कार्यात्मक मुद्रा") करती है। वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति भारतीय रूपए में की गई है जो कम्पनी की कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा भी है।

- **संव्यवहार एवं कोष**

विदेशी मुद्रा संव्यवहार कार्यात्मक मुद्रा में रिकार्ड किए गए हैं जिसके लिए संव्यवहार की तिथि के अनुसार कार्यात्मक मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के मध्य की विनिमय दर का उपयोग किया गया है।

रिपोर्टिंग तिथि को बकाया विदेशी मुद्रा वाली मौद्रिक मदों को कार्यात्मक मुद्रा में क्लोजिंग दर (देयताओं के लिए क्लोजिंग बिक्री दर तथा परिसम्पतियों के लिए क्लोजिंग खरीद दर) पर परिवर्तित किया गया है। विदेशी मुद्रा के मूल्य वर्ग वाली गैर–मौद्रिक मदों का वहन उनकी ऐतिहासिक लागत पर संव्यवहार की तिथि की विनिमय दर पर किया गया है।

मौद्रिक मदों के समाधान से उत्पन्न विनिमय दर भिन्नताओं, अथवा रिपोर्टिंग तिथि को की गई पुनःप्रस्तुति, के अनुसार उन दर भिन्नताओं पर किया गया है जो प्रारंभ में रिकार्ड की गई थी तथा लाभ एवं हानि विवरण में इनकी स्वीकृति इनकी उत्पति की अवधि में की गई थी। इन विनिमय भिन्नताओं की लाभ एवं हानि में प्रस्तुति निवल आधार पर की गई है।

- **विदेश परिचालन**

शाखाओं से संबंधित उन विदेश परिचालनों, जिनमें उपयोग की मुद्रा के प्रति कार्यात्मक मुद्रा में भिन्नता है, के

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के नोट
31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

संबंध में स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति के उद्देश्य से उपयोग की मुद्रा का प्रयोग किया गया है। कम्पनी की विदेश स्थित शाखाओं की परिसम्पतियों एवं देयताओं (मौद्रिक एवं गैर–मौद्रिक दोनों) को रिपोर्टिंग तिथि के अंत में लागू विनिमय दर के उपयोग से परिवर्तित किया गया है। यदि विनिमय दरों में महत्वपूर्ण उतार चढ़ाव नहीं हुए हैं तो आय एवं व्यय की मदों को अवधि के दौरान औसत विनिमय दरों पर परिवर्तित किया गया है अन्यथा मामलों के लिए संव्यवहार की तिथि को प्रयुक्त विनिमय दर उपयोग में लाई गई है। उत्पन्न विनिमय भिन्नताओं, यदि कोई हैं, की स्वीकृति अन्य व्यापक आय एवं इक्विटी इसका संचय विदेशी मुद्रा परिवर्तन रिजर्व के रूप में किया गया है।

विदेशी परिचालनों का निपटान (परियोजना की बहियां बंद करने पर) होने पर परिचालन के संबंध में इक्विटी में संचित विनिमय भिन्नताओं का पुनःवर्गीकरण लाभ एवं हानि विवरण में किया गया है।

2.2.13 कर्मचारी लाभ

क) अल्पकालिक कर्मचारी लाभ

वेतन, अल्पकालिक प्रतिपूर्ति छुट्टी एवं निष्पादन सम्बद्ध वेतन (पीआरपी) जैसे बारह माह की पूर्ण सेवा के पश्चात प्रदान किए जाने वाले लाभों का वर्गीकरण अल्पकालिक कर्मचारी लाभ के रूप में किया गया है तथा ऐसे लाभों की गैर–डिस्काउंटिड राशि को उस अवधि से संबंधित लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया गया है जिन अवधियों में कर्मचारी द्वारा सम्बद्ध सेवाएं प्रदान की गई हैं।

ख) सेवानिवृत्ति पश्चात लाभ

- **परिभाषित अंशदायी योजना** : परिभाषित अंशदायी योजना के अंतर्गत कम्पनी नियत राशि का अंशदान एक अलग इकाई में करती है तथा इससे इसके प्रति आगे किसी राशि का भुगतान करने का कोई विधिक अथवा तर्कसाध्य दायित्व नहीं होता है। परिभाषित अंशदायी योजनाओं में अंशदान करने से संबंधित योजनाओं के संबंध में, जिन अवधियों में कर्मचारी द्वारा सम्बद्ध सेवाएं प्रदान की गई हैं, लाभ एवं हानि विवरणों में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में स्वीकृति दी गई है।

  कम्पनी की एक परिभाषित अंशदायी कर्मचारी सेवानिवृत्ति योजना है जिसका व्यवस्थापन एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन डिफाइन्ड कन्ट्रीब्यूशन सुपरएनुएशन पेंशन स्कीम,2009) के माध्यम से किया जा रहा है। ट्रस्ट के लिए किए जाने वाले अंशदान की स्वीकृति उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरणों में की गई है जिस अवधि में ट्रस्ट के प्रति अंशदान देय होते हैं।

- **परिभाषित लाभ योजना** : परिभाषित लाभ योजना एक सेवानिवृत्ति के पश्चात की लाभ योजना है जो कि परिभाषित अंशदायी योजनाओ से भिन्न है। इन योजनाओं के अंतर्गत किसी लाभ के प्रति दायित्व कम्पनी के ही होते हैं। उपदान, भविष्य निधि एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात चिकित्सा लाभ के लिए कम्पनी की देयताओं की रूपरेखा परिभाषित लाभ योजनाओं में दर्शाई गई है।

कम्पनी द्वारा उपदान का निधियन किया जाता है तथा इसका प्रबंधन एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन एम्प्लाइज ग्रुप ग्रेच्युटी ट्रस्ट) करती है। व्यय के रूप में स्वीकृत की गई अवधियों के लिए उपदान ट्रस्ट में किया जाने वाले अंशदान को लाभ एवं हानि में प्रभारित किया जाता है। कम्पनी मान्यताप्राप्त भविष्य निधि में पूर्व निर्धारित दरों पर एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन कंट्रीब्यूटरी प्राविडेंट फंड) को करती है जो निधियों का निवेश अनुमत्त सिक्योरिटिज में करता है। व्यय के रूप में स्वीकृत अवधियों के लिए निधि के अंशदान के व्यय को लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है। कम्पनी का दायित्व ऐसे नियत अंशदान करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि इसके सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम दर पर लाभ की प्राप्ति हो सके। कम्पनी की एक सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा सुविधा योजना (पीआरएमएफ) भी है जिसका निधियन भी कम्पनी करती है तथा इसका प्रबंधन एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन मेडिकल ट्रस्ट) द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सा ट्रस्ट में अवधियों के संबंध में स्वीकृत किया जाने वाले अंशदान को व्यय के रूप में लाभ एवं हानि में प्रभारित किया जाता है।

परिभाषित लाभ योजना के संबंध में कम्पनी के निवल दायित्वों का मापन प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में सरकारी सिक्योरिटिज की परिपक्वता अवधि, जो परिभाषित लाभ दायित्वों के भारित औसत परिपक्वता प्रोफाइल के समान है, में बाजार प्राप्ति पर आधारित डिस्काउंट दर के उपयोग से अनुमानित भावी नकद प्रवाहों के वर्तमान मूल्य पर अलग से किया जाता है। निवल आधार पर दायित्वों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए परिभाषित लाभ योजनाओं के अंतर्गत सकल दायित्वों में से योजनागत परिसम्पतियों के उचित मूल्य को कम कर दिया जाता है।

आकलन का निष्पादन एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा अनुमानित यूनिट क्रेडिट के उपयोग से किया जाता है तथा सरकार की अधिसूचित ब्याज दरों पर पर्याप्त लाभ की उत्पति में ट्रस्ट के सक्षम न होने की स्थितियों के संबंध में संकेत दिए जाते हैं।

बीमांकक लाभ एवं हानियों सहित योजनागत परिसम्पतियों के प्राप्यों का पुनःमापन (परिभाषित लाभ देयता अथवा परिसम्पति के निवल पर निवल ब्याज की राशियों के अलावा) करके अन्य व्यापक आय में स्वीकृति की जाती है तथा इसे धारित आय के रूप में दर्शाया जाता है तथा यह लाभ एवं हानि विवरण में पुनःवर्गीकृत किए जाने के योग्य नहीं होती है।

चालू सेवा लागत, पूर्व सेवा लागत, ब्याज लागत तथा समाधान पर लाभ एवं हानियों से युक्त परिभाषित लाभ लागतों को कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी गई है। परिभाषित लाभ योजना के किसी निपटान पर लाभ अथवा हानियों की स्वीकृति तब की जाती है जब निपटान किया जाता है। पूर्व सेवा लागत को व्यय के रूप में, योजनागत संशोधन अथवा संक्षेपण से पूर्व तथा जब कम्पनी धारित संबंधित अवसरंचना लागतों अथवा सेवा समाप्ति लाभों को स्वीकृति देती है, स्वीकृति प्रदान की जाती है।

ग) अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

कम्पनी द्वारा बारह माह के पश्चात अग्रेषित किए जाने वाले छुट्टी नकदीकरण एवं छुट्टी यात्रा रियायत को मापन के उद्देश्य से दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ माना गया है। इन दीर्घकालिक लाभों के संबंध में दायित्व की स्वीकृति का मापन अनुमानित यूनिट क्रेडिट विधि के उपयोग से बीमांकन पर आधारित दायित्वों के वर्तमान मूल्य पर किया गया है।

चालू सेवा लागत, पूर्व सेवा लागत, ब्याज लागत तथा समाधान पर लाभ एवं हानियों से युक्त दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ लागतों को कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी गई है।

2.2.14 नकद एवं नकद समतुल्य

नकद एवं नकद समतुल्य में नकदी, बैंकों में जमा नकदी एवं अल्पकालिक जमा जिनकी मूल परिपक्वता तीन माह अथवा कम है तथा जो नकदी की ज्ञात राशियों के लिए तत्काल परिवर्तित किए जा सकते हैं तथा जो मूल्य में परिवर्तन के प्रति महत्वपूर्ण जोखिम के अध्याधीन हैं।

नकदी प्रवाह विवरण के उद्देश्य से नकदी एवं नकदी समतुल्यों में ऊपर दी गई परिभाषा के अनुसार अप्रबंधित नकदी एवं अल्पकालिक जमा शामिल किए गए हैं क्योंकि उन्हें कम्पनी के रोकड़ प्रबंधन का अभिन्न अंग माना गया है।

2.2.15 लाभांश

कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों को प्रदान किए जाने वाले वार्षिक लाभ वितरण की देयता के रूप में स्वीकृति शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित अवधि के लिए की गई है । अंतरिम लाभांश के प्रति देयता के रूप में स्वीकृति निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त होने पर की जाती है। देय लाभांश एवं लाभांश वितरण के अनुवर्ती कर की स्वीकृति सीधे इक्विटी में की गई है।

2.2.16 प्रावधान, आकस्मिक परिसम्पतियां एवं आकस्मिक देयताएं

क) प्रावधान

प्रावधान को स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप कम्पनी का कोई वर्तमान दायित्व (विधिक अथवा तर्कसाध्य) हो तथा ऐसी संभावना हो कि दायित्व के निपटान, जिसके संबंध में विश्वसनीय अनुमान लगाए जा सकते हैं, के लिए संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित है। प्रावधान के रूप में स्वीकृत राशि रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व के निपटान के लिए अपेक्षित विचार, दायित्व से जुड़े जोखिम एवं अनिश्चितताओं पर विचार, के पश्चात आंके गए उत्तम अनुमान के अनुसार होती है।

जब धन के समय मूल्य का वस्तुगत होने की संभावना होती है तो प्रावधान राशि को दायित्व से सम्बद्ध जोखिम की प्रस्तुति करने वाली,जब उचित हो, पूर्व कर दर के उपयोग से कम कर दिया जाता है। समय के परिवर्तन को वित्त लागत के रूप में विचार में लिए जाने के कारण डिस्काउंटिंग के उपयोग के पश्चात प्रावधान अधिक कर दिए जाते हैं।

कम्पनी द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले प्रावधानों में अनुरक्षण, विघटन, डिजाइन गारंटी, विधिक मामले, निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर), दुर्वह संविदा एवं अन्य शामिल हैं।

ख) दुर्वह संविदाएं

दुर्वह संविदा वह संविदा है जिसमें संविदा के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने की वे अपरिहार्य लागतें (अर्थात वे लागतें जिनकी संविदा के कारण कम्पनी अनदेखी नहीं कर सकती है) आती हैं जो उससे प्राप्त होने वाले संभावित आर्थिक लाभों से अधिक होती हैं। किसी संविदा के अंतर्गत अपरिहार्य लागतें संविदा की विद्यमान न्यूनतम लागत की प्रस्तुति करते हैं जो इसके निष्पादन की लागत एवं इसे निष्पादित न किए जाने के मुआवजे अथवा उत्पन्न होने वाली शास्तियों से कम हैं। यदि कम्पनी की कोई दुर्वह संविदा है तो संविदा के अंतर्गत दायित्व की स्वीकृति एवं मापन के लिए प्रावधान किए जाते हैं। तथापि, दुर्वह संविदा के लिए अलग प्रावधान करने से पूर्व कम्पनी किसी अक्षमता हानि की स्वीकृति करती है जो ऐसी संविदा के लिए नियत की गई परिसम्पतियों के संबंध में हुई है।

इन अनुमानों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में करके चालू उत्तम अनुमान के अनुसार समायोजन प्रस्तुत किए गए हैं।

ग) आकस्मिक देयताएं

ऐसे आकस्मिक दायित्वों के संबंध में प्रकटीकरण किया जाता है जब संभावित दायित्व अथवा वर्तमान दायित्वों के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित होने की संभावना होती है, परन्तु नहीं भी हो सकती है, अथवा ऐसे दायित्वों की राशि का मापन विश्वसनीयता से नहीं किया जा सकता है। जब किसी संभावित दायित्व अथवा विद्यमान दायित्व के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बर्हिप्रवाह होने की संभावना काफी होती है तो कोई प्रावधान अथवा प्रकटीकरण नहीं किए जाते हैं।

इनकी समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को की जाती है तथा चालू उत्तम अनुमानों के अनुसार इनका समायोजन किया जाता है।

घ) **आकस्मिक परिसम्पतियां** आकस्मिक परिसम्पतियों की स्वीकृति नहीं की जाती है अपितु आर्थिक लाभों के प्रवाह की विश्वसनीयता होने पर इनका प्रकटीकरण किया जाता है।

2.2.17 पट्टे

कम्पनी द्वारा संविदा के प्रारंभ में ऐसे मूल्यांकन किए जाते हैं कि क्या संविदा पट्टा, अथवा अंतर्विष्ट पट्टा, है अथवा नहीं है। इसका अर्थ है कि क्या संविदा में संज्ञान में ली गई परिसम्पति के संबंध में किसी अवधि में उपयोग के नियंत्रण का अधिकार प्रतिफल के विनिमय के प्रति उपलब्ध है।

क) पट्टेदार के रूप में कम्पनी

कम्पनी द्वारा अल्पकालिक पट्टों तथा न्यून मूल्य की परिसम्पतियों के पट्टों के अलावा सभी पट्टों के संबंध में एकल स्वीकृति एवं मापन विधि का उपयोग किया जाता है। कम्पनी पट्टा दायित्वों की स्वीकृति पट्टा भुगतानों तथा उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों के रूप में करती है जिससे अंतर्निहित परिसम्पतियां उपयोग अधिकार की प्रस्तुति करती हैं।

1) उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां

कम्पनी उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की स्वीकृति पट्टा प्रारंभ होने की तिथि (अथवा वह तिथि जब अंतर्निहित परिसम्पति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है) के अनुसार करती है। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पति का मापन किसी प्रकार के संचित मूल्यह्रास तथा क्षमता हानियों को घटाकर एवं पट्टा दायित्वों के किसी पुनःमापन में समायोजन करके लागत पर किया जाता है।

उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की लागत में स्वीकृत पट्टा देयता क राशि, प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागतें, एवं किसी प्रकार के प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर प्रारंभ तिथि को अथवा उससे पूर्व किए गए पट्टा भुगतान शामिल हैं। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों का मूल्यह्रास पट्टा काल को कम करके तथा परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

यदि पट्टा की गई परिसम्पतियां पट्टा काल के अंत में कम्पनी को अंतरित की जाती है अथवा प्रस्तुत लागत में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य होता है तो मूल्यह्रास का आकलन परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां अक्षमता की शर्त पर भी होती है।

2) पट्टा दायित्व

कम्पनी द्वारा पट्टे की प्रारंभ तिथि को पट्टा काल के लिए चुकता किए जाने वाले पट्टा के वर्तमान मूल्य के अनुसार मापन किए गए पट्टा दायित्वों को स्वीकृति दी जाती है। पट्टा भुगतानों में किसी प्रकार के प्राप्य प्रोत्साहन घटाकर नियत भुगतान (सारभूत नियत भुगतान में शामिल), परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो सूचकांक अथवा किसी दर पर निर्भर हैं, तथा अवशेष मूल्य गारंटियों के अंतर्गत चुकता की जाने वाली संभावित राशियां शामिल है। पट्टा भुगतानों में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य भी शामिल होता है जिसका औचित्यपरक निश्चितता के साथ कम्पनी उपयोग कर सकती है, तथा पट्टों समाप्त करने, यदि पट्टा काल शर्तों में शास्तियों के भुगतान की व्यवस्था है, के विकल्प का उपयोग कर सकती है। व्यय के रूप में स्वीकृत किसी सूचकांक अथवा दर पर निर्भर न होने वाले परिवर्तनीय पट्टा भुगतान (यदि वे मालसूचियों के उत्पादन के लिए व्यय नहीं किए गए हैं) उनकी उत्पति की अवधि अथवा भुगतान किए जाने की स्थिति में किए जाते हैं।

पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य का आकलन करते हुए कम्पनी पट्टा प्रारंभ तिथि से आवर्धित ऋण दर का उपयोग करती है क्योंकि पट्टे में अंतर्निहित ब्याज दर का सुगमता से निर्धारण नहीं किया जा सकता है। प्रारंभ तिथि के पश्चात पट्टा दायित्वों की राशि में ब्याज अभिवृद्धि की प्रस्तुति के लिए वृद्धि हो जाती है तथा किए गए पट्टा भुगतान कम हो जाते हैं। इसके अलावा, पट्टा दायित्वों के वहन मूल्य का पुनःमापन किसी प्रकार का संशोधन किए जाने, पट्टा काल में परिवर्तन किए जाने, पट्टा भुगतानों में परिवर्तन किए जाने (अर्थात पट्टा भुगतानों के निर्धारण के लिए प्रयुक्त किसी सूचकांक अथवा दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भावी भुगतानों में परिवर्तन) अथवा अंतर्निहित परिसम्पति के क्रय के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किए जाने की स्थिति में किया जाता है।

कम्पनी के पट्टा दायित्वों को वित्तीय दायित्वों में शामिल किया जाता है।

3) अल्पकालिक पट्टे तथा न्यून मूल्य वाली परिसम्पतियों के पट्टे

कम्पनी द्वारा आवासीय परिसरों तथा कार्यालयों (अर्थात वे पट्टे जिनका पट्टा काल प्रारंभ की तिथि से 12 माह अथवा कम है तथा जो क्रय विकल्प के साथ नहीं हैं) के अपने अल्पकालिक पट्टा अनुबंधों में अल्पकालिक पट्टा स्वीकृति के लिए छूट का उपयोग किया जाता है। कम्पनी द्वारा कार्यालय उपकरणों, जो न्यून मूल्य के रूप में विचार में नहीं लिए गए हैं, के पट्टों के लिए पट्टे की न्यून मूल्य परिसम्पति छूट का उपयोग भी किया जाता है। अल्पकालिक पट्टों के पट्टा भुगतान तथा न्यून मूल्य परिसम्पतियों के पट्टों की स्वीकृति पट्टा काल के लिए सीधी रेखा आधार पर व्यय के रूप में की जाती है।

कम्पनी द्वारा पट्टा लेखांकन में किए गए समायोजन इंड एएस 116 के अनुसार किए गए हैं जो 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी है तथा सभी सम्बद्ध आंकड़ों का

पुनःवर्गीकरण /पुनःसमूहन इंड एएस116 की अपेक्षाओं के प्रभाव से किया गया है।

ख) पट्टाकार के रूप में कम्पनी

वे पट्टे जिनमें कम्पनी मुख्य रूप से परिसम्पति से संबद्ध सभी जोखिम तथा प्रतिफल अंतरित नहीं करती है उनका वर्गीकरण परिचालन पट्टे के रूप में किया गया है। पट्टे के काल की अवधि के लिए सीधी रेखा आधार पर लेखांकित पट्टे से उत्पन्न किराया को उसकी परिचालन प्रकृति के कारण राजस्व के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया गया है। परिचालन पट्टे के परक्रामण एवं व्यवस्थापन के दौरान व्यय की गई प्रत्यक्ष लागतें पट्टाकृत परिसम्पति की वहन राशि में जोड़ी गई हैं तथा उनकी स्वीकृति ब्याज आय के समान आधार पर पट्टा काल के लिए की गई है। आकस्मिक किरायों की स्वीकृति राजस्व के रूप में उनकी उत्पति होने पर की गई है।

2.2.18 वित्तीय उपकरण

वित्तीय उपकरण अनुबंध होते हैं जो किसी इकाई की वित्तीय परिसम्पति तथा किसी अन्य इकाई के किसी दायित्व अथवा वित्तीय उपकरण के संव्यवहार के लिए किए जाते हैं।

क) वित्तीय परिसम्पतियां

प्रारंभिक स्वीकृति एवं मापन

वित्तीय परिसम्पतियों को उचित मूल्य जमा या घटा संव्यवहार लागतों पर स्वीकृत किया जाता है जो प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय परिसम्पतियों (लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापण की गई परिसम्पतियों के अलावा) के अधिग्रहण या जारी करने से संबंधित हैं। वित्तीय परिसम्पतियों अथवा वित्तीय देयताओं से प्रत्यक्ष सम्बद्ध संव्यवहार लागतों को उनके उचित मूल्य पर लाभ एवं हानि के माध्यम से तुरंत लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी जाती है।

अनुवर्ती मापन

अनुवर्ती मापन के उद्देश्य वित्तीय परिसम्पतियों को चार वर्गों में वर्गीकृत किया गया हैः

- परिशोधन लागत पर नामे उपकरण

  निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होने पर ऋण उपकरण का मापन परिशोधित लागत पर किया जाता हैंः

  क) परिसंपत्ति व्यवसाय मॉडल के अनुसार ही धारित है जिसे परिसंपत्ति से संविदागत रोकड़ प्रवाह एकत्रित करने के उद्देश्य से धारित किया गया है और

  ख) परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें रोकड़ प्रवाह के लिए विशिष्ट तिथियों को निर्धारित करती हैं जो विशिष्ट रूप से बकायों मूल राशि पर मूल और ब्याज का भुगतान है।

ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन प्रभावी ब्याज दर विधि घटा हानि, यदि कोई हो, का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि विवरण में वित्तीय आय में शामिल किया गया है। क्षमता हानि से उत्पन्न होने वाली हानियों को लाभ अथवा हानि में स्वीकृति दी जाती है। यह वर्ग सामान्यत व्यापार एवं अन्य प्राप्यों के लिए उपयोग में लाया जाता है।

- अन्य वृहत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण उपकरण (एफवीटीओसीआई)

निम्नलिखित दोनों मापदंड पूरे होने पर ऋण उपकरण का वर्गीकरण अन्य वृहत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है :

- व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य संविदागत रोकड़ प्रवाहों को एकत्रित करके तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के बेचकर दोनों माध्यमों द्वारा प्राप्त किया जाता है, और
- परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें रोकड़ प्रवाह विशिष्ट रूप से मूल और ब्याज के भुगतान (एसपीपीआई) को प्रस्तुत करती हैं।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के शामिल ऋण उपकरणों को उचित मूल्य पर आरंभिक स्तर पर तथा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर मापा जाता है। उचित मूल्य संचलनों को अन्य वृहत आय (ओसीआई) में स्वीकार किया जाता है। तथापि, लाभ और हानि विवरण में कंपनी ब्याज आय, परिशोधित हानियों और प्रतिक्रमों तथा विदेशी विनिमय लाभ या हानि को स्वीकार करती है। परिसंपत्तियों को गैर–स्वीकार करने पर ओसीआई में पूर्व में स्वीकृत संचित लाभ या हानि को लाभ और हानि विवरण में इक्विटी से पुनःवर्गीकृत किया जाता है। अर्जित ब्याज को ईआईआर विधि का प्रयोग करते हुए स्वीकार किया जाता है।

- **लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर ऋण उपकरण**

  एफवीटीपीएल ऋण माध्यमों के लिए अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण माध्यम, जो परिशोधित लागत या एफवी ओसीआई के रूप में श्रेणीकरण के मापदंड को पूरा नहीं करता है, को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

  एफवीटीपीएल के वर्ग में शामिल ऋण उपकरणों का मापन लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर किया गया है।

- **इक्विटी उपकरण**

  इंड एएस 109 के कार्य क्षेत्र में इक्विटी निवेश का मापन उचित मूल्य पर किया जाता है। जो इक्विटी उपकरण एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत व्यापार के लिए धारित किए गए हैं। अन्य सभी उपकरणों के लिए कम्पनी द्वारा उचित मूल्य पर अनुवर्ती परिवर्तन पर अन्य व्यापक आय में प्रस्तुत करने का अशोध्य चयन किया गया है। कम्पनी द्वारा ऐसे चयन उपकरण – वार आधार पर किए जाते हैं। ऐसे वर्गीकरण प्रारंभिक स्वीकृति पर किए जाते हैं तथा ये अशोध्य होते हैं।

  यदि कम्पनी किसी इक्विटी उपकरण का वर्गीकरण एफवीटीओसीआई के रूप में करने का निर्णय लेते है तो लाभांशों के अलावा उपकरण के सभी उचित मूल्य परिवर्तनों की स्वीकृति अन्य व्यापक आय में की जाती है।

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के नोट
31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

निवेश की बिक्री के पश्चात भी अन्य व्यापक आय में से राशियों का पुनःचक्रण लाभ एवं हानि विवरण में नहीं किया जाता है। तथापि, कम्पनी इक्विटी में संचित लाभ एवं हानि का अंतरण कर सकती है।

एफवीटीपीएल वर्ग में शामिल इक्विटी उपकरणों का मापन उनके उचित मूल्य पर लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत सभी परिवर्तनों के साथ किया जाता है।

वित्तीय परिसम्पतियों की अक्षमता

ईसीएल उन सभी संविदागत नकद प्रवाहों के मध्य का अंतर है जो कम्पनी संविदा के अंतर्गत देय हैं तथा जो ऐसे नकद प्रवाहों से संबंधित हैं जिनकी प्राप्ति की प्रत्याशा इकाई (अर्थात सभी नकद न्यूनताएं), तथा जो मूल ईआईआर पर न्यून किए गए हैं।

इंड एएस 109 के अनुसरण में कम्पनी द्वारा निम्नलिखित वित्तीय परिसम्पतियों एवं क्रेडिट ऋण जोखिमों से संबंधित प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल को मापन एवं अक्षमता हानि में स्वीकृति के लिए उपयोग किया गया है:

क. वित्तीय परिसम्पतियां जो ऋण उपकरण हैं तथा जिनका मापन परिशोधन लागत अर्थात ऋण, डेब्ट सिक्योरिटियों, जमा, व्यापार प्राप्यों एवं बैंक शेष के लिए किया गया है।

ख. वित्तीय परिसम्पतियां जो ऋण उपकरण हैं तथा एफवीटीओसीआई पर मापन की गई हैं।

ग. इंड एएस 116 के अंतर्गत पट्टा प्राप्य

घ. व्यापार प्राप्य अथवा अन्य संविदागत अधिकार के अंतर्गत प्राप्त नकदी अथवा अन्य वित्तीय परिसम्पति जो ऐसे संव्यवहार से प्राप्त हो जो इंड एएस 115 के दायरे में है।

ङ. ऋण प्रतिबद्धताएं जिनका मापन एफवीटीपीएल के अनुसार नहीं किया गया है।

च. वित्तीय गारंटी अनुबंध जिनका मापन एफवीटीपीएल के अनुसार नहीं किया गया है।

कम्पनी द्वारा निम्नलिखित के संबंध में अक्षमता हानि भत्ते की स्वीकृति के लिए ''सरल एप्रोच' का अनुसरण किया गया है:

- व्यापार प्राप्यों अथवा अनुबंध राजस्व प्राप्यों; तथा
- सभी ऐसे पट्टा प्राप्यों जिनके संव्यवहार इंड एएस 116 के दायरे में हैं।

सरल एप्रोच की उपयोज्यता के लिए कम्पनी को क्रेडिट जोखिम में ट्रैक परिवर्तन नहीं करने होते हैं। इसके स्थान पर प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को लाइफटाइम ईसीएल पर आधारित क्षमता हानि भत्तों का उपयोग प्रारंभिक स्वीकृति की तिथि से किया जाता है।

वित्तीय परिसम्पतियों एवं ऋण जोखिम पर क्षमता हानि के संज्ञान के लिए कम्पनी यह निर्धारण करती है कि क्या प्रारंभिक स्वीकृति के पश्चात से क्रेडिट जोखिम में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है अथवा नहीं हुई है। यदि क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है तो 12 माह की ईसीएल का उपयोग क्षमता हानि के प्रावधान के लिए किया जाता है। तथापि, यदि क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि होने पर लाइफटाइम ईसीएल का उपयोग किया जाता है। यदि किसी अनुवर्ती अवधि में उपकरण की क्रेडिट गुणवत्ता में सुधार आता है तथा प्रारंभिक संज्ञान के पश्चात से क्रेडिट जोखिम में कोई महत्वपूर्ण बढ़त नहीं होती है तो इकाई द्वारा 12 माह की ईसीएल पर आधारित क्षमता हानि भत्ते को समाप्त कर दिया जाता है।

लाइफटाइम ईसीएल वे प्रत्याशित क्रेडिट हानियां हैं जो वित्तीय परिसम्पति के संभावित उपयोज्यता काल में संभव चूक घटनाओं के कारण उत्पन्न होती हैं। 12 माह ईसीएल लाइफटाइम ईसीएल का वह भाग है जो रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात 12 माह के दौरान संभावित चूक घटनाओं से उत्पन्न हुए हैं।

ईसीएल क्षमता हानि भत्ता (अथवा रिवर्सल) की स्वीकृति आय/व्यय के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। इस राशि की प्रस्तुति ''अन्य व्यय'' शीर्ष के अंतर्गत लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। विभिन्न वित्तीय उपकरणों के अंतर्गत तुलन पत्र की प्रस्तुति का वर्णन नीचे किया गया है:–

- परिशोधित लागत पर मापन की गई वित्तीय परिसम्पतियां, संविदागत राजस्व प्राप्य एवं पट्टा प्राप्यः ईसीएल की प्रस्तुति एक भत्ते के रूप में अर्थात तुलन पत्र में ऐसी परिसम्पतियों के मापन के अभिन्न भाग के रूप में की जाती है। निवल वहन राशि में से भत्ता घटा दिया जाता है। परिसम्पति द्वारा बट्टा मापदंड पूरे न किए जाने तक कम्पनी सकल वहन राशि में से क्षमता हानि भत्ते को कम नहीं करती है।
- ऋण प्रतिबद्धताएं एवं वित्तीय गारंटी संविदा : ईसीएल की प्रस्तुति तुलन पत्र में एक प्रावधान अर्थात एक दायित्व के रूप में की गई है।
- ऋण उपकरण का मापन एफवीटीओसीआई के अनुसार : ऋण उपकरणों का मापन एफवीओसीआई के अनुसार किया गया है, संभावित क्रेडिट हानियों से तुलन पत्र में वहन राशि कम नहीं हुई है जिससे यह उचित मूल्य पर होती है। परिसम्पति का मापन अन्य व्यापक आय में स्वीकृत परिशोधन लागत पर ''संचित परिशोधन राशि'' के रूप में करने की स्थिति में इसके स्थान पर भत्ते के समतुल्य एक राशि उत्पन्न होगी।

कम्पनी द्वारा क्षीण क्रेडिट वाली वित्तीय परिसम्पतियों (पीओसीआई), अर्थात ऐसी परिसम्पतियां जिनका क्रेडिट क्रय / व्युत्पति पर क्षीण है, का क्रय अथवा व्युत्पति नहीं की गई है।

वित्तीय परिसम्पतियों की स्वीकृति समाप्ति

किसी वित्तीय परिसम्पति (अथवा जहां लागू हो वित्तीय परिसम्पतियों का भाग अथवा समान प्रकार की वित्तीय

परिसम्पतियों के समूह का भाग) की स्वीकृति तब समाप्त की जाती है जब वित्तीय परिसम्पतियों से प्राप्त होने वाले रोकड़ प्रवाहों के संविदागत अधिकार समाप्त हो जाते हैं अथवा जब वित्तीय परिसम्पतियां एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण जोखिम एवं प्रतिफल अंतरित कर दिए जाते हैं।

वहन राशि एवं प्रतिफल के रूप में प्राप्त / प्राप्य राशि के मध्य के अंतर को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी जाती है।

ख) वित्तीय देयताएं

प्रारंभिक स्वीकृति एवं मापन

सभी वित्तीय देयताओं की स्वीकृति प्रारंभ में उचित मूल्य पर, तथा ऋण एवं उधार तथा देयताओं के मामले में संव्यवहार लागतों से प्रत्यक्ष सम्बद्ध निवल के अनुसार की जाती है।

कम्पनी की वित्तीय देयतों में व्यापार एवं अन्य देयताएं,ऋण एवं उधार, अन्य वित्तीय देयताएं इत्यादि शामिल हैं।

अनुवर्ती मापन

वित्तीय देयताओं का मापन नीचे प्रस्तुत विवरण के अनुसार उनके वर्गीकरण पर निर्भर है:

- लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं

कम्पनी के पास एफवीटीपीएल के अंतर्गत किसी प्रकार की वित्तीय देयताएं नहीं हैं।

- परिशोधन लागत पर वित्तीय देयताएं

ऋण, उधार, व्यापार देय एवं अन्य वित्तीय देयताएं

प्रारंभिक स्वीकृति के पश्चात ऋण, उधार, व्यापार देय एवं अन्य वित्तीय देयताओं का अनुवर्ती मापन ईआईआर विधि के उपयोग से परिशोधन लागत पर किया जाता है। लाभ एवं हानियों को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम देयताओं की स्वीकृति समाप्त कर दी जाती है।

परिशोधन लागत का आकलन किसी प्रकार की छूट अथवा अधिग्रहण प्रीमियम तथा शुल्क अथवा लागतों, जो ईआईआर का अभिन्न अंग हैं, को लेखे में लेकर किया जाता है। ईआईआर परिशोधन में लाभ एवं हानि विवरण की वित्त लागतों को शामिल किया जाता है।

वित्तीय देयताओं की स्वीकृति समाप्ति

किसी वित्तीय देयता की स्वीकृति तब समाप्त होती है जब देयता के दायित्व पूरे कर लिए जाते हैं अथवा रद्द हो जाते हैं अथवा कालातीत हो जाते हैं। जब कोई विद्यमान वित्तीय देयता के स्थान पर समान ऋणदाता से महत्वपूर्ण भिन्न शर्तों पर अथवा विद्यमान देयताओं की शर्तों की संशोधित शर्तों पर कोई बदलाव किया जाता है तो ऐसे विनिमय अथवा सुधार को मूल देयता की स्वीकृति समाप्ति मानकर नई देयता के प्रति स्वीकृति की जाती है। सम्बद्ध वहन राशियों की भिन्नताओं को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत किया जाता है।

ग) वित्तीय गारंटी संविदाएं

कंपनी द्वारा जारी वित्तीय गारंटी संविदाएं वे संविदाएं हैं जिनमें कंपनी को ऋण माध्यम की शर्तों के अनुसार देय होने पर विशिष्ट ऋणदाता द्वारा भुगतान करने में विफल रहने की स्थिति में धारक को हुए घाटे की प्रतिपूर्ति किए जाने के लिए भुगतान की अपेक्षा होती है। वित्तीय गारंटी संविदाओं को आरंभिक तौर पर लागतों के संव्यवहारों के लिए समायोजित उचित मूल्य पर देयता के रूप में स्वीकार किया जाता है, को प्रत्यक्ष रूप से गारंटी के जारी किए जाने से संबंधित है। तत्पश्चात, देयता को इंड एएस 109 की हानि अपेक्षाओं के अनुसार निर्धारित घाटा भत्ते के राशि तथा स्वीकृत राशि घटा संचित परिशोधन, जो कोई भी अधिक हो, पर मापा जाता है।

घ) वित्तीय परिसम्पतियों का पुनःवर्गीकरण

कम्पनी वित्तीय परिसम्पतियों एवं देयताओं का वर्गीकरण प्रारंभिक स्वीकृति के समय निर्धारित करती है। प्रारंभिक स्वीकृति के पश्चात उन वित्तीय परिसम्पतियों का पुनःवर्गीकरण नहीं किया जाता है जो इक्विटी उपकरण अथवा वित्तीय देयता होते हैं। ऋण उपकरणों की वित्तीय परिसम्पतियों के िए पुनःवर्गीकरण तभी किया जाता है जब ऐसी परिसम्पतियों के प्रबंधन के व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन हुआ हो। व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन की संभावना कभी कभार होती है। व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन तब होता है जब कम्पनी या किसी ऐसे क्रियाकलाप का निष्पादन करना प्रारंभ करती है अथवा समाप्त करती है जो उसके परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण है। यदि कम्पनी वित्तीय परिसम्पतियों का वर्गीकरण करती है तो ऐसा पुनःवर्गीकरण उत्तरव्यापी प्रभाव से अगली रिपोर्टिंग अवधि के तत्काल निकट अगले दिन से व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन करके किया जाता है। कम्पनी स्वीकृत लाभों, हानियों (क्षमता लाभ अथवा हानियों सहित) अथवा ब्याज की पुनः प्रस्तुति नहीं करती है।

ङ) स्वीकृत राशियों का समंजन करने के संबंध में चालू प्रवर्तनीय संविदागत विधिक अधिकार होने तथा परिसम्पतियों से प्राप्ति एवं साथ ही साथ देयताओं का निपटान निवल आधार पर करने की मंशा होने की स्थिति में वित्तीय परिसम्पतियों एवं वित्तीय देयताओं, एवं तुलन पत्र में सूचित की गई राशियों का समंजन किया जाएगा।

2.2.19 उचित मूल्य मापन

कम्पनी द्वारा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वित्तीय उपकरणों का उचित मूल्य पर मापन किया जाता है।

उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसम्पति को बेचने अथवा किसी देयता को अंतरित करने के लिए दिए जाने के लिए बाजार प्रतिभागियों के साथ मापन की तिथि को प्राप्त होता है। उचित मूल्य मापन ऐसे अनुमान पर आधारित है जो परिसम्पति को बेचने के संव्यवहार अथवा देयता का अंतरण करने के उद्देश्य से या तो :

- उत्तम बाजार में परिसम्पतियों अथवा देयताओं के लिए; अथवा

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के नोट
31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

- उत्तम बाजार न होने पर परिसम्पतियों एवं देयताओं के अत्यधिक लाभकारी बाजार में। उत्तम अथवा लाभकारी बाजार कम्पनी की पहुंच के दायरे में होना चाहिए।

किसी परिसम्पति अथवा देयता के उचित मूल्य का मापन बाजार प्रतिभागियों के ऐसे अनुमानों के अनुसार यह मानकर किया जाता है कि वे इसमें आर्थिक उत्तम हित में बाजार प्रतिभागी क्रिया कर रहे हैं।

किसी गैर–वित्तीय परिसम्पति के उचित मूल्य का मापन उच्चतर एवं बेहतर उपयोग से परिसम्पति का उपयोग आर्थिक लाभों की उत्पति के संबंध में बाजार प्रतिभागियों की क्षमता को विचार में लेकर अथवा इसकी बिक्री किसी अन्य बाजार कर करके, जो परिसम्पति का उपयोग उच्चतर एवं बेहतर ढंग से कर सकता है, किया जाता है।

कम्पनी द्वारा मूल्यांकन तकनीकी का उपयोग किया जाता है ऐसी परिस्थितियों के लिए उचित हैं तथा जिनके संबंध में वह पर्याप्त डेटा उचित मूल्य के मापन के उद्देश्य से उपलब्ध है, जिनसे सम्बद्ध प्रेक्षण योग्य इनपुट का अधिकतम उपयोग किया जा सकेगा तथा गैर–प्रेक्षण योग्य इनपुट का उपयोग न्यूनतम किया जा सकेगा।

सभी परिसम्पतियां एवं देयताओं, जिनके संबंध में उचित मूल्य पर मापन अथवा वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण किया गया है, का वर्गीकरण उचित मूल्य की तारतम्यता का अनुसरण करके किया गया है जो न्यूनतम स्तर के इनपुट पर आधारित है तथा पूर्ण रूप से उचित मूल्य पर मापन के लिए महत्वपूर्ण हैं:–

- स्तर 1 – समान प्रकार की परिसम्पतियों अथवा देयताओं के सक्रिय बाजारों में उद्धृत (गैर–समायोजित) बाजार मूल्य
- स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर के इनपुट हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रेक्षण योग्य उचित मूल्य मापन के लिए उपयोगी हैं।
- स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर के इनपुट हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से गैर–प्रेक्षण योग्य उचित मूल्य मापन के लिए उपयोगी हैं।

ऐसी परिसम्पतियों एवं देयताओं के संबंध में, जो आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में स्वीकृत की गई हैं, कम्पनी द्वारा स्तरों के मध्य के स्तरों पर तारतम्यता में अंतरण किए जाने के निर्धारण (न्यूनतम स्तर इनपुट पर आधारित जो पूर्ण उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण हैं) प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किए जाते हैं।

महत्वपूर्ण परिसम्पतियों एवं देयताओं, यदि कोई हों, के लिए बाहय मूल्यांककों की सेवाएं प्राप्त की जाती हैं। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को कम्पनी द्वारा उन परिसम्पतियों एवं देयताओं के मूल्य के संचलनों का विश्लेषण किया जाता है जिनका मापन अथवा पुनःमापन कम्पनी की लेखांकन नीतियों के अनुसार किया जाना अपेक्षित होता है।

उचित मूल्य के प्रकटीकरण के लिए कम्पनी द्वारा परिसम्पतियों एवं देयताओं के वर्ग उनकी प्रकृति, विशिष्टताओं एवं परिसम्पति अथवा देयता से जुड़े जोखिमों तथा ऊपर स्पष्ट की गई तारतम्यता के अनुसार उचित मूल्य के स्तर के आधार पर किए जाते हैं।

ऊपर उचित मूल्य के लिए लेखांकन नीतियों का संक्षेप प्रस्तुत किया गया है। उचित मूल्य से संबंधित अन्य प्रकटीकरण सम्बद्ध नोटों में किए गए हैं।

2.2.20 बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पतियां

जब किसी परिसम्पति का धारण उसकी वहन लागत की वसूली मूलतः बिक्री संव्यवहार के लिए किया जाता है तथा बिक्री संव्यवहार की संभावना काफी विश्वसनीय होती है तो गैर–चालू परिसम्पतियां (अथवा निपटान समूह) का वर्गीकरण बिक्री के लिए धारित परिसम्पतियों के रूप में किया जाता है। किसी बिक्री को काफी विश्वसनीय तब माना जाता है जब परिसम्पति अथवा निपटान समूह अपनी वर्तमान स्थिति में बिक्री के लिए उपलबध हो तथा बिक्री न होने की संभावना न हो एवं बिक्री की प्रक्रिया वर्गीकरण किए जाने से एक वर्ष में की जानी संभावित हो। बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत निपटान समूहों को उल्लिखित वहन राशि से कम मूल्य पर तथा बिक्री की लागतों को घटाकर उचित मूल्य किया जाता है। बिक्री के धारित का वर्गीकरण करने के पश्चात सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण, निवेश सम्पति एवं अमूर्त परिसम्पतियों का मूल्यह्रास अथवा परिशोधन नहीं किया जाता है। बिक्री / वितरण के वर्गीकृत के साथ धारित परिसम्पतियों की प्रस्तुति तुलन पत्र में अलग से की जाती है।

यदि इंड एएस 105 "बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पतियां" के उल्लिखित मापदंडों को पूरा नहीं किया जाता है तो बिक्री के लिए धारित निपटान समूहों का वर्गीकरण समाप्त कर दिया जाता है। वर्गीकरण समाप्त की गई बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पतियों का मापन (1) बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पति के रूप में वर्गीकरण से पूर्व उसकी वहन राशि, मूल्यह्रास के समायोजन के पश्चात जो तब किया जाता जब बिक्री के धारित परिसम्पति का वर्गीकरण न होगा, तथा (2) उस तिथि की उसकी वसूली योग्य राशि जब निपटान समूह का वर्गीकरण बिक्री के धारित के लिए समाप्त किया गया था, से न्यून किया जाता है। मूल्यह्रास रिर्वसल समायोजन से संबंधित सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण, निवेश परिसम्पति तथा अमूर्त परिसम्पतियों को उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता जिस अवधि में गैर–चालू परिसम्पतियों का धारण बिक्री के लिए किए जाने के मापदंड पूरे नहीं हो पाते हैं।

2.2.21 पूर्वावधि समायोजन

चालू वर्ष में पूर्वावधि से संबद्ध चूक / अकरण पाई जाने पर यदि प्रत्येक एवं अकरण का औसत कम्पनी के पिछले लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार कुल परिचालन राजस्व के 0.50 प्रतिशत से अधिक नहीं होता है तो उसका उपचार सारहीन रूप से किया जाता है तथा उसका समायोजन चालू वर्ष में किया जाता है।

2.2.22 महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान एवं निर्धारण

उक्त वित्तीय विवरणों के निर्माण के लिए उपयोग में लाए गए अनुमानों का अनवरत मूल्यांकन कम्पनी द्वारा किया जाता है तथा ये ऐतिहासिक अनुभव एवं विभिन्न अन्य अनुमानों एवं

कारकों (भावी घटनाओं की संभावनाओं सहित), जिनके प्रति कम्पनी का विश्वास विद्यमान परिस्थितियों के कारण औचित्यपरक रूप से है, पर आधारित होते हैं। ऐसे अनुमान ऐसे तथ्यों एवं घटनाओं पर आधारित होते हैं जो रिपोर्टिंग तिथि को विद्यमान हैं अथवा जिनका आस्तित्व इस तिथि के पश्चात हुआ है परन्तु विद्यमान स्थितियों के अनुसार रिपोर्टिंग तिथि को इनका आस्तित्व होने के अतिरिक्त प्रमाण उपलब्ध हैं। तथापि, कम्पनी द्वारा ऐसे अनुमानों, वास्तविक परिणामों का नियमित मूल्यांकन किया जाता है परन्तु ऐसे अनुमान आंके जाने के समय औचित्यपरक होते हुए इनके वास्तविक परिणाम सामग्रीगत रूप से भिन्न हो सकते हैं तथा ऐसे परिणाम ऐतिहासिक अनुभव अथवा अनुमानों से भिन्न होने पर भी पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं। अनुमानों में होने वाले परिवर्तनों की स्वीकृति उस अवधि के वित्तीय विवरणों में की जाती है जिस अवधि में ये ज्ञात होते हैं।

रिपोर्टिंग तिथि को भावी एवं अन्य प्रमुख स्रोतों के अनुमानों की अनिश्चितता से संबंधित प्रमुख अनुमान, जिनमें अगले वित्तीय वर्ष में परिसम्पतियों एवं देयताओं की वहन राशियों में सामग्रीगत समायोजन की उत्पति का महत्वपूर्ण जोखिम व्याप्त है, का वर्णन नीचे किया गया है। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

क. संग्रहित न किए गए व्यापार प्राप्यों के लिए गुंजाइश

व्यापार प्राप्यों के साथ ब्याज नहीं होता है तथा इनकी प्रस्तुत उनके सामान्य मूल्यों पर अनुमानित वसूलीयोग्य राशि पर छूट करके प्रदान की जाती है जो प्राप्य शेष एवं ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित होती है। व्यापार प्राप्यों का अलग अलग बट्टा तब किया जाता है जब प्रबंधन को उनकी वसूली संभव प्रतीत नहीं होती है।

ख. परिभाषित लाभ योजनाएं

सेवानिवृत्ति लाभ दायित्वों की लागतों का निर्धारण बीमांकन मूल्यांकनों के उपयोग से किया जाता है। बीमांकक अनुमानों में विभिन्न अनुमान लगाए जाने की आवश्यकता होती है जो भविष्य में वास्तविक अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। ऐसे निर्धारण में छूट दर, भावी वेतन वृद्धि, मृत्यु दर एवं भावी पेंशन वृद्धि शामिल होती है। मूल्यांकन की जटिलताओं में बढ़ोतरी तथा इनकी दीर्घकालिक प्रकृति के परिणामस्वरूप परिभाषित लाभ दायित्व ऐसे अनुमानों में परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदी हैं। सभी अनुमानों की समीक्षा रिपोर्टिंग तिथि को की जाती है।

ग. आकस्मिताएं

कम्पनी के प्रति व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के दौरान आकस्मिक देयताओं की उत्पति न्यायिक मामलों एवं अन्य दावों के परिणामस्वरूप होती है। ये ऐसे दायित्व होते हैं जिनके संबंध में प्रबंधन सभी उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर संबंधित भुगतान अथवा कठिनाई के परिमाण के अनुमान विश्वसनीयता से नहीं आंक सकती है तथा ऐसे दायित्वों को आकस्मिक दायित्व मानकर इनका प्रकटीकरण नोटों में किया गया है। इस प्रकार, कम्पनी के संलिप्त होने वाली विधिक प्रक्रियाओं के अंतिम प्रतिफल का ऐसा कोई निश्चित प्रमाण नहीं है जिससे आकस्मिकताओं का सामग्रीगत प्रभाव का कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर होने के विश्वसनीय अनुमान लगाए जा सके।

घ. वित्तीय परिसम्पतियों की अक्षमता

वित्तीय परिसम्पतियों के लिए अक्षमता प्रावधान चूक जोखिमों एवं संभावित हानि दरों के अनुमानों पर आधारित होते हैं। कम्पनी अपने विवेक का उपयोग करके ऐसे अनुमान लगाकर अक्षमता इनपुट का आकलन करती है जो कम्पनी के पूर्व इतिहास, बाजार स्थितियों के आधार एवं प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लगाए जाने वाले वाले भावी अनुमानों पर आधारित होते हैं।

ङ. कर

क) समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च 2020 तक समूह के वित्तीय विवरण शामिल हैं। समूह द्वारा इन्हें प्रस्तुत किए जाने पर नियंत्रण हासिल किया जाता है, या अधिकार होता है, कि निवेश करने वाले के साथ अपनी भागीदारी से प्रतिफल और उन प्रतिफल को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। निवेशकर्ता पर इसकी शक्ति, विशेष रूप से, समूह एक निवेशी को नियंत्रित करता है यदि और केवल यदि समूह के पासः

- निवेशक पर अधिकार (अर्थात मौजूदा अधिकार जो इसे निवेश की प्रासंगिक गतिविधियों को निर्देशित करने की वर्तमान क्षमता देते हैं)
- प्रकटन, या अधिकार, निवेश करने वाले के साथ अपनी भागीदारी से प्रतिफल हेतु, और
- निवेशी पर अपनी शक्ति का उपयोग करने की क्षमता उसके प्रतिफल को प्रभावित करती है

सामान्यतः अनुमान है कि मतदान के अधिकांश अधिकार समूह के नियंत्रण में होते हैं। इस अनुमान का समर्थन करने के लिए और जब समूह के पास वोटिंग के लिए बहुमत या किसी निवेशकर्ता के समान अधिकार हैं, तो समूह यह आकलन करने के लिए सभी प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करता है कि क्या किसी निवेशकर्ता पर उसका अधिकार है, जिसमें शामिल हैं:

- निवेशी के अन्य वोट धारकों के साथ अनुबंध की व्यवस्था।
- अन्य संविदात्मक व्यवस्था से उत्पन्न अधिकार।
- समूह के मतदान अधिकार और संभावित मतदान अधिकार।
- समूह का आकार मतदान के अधिकार के सापेक्ष और अन्य मतदान अधिकार धारकों की धारिता के फैलाव के सापेक्ष।

ख) समूह पुनः मूल्यांकन करता है कि क्या वह किसी निवेशक को नियंत्रित करता है या नहीं यदि तथ्य और परिस्थितियाँ यह दर्शाती हैं कि नियंत्रण के तीन तत्वों में से एक या अधिक परिवर्तनशील हैं। सहायक कंपनी का एकीकरण तब आरंभ होता है जब समूह सहायक कंपनी पर नियंत्रण प्राप्त करता है और जब समूह सहायक कंपनी का नियंत्रण खो देता है। वर्ष के दौरान अधिगृहीत या निपटाए गए किसी सहायक कंपनी की परिसंपत्तियां, देयताएं, आय और व्यय, समूह द्वारा नियंत्रण प्राप्त करने की तारीख से समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल होते हैं, जब तक कि समूह सहायक कंपनी को नियंत्रित करने के लिए समाप्त नहीं हो जाता है।

ग) समान परिस्थितियों में लेन–देन और अन्य घटनाओं के लिए समान लेखांकन नीतियों का उपयोग करके समेकित वित्तीय

विवरण तैयार किए जाते हैं। यदि समूह का सदस्य समान परिस्थितियों में लेन–देन और घटनाओं के लिए समेकित वित्तीय विवरणों में नीतियों के अतिरिक्त लेखांकन नीतियों का उपयोग करता है, तो समूह के लेखांकन के साथ अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में उस समूह के सदस्यों के वित्तीय विवरणों के लिए उपयुक्त समायोजन किया जाता है।

घ) समेकन के उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली सभी संस्थाओं के वित्तीय विवरणों को मूल कंपनी के रूप में एक ही रिपोर्टिंग तिथि अर्थात, 31 मार्च को समाप्त तक लेखांकित किए जाते हैं।

ड.) समकन प्रक्रियाः

i) सहायक कंपनियां

- अपनी सहायक कंपनियों के साथ अभिभावक संपत्ति, देनदारियों, इक्विटी, आय, व्यय और नकदी प्रवाह की मदों का समायोजन किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए, सहायक कंपनी की आय और व्यय अधिग्रहण की तारीख में समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता प्राप्त परिसंपत्तियों और देनदारियों की मात्रा पर आधारित हैं।

- प्रत्येक सहायक कंपनी में अभिभावक के निवेश की वहन राशि (अंतिम) और प्रत्येक सहायक कंपनी की इक्विटी का मूल भाग।

- समूह की संस्थाओं के बीच लेन–देन से संबंधित पूर्ण इंट्रा–समूह परिसंपत्तियों और देनदारियों, इक्विटी, आय, खर्चों और नकदी प्रवाह को समाप्त करें (इन्ट्रा–समूह लेनदेन से उत्पन्न लाभ या हानि जो कि परिसंपत्तियों में पहचानी जाती हैं, जैसे दरसूची और अचल संपत्तियां, पूर्ण का रूप से समाप्त होनौं) । इंट्रा–समूह हानि का संकेत दे सकता है जिसे समेकित वित्तीय विवरणों में स्वीकार करने की आवश्यकता होती है। इंड एएस 12 के रूप में आयकर अस्थायी अंतर पर लागू होता है, जो इंट्रा–समूह लेनदेन से होने वाले लाभ और हानि के उन्मूलन से उत्पन्न होता है।

- लाभ या हानि और अन्य वृहत आय (ओसीआई) के प्रत्येक घटक को समूह के प्रमुख और गैर–नियंत्रित हितों के इक्विटी धारकों के लिए उत्तरदायी माना जाता है, भले ही यह गैर–नियंत्रित हितों में घाटे का संतुलन हो। जब आवश्यक हो, तो अपनी लेखा नीतियों को समूह की लेखांकन नीतियों के अनुरूप लाने के लिए सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों में समायोजन किया जाता है। समूह के सदस्यों के बीच लेन–देन से संबंधित सभी इंट्रा–समूह परिसंपत्तियों और देनदारियों, इक्विटी, आय, व्यय और नकदी प्रवाह को समेकन के साथ पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया जाता है।

- नियंत्रण की हानि के बिना, एक सहायक के स्वामित्व हित में परिवर्तन इक्विटी लेनदेन के रूप में उत्तरदायी है। यदि समूह किसी सहायक कंपनी पर नियंत्रण खो देता है, तो:

✓ परिसंपत्तियों (सद्भावना सहित) और सहायक कंपनियों की देनदारियों

✓ किसी भी गैर–नियंत्रण वाले हितों की वहन राशि का प्रकटन करता है

✓ इक्विटी में स्वीकृत की गई संचयी अंतरण विभेद

✓ प्राप्त मत का उचित मूल्य का निर्धारण

✓ किसी भी निवेश को बनाए रखने के उचित मूल्य का निर्धारण

✓ लाभ या हानि में किसी भी अधिशेष या घाटे का निर्धारण

✓ पहले से लाभ या हानि के लिए ओसीआई में मान्यता प्राप्त की मूल कंपनी के शेयर या प्रतिधारित आय, उचित रूप में, जैसे कि समूह सीधे संबंधित परिसंपत्तियों या देयताओं का निपटान किया जाए।

ii) संयुक्त व्यवस्था

इंड एएस–111 संयुक्त व्यवस्थाओं के अंतर्गत, संयुक्त व्यवस्थाओं में निवेश को संयुक्त प्रचालन या संयुक्त उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यह वर्गीकरण संयुक्त व्यवस्था की विधि संरचना के स्थान पर प्रत्येक निवेशक के संविदागत अधिकार या दायित्व पर निर्भर करता है। इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के संयुक्त प्रचालन और संयुक्त उद्यम दोनों हैं।

- **संयुक्त प्रचालन** : समूह संयुक्त प्रचालनों की परिसंपत्तियों, देयताओं, राजस्वों और व्ययों तथा उसके द्वारा धारित या की गई कोई परिसंपत्ति, देयता, राजस्व या व्यय को स्वीकार करता है। इन्हें उपयुक्त शीर्षों के अंतर्गत समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है।

- **संयुक्त उद्यम** : संयुक्त उद्यमों में हितों को इक्विटी विधि का प्रयोग करके लेखांकित किया जाता है, ऐसा आरंभिक स्तर पर समेकित तुलन पत्र में लागत पर स्वीकार करने के पश्चात किया जाता है।

(च) इक्विटी विधि

लेखांकन की इक्विटी विधि के अंतर्गत, निवेशों को आरंभिक रूप में लागत पर स्वीकार किया जाता है और तत्पश्चात समायोजित किया जाता है ताकि लाभ और हानि में निवेशित के अधिग्रहण पूर्व लाभों या हानियों के समूह के भाग को तथा अन्य वृहत आय में निवेशित की अन्य वृहत आय के समूह के भाग को स्वीकार किया जा सके। संबद्ध और संयुक्त उद्यमों से प्राप्त और प्राप्य लाभांशों को निवेश की प्रतिधारण राशि में कमी के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

जब इक्विटी–लेखांकित निवेश में समूही की हानियों का भाग किसी अन्य अरक्षित दीर्घकालीन प्राप्यों सहित इक्विटी में इसके

हित के समान या अधिक है तो समूह और अधिक हानियों को स्वीकार नहीं करता है बशर्ते इसने अन्य निकायों की ओर से दायित्वों को वहन किया हो या भुगतान किए हों।

समूह और इसके संयुक्त उद्यमों के बीच संव्यवहारों पर अप्राप्त लाभों को इन निकायों में समूह के हित के स्तर तक समाप्त किया जाता है। अप्राप्त घाटों को भी समाप्त किया जाता है बशर्ते संव्यवहार में अंतरित परिसंपत्ति की हानि के साक्ष्य उपलब्ध हों। समूह द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीति के अनुरूप बनाए रखने के लिए यथा आवश्यकता इक्विटी लेखांकित निवेशितियों की लेखांकन नीतियों में परिवर्तन किया गया है।

2.2 महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार संक्षेप :

वित्तीय विवरणों के निर्माण के लिए उपयोग की गई महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार संक्षेप नीचे प्रस्तुत किया गया है। इन लेखांकन नीतियों का उपयोग लेखांकन विवरणों में प्रस्तुत की गई सभी अवधि के लिए समान रूप से किया गया है।

2.2.1 चालू एवं गैर–चालू वर्गीकरण

समूह द्वारा तुलन पत्र में परिसम्पतियों एवं देयताओं की प्रस्तुति चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के आधार पर गई है।

किसी परिसम्पति को चालू तब माना जाता है जब :

- सामान्य परिचालन क्रम में बेची जानी हो अथवा बेचने के लिए आशित हो अथवा उपयोग किया जाना हो
- जो मुख्यतः व्यापार के उद्देश्य से धारित की गई है।
- जो रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात 12 माह के भीतर बेची जानी संभावित हो
- यदि विनिमय अथवा रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात कम से कम बारह माह में किसी देयता के निपटान के लिए उपयोग के लिए नहीं है तो रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य

समूह ने अन्य सभी परिसम्पतियों का वर्गीकरण गैर–चालू परिसम्पति के रूप में किया है।

कोई देयता चालू तब होती है जब :

- उसका समाधान सामान्य प्रचालन क्रम में किया जाना हो
- जो मुख्यतः व्यापार के उद्देश्य से धारित की गई है।
- जो रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात 12 माह के भीतर समाधान की जानी संभावित हो
- जिसके प्रति रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति के पश्चात कम से कम बारह माह के लिए किसी देयता के समाधान को आस्थगित करने का अप्रतिबंधित अधिकार प्राप्त न हो।

समूह ने अन्य सभी देयताओं का वर्गीकरण गैर–चालू देयता के रूप में किया है।

आस्थगित कर परिसम्पतियों एवं देयताओं का वर्गीकरण गैर–चालू परिसम्पति एवं देयताओं के रूप में किया गया है।

परिचालन क्रम प्रस्संकरण के लिए अधिगृहित की गई परिसम्पतियों एवं रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य से होने वाली प्राप्ति के मध्य का समय काल है। समूह ने परिचालन क्रम के लिए 12 माह निश्चित किए हैं।

2.2.2 सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण

स्वीकृति एवं प्रारंभिक मापन

सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण की स्वीकृति तब की जाती है जब ऐसी मद से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ समूह को प्राप्त होने की संभावना हो तथा प्रत्येक मद का मापन विश्वसनीय रूप से किया जा सकता हो। सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का प्रारंभिक मापन लागत पर किया जाता है।

परिसम्पति की लागत में निम्नलिखित शामिल होता है :

क) क्रय मूल्य, किसी व्यापार छूट एवं रियायत का निवल

ख) ऋण लागतें यदि पूंजीयन मापदंड पूरे किए गए हैं

ग) परिसम्पति के अधिग्रहण से प्रत्यक्ष सम्बद्ध लागत जिसका वहन परिसम्पति को प्राप्त करने एवं आशित उद्देश्य से कार्यशील बनाने के लिए किया गया है।

घ) निर्माण अवधि के दौरान अप्रत्यक्ष निर्माण के भाग के रूप में पूंजीयन किए गए आनुषंगिक व्यय जो निर्माण से संबंधित व्यय से प्रत्यक्ष संबंधित है अथवा उसके संबंध में आनुषंगिक हैं।

ङ) यदि स्वीकृति मापदंड पूरे किए गए हैं तो मदों को अलग अलग करने तथा हटाए जाने तथा स्थल नवीकरण करने की अनुमानित लागत का वर्तमान मूल्य

फ्रीहोल्ड भूमि का वहन ऐतिहासिक लागत पर किया गया है।

अनुवर्ती मापन

सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का अनुवर्ती मापन संचित मूल्य ह्रास एवं संचित अक्षमता हानियों, यदि कोई हों, के साथ लागत पर किया जाता है। अनुवर्ती व्यय का पूंजीयन तब किया जाता है जब ऐसे व्यय से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ समूह को प्राप्त होने की संभवना हो तथा व्यय की लागत का मापन विश्वसनीयता के साथ किया जा सकता हो।

दीर्घकालिक निर्माण परियोजना के लिए प्रतिस्थापना, प्रमुख जांच, महत्वपूर्ण पूर्जों की मरम्मत तथा ऋण लागतों का पूंजीयन स्वीकृति मापदंड पूरे होने पर किया जाता है।

मशीनरी के अतिरिक्त पूर्जों का पूंजीयन स्वीकृति मापदंड पूरे होने पर किया जाता है।

मूल्यह्रास एवं उपयोज्यता काल

सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का मूल्यह्रास, बिना मिआद वाले पट्टे पर प्राप्त फ्रीहोल्ड भूमि एवं पट्टाधारित भूमि को छोड़कर, कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची में निर्दिष्ट परिसम्पतियों के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार सीधी रेखा आधार पर किया गया है।

उपयोज्यता काल का विवरण	(वर्ष)
भवन / फ्लैट आवासीय / गैर–आवासीय	60
संयंत्र एवं मशीनरी	8–15
सर्वेक्षण उपकरण	10
कम्प्यूटर्स	3–6
कार्यालय उपकरण	5 –10
फर्नीचर एवं जुड़नार	10
कारवां, कैम्प एवं अस्थाई शैड	3–5
वाहन	8–10

अवधि के दौरान आनुपातिक आधार पर परिसम्पति के उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तिथि से निपटान किए जाने की तिथि तक पर सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण में किए गए आवर्धन / घटाव का मूल्यह्रास आनुपातिक आधार पर किया गया है।

सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण के प्रत्येक भाग का मूल्यह्रास, यदि भाग मद की लागत के योग के संबंध में महत्वपूर्ण है तथा ऐसे भाग का उपयोज्यता काल शेष परिसम्पतियों के उपयोज्यता काल से भिन्न है, अलग से लागत पर किया गया है। मिआद मुक्त पट्टे पर प्राप्त की गई पट्टाधारित भूमि का परिशोधन नहीं किया गया है।

अवधि के दौरान अधिगृहित की गई सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण, जिनकी अलग अलग लागत 5000/– रूपए है, का पूर्ण मूल्यह्रास निर्धारण के तौर पर 1 रूपए के टोकन मूल्य के साथ कर लिया गया है। तथापि, कर्मचारियों को उपलब्ध करवाए गए मोबाइल फोन, उनके मूल्य को संज्ञान में लिए बिना, लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किए गए है।

मूल्यह्रास विधियां, उपयोज्यता काल एवं अवशेष मूल्य की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है तथा उचित समझे जाने की स्थिति में उत्तरव्यापी प्रभाव से समायोजन किए जाते है। कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 2 में किए गए उल्लेख के अनुसार "सामान्यतः किसी परिसम्पति का अवशेष मूल्य परिसम्पति की लागत से 5 प्रतिशत तक होता है।"

स्वीकृति समाप्ति

सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण की किसी मद तथा उसके विशिष्ट भाग की प्रारंभिक स्वीकृति की समाप्ति उसका निपटान किए जाने तथा उसके निपटान से भविष्य में उससे किसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्राप्त न होने की संभावना होने पर किए जाते है। किसी परिसम्पति की स्वीकृति समाप्ति से प्राप्त होने लाभ अथवा हानि (निपटान से प्राप्त धन तथा परिसम्पति की वहन राशि के अंतर के अनुसार आकलन) को परिसम्पति की स्वीकृति समाप्त होने पर लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

2.2.3 पूंजीगत कार्य प्रगति पर

पूंजीगत कार्य प्रगति पर से पूंजीगत परियोजनाओं के संबंध में किए गए व्यय एवं लागत शून्य संचित अक्षमता हानि, यदि कोई हो, पर अग्रेशित किए गए व्यय प्रतिबिंबित होते हैं।

2.2.4 निवेश परिसम्पतियां

स्वीकृति एवं प्रारंभिक मापन

निवेश सम्पति की स्वीकृति सम्पति से संबद्ध भावी आर्थिक लाभों की प्राप्ति समूह को होने तथा सम्पति का मापन विश्वसनीय रूप से कर लिए जाने की संभावना होने पर की जाती है। निवेश परिसम्पति में पूर्ण सम्पति, निर्माणाधीन सम्पति तथा पट्टे पर धारित वह सम्पति शामिल है जिसका धारण साधारण व्यावसायिक प्रकिया में बिक्री किए जाने अथवा उत्पादन अथवा प्रशासनिक कियाकलापों के लिए उपयोग में लाए जाने के स्थान पर किराया अथवा पूंजी लाभ अथवा दोनों अर्जित करने के लिए किया गया है। निवेश सम्पतियों का प्रारंभिक मापन संव्यवहार लागतों सहित लागत पर किया जाता है।

लागत वह राशि है जो नकद अथवा नकद समतुल्य के रूप में अथवा अन्य कियाओं के उचित मूल्य पर किसी सम्पति का अधिग्रहण करने अथवा निर्माण अथवा, जो भी लागू हो, के समय चुकता की जाती है, ऐसी सम्पति से सम्बद्ध राशि की प्रारंभिक स्वीकृति अन्य इंड एएस की विशिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार की जाती है।

अनुवर्ती मापन एवं मूल्यह्रास

निवेश सम्पतियों की प्रस्तुति संचित मूल्य ह्रास एवं संचित अक्षमता हानि, यदि कोई हैं, को घटाकर लागत पर की गई है। अनुवर्ती लागत को स्वीकृत मापदंड पूरे होने पर ही जोड़ा गया है। समूह निवेश सम्पति के भवन घटक का मूल्य ह्रास क्रय/निर्माण की मूल तिथि से 60 वर्षों में सीधी रेखा आधार पर करती है। निर्माणाधीन फ्रीहोल्ड भूमि एवं सम्पति का परिशोधन नहीं किया गया है।

बिना मिआद वाले पट्टे पर प्राप्त पट्टाधारित भूमि का परिशोधन नहीं किया गया है।

निवेश सम्पति के अवशेष मूल्यों, उपयोज्यता काल एवं मूल्यह्रास की विधियों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है तथा उत्तरव्यापी प्रभाव से समायोजन, यदि उचित हों, किए जाते हैं।

समूह अपनी निवेश सम्पति का मापन लागत आधारित मापन के आधार पर करती है, तो भी निवेश सम्पति के उचित मूल्य का प्रकटीकरण टिप्पणियों में किया गया है। उचित मूल्य का निर्धारण वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर अधिकृत बाह्य स्वतंत्र मूल्यांककों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य मूल्यांकन मॉडल के अनुसार किया जाता है।

स्वीकृति समाप्ति

निवेश सम्पतियों की स्वीकृति या तो तब समाप्त की जाती है जब उनका निपटान किया जाता है अथवा तब की जाती है जब वे स्थाई रूप से उपयोग में नहीं लाई जाती है तथा उनके निपटान से किसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना नहीं होती है। निवल निपटान प्राप्यों, यदि कोई हों, तथा परिसम्पति की वहन राशि के मध्य के अंतर को स्वीकृति समाप्त किए जाने की अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

2.2.5 अमूर्त परिसम्पतियां

स्वीकृति एवं प्रारंभिक मापन

अमूर्त परिसंपत्तियों की स्वीकृति तब की जाती है जब ऐसी परिसम्पति से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ समूह को प्राप्त होने की संभावना हो तथा परिसम्पति का मापन विश्वसनीयता से किया जा सकता हो। अलग से अधिगृहित की गई अमूर्त परिसम्पतियों का लागत पर प्रारंभिक मापन किया जाता है। लागत में क्रय मूल्य, ऋण लागत, यदि पूंजीयन के मापदंड पूर्ण किए गए हैं, तथा परिसम्पति को आशित उद्देश्य से कार्यशील बनाने के लिए किए गए व्यय शामिल होते हैं। आंतरिक रूप से उत्पन्न अमूर्त परिसम्पतियों, पूंजीयन की गई विकास लागतों के अलावा, तथा सम्बद्ध व्यय की प्रस्तुति उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिस अवधि में व्यय किया गया है। तुलन पत्र तिथि को आशित उपयोग के तैयार न हुई अमूर्त परिसम्पतियों का प्रकटीकरण ''विकासाधीन अमूर्त परिसम्पतियां'' के रूप में किया गया है।

अनुवर्ती मापन एवं परिशोधन

अमूर्त परिसम्पतियों की प्रारंभिक स्वीकृति के लिए संचित परिशोधन एवं संचित अक्षमता हानियों,यदि कोई हों, को कम करके उनकी लागत का वहन किया जाता है। प्रत्येक मामले में 1 लाख रूपए मूल्य तक साफ्टवेयर का परिशोधन क्रय के वर्ष में निर्धारण के लिए 1 रूपए के टोकन मूल्य के साथ किया जाता है।

पूंजीगत साफ्टवेयर का परिशोधन अधिग्रहण किए जाने की तिथि से 36 माह में किया जाता है।

अवधि के दौरान अमूर्त परिसम्पतियों में होने वाले आवर्धन / घटाव का परिशोधन करके उसे आनुपातिक आधार पर परिसम्पति उपलब्ध की तिथि से / निपटान की तिथि तक प्रभारित किया जाता है।

परिशोधन विधियों, उपयोज्यता काल एवं अवशेष मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में की जाती है तथा उचित समझे जाने पर उत्तरव्यापी प्रभाव से समायोजन किए जाते हैं।

स्वीकृति समाप्ति

अमूर्त परिसम्पतियों की स्वीकृति या तो तब समाप्त की जाती है जब उनका निपटान किया जाता है अथवा तब की जाती है जब वे स्थाई रूप से उपयोग में नहीं लाई जाती है तथा उनके निपटान से किसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना नहीं होती है। अमूर्त परिसम्पतियों की स्वीकृति समाप्त किए जाने पर प्राप्त होने वाले लाभ अथवा हानि का मापन निवल निपटान प्राप्यों, यदि कोई हों, तथा परिसम्पति की वहन राशि के मध्य के अंतर को स्वीकृति समाप्त किए जाने की अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

2.2.6 गैर–वित्तीय परिसम्पतियों का परिशोधन

प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को समूह द्वारा मूल्यांकन करके किसी परिसम्पति को परिशोधित करने अथवा किसी परिसम्पति का वार्षिक परिशोधन परीक्षण किए जाने की अपेक्षा होने के संकेत ज्ञात करके ऐसी परिसम्पतियों से वसूली योग्य राशि के अनुमान लगाए जाते हैं। किसी परिसम्पति की वसूली योग्य राशि किसी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट (सीजीयू) के उचित मूल्य, निपटान की लागत को घटाकर, तथा उसके उपयोग मूल्य से अधिक होती है। यदि कोई परिसम्पति ऐसी रोकड़ उत्पति यूनिट नहीं है जो परिसम्पतियों अथवा परिसम्पतियों के समूह से पूरी तरह भिन्न हो तो किसी वैयक्तिक परिसम्पति की वसूलीयोग्य राशि के निर्धारण किए जाते हैं। जब किसी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट की वहन राषि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है तो परिसम्पति को परिशोधित मान लिया जाता है तथा उसकी मालसूचियों के परिशोधन सहित उसकी वसूलीयोग्य राशि एवं परिशोधन हानि को ह्रासित करके लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति की जाती है।

उपयोग मूल्य के मूल्यांकन पूर्व–कर छूट दर, जिससे धन के समय मूल्य के चालू बाजार मूल्यांकन एवं परिसम्पति से संबद्ध जोखिम प्रस्तुत होते हैं, के उपयोग से उसके वर्तमान को अनुमानित रोकड़ प्रवाह से कम करके किए जाते हैं।

साख के अलावा परिसम्पतियों का मूल्यांकन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को यह निर्धारण करने के लिए किया जाता है कि क्या संज्ञान में ली जा चुकी अक्षमता हानि के संकेत अभी भी हैं अथवा वे कम हो गए हैं। यदि ऐसे संकेत होते हैं तो समूह परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट की वसूली योग्य राशि के अनुमान लगाती है। संज्ञान में ली जा चुकी अक्षमता हानि का व्युत्क्रमण तभी किया जाता है जब पहले आंकी गई अक्षमता हानि के पश्चात से परिसम्पति की वसूलीयोग्य राशि के लिए लगाए गए अनुमानों में किसी प्रकार के परिवर्तन प्रतीत हों। व्युत्क्रमण सीमित होते हैं जिससे कि परिसम्पति की वहन राशि उसकी वसूली योग्य राशि से न तो अधिक हो और न ही यह पूर्वावधि की परिसम्पति से संबंधित अक्षमता हानि न होने की स्थिति में निर्धारित की जाने वाली वहन राशि, मूल्यह्रास का निवल, से अधिक न हो सके। ऐसे व्युत्क्रमण लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत किए जाते हैं।

2.2.7 मालसूचियां

क) मालसूचियों (स्क्रैप सहित) का मूल्यन उनकी न्यून लागत एवं निवल प्राप्य मूल्य पर आंका जाता है।

लागत में मालसूचियों को वर्तमान स्थल एवं स्थिति में लाने के लिए व्यय की गई क्रय लागत, परिवर्तन लागत एवं अन्य लागतें शामिल होती हैं। लागत का निर्धारण प्रथम आवक प्रथम जावक (एफआईएफओ) आधार पर किया जाता है। व्यापार की साधारण प्रक्रिया में निवल वसूलीयोग्य मूल्य पूर्णता लागतों तथा बिक्री के लिए आवश्यक अनुमानित के अनुमान को घटाकर आंका गया अनुमानित बिक्री मूल्य है।

ख) निर्माण कार्य प्रगति पर का मूल्यन ऐसे समय तक के लिए लागत पर किया गया है जब तक कार्य से प्राप्त होने वाले प्रतिफल का विश्वसनीय रूप से पता नहीं चलता है।

ग) नई परियोजनाओं पर संचलन के लिए किए गए प्रारंभिक संविदा व्यय को संबंधित वर्ष में निर्माण कार्य प्रगति पर के

रूप में स्वीकृति दी गई है तथा उसे आनुपातिक आधार पर परियोजना के लाभ एवं हानि विवरण में रिपोर्टिंग अवधि के अंत संविदा के पूर्ण होने के चरण के समान प्रतिशत पर संबंधित अवधि में प्रभारित किया गया है। स्थल संचलन व्यय का बट्टा करने के स्थान पर लागत पर मूल्यन किया गया है।

घ) नो कास्ट प्लस संविदा, जिनमें संविदा की शर्तों के अनुसार सभी सामग्रियों, अतिरिक्त पूर्जों एवं भंडार की लागत की धनवापसी नहीं होती होती है, का मूल्यन उपर्युक्त (क) के अनुसार मालसूची के रूप में किया गया है।

ङ) अवधि के दौरान किए गए लूज पूर्जों का उपयोग कर लिया गया है।

2.2.8 सरकारी अनुदान

सरकार से प्राप्त अनुदानों को उनके उचित मूल्य पर स्वीकार किया जाता है, जहां युक्ति संगत आश्वासन हो कि अनुदान प्राप्त होगा और सहायक कंपनियां सभी संबद्ध शर्तों का अनुपालन करेंगी। आय से संबंधित सरकारी अनुदानों को उस अवधि पर लाभ या हानि में आस्थगित और स्वीकार किया जाएगा, जो उन्हें लागतों के साथ समायोजित करने के लिए आवश्यक हो, जो संपर्क राजस्व के भीतर क्षतिपूर्ति व प्रस्तुत करने के लिए है।

2.2.9 राजस्व स्वीकृति

समूह अपने परिचालन निर्माण उद्योग में करती है तथा इसके द्वारा अर्जित किया जाने वाला राजस्व मुख्यतः इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति एवं निर्माण कार्यों से प्राप्त होता है। ग्राहकों के साथ किए जाने वाले संविदाओं में रेलवे के निर्माण कार्य, सड़क एवं राजमार्ग के निर्माण, वाणिज्यिक एवं आवासीय भवनों के निर्माण, विद्युतिकरण कार्य एवं अन्य कार्य हैं। ऐसे संविदाओं के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों में जियोटैक्निकल जांच, टोपोग्राफिक्ल सर्वेक्षण, संसाधन योजना, विस्तृत योजना रिपोर्ट का निर्माण, निर्माण, इंजीनियरिंग, डिजाइनिंग, सामग्रियों की आपूर्ति, सिस्टम पुनर्विकास, संस्थापन, परियोजना प्रबंधन, परिचालन एवं प्रबंधन इत्यादि ("जिसे एक साथ निर्माण संबंधी सेवाएं" कहा जाता है) कार्य हैं। समूह द्वारा ये निर्माण सेवाएं नियत दर, टर्नकी आधार एवं कास्ट प्लस आधार पर प्रदान की जाती हैं।

ग्राहकों के साथ किए जाने वाले संविदा से प्राप्त राजस्व की स्वीकृति तब की जाती है जब माल एवं सेवाओं का अंतरण को उस राशि के प्रति प्राप्त हो जाता है जिसकी प्राप्ति की प्रत्याशा समूह द्वारा ऐसे माल एवं सेवाओं के विनिमय के प्रति की गई है।

क) ग्राहकों के साथ संविदा से प्राप्त राजस्व

राजस्व का संव्यवहार के उस उचित मूल्य पर मापन करके किया जाता है जो निष्पादन दायित्व के रूप में निर्धारित है तथा जिसमें तृतीय पक्षकारों की ओर से संग्रह की गई राशियां शामिल नहीं हैं तथा जिसका समायोजन परिवर्तनीय प्रतिफल के निमित्त किया जाता है। समूह के संविदा की प्रकृति में मूल्यवर्धन एवं निर्णित हर्जाने सहित अनेक प्रकार के परिवर्तनीय प्रतिफल उत्पन्न होते हैं। संव्यवहार मूल्य में किसी प्रकार के अनुवर्ती परिवर्तन को तदनुसार संविदा के प्रारंभ से समान आधार पर निष्पादन दायित्वों से संबद्ध कर लिया जाता है। समूह द्वारा परिवर्तनीय प्रतिफल को स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब ऐसी संभावना हो कि स्वीकृत की गई संचित राशि के राजस्व में व्युत्क्रमण की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। समूह यथोचित लेखा विधि के उपयोग से परिवर्तनीय प्रतिफल के प्रति स्वीकृत की जाने वाली राजस्व की राशि के अनुमान निर्धारित करती है। इसके परिणामस्वरूप संव्यवहार मूल्य परिवर्तन की अवधि के संबंध में किसी संतोषजनक निष्पादन के लिए निर्धारित राशियों की पुनःस्वीकृति राजस्व के रूप के रूप की जाती है अथवा राजस्व में कमी की जाती है।

संविदा संशोधनों का लेखांकन तब किया जाता है जब आवर्धन, विलोपन अथवा परिवर्तन के संबंध में संविदा के कार्यक्षेत्र अथवा संविदा मूल्य में अनुमोदन प्रदान किए गए हों। संविदा ें में संशोधनों का लेखांकन करने की क्रिया में यह मूल्यांकन किए जाते हैं कि क्या इसमें जोड़ी गई सेवाएं पृथक हैं अथवा नहीं हैं तथा क्या मूल्यन समेकित बिक्री मूल्य पर किया गया है अथवा नहीं किया गया है। जोड़ी गई वे सेवाएं, जो पृथक नहीं हैं,का लेखांकन संचयी कैच अप आधार पर किया जाता है जबकि जो पृथक होती हैं, उनका लेखांकन उत्तरव्यापी प्रभाव से या तो संविदा के अंतर्गत किया जाता है, यदि अतिरिक्त सेवाओं का मूल्यन समेकित बिक्री मूल्य के अनुसार है, अथवा यदि मूल्यन समेकित बिक्री मूल्य के अनुसार नहीं है तो विद्यमान संविदा को समाप्त करके तथा नया संविदा करके किया जाता है।

निम्नलिखित मापदंड पूर्ण होने की स्थिति में ही समूह द्वारा किसी निष्पादन दायित्व को पूर्ण कर लिया माना जाता है तथा समयानुकूल राजस्व स्वीकृति की जाती हैः

- इकाई की निष्पादन क्रिया में प्रदान किए गए इकाई के निष्पादन ग्राहक को साथ साथ प्राप्त हुए हैं तथा उनके लाभों का उपयोग कर लिया गया है।
- इकाई द्वारा किए गए निष्पादन से किसी परिसम्पति (उदाहरणतः, कार्य प्रगति पर) का सृजन अथवा संवर्धन हुआ है तथा परिसम्पति के सृजन अथवा संवर्धन के साथ साथ ग्राहक को नियंत्रण प्राप्त हो गया है अथवा
- इकाई के निष्पादन से इकाई द्वारा किसी वैकल्पिक उपयोग के लिए किसी परिसम्पति का सृजन नहीं हुआ है तथा इकाई के पास निष्पादन पूरा किए जाने की तिथि तक के लिए भुगतान का प्रवर्तनीय अधिकार है।

समूह द्वारा समान प्रकार के निष्पादन दायित्वों के संबंध में निरंतर उपयोग में लाई जाने वाली राजस्व की स्वीकृति की विधि के लिए अनेक मापदंड स्थापित किए गए हैं। जहां परिणामों के अनुमान विश्वसनीय रूप से लगाए जा सकते हैं वहां समूह द्वारा इनपुट विधि के उपयोग से कार्य की प्रगति का मापन किया जाता है। इनपुट विधि के अंतर्गत राजस्व

की स्वीकृति रिपोर्टिंग अवधि को पूर्णता के चरण के संदर्भ में की जाती है। पूर्णता के चरण का मापन निष्पादन दायित्व से संबद्ध अनुमानित लागत के योग पर तिथि के अनुसार किए गए वास्तविक लागत व्यय के आनुपातिक आधार पर किया जाता है।

ऐसी संविदाओं के मामले में जहां निष्पादन दायित्व का मापन इनपुट विधि से नहीं हो सकता है वहां आउटपुट विधि का उपयोग किया जाता है जो निष्पादन दायित्व के संबंध में समूह द्वारा किए कार्य निष्पादन की उचित छवि प्रस्तुत करती है।

ख) संविदा कोष

- संविदा परिसम्पतियां : किसी संविदा परिसम्पति के संबंध में ग्राहक को प्रतिफल के विनिमय के प्रति माल एवं सेवाओं का अंतरण का अधिकार प्राप्त है। यदि समूह द्वारा ग्राहक के लिए किया जाने वाला निष्पादन माल एवं सेवाओं के अंतरण के लिए ग्राहक द्वारा प्रतिफल दिए जाने से पूर्व अथवा प्रतिफल देय होने से पूर्व किया जाता है तो संविदा परिसम्पति की स्वीकृति अर्जित प्रतिफल, जो सशर्त है, के लिए की जाती है।

- व्यापार प्राप्य : प्राप्य से समूह का किसी प्रतिफल के रूप में किसी राशि की प्राप्ति का अधिकार अभिप्रेत है जो किसी शर्त के बिना है (अर्थात प्रतिफल के भुगतान से पूर्व केवल थोड़ा समय अपेक्षित होता है)।

- संविदागत दायित्व : संविदागत दायित्व वे दायित्व हैं जो समूह को ग्राहक से प्राप्त प्रतिफल (अथवा प्रतिफल की कोई देय राशि) के प्रति ग्राहक को माल एवं सेवाओं के अंतरण के लिए हैं। यदि कोई ग्राहक समूह द्वारा माल एवं सेवाओं का अंतरण ग्राहक को करने से पूर्व प्रतिफल का भुगतान करता है तो संविदा दायित्व की पूर्ति भुगतान किए जाने पर अथवा भुगतान देय होने पर (जो भी पहले हो) होती है। संविदागत देयताों की राजस्व में स्वीकृति तब की जाती है जबकि समूह द्वारा संविदा के प्रति निष्पादन कर लिया जाता है।

ग) अन्य प्रचालन आय

- प्रचालन पट्टे के अंतर्गत किराए पर दी गई मशीनरी से उत्पन्न किराया आय का लेखांकन पट्टा अवधियों में सीधी रेखा आधार पर किया जाता है।

- अन्य प्रचालन आय में व्यापार की आनुषंगिक गतिविधियों से अर्जित आय की प्रस्तुति की गई है तथा इसकी स्वीकृति तब की गई है जब निष्पादन पूर्ण कर लिया गया है तथा संविदा शर्त के अनुसार आय की प्राप्ति का अधिकार प्राप्त हो गया है।

घ) अन्य आय

- लाभांश आय की स्वीकृति भुगतान प्राप्ति का अधिकार स्थापित होने पर की गई है।

- ब्याज आय की स्वीकृति प्रभावी ब्याज दर के उपयोग से की गई है।

- विविध आय की स्वीकृति निष्पादन दायित्व पूरे कर लिए जाने तथा संविदा शर्तों के अनुसार आय की प्राप्ति का अधिकार प्राप्त होने पर की गई है।

2.2.10 ऋण लागत

ऋण लागत में ब्याज एवं समूह द्वारा निधियों की प्राप्ति के संबंध में व्यय की गई अन्य लागतें शामिल हैं। ऋण लागतों की सम्बद्धता प्रत्यक्ष रूप से किसी अधिग्रहण, निर्माण अथवा उत्पादन से होती है जो परिसम्पति की लागत के पूंजीयन के लिए आशित उद्देश्य से उपयोग अथवा बिक्री के लिए किसी निश्चित अवधि में पूर्ण अथवा निर्मित की जानी अपेक्षित होती है। अन्य सभी ऋण लागतों की स्वीकृति उनके व्यय के अनुसार लाभ एवं हानि विवरण में की गई है। ऋण लागतों में ऐसी विनिमय भिन्नता भी शामिल हैं जिन्हें ऋण लागतों के समायोजन के लिए उपयोग किया गया है।

2.2.11 कर

क) चालू आय कर

चालू आय कर एवं देयताओं का मापन सम्बद्ध कर विनियमों के अंतर्गत कराधान प्राधिकरणों से संभावित प्राप्य अथवा चुकता की जाने वाली राशियों के अनुसार किया गया है । चालू कर निर्धारण अवधि के लिए देय आय कर के संबंध में कर देयता के रूप में किया गया है तथा इसका आकलन सबंधित कर विनियमों के अनुसार किया गया है। चालू आय कर की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिसमें लाभ एवं हानि के बाह्य स्वीकृत की गई मदों को शामिल नहीं किया गया है तथा इन मदों की स्वीकृति लाभ एवं हानि से बाह्य (अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) की गई है। चालू कर मदों की स्वीकृति सम्बद्ध संव्यवहार के संदर्भ में या तो अन्य व्यापक आय में की गई है या इन्हें प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में शामिल किया गया है। प्रबंधन द्वारा आवधिक रूप से कर विवरणियों में अपनी उन स्थितियों के संबंध में आवधिक मूल्यांकन किए जाते हैं जिनके लिए लागू कर विनियम व्याख्या तथा यथा लागू स्थापित प्रावधानों के अध्याधीन हैं।

चालू कर परिसम्पतियों एवं कर दायित्वों का समंजन उन स्थितियों के लिए किया गया है जिनके संबंध में समूह के पास समंजन का विधिक प्रवर्तनीय अधिकार है अथवा उनके संबंध में समूह की मंशा निवल आधार पर उनका निपटान करने अथवा परिसम्पति की बिक्री करके एक साथ दायित्व का समाधान करने की है।

ख) आस्थगित कर

आस्थगित कर देयताओं की स्वीकृति परिसम्पतियों एवं देयताओं के कर आधारों तथा रिपोर्टिंग तिथि को वित्तीय रिपोर्टिंग के उद्देश्य से उनकी वहन राशियों के मध्य

अस्थाई भिन्नताओं के संबंध में देयता विधि के उपयोग से की गई है।

आस्थगित कर परिसम्पतियों का मापन उन कर दरों पर किया गया है जिनका उपयोग उस अवधि के लिए किया जाना संभावित है जब परिसम्पति का निपटान अथवा दायित्व का समाधान कर दरों के आधार (तथा कर विधियों) पर किया गया था जो प्रवर्तित हैं अथवा रिपोर्टिंग तिथि को प्रवर्तित किए गए हैं।

आस्थगित कर परिसम्पतियों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिसमें लाभ एवं हानि के बाहय स्वीकृत की गई मदों को शामिल नहीं किया गया है तथा इन मदों की स्वीकृति लाभ एवं हानि से बाहय (अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) की गई है। आस्थगित कर मदों की स्वीकृति सम्बद्ध संव्यवहार के संदर्भ में या तो अन्य व्यापक आय में की गई है अथवा इन्हें प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में शामिल किया गया है।

आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की वहन राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाती है और उस स्तर तक इसे कम किया जाता है जहां यह संभावना न रहे कि उपयोग की जाने वाली आस्थगित आयकर परिसंपत्ति या उसका भाग उपयुक्त कर लाभ के लिए उपलब्ध होगा। स्वीकृत न की गई आस्थगित कर परिसम्पतियों का पुनः मूल्यांकन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को किया जाता है तथा इनकी स्वीकृति उस स्तर तक की जाती है जिस स्तर तक यह संभावना बनी रहे कि इससे प्राप्त भावी करयोग्य लाभ से आस्थगित कर परिसम्पतियों की वसूली की जा सकेगी।

आस्थगित कर परिसम्पतियों एवं देयताओं का समंजन तब किया जाता है जब चालू कर परिसम्पतियों एवं देयताओं के समंजन के लिए प्रवर्तनीय विधिक अधिकार उपलब्ध हो तथा जब आस्थगित कर परिसम्पतियों के शेष समान कराधान प्राधिकरण से संबंधित हों।

2.2.12 विदेशी मुद्राएं

- कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा

  वित्तीय विवरणों में शामिल मदों का मापन उस प्राथमिक आर्थिक परिवेश की मुद्रा में किया गया है जिसमें इकाई अपने परिचालन ("कार्यात्मक मुद्रा") करती है। वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति भारतीय रुपए में की गई है जो समूह की कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा भी है।

- संव्यवहार एवं शेष

  विदेशी मुद्रा संव्यवहार कार्यात्मक मुद्रा में रिकार्ड किए गए हैं जिसके लिए संव्यवहार की तिथि के अनुसार कार्यात्मक मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के मध्य की विनिमय दर का उपयोग किया गया है।

  रिपोर्टिंग तिथि को बकाया विदेशी मुद्रा वाली मौद्रिक मदों को कार्यात्मक मुद्रा में क्लोजिंग दर (देयताओं के लिए क्लोजिंग बिक्री दर तथा परिसम्पतियों के लिए क्लोजिंग खरीद दर) पर परिवर्तित किया गया है। विदेशी मुद्रा के मूल्य वर्ग वाली गैर–मौद्रिक मदों का वहन उनकी ऐतिहासिक लागत पर संव्यवहार की तिथि की विनिमय दर पर किया गया है।

  मौद्रिक मदों के समाधान से उत्पन्न विनिमय दर भिन्नताओं, अथवा रिपोर्टिंग तिथि को की गई पुनःप्रस्तुति, के अनुसार उन दर भिन्नताओं पर किया गया है जो प्रारंभ में रिकार्ड की गई थी तथा लाभ एवं हानि विवरण में इनकी स्वीकृति इनकी उत्पति की अवधि में की गई थी। इन विनिमय भिन्नताओं की लाभ एवं हानि में प्रस्तुति निवल आधार पर की गई है

- विदेश परिचालन

  शाखाओं से संबंधित उन विदेश परिचालनों, जिनमें उपयोग की मुद्रा के प्रति कार्यात्मक मुद्रा में भिन्नता है, के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति के उद्देश्य से उपयोग की मुद्रा का प्रयोग किया गया है। समूह की विदेश स्थित शाखाओं की परिसम्पतियों एवं देयताओं (मौद्रिक एवं गैर–मौद्रिक दोनों) को रिपोर्टिंग तिथि के अंत में लागू विनिमय दर के उपयोग से परिवर्तित किया गया है। यदि विनिमय दरों में महत्वपूर्ण उतार चढ़ाव नहीं हुए हैं तो आय एवं व्यय की मदों को अवधि के दौरान औसत विनिमय दरों पर परिवर्तित किया गया है अन्यथा मामलों के लिए संव्यवहार की तिथि को प्रयुक्त विनिमय दर उपयोग में लाई गई है। उत्पन्न विनिमय भिन्नताओं, यदि कोई हैं, की स्वीकृति अन्य व्यापक आय एवं इक्विटी इसका संचय विदेशी मुद्रा परिवर्तन रिजर्व के रूप में किया गया है।

  विदेशी परिचालनों का निपटान (परियोजना की बहियां बंद करने पर) होने पर परिचालन के संबंध में इक्विटी में संचित विनिमय भिन्नताओं का पुनःवर्गीकरण लाभ एवं हानि विवरण में किया गया है।

2.2.13 कर्मचारी लाभ

क) अल्पकालिक कर्मचारी लाभ

वेतन, अल्पकालिक प्रतिपूर्ति छुट्टी एवं निष्पादन सम्बद्ध वेतन (पीआरपी) जैसे बारह माह की पूर्ण सेवा के पश्चात प्रदान किए जाने वाले लाभों का वर्गीकरण अल्पकालिक कर्मचारी लाभ के रूप में किया गया है तथा ऐसे लाभों की गैर–डिस्काउंटिड राशि को उस अवधि से संबंधित लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया गया है जिन अवधियों में कर्मचारी द्वारा सम्बद्ध सेवाएं प्रदान की गई हैं।

ख) सेवानिवृत्ति पश्चात लाभ

- **परिभाषित अंशदायी योजना** : परिभाषित अंशदायी योजना के अंतर्गत समूह नियत राशि का अंशदान एक अलग इकाई में करती है तथा इससे इसके प्रति आगे किसी राशि का भुगतान करने का कोई विधिक अथवा तर्कसाध्य दायित्व नहीं होता है। परिभाषित अंशदायी योजनाओं में अंशदान करने से संबंधित योजनाओं के

संबंध में, जिन अवधियों में कर्मचारी द्वारा सम्बद्ध सेवाएं प्रदान की गई हैं, लाभ एवं हानि विवरणों में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में स्वीकृति दी गई है।

समूह की एक परिभाषित अंशदायी कर्मचारी सेवानिवृत्ति योजना है जिसका व्यवस्थापन एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन डिफाइन्ड कन्ट्रीब्यूशन सुपरएनुएशन पेंशन स्कीम,2009) के माध्यम से किया जा रहा है। ट्रस्ट के लिए किए जाने वाले अंशदान की स्वीकृति उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरणों में की गई है जिस अवधि में ट्रस्ट के प्रति अंशदान देय होते हैं।

- परिभाषित लाभ योजना : परिभाषित लाभ योजना एक सेवानिवृत्ति के पश्चात की लाभ योजना है जो कि परिभाषित अंशदायी योजनाओ से भिन्न है। इन योजनाओं के अंतर्गत किसी लाभ के प्रति दायित्व समूह के ही होते हैं। उपदान, भविष्य निधि एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात चिकित्सा लाभ के लिए समूह की देयताओं की रूपरेखा परिभाषित लाभ योजनाओं में दर्शाई गई है।

  समूह द्वारा उपदान का निधियन किया जाता है तथा इसका प्रबंधन एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन एम्प्लाइज ग्रुप ग्रेच्युटी ट्रस्ट) करती है। व्यय के रूप में स्वीकृत की गई अवधियों के लिए उपदान ट्रस्ट में किया जाने वाले अंशदान को लाभ एवं हानि में प्रभारित किया जाता है। समूह मान्यताप्राप्त भविष्य निधि में पूर्व निर्धारित दरों पर एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन कंट्रीब्यूटरी प्राविडेंट फंड) को करती है जो निधियों का निवेश अनुमत्त सिक्योरिटिज में करता है। व्यय के रूप में स्वीकृत अवधियों के लिए निधि के अंशदान के व्यय को लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है। समूह का दायित्व ऐसे नियत अंशदान करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि इसके सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम दर पर लाभ की प्राप्ति हो सके। समूह की एक सेवानिवृत्ति पष्चात चिकित्सा सुविधा योजना (पीआरएमएफ) भी है जिसका निधियन भी समूह करती है तथा इसका प्रबंधन एक अलग ट्रस्ट (इरकॉन मेडिकल ट्रस्ट) द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सा ट्रस्ट में अवधियों के संबंध में स्वीकृत किया जाने वाले अंशदान को व्यय के रूप में लाभ एवं हानि में प्रभारित किया जाता है।

  परिभाषित लाभ योजना के संबंध में समूह के निवल दायित्वों का मापन प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में सरकारी सिक्योरिटिज की परिपक्वता अवधि, जो परिभाषित लाभ दायित्वों के भारित औसत परिपक्वता प्रोफाइल के समान है, में बाजार प्राप्ति पर आधारित डिस्काउंट दर के उपयोग से अनुमानित भावी नकद प्रवाहों के वर्तमान मूल्य पर अलग से किया जाता है। निवल आधार पर दायित्वों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए परिभाषित लाभ योजनाओं के अंतर्गत सकल दायित्वों में से योजनागत परिसम्पतियों के उचित मूल्य को कम कर दिया जाता है। आकलन का निष्पादन एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा अनुमानित यूनिट क्रेडिट के उपयोग से किया जाता है तथा सरकार की अधिसूचित ब्याज दरों पर पर्याप्त लाभ की उत्पति में ट्रस्ट के सक्षम न होने की स्थितियों के संबंध में संकेत दिए जाते हैं।

  बीमांकक लाभ एवं हानियों सहित योजनागत परिसम्पतियों के प्राप्यों का पुनःमापन (परिभाषित लाभ देयता अथवा परिसम्पति के निवल पर निवल ब्याज की राशियों के अलावा) करके अन्य व्यापक आय में स्वीकृति की जाती है तथा इसे धारित आय के रूप में दर्शाया जाता है तथा यह लाभ एवं हानि विवरण में पुनःवर्गीकृत किए जाने के योग्य नहीं होती है।

  चालू सेवा लागत, पूर्व सेवा लागत, ब्याज लागत तथा समाधान पर लाभ एवं हानियों से युक्त परिभाषित लाभ लागतों को कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी गई है। परिभाषित लाभ योजना के किसी निपटान पर लाभ अथवा हानियों की स्वीकृति तब की जाती है जब निपटान किया जाता है। पूर्व सेवा लागत को व्यय के रूप में, योजनागत संशोधन अथवा संक्षेपण से पूर्व तथा जब समूह धारित संबंधित अवसरंचना लागतों अथवा सेवा समाप्ति लाभों को स्वीकृति देती है, स्वीकृति प्रदान की जाती है।

ग) अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

समूह द्वारा बारह माह के पश्चात अग्रेषित किए जाने वाले छुट्टी नकदीकरण एवं छुट्टी यात्रा रियायत को मापन के उद्देश्य से दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ माना गया है। इन दीर्घकालिक लाभों के संबंध में दायित्व की स्वीकृति का मापन अनुमानित यूनिट क्रेडिट विधि के उपयोग से बीमांकन पर आधारित दायित्वों के वर्तमान मूल्य पर किया गया है।

चालू सेवा लागत, पूर्व सेवा लागत, ब्याज लागत तथा समाधान पर लाभ एवं हानियों से युक्त दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ लागतों को कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी गई है।

2.2.14 नकद एवं नकद समतुल्य

नकद एवं नकद समतुल्य में नकदी, बैंकों में जमा नकदी एवं अल्पकालिक जमा जिनकी मूल परिपक्वता तीन माह अथवा कम है तथा जो नकदी की ज्ञात राशियों के लिए तत्काल परिवर्तित किए जा सकते हैं तथा जो मूल्य में परिवर्तन के प्रति महत्वपूर्ण जोखिम के अध्याधीन हैं।

नकदी प्रवाह विवरण के उद्देश्य से नकदी एवं नकदी समतुल्यों में ऊपर दी गई परिभाषा के अनुसार अप्रबंधित नकदी एवं अल्पकालिक जमा शामिल किए गए हैं क्योंकि उन्हें समूह के रोकड़ प्रबंधन का अभिन्न अंग माना गया है।

2.2.15 लाभांश

समूह के इक्विटी शेयरधारकों को प्रदान किए जाने वाले वार्षिक

लाभ वितरण की देयता के रूप में स्वीकृति शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित अवधि के लिए की गई है । अंतरिम लाभांश के प्रति देयता के रूप में स्वीकृति निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त होने पर की जाती है। देय लाभांश एवं लाभांश वितरण के अनुवर्ती कर की स्वीकृति सीधे इक्विटी में की गई है।

2.2.16 प्रावधान, आकस्मिक परिसम्पतियां एवं आकस्मिक देयताएं

क) प्रावधान

प्रावधान को स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप समूह का कोई वर्तमान दायित्व (विधिक अथवा तर्कसाध्य) हो तथा ऐसी संभावना हो कि दायित्व के निपटान, जिसके संबंध में विश्वसनीय अनुमान लगाए जा सकते हैं, के लिए संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित है। प्रावधान के रूप में स्वीकृत राशि रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व के निपटान के लिए अपेक्षित विचार, दायित्व से जुड़े जोखिम एवं अनिश्चितताओं पर विचार, के पश्चात आंके गए उत्तम अनुमान के अनुसार होती है।

जब धन के समय मूल्य का वस्तुगत होने की संभावना होती है तो प्रावधान राशि को दायित्व से सम्बद्ध जोखिम की प्रस्तुति करने वाली,जब उचित हो, पूर्व कर दर के उपयोग से कम कर दिया जाता है। समय के परिवर्तन को वित्त लागत के रूप में विचार में लिए जाने के कारण डिस्काउंटिंग के उपयोग के पश्चात प्रावधान अधिक कर दिए जाते हैं।

समूह द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले प्रावधानों में अनुरक्षण, विघटन, डिजाइन गारंटी, विधिक मामले, निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर), दुर्वह संविदा एवं अन्य शामिल हैं।

ख) दुर्वह संविदाएं

दुर्वह संविदा वह संविदा है जिसमें संविदा के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने की वे अपरिहार्य लागतें (अर्थात वे लागतें जिनकी संविदा के कारण समूह अनदेखी नहीं कर सकती है) आती हैं जो उससे प्राप्त होने वाले संभावित आर्थिक लाभों से अधिक होती हैं। किसी संविदा के अंतर्गत अपरिहार्य लागतें संविदा की विद्यमान न्यूनतम लागत की प्रस्तुति करते हैं जो इसके निष्पादन की लागत एवं इसे निष्पादित न किए जाने के मुआवजे अथवा उत्पन्न होने वाली शास्तियों से कम हैं। यदि समूह की कोई दुर्वह संविदा है तो संविदा के अंतर्गत दायित्व की स्वीकृति एवं मापन के लिए प्रावधान किए जाते हैं। तथापि, दुर्वह संविदा के लिए अलग प्रावधान करने से पूर्व समूह किसी अक्षमता हानि की स्वीकृति करती है जो ऐसी संविदा के लिए नियत की गई परिसम्पतियों के संबंध में हुई है।

इन अनुमानों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में करके चालू उत्तम अनुमान के अनुसार समायोजन प्रस्तुत किए गए हैं।

ग) आकस्मिक देयताएं

ऐसे आकस्मिक दायित्वों के संबंध में प्रकटीकरण किया जाता है जब संभावित दायित्व अथवा वर्तमान दायित्वों के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित होने होने की संभावना होती है, परन्तु नहीं भी हो सकती है, अथवा ऐसे दायित्वों की राशि का मापन विश्वसनीयता से नहीं किया जा सकता है। जब किसी संभावित दायित्व अथवा विद्यमान दायित्व के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बर्हिप्रवाह होने की संभावना काफी होती है तो कोई प्रावधान अथवा प्रकटीकरण नहीं किए जाते हैं।

इनकी समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को की जाती है तथा चालू उत्तम अनुमानों के अनुसार इनका समायोजन किया जाता है।

घ) आकस्मिक परिसम्पतियां

आकस्मिक परिसम्पतियों की स्वीकृति नहीं की जाती है अपितु आर्थिक लाभों के प्रवाह की विश्वसनीयता होने पर इनका प्रकटीकरण किया जाता है।

2.2.17 सेवा रियायत व्यवस्था

क) सेवा रियायत व्यवस्था के तहत वित्तीय संपत्ति (इंड एएस– 115 – ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व, परिशिष्ट–ग)

समूह उस स्तर तक वित्तीय परिसंपत्तियों को स्वीकार करता है जिस स्तर तक निर्माण सेवाओं और प्रचालन व अनुरक्षण सेवाओं के लिए प्रदाता (एनएचएआई) के निदेशक से या पर रोकड या अन्य वित्तीय परिसंपत्ति को प्राप्त करने का अशर्त संविदागत अधिकार प्राप्त हो। इस तरह की वित्तीय परिसंपत्तियों को आरंभ में उचित मूल्य अर्थात वर्तमान मूल्य और तत्पश्चात प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। इस पद्धति के तहत, वित्तपोषण तत्व के लिए वित्तीय परिसंपत्ति में वृद्धि की जाती है और अनुदान के रूप में धन प्राप्त किया जाता है। समूह दो या अधिक संविदाओं को एक ही ग्राहक के साथ या एक ही समय में या एक ही संविदा के रूप में संविदाओं के लिए खाते में संयोजित करता है, यदि संविदाओं को एकल वाणिज्यिक उद्देश्य या एक अनुबंध में भुगतान की जाने वाली राशि के पैकेज के रूप में स्वीकार किया जाता है औरे संविदा में दिए गए अन्य अनुबंध या वस्तुओं या सेवाओं की कीमत या प्रस्तुतिकरण पर निर्भर करता है जो एकल प्रदर्शन दायित्व हैं।

ख) सेवा रियायत व्यवस्था के तहत अमूर्त संपत्ति (परिशिष्ट–ग के रूप में इंड एएस 115 – ग्राहकों के साथ अनुबंध से राजस्व)

सार्वजनिक से निजी व्यवस्था (पीपीए) के संबंध में, निर्माण–प्रचालन–अंतरण (बीओटी) आधार पर, अमूर्त संपत्ति अर्थात टोल/टैरिफ एकतरण करने का अधिकार तब स्वीकार्य है जब समूह को उपयोगकर्ताओं से टोल या टैरिफ शुल्क वसूलने के अधिकार दिए गए हैं। ऐसी सार्वजनिक सेवाओं और इस तरह के अधिकारों को नकद या किसी अन्य वित्तीय

परिसंपत्ति को प्राप्त करने के लिए समूह पर बिना शर्त अधिकार नहीं दिया जाता है और जब यह संभावित हो कि कि अधिकारों से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ समूह में प्रवाहित होंगे और संपत्ति की लागत को सुदृढता से मापा जा सकता है।

समूह एक सार्वजनिक सेवा प्रदान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले बुनियादी ढांचे (निर्माण या उन्नयन सेवाओं) का निर्माण करता है और उस बुनियादी ढांचे (प्रचालन सेवाओं) को एक निर्दिष्ट अवधि के लिए प्रचालन और अनुरक्षण करता है। इन व्यवस्थाओं में सार्वजनिक–से–निजी सेवा रियायत व्यवस्था में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी ढांचे को अपने संपूर्ण उपयोगी जीवन के लिए शामिल किया जा सकता है।

रियायत समझौतों के तहत, जहां समूह को सार्वजनिक सेवा के उपयोगकर्ताओं को प्रभारित करने का अधिकार प्राप्त है, ऐसे अधिकारों को इंड एएस 115 – सेवा रियायत व्यवस्था के रूप में परिशिष्ट–ग के अनुसार ''अमूर्त परिसंपत्तियों'' के रूप में स्वीकृत और वर्गीकृत किया जाता है।

इस प्रकार का अधिकार मत प्राप्त करने का बिना शर्त अधिकार नहीं है क्योंकि यह राशि उस स्तर तक आकस्मिक है कि जनता सेवा का उपयोग करती है और इस तरह से इसे अमूर्त संपत्ति के रूप में स्वीकार और वर्गीकृत किया जाता है। इस तरह की अमूर्त संपत्ति को लागत पर समूह द्वारा स्वीकृत किया जाता है (जो प्रदान की गई सेवाओं के लिए प्राप्त या प्राप्य का उचित मूल्य है) और पूंजीकृत है जब परियोजना सभी मामलों में पूर्ण होती है और जब समूह पूरा होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करता है।

रियायत व्यवस्था के तहत ली गई संपत्ति के निपटान पर या उसके भविष्य के उपयोग या निपटान से किसी भावी आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं की जाती है।

सेवा रियायत व्यवस्था जो एक अमूर्त संपत्ति की परिभाषा को पूरा करती है, उसे संचयी निर्माण लागत पर मान्यता दी जाती है। परियोजना के निर्माण के पूरा होने तक, इस तरह की व्यवस्था को "विकास के तहत अमूर्त संपत्ति" के रूप में स्वीकृति प्राप्त है और संचयी निर्माण लागत पर मान्यता प्राप्त है।

सेवा रियायत व्यवस्था में अमूर्त संपत्ति का अनुमानित उपयोगी जीवनकाल वह अवधि है, जहां से समूह रियायत अवधि के अंत तक बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए जनता को प्रभारित करने में सक्षम है।

एकत्रण अधिकार समयावधि की समाप्ति के बाद या उस तारीख से प्रो–राटा आधार पर सीधी रेखा पद्धति का उपयोग करके परिशोधन किया जाता है, जब अधिकार रियायत अवधि की समाप्ति के लिए सेवा में लाया जाता है।

परिशोधन की कार्यविधि और उपयोगी जीवनकाल की समीक्षा प्रत्येक तुलनपत्र की तारीख में की जाती है, जिसमें अनुमानित आधार पर इन अनुमानों में परिवर्तन को प्रभावित किया जाता है।

अमूर्त संपत्ति के वहन मूल्य की प्रतिवर्ष या उससे अधिक बार हानि के लिए समीक्षा की जाती है यदि घटनाओं या परिस्थितियों में परिवर्तन यह दर्शाता है कि वहन मूल्य पुनर्प्राप्त करने योग्य नहीं हो सकता है।

2.2.18 पट्टे

समूह द्वारा संविदा के प्रारंभ में ऐसे मूल्यांकन किए जाते हैं कि क्या संविदा पट्टा, अथवा अंतर्विष्ट पट्टा, है अथवा नहीं है। इसका अर्थ है कि क्या संविदा में संज्ञान में ली गई परिसम्पति के संबंध में किसी अवधि में उपयोग के नियंत्रण का अधिकार प्रतिफल के विनिमय के प्रति उपलब्ध है।

क) पट्टेदार के रूप में समूह

समूह द्वारा अल्पकालिक पट्टों तथा न्यून मूल्य की परिसम्पतियों के पट्टों के अलावा सभी पट्टों के संबंध में एकल स्वीकृति एवं मापन विधि का उपयोग किया जाता है। समूह पट्टा दायित्वों की स्वीकृति पट्टा भुगतानों तथा उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों के रूप में करती है जिससे अंतर्निहित परिसम्पतियां उपयोग अधिकार की प्रस्तुति करती हैं।

1) उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां

समूह उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की स्वीकृति पट्टा प्रारंभ होने की तिथि (अथवा वह तिथि जब अंतर्निहित परिसम्पति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है) के अनुसार करती है। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पति का मापन किसी प्रकार के संचित मूल्यह्रास तथा क्षमता हानियों को घटाकर एवं पट्टा दायित्वों के किसी पुनःमापन में समायोजन करके लागत पर किया जाता है।

उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की लागत में स्वीकृत पट्टा देयता क राशि, प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागतें, एवं किसी प्रकार के प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर प्रारंभ तिथि को अथवा उससे पूर्व किए गए पट्टा भुगतान शामिल हैं। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों का मूल्यह्रास पट्टा काल को कम करके तथा परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

यदि पट्टा की गई परिसम्पतियां पट्टा काल के अंत में समूह को अंतरित की जाती है अथवा प्रस्तुत लागत में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य होता है तो मूल्यह्रास का आकलन परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां अक्षमता की शर्त पर भी होती है।

2) पट्टा दायित्व

समूह द्वारा पट्टे की प्रारंभ तिथि को पट्टा काल के लिए चुकता किए जाने वाले पट्टा के वर्तमान मूल्य के अनुसार मापन किए गए पट्टा दायित्वों को स्वीकृति दी जाती है। पट्टा भुगतानों में किसी प्रकार के प्राप्य प्रोत्साहन घटाकर

नियत भुगतान (सारभूत नियत भुगतान में शामिल), परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो सूचकांक अथवा किसी दर पर निर्भर हैं, तथा अवशेष मूल्य गारंटियों के अंतर्गत चुकता की जाने वाली संभावित राशियां शामिल है। पट्टा भुगतानों में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य भी शामिल होता है जिसका औचित्यपरक निश्चितता के साथ समूह उपयोग कर सकती है, तथा पट्टों समाप्त करने, यदि पट्टा काल शर्तों में शास्तियों के भुगतान की व्यवस्था है, के विकल्प का उपयोग कर सकती है। व्यय के रूप में स्वीकृत किसी सूचकांक अथवा दर पर निर्भर न होने वाले परिवर्तनीय पट्टा भुगतान (यदि वे मालसूचियों के उत्पादन के लिए व्यय नहीं किए गए हैं) उनकी उत्पति की अवधि अथवा भुगतान किए जाने की स्थिति में किए जाते हैं।

पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य का आकलन करते हुए समूह पट्टा प्रारंभ तिथि से आवर्धित ऋण दर का उपयोग करती है क्योंकि पट्टे में अंतर्निहित ब्याज दर का सुगमता से निर्धारण नहीं किया जा सकता है। प्रारंभ तिथि के पश्चात पट्टा दायित्वों की राशि में ब्याज अभिवृद्धि की प्रस्तुति के लिए वृद्धि हो जाती है तथा किए गए पट्टा भुगतान कम हो जाते हैं। इसके अलावा, पट्टा दायित्वों के वहन मूल्य का पुनःमापन किसी प्रकार का संशोधन किए जाने, पट्टा काल में परिवर्तन किए जाने, पट्टा भुगतानों में परिवर्तन किए जाने (अर्थात पट्टा भुगतानों के निर्धारण के लिए प्रयुक्त किसी सूचकांक अथवा दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भावी भुगतानों में परिवर्तन) अथवा अंतर्निहित परिसम्पति के क्रय के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किए जाने की स्थिति में किया जाता है।

समूह के पट्टा दायित्वों को वित्तीय दायित्वों में शामिल किया जाता है।

3) अल्पकालिक पट्टे तथा न्यून मूल्य वाली परिसम्पतियों के पट्टे

समूह द्वारा आवासीय परिसरों तथा कार्यालयों (अर्थात वे पट्टे जिनका पट्टा काल प्रारंभ की तिथि से 12 माह अथवा कम है तथा जो क्रय विकल्प के साथ नहीं हैं) के अपने अल्पकालिक पट्टा अनुबंधों में अल्पकालिक पट्टा स्वीकृति के लिए छूट का उपयोग किया जाता है। समूह द्वारा कार्यालय उपकरणों, जो न्यून मूल्य के रूप में विचार में नहीं लिए गए हैं, के पट्टों के लिए पट्टे की न्यून मूल्य परिसम्पति छूट का उपयोग भी किया जाता है। अल्पकालिक पट्टों के पट्टा भुगतान तथा न्यून मूल्य परिसम्पतियों के पट्टों की स्वीकृति पट्टा काल के लिए सीधी रेखा आधार पर व्यय के रूप में की जाती है।

समूह द्वारा पट्टा लेखांकन में किए समायोजन इंड एएस 116 के अनुसार किए गए हैं जो 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी है तथा सभी सम्बद्ध आंकड़ों का पुनःवर्गीकरण /पुनःसमूहन इंड एएस116 की अपेक्षाओं के प्रभाव से किया गया है।

ख) पट्टाकार के रूप में समूह

वे पट्टे जिनमें समूह मुख्य रूप से परिसम्पति से संबद्ध सभी जोखिम तथा प्रतिफल अंतरित नहीं करती है उनका वर्गीकरण परिचालन पट्टे के रूप में किया गया है। पट्टे के काल की अवधि के लिए सीधी रेखा आधार पर लेखांकित पट्टे से उत्पन्न किराया को उसकी परिचालन प्रकृति के कारण राजस्व के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया गया है। परिचालन पट्टे के परिक्रमण एवं व्यवस्थापन के दौरान व्यय की गई प्रत्यक्ष लागतें पट्टाकृत परिसम्पति की वहन राशि में जोड़ी गई हैं तथा उनकी स्वीकृति ब्याज आय के समान आधार पर पट्टा काल के लिए की गई है। आकस्मिक किरायों की स्वीकृति राजस्व के रूप में उनकी उत्पति होने पर की गई है।

2.2.19 वित्तीय उपकरण

